सूर्योदय : 6:50
सूर्यास्त : 5:50
अधिकतम तापमान : 27.0
न्यूनतम : 16.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-225 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 06 फरवरी 2025
07 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## योगी कैबिनेट बैठक में 11 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# आबकारी नीति को मंजूरी

- प्रदेश की आबकारी नीति में हुआ बड़ा बदलाव
- एक ही दुकान में मिल सकेंगी बियर, देशी और अंग्रेजी शराब



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बुधवार को योगी कैबिनेट की बैठक में 11 प्रस्तावों पर मुहर लगी। सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 2025-26 की आबकारी नीति को मंजूरी दी गई। यूपी आबकारी विभाग की दुकानें लॉटरी सिस्टम के जरिए आवंटित होंगी। लखनऊ में कैबिनेट बैठक के बाद डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने यह जानकारी दी। बैठक में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक समेत सभी मंत्री मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, 'आज उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने विभिन्न 11 प्रस्तावों पर मुहर लगा दी है। कई प्रस्तावों को पास करने के साथ हम उत्तर प्रदेश की प्रगति को तेज़ी से आगे बढ़ाने जा रहे हैं। कैबिनेट ने मथुरा में एक लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता का डेयरी प्लांट स्थापित करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी। पहले इसकी क्षमता 30 हजार लीटर प्रतिदिन स्वीकृत हुई थी, जिसे अब बढ़ा दिया गया है। परियोजना में निवेश से संबंधित सभी निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है। ग्रीन फील्ड डेयरी प्लांट पहले फिरोजाबाद के लिए स्वीकृत हुआ था, पर वहां जमीन नहीं मिल पाई। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने यह प्लांट मथुरा में लगाने की घोषणा की थी। वहां गोवंश काफी संख्या में है। साथ ही पर्यटकों की आवाजाही भी काफी रहती है। परियोजना के मथुरा में स्थापित होने से जहां पर्यटकों को बेहतर दुग्ध उत्पाद मिल सकेंगे।

### 19 फरवरी को पेश होगा बजट

यूपी कैबिनेट में विधानसभा सत्र बुलाने का प्रस्ताव पास भी पास किया गया। यूपी का बजट सत्र 18 फरवरी से बुलाया जाएगा। 19 फरवरी को बजट पेश होगा। हालांकि, यूपी कैबिनेट की प्रेस ब्रीफिंग गुरुवार को होगी। सुबह 10:15 बजे लोकभवन मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

महाकुम्भ

# संगम में पीएम मोदी ने लगायी डुबकी



पीएम नरेंद्र मोदी ने भगवा पहनकर किया स्नान, रुद्राक्ष माला से किया जप

**सीएम योगी भी साथ में रहे मौजूद**

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ की अष्टमी पर पावन संगम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आस्था की डुबकी लगाई। संगम में स्नान ध्यान और पूजा आरती के बाद प्रधानमंत्री विशेष मोटर बोट से मेला क्षेत्र से निकल गए। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र ने बुधवार को प्रयागराज महाकुम्भ में मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को एकता का संदेश दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन डुबकी लगाने से पहले प्रधानमंत्री ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान वह रुद्राक्ष की माला का जप करते भी नजर आए। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की अराधना करते हुए उन्होंने पावन डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद उन्होंने गंगा पूजन और आरती भी की। इससे पूर्व प्रधानमंत्री के प्रयागराज आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधिवत पूजा अर्चना की। संगम में उतरने से पहले पीएम ने सबसे पहले आस्था के साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और फिर सूर्य को अर्घ्य दिया और तर्पण भी किया।



### पीएम ने किया वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दूध से गंगा मां का अभिषेक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुम्भ में मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को एकता का संदेश दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन डुबकी लगाने से पहले प्रधानमंत्री ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान वह रुद्राक्ष की माला का जप करते भी नजर आए। संगम स्नान के बाद उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन भी किया। काले कुर्ते और भगवा पटके व हिमांचली टोपी पहने पीएम मोदी ने वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच संगम त्रिवेणी में अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की।

# दिल्ली में 57.85 प्रतिशत वोटिंग

**70** विधानसभा सीट

- सबसे ज्यादा नार्थ-ईस्ट दिल्ली में 63.83 प्रतिशत
- सबसे कम साउथ-ईस्ट में 53.77 प्रतिशत मतदान
- मुर्मू व धनखड़ सहित कई नेताओं ने किया मतदान

**65.35**

## मिल्कीपुर में वोटिंग









**नई दिल्ली/अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव में रिकॉर्ड मतदान हुआ है। पांच बजे तक मिल्कीपुर में 65.25 प्रतिशत तो दिल्ली में दिल्ली में 57.85 प्रतिशत वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा नार्थ-ईस्ट दिल्ली में 63.83 प्रतिशत मतदान हुआ। मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए बुधवार को हो रहा मतदान एक नया रिकॉर्ड बनाने की ओर आगे बढ़ रहा है। दोपहर 3 बजे तक 57 फीसदी से ज्यादा वोट पड़ चुके हैं। यदि इतने ही समय की तुलना वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव से की जाए तो तब 51.84 फीसदी वोट ही पड़े थे। इस तरह इस बार मतदान प्रतिशत काफी बढ़ गया है। वोटरों में खासा उल्लास है। युवा से लेकर महिलाएं और बुजुर्ग मतदाता सभी वोट डालने के लिए बूथों पर पहुंचें। इसी का परिणाम रहा कि शाम पांच बजे तक 5 बजे तक 65.25 फीसदी वोटिंग हुई और मतदान समाप्त होने तक कुल 68 फीसदी मतदान हुआ। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को सुबह 7 बजे से जारी मतदान शाम 6 बजे समाप्त हो गया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, मुख्यमंत्री आतिशी और उनके पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल ने आज ईवीएम का बटन दबाया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी वोट डाले। चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी विजय देव और दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने भी अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया। हालांकि कुछ मतदान केन्द्रों में कतार के कारण मतदान अभी जारी है। दिल्ली में शाम 5 बजे तक औसतन 57.70 प्रतिशत मतदान हुआ है। लोकसभा चुनावों के दौरान दिल्ली में 58.78 प्रतिशत मतदान हुआ था। चुनाव आयोग के अनुसार शाम 5 बजे तक दिल्ली के विभिन्न जिलों में मतदान का प्रतिशत अलग-अलग रहा है। केन्द्रीय दिल्ली में 55.24, पूर्वी दिल्ली 58.98, नई दिल्ली 54.37, उत्तरी दिल्ली 57.24, उत्तर पूर्वी दिल्ली 63.83, उत्तर पश्चिमी दिल्ली 58.05, शाहदरा 61.35, दक्षिणी दिल्ली 55.72, दक्षिण पूर्वी 53.77, दक्षिण पश्चिमी 58.86, पश्चिमी दिल्ली 57.42 प्रतिशत मतदान हुआ है। मुस्तफाबाद सीट के लिए अपराह्न पांच बजे तक सबसे अधिक मतदान 66.68 प्रतिशत हुआ। इसके बाद सीलमपुर में 66.41 प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे कम मतदान करोल बाग 47.40 मॉडल टाउन में 51.29, कालकाजी में 51.81 और चांदनी चौक 52.76 प्रतिशत हुआ। कई सीटों पर मतदान 60 प्रतिशत से ज्यादा पहुंच गया है। इसमें मटिया महल, त्रिलोकपुरी, नरेला, रोहणी, बादली, गोकुलपुर, करावलनगर, किरारी, मंगोलपुरी, बाबरपुर, रोहतासनगर, सीमापुरी, शादरा, छत्तरपुर, और नजफगढ़ सीट शामिल है। राष्ट्रीय राजधानी में निवास करने वाले महत्वपूर्ण हस्तियों ने भी मतदान किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति एस्टेट में स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय में बने केन्द्र पर मतदान किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नॉर्थ एवेन्यू, पोलिंग बूथ पर लाइन में लगकर मतदान किया। मतदान के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मतदान लोकतंत्र के लिए ऑक्सीजन के समान है। यह हमारे लोकतंत्र का स्तंभ भी है। यह सभी अधिकारों की जननी है और इससे बड़ा अधिकार कोई नहीं है। हर व्यक्ति को अपनी समझ, स्वतंत्रता और राष्ट्रीय हितों का ध्यान में रखते हुए मतदान अवश्य करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने भी निर्माण भवन में बने केंद्र पर मतदान किया।

## सत्ता तंत्र में दलितों की कोई भागीदारी नहीं : राहुल गांधी



**पटना।** लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी स्वतंत्रता सेनानी जगलाल चौधरी की जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए एक दिवसीय दौरे पर बुधवार को पटना पहुंचे। यहां पार्टी कार्यकार्ताओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा।

राहुल गांधी ने कहा कि दलितों, अल्पसंख्यकों, समाज के कमजोर वर्गों की सटीक संख्या पता लगाने के लिए पूरे भारत में जाति आधारित जनगणना की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत की वर्तमान सत्ता तंत्र और संस्थाओं में दलितों और वंचितों की कोई भागीदारी नहीं है। देश की हर संस्था में दलितों और कमजोर वर्गों को नेतृत्व की स्थिति में देखना चाहता हूं। बीजेपी, आरएसएस संविधान के खिलाफ हैं क्योंकि संविधान दलितों और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की गारंटी देता है।

## कटिंग चाय 18 : जब कल्पना को मिलती है नई उड़ान



**मुंबई।** मीडिया, कला और रचनात्मकता का सबसे बहुप्रतीक्षित महोत्सव, कटिंग चाय 18, आर. डी. नेशनल कॉलेज, बांद्रा में एक बार फिर धमाल मचाने के लिए तैयार है। 6, 7 और 8 फरवरी 2025 को, यह फेस्टिवल रचनात्मकता, प्रतियोगिता, विचारों और कहानी कहने की कला का एक अनूठा संगम पेश करेगा। क्या आप अपनी कला, प्रतिभा और कहानियों को एक बड़े मंच पर लाने के लिए तैयार हैं? तो यह मौका हाथ से जाने न दें–क्योंकि कटिंग चाय 18 केवल एक इवेंट नहीं, बल्कि एक अनुभव है, जहां हर विचार को नई उड़ान मिलती है। थीम 2025 'सैंड्स ऑफ चायोसिस' - जब विचार हवा में बहते हैं। दुनिया की सबसे बड़ी कहानियां अनिश्चितता और बदलाव के बीच जन्म लेती हैं। सैंड्स ऑफ चायोसिस थीम एक सरल लेकिन शक्तिशाली विचार पर आधारित है। जैसे रेगिस्तान की रेत लगातार बदलती रहती है, वैसे ही मीडिया भी हर पल नया आकार लेता है। हर विचार, एक उड़ते हुए धूल के कण की तरह, नई दिशाओं में बह सकता है। रचनात्मकता तब अपने चरम पर होती है, जब हम अराजकता को अपनाते हैं और उसे अपने अनुसार ढालते हैं।






# दिल्ली एग्जिट पोल : भाजपा की बम-बम, 'आप' को झटका

- नौ एग्जिट पोल में 27 साल बाद भाजपा की सत्ता में वापसी
- दो एग्जिट पोल में 'आप' की सरकार का अनुमान



**नई दिल्ली।** दिल्ली में मतदान के बाद एग्जिट पोल के जो नतीजे आए, उनमें जागरण महापोल ने आप को 23 से 27 सीटें, बीजेपी को 41 से 45 सीटें और कांग्रेस को 0 से 1 सीटें मिलने की बात कही है। चाणक्य स्ट्रैटजी ने आप को 25 से 28 सीटें, बीजेपी को 39 से 44 सीटें, कांग्रेस को 2 से 3 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। वहीं कांग्रेस को भी 2 से 3 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। पीपुल्स पल ने आप को 10 से 19 सीटें, बीजेपी को 51 से 60 सीटें मिलने की बात कही है। वहीं कांग्रेस को एक भी सीटें न मिलने का अनुमान लगाया है। पी मार्क ने आप को 21 से 31 सीटें मिलने की बात कही है। वहीं बीजेपी को 39 से 49 सीटें पाकर बहुमत से सरकार बनाने का अनुमान लगाया है। जबकि कांग्रेस को एक जीरो सीटें मिलने की बात अपने सर्वे में कही है। जेवीसी ने आप को 22 से 31 सीटें, बीजेपी को 39 से 45 सीटें और कांग्रेस को 0 से 2 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। मैट्रिक्स ने आप को 32 से 37 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। वहीं बीजेपी को 35 से 40 व कांग्रेस को 0 से 1 सीट मिलने का अनुमान सर्वे में लगाया है। कुल 70 सीटों में से 36 सीटें पाने पर बहुमत मिल जाता है। इस लिहाज से एक्जिट पोल के लगभग सभी सर्वे में बीजेपी की बहुमत के साथ सरकार बनती दिख रही है।

## अमेरिका ने 104 भारतीयों को जबरन भेजा भारत

**अमृतसर।** 104 अवैध भारतीयों को लेकर पंजाब के अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा अमेरिकी सैन्य विमान C-17 ने वापसी के लिए उड़ान भर ली है। जानकारी के अनुसार, विमान ने करीब शाम 5 बजकर 22 मिनट पर उड़ान भरी। विमान में सवार हर निर्वासित भारतीय नागरिक का वैरिफिकेशन भी किया गया। खबर के अनुसार, विमान कई अमेरिका में मौजूद अवैध भारतीय अप्रवासियों को वापस लाएगा। 104 अवैध भारतीयों का यह पहला जत्था था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यभार संभालते ही सबसे पहले अवैध अप्रवासियों पर नकेल कसना शुरू किया। इससे पहले, अमेरिकी सैन्य विमानों ने ग्वाटेमाला, पेरू और होंडुरास में निर्वासित अप्रवासियों को वापस भेजा है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह अमेरिका की यात्रा पर जा रहे हैं। ट्रंप के दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी पहली यात्रा होगी।

# आयुक्त ने की डीएम की अनूठी पहल मिशन मैदान, जोन ऑफ एक्सीलेंस की सराहना, बजी तालियां



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार आयुक्त, लखनऊ मंडल लखनऊ डॉ रोशन जैकब जनपद खीरी पहुंची, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने पुष्प देकर उनके जनपद आगमन पर स्वागत किया। विकास भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने क्रमशः बाढ़ पूर्व तैयारिया, सीएम डैशबोर्ड, सड़क सुरक्षा और राजस्व वादों की गहन समीक्षा समीक्षा की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया सर्वप्रथम आयुक्त डॉ रोशन जैकब, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक सदर योगेश वर्मा ने संयुक्त रूप से सीडीओ अभिषेक कुमार की मौजूदगी में विकास भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार का फीता काटकर लोकार्पित किया आयुक्त लखनऊ मंडल डॉ रोशन जैकब ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक योगेश वर्मा, रोमी साहनी, अमन गिरी, शशांक वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय कुमार की मौजूदगी में बाढ़ से पूर्व तैयारियों की गहन समीक्षा की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमिश्नर ने जाना कि स्वीकृत कटाव निरोधक परियोजनाओं के अतिरिक्त कोई जरूरी प्रोजेक्ट स्वीकृत होने से तो नहीं रह गया। इस दौरान मौजूद जनप्रतिनिधियो से उनके सुझाव भी जाने। तहसीलवार एसडीएम से प्रभावित परिवारों को प्रदान किए सीएम आवास के संबंध में जानकारी ली। आयुक्त ने गत वर्षो में विस्थापित लोगों और उपलब्ध जमीन की अप टू डेट सूची तैयार करते हुए उन्हें लाभान्वित कराएं। इस दौरान मौजूद अफसरों ने संवेदनशील गांवों को बचाने के लिए किए जाने वाले प्रयास बताएं। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सर्वे का कार्य उनकी मौजूदगी में हो, इसपर आयुक्त ने जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों की सर्वे के दौरान उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए बैठक में पलिया में बाढ़ की समस्या के संबंध में केन्द्रीय जल विद्युत अनुसंधानशाला पुणे से आए वैज्ञानिक बी. रघुराम सिंह ने प्रस्तुतीकरण दिया और बताया कि प्रारम्भिक रिपोर्ट सिंचाई विभाग को आज उपलब्ध करा दी जाएगी।बैठक के दौरान ईई (बाढ़खण्ड) अजय कुमार ने जिले में स्वीकृत हुई कटाव निरोधक परियोजनाओं की जानकारी दी तथा यह भी बताया कि कटाव निरोधक कार्यों में जियोट्यूब का उपयोग किया जाएगा। पलिया के सम्बन्ध में जलशक्ति मन्त्री द्वारा 05 मुख्य अभियन्ताओं की टीम गठित की गई है। गठित टीम ने 13 जनवरी को पलिया का स्थलीय निरीक्षण किया जा चुका है। रिपोर्ट आने पर तदानुसार कार्य किया जाएगा। इसवर्ष जनपद में पाँच विधानसभा पलिया, गोला, निघासन, सदर एवं धौरहरा में कुल 11 कटाव निरोधक परियोजनाएँ शासन द्वारा स्वीकृत की हैं। जिनकी कुल लागत 53.35 करोड़ है। इन कार्यों के पूर्ण हो जाने से जनपद के कुल 35 ग्राम, 04 मजरे एवं सुरक्षा के साथ-साथ तटबंध की 44000 आबादी एवं 2036 हे0 कृषि योग्य भूमि को नदी की कटान से सुरक्षा प्रदान हो सकेगी। कटाव निरोधक परियोजनाओं में नवीनतम तकनीक के रूप में जियो ट्यूब का प्रयोग किया जाएगा बैठक में ईई अजय कुमार ने अवगत कराया कि जनपद की तहसील निघासन में लगभग 40 वर्षो से ग्राम लठौआ से सुहेली नदी के बंद पडे भाग की सफाई हेतु शासन से स्वीकृति प्राप्त हो गई, जिसका तहसील निघासन एवं बाढ़खण्ड के अधिकारी संयुक्त रूप से मिलकर सीमांकन का कार्य किया जा रहा है। सीमांकन कार्य पूर्ण होते ही सुहेली नदी की सफाई का कार्य शुरू कराया जाएगा, जिससे तहसील पलिया एवं निघासन में हो रहे जलभराव से निजात मिल सकेगी शासन से निर्धारित सीएम डैशबोर्ड एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की बुधवार को आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने विकास भवन में समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त ने सीएम डैशबोर्ड के मानकों पर जिलों में चल रही सरकार की सभी योजनाओं, सभी विभागों के कामकाज की समीक्षा की इस दौरान उन्होंने एग्री स्टेट जीरो पॉवर्टी लाइन की प्रगति की भी समीक्षा की। निश्चय अभियान से समुदाय को जोड़ते हुए इसे सफल बनाएं। शिक्षण संस्थानों से 100 गज की दूरी में येलो लाइन के जरिए तंबाकू की बिक्री प्रतिबंध को सुनिश्चित कराएं। विद्यालयों में तंबाकू मॉनिटर भी बनाए जाएं। संवेदनशील आयु वर्ग 15 से 18 वर्ष में नशे की लत को अंकुश लगाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं। गत वर्ष की तुलना में निपुण असेसमेंट में जिले का 72वें स्थान से 26वें स्थान तक प्राप्त करने पर सराहना की। विभागों से खराब ग्रेडिंग का कारण जाना और कैसे सुधार करेंगे इसकी कार्य योजना भी पूछी आयुक्त ने कहा कि सीएम के नेतृत्व में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार पूर्णतया कटिबद्ध है। अफसरों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन अच्छे तरीके से होना चाहिए। कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे, अपनी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदन पत्रों को निस्तारित करें, जो भी परियोजनाओं का निर्माण कार्य चल रहा है उसकी प्रगति में सुधार लाये बैठक में मौजूद लखनऊ मंडल के डीडी मत्स्य डॉ हरेंद्र प्रसाद ने केसीसी और तालाब के पट्टे की प्रगति बताई। आयुक्त ने कहा कि मत्स्य पालन आम आदमी की आमदनी का स्रोत है। एडीएम को निर्देश दिए कि तेजी लाकर नियमानुसार तालाब के पट्टे दिए जाने की कार्यवाही पूर्ण करें। अधीक्षण अभियंता पीडब्लूडी सतीश कुमार ने चालू निर्माण कार्यों एवं नई स्वीकृतियों की जानकारी दी।

## रविदास जयंती व शबे बारात बिजली-पानी की निगम कर रहा तैयारी



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महानगर में संत रविदास जयंती पर निकलने वाली शोभायात्राओं के मार्गो और शबे बारात पर कब्रिस्तानों में प्रकाश व्यवस्था के लिए नगर निगम पांच दिवसीय खास अभियान चलाकर सभी प्रकाश बिंदुओं को दुरुस्त कर रहा है। प्रकाश पथ प्रभारी व अधिशासी अभियंता वीबी सिंह ने नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर आज कब्रिस्तानों का भ्रमण कर प्रकाश व्यवस्था और पेयजल स्थिति का जायजा लिया।

नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग, पथ प्रकाश विभाग व जलकल विभाग ने संत रविदास जयंती व शबे बारात को दृष्टिगत रखते हुए अपनी तैयारियों को अंतिम रुप देना शुरु कर दिया है। अधिशासी अभियंता जल वी बी सिंह ने बताया कि उक्त पावन पर्वो पर प्रकाश व्यवस्था पूर्णतः व्यवस्थित रखने के लिए एक कार्ययोजना के तहत प्रकाश विभाग द्वारा पांच दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट के कई आदेशों के भी वेतन बैण्ड सफाई कर्मचारी सरकार से नियमितिकरण की आस में: चन्दन लाल वाल्मीकि

### सुप्रीम कोर्ट के कई आदेश अम्बेडकर के लोग सफाई कर्मचारियों के हक में



*अवधनामा संवाददाता*

**लखनऊ/लखीमपुर-खीरी।** वंचित शोषित सामाजिक संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चन्दन लाल वाल्मीकि ने कहा कि अम्बेडकर के लोग अर्थात नगर निकाय में 2006 संविदा पर नियुक्ति सफाई कर्मचारियों को पिछली सरकार ने वेनत बैण्ड तो लागू किया लेकिन उन्हें सर्वोच्च न्यायलय के कई आदेशों के बाद भी योगी सरकार ने नियमित नहीं किया गया। हाल ही के सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम गाजियाबाद के सन्दर्भ में निर्णय दिया है कि स्थायी कर्मी जैसी भूमिका में लम्बे समय तक काम करता है तो समान काम के लिए समान वेतन का अधिकार है। कोर्ट ने यह भी कहा कि नौकरशाही की सीमाओं के कारण श्रमिकों के वैध अधिकारों को कम नहीं किया जा सकता। इस मामले में चन्दन लाल वाल्मीकि पूर्व में कई बार नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा से भी मिलकर उन्नीस वर्षो से लगतार काम करने बाले प्रदेश की विभिन्न पालिकाओं के सफाई कर्मचारियों को नियमित करण के तमाम सुप्रीम कोर्ट और कई हाई कोर्ट क आदेशों का संकलन कर लगातार अपनी दलील सरकार को दे चुके हैं एक बार फिर संविदा के सफाई कर्मचारियों को सुप्रीम कोर्ठ के आदेश होने पर नियमितीकरण की आस जगी है ए0के0 शर्मा मंत्री नगर विकास ने चन्दन लाल को नियमितकरण के लिए प्रमुख सचिव नगर विकास से कार्यवाही का आश्वासन भी दिया। वाबजूद इसके प्रदेश के वेतन वैण्ड सफाई कर्मचारी अभी तक नियमितकरण की आस में उन्नीस वर्ष गुजार ह्यचुके हैं चन्दन लाल वाल्मीकि ने कहा कि अब यह मामला राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार के संज्ञान में भी लाकर गुहार की जाएगी गौरतलब है कि मा0 सुप्रीम कोर्ट के दिनांक 12 मार्च, 2024 के पारित आदेश में स्पष्ट किया कि सफाई कार्य नियमित प्रकृति और बारामासी कार्य है, इस लिए इन्हें संविदा या कम वेतन पर कार्य नहीं लिया जा सकता। एक अन्य आदेश में भी मा0 सर्वोच्च न्यायलय के दिनांक 10-4-2006 के पारित आदेश उमादेवी वनाम कर्नाटक राज्य चन्द मोहन नेगी बनाम हिमाचल राज्य, सर्वोच्च न्यायलय के कई पारित आदेशों के अनुपालन किये जाने के लिए नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश की स्थानीय निकायों में 2006 से कार्यरत संविदा जिन्हें वेतन वैण्ड सफाई कर्मचारियों का लाभ दिया जा रहा है, लेकिन उनका नियमितिकरण उन्नीस वर्षो से आज भी लटका हुआ है सुप्रीम कोर्ट और श्रम विभागों के कई आदेश के बाद उत्तर प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के आधार पर जन कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्नीस वर्षो से नियमित प्रकृति के काम में लगे अम्बेडकर के लोग अर्थात वेतन बैण्ड सफाई कर्मचारियों को नियमित करना योगी सरकार के लिए न्यायसंगत होगा।

## विभिन्न थाना क्षेत्रों से हुई वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारियां

**लखीमपुर-खीरी।** थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 27/25 धारा 63/115 (2)/352/351 (2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त जीशान रजा पुत्र मोहम्मद इमरान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है थाना मैलानी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 34/2025 धारा मु0अ0सं0 34/25 धारा 103(1)/238 BNS की घटना का सफल अनावरण करते हुए नामजद/वांछित अभियुक्त इब्राहिम पुत्र जाकिर निवासी ग्राम किशुनपुर थाना मैलानी जिला खीरी को पकरिया मोड़ गोला-खुटार रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है थाना पलिया पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 02 नफर अभियुक्तों जसविन्दर उर्फ जस्सी व सुखविन्दर सिंह उर्फ सुक्खा को 03 अदद चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा-कारतूस भी बरामद किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना पलिया पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। थाना भीरा पुलिस द्वारा, विभिन्न अभियोगों से सम्बन्धित 03 नफर वांछित अभियुक्तों हरिओम, करन कुमार, सादाब व 01 नफर वारंटी अभियुक्त बेचे सिंह पुत्र माखन सिंह को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।थाना धौरहरा पुलिस द्वारा, विभिन्न अभियोगों से सम्बन्धित 04 नफर वारंटी अभियुक्तों रामादल, जगमाल, पहाड़ी उर्फ लवकुश व छोटकन्नू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## हत्या के मामले में पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों को भेजा जेल

**लखीमपुर-खीरी।** पढुआ थाना क्षेत्र के गांव की युवती की देहरादून में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों को जेल भेज दिया। इसके अलावा एक अन्य मारपीट के मामले में चार लोगों का चालान भेजा गया। एसओ निराला तिवारी के मुताबिक युवती सेहत्या मामले में नामजद शफ़ीक़ और मजलूमा निवासी गौरिया को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अबतक दस आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। साथ ही मेड़बंदी को लेकर हुए मारपीट के विवाद में गांव छेदी पुरवा निवासी तेज नारायण व श्रीकेशन, गांव रामनगर बगहा निवासी भूपेंद्र सिंह व विनय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## कन्टेनर में घुसी अनियंत्रित कार, तीन युवकों की दर्दनाक मौत

**सहारनपुर।** थाना नानौता क्षेत्रान्तर्गत दिल्ली-यमुनोत्री हाइवे पर गंगनहर के पास कार के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कन्टेनर से टकराने के चलते कार सवार तीनों युवकों की मौत हो गयी। बताया जाता है कि कार सवार तीनों युवक मां शाकम्भरी के दर्शनों के लिए जा रहे थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि करीब एक बजे जंधेड़ी रेलवे ओवर ब्रिज के पास गंगनहर पुल पर दिल्ली की ओर से आ रही एक कार पुल पर खड़े कंटेनर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गये। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को बामुश्किल ट्रक के नीचे से बाहर निकाला तथा कार सवार युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने 22 वर्षीय आकाश पुत्र भोपाल निवासी वेस्ट ज्योति नगर शाहदरा, 21 वर्षीय अंश उर्फ डिम्पी पुत्र राजेश निवासी दुर्गा चौक शाहदरा व 23 वर्षीय हर्ष पंडित पुत्र मनोज शर्मा निवासी ईस्ट बाबरपुर शाहदरा को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि आकाश अपने परिवार सहित शादी में शामिल होने बागपत के खेकड़ा आया था, जहाँ से रात्रि दस बजे वह शाकुम्भरी देवी जाने की बात कहकर अपने दोस्तो को लेने के लिए वापस शाहदरा पहुंचा। वहां से तीनो आकाश की कार में सवार होकर शाकुम्भरी देवी जाने के लिए निकले थे। मृतक आकाश अपने पिता के साथ खेकड़ा स्थित श्याम ज्वैलर्स पर काम संभालता था। थानाध्यक्ष सचिन पूनिया ने बताया कि मृतक आकाश के पिता भोपाल पुत्र श्यामलाल की तहरीर पर कन्टेनर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है तथा तीनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## छात्रों ने रैली निकाल जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक जनपद में जल यात्रा हुई प्रारंभ

सहारनपुर। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड घटक के अंतर्गत जनपद सहारनपुर में जल यात्रा का प्रारंभ हुआ।

ग्राम जड़ौदा पांडा में जल रथ के पहुंचने पर वाटरशेड के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रूफ्टॉप वाटर हार्वेस्टिंग हेतु भूमि का पूजन ब्लॉक प्रमुख चांदनी राणा ने किया। इसके अंतर्गत ग्राम जड़ौदा में ही वाटरशेड के बारे में ब्लॉक प्रमुख ननौता श्रीमती चांदनी राणा की अध्यक्षता में एक कृषि गोष्ठी में किसानों को जल संरक्षण और जल बचाने के संबंध में अभियान चलाने और खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में, जल ही जीवन है, कम पानी में कैसे फसलों को उगाया जाए, जल का संरक्षण कैसे किया जाए और कैसे पुराने तालाबों का जीणोद्धार किया जाए आदि विषयों पर विस्तार से कृषि विशेषज्ञों ने जानकारी दी। कार्यक्रम में उपकृषि निदेशक डॉ.राकेश कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी उमराव सिंह तथा कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर वीरेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जड़ौदा इंटर कॉलेज से प्रभात फेरी भी निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में छात्रों ने जल संरक्षण के संबंध में रैली के माध्यम से किसानों को जागरूक किया।

## हिस्ट्रीशीटर बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे, 500 ग्राम चरस बरामद

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने अन्तर्राज्यीय गौकश व हिस्ट्रीशीटर बदमाश को दबोचकर उसके कब्जे से 500 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। दबोचे गये बदमाश के ऊपर उत्तराखंड पुलिस द्वारा पांच हजार रूपये का ईनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना कोतवाली देहात प्रभारी चन्द्रसैन सैनी ने बताया कि बीती रात्रि उनके व उपनिरीक्षक अजयपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर हाकिम पुरा के पास से उत्तराखण्ड राज्य से 5000 रूपये के ईनामी अन्तर्राज्यीय गौकश व हिस्ट्रीशीटर शौएब पुत्र इरफान उर्फ दायी निवासी ग्राम गंदेवडा थाना फ्तेहपुर को दबोचकर उसके कब्जे से 500 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। श्री सैनी ने बताया कि दबोचा गया बदमाश शोएब थाना फ्तेहपुर का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जो पूर्व मे कई बार जेल जा चुका है तथा शोएब के विरुद्ध जनपद सहारनपुर व अन्य राज्यो में लगभग दर्जन भर मुकदमें पंजीकृत है। उन्होंने बताया कि शोएब शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है। जो थाना कोतवाली नगर, देहरादून (उत्तराखण्ड) में उत्तराखण्ड गौवंश संरक्षण अधिनियम 2007 में वर्ष 2023 से लगातार वांछित चल रहा है। जिसकी गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा 5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया है। श्री सैनी ने बताया कि पूछताछ के दौरान दबोचे गये आरोपी शोएब ने बताया कि वह सहारनपुर के ग्राम गदेवड़ा थाना फ्तेहपुर का मूलनिवासी है। उसका पिता व भाई भी थाना फ्तेहपुर के हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। जिसके चलते वह उत्तराखण्ड में जाकर रहने लगा था तथा वर्ष 2023 में उसके ऊपर जनपद देहरादून में गौकशी का मुकदमा दर्ज किया गया था और एसएसपी देहरादून ने उसके ऊपर 5000 रूपये का ईनाम घोषित कर दिया था। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

### कार व स्कूटी की भिड़न्त में स्कूटी सवार की मौत

**सहारनपुर।** कोतवाली रामपुर मनिहारान क्षेत्रान्तर्गत गांव साढौली दुनीचन्दपुर के पास गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को ओवरटेक करते समय कार के स्कूटी में टक्कर मारने से स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना चिलकाना क्षेत्र के गांव मरोडगढ़ निवासी 36 वर्षीय उमाकांत पुत्र मांगेराम अपनी स्कूटी संख्या यूके 08ए एक्स 1353 पर सवार होकर नानौता की तरफ जा था। बताया जाता है कि जैसे ही वह गांव साढौली दुलीचन्दपुर के पास पंहुचा, तो पीछे से अनियिंत्रित गति से आ रही कार संख्या यूके 07डीडब्ल्यू 5465 ने ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करते समय स्कूटी में टक्कर मार दी, जिसके चलते स्कूटी के परखच्चे उड गए और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गयी।

### छात्रों को दी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था सोफिया पब्लिक हाई स्कूल में आयोजित भारत माता व सरस्वती पूजन सामाजिक समारोह में पीएम सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना समेत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। स्थानीय सोफिया पब्लिक स्कूल में आयोजित भारत माता एवं सरस्वती पूजन सामाजिक समारोह का शुभारंभ बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रमुख अभिषेक, संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष मुकुल गुप्ता तथा विद्यालय प्रबन्धक रविन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिषेक जैन ने कहा कि समाज में स्थापित कंपनियों का अपने समाज के प्रति एक दायित्व है, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा बखूबी अपनी सीएसआर एक्टिविटी के माध्यम से निभा रहा है। उन्होंने एक ओर बैंक ऑफ बड़ौदा में जमा खाते खोलने पर जोर दिया और दूसरी ओर उन्होंने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। मुकुल गुप्ता ने कहा कि भारतीयों ने वसुंधरा को माता के रुप में देखा है। विश्व में भारत ही एक मात्र देश है, जहां भारतवासी जन्म भूमि व मातृभूमि को पूर्ण निष्ठा से समर्पित कर वंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि बंसत पंचमी मां सरस्वती का प्राकट्य दिवस है। वाग्देवी सरस्वती वाणी की अधिष्ठात्रि हैं। बुद्धि विद्या समस्त बोध की जननी है। कार्यक्रम को बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक परिचालन नैनपाल सिंह, क्रेडिट अधिकारी अरमान नबी सिद्दकी ने संबोधित किया। इससे पूर्व नौशीन, फायजा, अदीबा, उमरा, अक्सा, हबीबा आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती विदिता ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहम्मद यूसुफ श्रीमती नीलम, पायल, अरमान शाह, सुहालिया, लुबना, सुमैया, शहादत, प्रियांशु, अल्तमश, शाहवेज आदि का सहयोग रहा।

## 24 घंटे के अंदर आगरा के बुजुर्ग को मिली पेन्शन, समाज कल्याण मंत्री ने वीडियो कॉल पर बुजुर्ग से की बात



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण तथा जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने जनपद आगरा के विकास खण्ड, जैतपुर की ग्राम पंचायत बड़ागांव के 70 वर्षीय बुजुर्ग सूरजभान के वृद्धावस्था पेन्शन का प्रकारण संज्ञान में आते ही संबंधित अधिकारियों को मामले का त्वरित निस्तारण कर उसकी रिपोर्ट देने के निर्देश दिये थे। समाज कल्याण मंत्री ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पेन्शन संबंधी मामले को 24 घंटे के अंदर निस्तारित कर बुजुर्ग को इसकी जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये थे।

जिलाधिकारी ने उक्त हेतु मुख्य विकास अधिकारी व जिला समाज कल्याण अधिकारी को तत्काल प्रकरण में कार्यवाही के कड़े निर्देश दिए गए थे। लखनऊ से भी समाज कल्याण मंत्री ने उक्त प्रकरण का संज्ञान लेकर कार्यवाही से अवगत कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इसी के चलते बुधवार को जनपद आगरा की जिला समाज कल्याण अधिकारी(विकास) प्राची ने बुजुर्ग सूरजभान के घर जाकर उन्हें पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया। स्वीकृति पत्र पाते ही सूरजभान ने अपनी प्रसन्नता समाज कल्याण मंत्री से वीडियो कॉल पर बात कर व्यक्त की। उन्होंने समाज कल्याण मंत्री तथा जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया।

समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 70 वर्षीय श्री सूरजभान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर कतिपय कारणों से वृद्धावस्था पेन्शन बंद होने की शिकायत दर्ज करते हुए इसका निस्तारण कर पुनः पेन्शन शुरू कराने की अपील की थी।

मामला संज्ञान में आते ही समाज कल्याण मंत्री ने प्रकरण का त्वरित निस्तारण कराते हुए कहा कि किसी भी वृद्ध के लिए पेन्शन उनके जीने का सहारा है।

### सपा सांसद के गनर की दबंगई, बिना टोल दिए निकालीं 30-35 गाडियां

**आगरा।** इटावा से सपा सांसद जितेंद्र कुमार दोहरे के सुरक्षाकर्मियों पर टोल मैनेजर ने एत्मादपुर थाने में मामला दर्ज करवाया है। सांसद के गनर शिवम कुमार और रंजीत कुमार पर आरोप है कि उन्होंने सांसद की बारात बताकर 35 गाड़ियों का काफिया बिना टोल दिए ही निकाल दिया। इस दौरान दोनों गनर ने टोल कर्मचारियों के साथ अभद्रता की। सांसद के सुरक्षाकर्मियों ने दावा किया कि एक गाड़ी में सांसद स्वयं बैठे हैं। घटना का सीसीटीवी वीडियो टोल पर लगे कैमरे में कैद हो गया। यह मामला एत्मादपुर क्षेत्र स्थित इनर रिंग रोड टोल प्लाजा का है। मंगलवार की रात करीब 8:30 बजे लखनऊ एक्सप्रेसवे की ओर से गाड़ियों का काफिला आया था। टोल प्लाजा की लेन नंबर 16 पर सबसे आगे चल रही गाड़ी से दो गनर शिवम कुमार और रंजीत कुमार उतरे।

## एसएन मेडिकल कॉलेज में लिनाक ब्लॉक शुरू, कम खर्च में होगी कैंसर मरीजों की रेडियोथेरेपी

*अवधनामा संवाददाता*



आगरा। जिले के एसएन मेडिकल कॉलेज में कैंसर मरीजों के लिए 30 करोड़ रुपये की दो मशीनें लगाई गई हैं। डॉक्टर्स का दावा है कि बाजार से करीब चार गुना कम कीमत में यहां कैंसर के मरीजों की रेडियोथेरेपी हो सकेगी। बुधवार को केंद्रीय मंत्री प्रो। एसपी सिंह बघेल और यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कैंसर यूनिट में लगी मशीनों का उद्घाटन किया।

केंद्रीय मंत्री प्रो। एसपी सिंह ने बताया कि रोगियों के लिए लिनाक ब्लॉक में 30 करोड़ रुपये की दो अत्याधुनिक मशीनें आई हैं। इसमें कैंसर मरीजों की रेडियोथेरेपी करने के लिए एम्स की तरह से लीनियर एक्सीलरेटर मशीन लगाई गई है। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि एसएनएमसी मिनी एम्स बनता जा रहा है। यहां पर मरीजों को बेहतर उपचार मिले। इसको लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही हैं। एसएनएमसी के कैंसर रोग विभागाध्यक्ष डॉ। सुरभि गुप्ता ने बताया कि लिनाक ब्लॉक में लीनियर एक्सीलरेटर मशीन से रेडियोथेरेपी करने पर कैंसर वाली कोशिकाएं ही नष्ट होंगी। इससे आस-पास की स्वस्थ कोशिकाओं और टिश्यू पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इस मशीन से रेडियोथेरेपी के साइड इफेक्ट भी कम रहेंगे। कैंसर रोग विभागाध्यक्ष डॉ। सुरभि गुप्ता ने बताया कि एसएनएमसी में लगी अत्याधुनिक मशीनों से आगरा और आसपास के जिलों में मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा। यहां पर उपचार का चार्ज भी बेहद कम है। निजी सेंटरों के मुकाबले यहां पर चार गुना कम चार्ज है। लिनाक ब्लॉक की दीवारों की चौड़ाई 3।30 मीटर है। इसके चलते खतरनाक किरणें किसी अन्य स्वस्थ लोगों को नुकसान नहीं पहुंचाएगी।

### आधुनिक जीवनशैली और रसायनिक पर्यावरण से कैंसर बीमारी बढ़ने का खतरा

**आगरा।** शहर शहर गांव गांव कैंसर की बीमारी तेजी से फैल रही हैं। इसका कारण दैनिक जीवन में बढ़ता प्लास्टिक व पॉलिथिन, रसायनिक व धातुओ के मिश्रित वायु प्रदूषण, ई कचरा प्रदूषण, रसायनिक कीटनाशक और जैव चिकित्सा प्रदूषण की पर्यावरणीय परिस्थितियां मुख्य कारण बन चुकी हैं। इसकी रोकथाम की जागरुकता के लिऐ विश्व कैंसर दिवस 4 फरवरी के उपलक्ष्य में कुलदीपिका सिंह मैमोरियल पर्यावरण जागरुकता अभियान के तहत स्वाधीन पर्यावरण व सामाजिक कार्यकर्ता सुचेताहम्बीर सिंह गांव व शहर में लोगों को जागरुक करने एक ससीय जागरुकता अभियान आयोजित किया। कैंसर कारक अन्य कारणों धूम्रपान व गुटखा / तम्बाकू शराब का सेवन; गलत खाना-पीना; गलत जीवन शैली; हाईवोल्टेज बिजली के तारों के पास रहने, अनुवांशिकता, गंदे नालों के पानी से फसलों को उगाना आदि से बचें है।

## प्रधान व सचिव की मिली भगत से पुरानी ईंटों से सड़क व नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र की



ग्राम पंचायत रमापुर दवीर के प्रधान विनीता यादव पत्नी पवन कुमार यादव व सचिव की मिली भगत से पिछले प्रधानी के कार्यकाल में बनबाई गई ईट की सड़क की पुरानी ईंटों को उखड़वा कर प्रधान व सचिव द्वारा ऋषि नाथ के घर से तालाब तक खडंजा व नाली का निर्माण नव विकास निर्माण कार्य कराया जा रहा है उसमें उन्ही पुरानी ईंटों को लगाकर किया जा रहा है इसके अलावा रामराज के घर से लटूरी के घर तक नाली व खडंजा के निर्माण कार्य भी में पुरानी ईटे खुले आम लगाई जा रही है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अंबेडकर रोजगार योजना के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार सम्पन्न हुआ

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आज डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर रोजगार




प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 23 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार जिलाधिकारी फर्रुखाबाद की अध्यक्षता में फतेहगढ़ स्थित विकास भवन में संपन्न किया गया। उक्त योजना ग्रामीण जनता के लिए स्वरोजगार हेतु शासन द्वारा चलाई गई एक महत्वपूर्ण योजना है जिसमें अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को रुपए 70000 तथा गैर अनुसूचित श्रेणी के लाभार्थियों को 50000 अनुदान के रूप में दिया जाता है तथा उनके द्वारा स्वरोजगार हेतु अपनाए गए प्रोजेक्ट / क्रियाकलाप के लिए बैंकों से न्यूनतम 2 लाख का ऋण प्रदान किया जाता है। स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर होने के लिए यह योजना चलाई गई है। उक्त साक्षात्कार में अनुसूचित श्रेणी के 07 एवं गैर अनुसूचित श्रेणी के 16 आवेदकों के साक्षात्कार संपादित किए गए। आवेदकों द्वारा भैंस पालन, मुर्गी पालन, सूअर पालन, जनरल मर्चेंट, हार्डवेयर की दुकान, आटा चक्की जैसे क्रियाकला हेतु आवेदन किये गए थे। साक्षात्कार में जिलाधिकारी फर्रुखाबाद की अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी जिला विकास अधिकारी,लीड बैंक मैनेजर आर सेटी के प्रबंधक, उपायुक्त उद्योग प्राचार्य आईटीआई आदि उपस्थित थे।

## जाली नोट के कारोबार का भंडाफोड़




**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** पुलिस ने एसओजी और सर्विलांस टीम के साथ मिलकर जाली नोट छापने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 55,350 रुपए के जाली नोट, एक प्रिंटर और अन्य सामग्री बरामद की है। जालौन के एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार के मुताबिक, कई दिनों से जाली नोट के कारोबार की सूचनाएं मिल रही थीं। मुखबिर की सटीक जानकारी पर कुठौंद थाना क्षेत्र से पहले राहुल निषाद को पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर छह अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें मोहित निषाद, हरवीर, पुरुषोत्तम सिंह, योगेश कुमार, कृष्णा चौधरी और सचिन कुमार शामिल हैं।पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का सरगना सचिन कुमार असली नोटों को स्कैन करके प्रिंटर से जाली नोट तैयार करता था। इन नोटों को कृष्णा चौधरी कम कीमत पर खरीदकर बाजार में सप्लाई करता था। यह गिरोह जालौन, औरैया, मथुरा और इटावा के व्यस्त बाजारों में इन जाली नोटों का प्रचलन करता था। पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों और नेटवर्क की जांच कर रही है।

## अब सीसीटीवी कैमरों पर चौबीसों घंटे नजर रहेगी कोतवाली पुलिस की

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के चौराहों पर लगे सरकारी



सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग अब कोतवाली में ही हो सकेगी। इन कैमरों को तकनीकी रूप से काफी मजबूत कर दिया गया है। सीओ डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी के निर्देश पर इन तीसरी आंखों को कोतवाली के साथ साथ प्रभारी निरीक्षक के मोबाइल से भी अटैच कर दिया गया है। दरअसल, कस्बे में आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस विभाग ने मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने का काम किया था। किसी भी घटना के बाद पुलिस को इन कैमरों में फुटेज देखने के लिए उस स्थान पर जाना पड़ता था जिससे न केवल अधिकारियों का समय बर्बाद होता था बल्कि इस टाइमिंग गैप का लाभ लेकर अपराधियों को भागने का मौका भी मिल जाता था। अब पुलिस ने इस व्यवस्था में थोड़ी तब्दीली करते हुए कैमरों को कोतवाली से अटैच कर दिया है। इसके साथ साथ ये कैमरे प्रभारी निरीक्षक के मोबाइल से भी जुड़ गए हैं जिससे चौबीसों घंटे यह तीसरी आंखें कोतवाल की नजर में बनी रहेंगी और अपराध नियंत्रण में अपनी महती भूमिका निभाएंगे। कोतवाल अरुण कुमार राय ने मंगलवार को कस्बे के मार्कंडेयश्वर तिराहे व पंचानन चौराहे पर लगे पुलिस के इन हाइटेक सीसीटीवी कैमरों को तकनीकी रूप से काफी मजबूत कर दिया है। अब इन कैमरों को कोतवाली प्रभारी के मोबाइल से अटैच कर दिया गया है। इस तब्दीली के बाद इन कैमरों की रिकॉर्डिंग कोतवाली में हो सकेगी।

## बाइक पर बैग में रखा नकदी व सामान चोरी, केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** बेलीपार थाना क्षेत्र के जंगल दीर्घन निवासी ऋषिकेश गुप्ता पुत्र राम प्रताप गुप्ता जो सामान खरीदने और बेचने का कार्य करते है। 2 फरवरी को बाजी बाइक पर सामान और नकदी बैग में रखकर महावीर छपरा से गोरखपुर के लिए निकले थे। नौसढ़ चौराहे पर रुक कर बाइक को एक दुकान के सामने खड़ा कर दुकान में हिसाब करने चला गया। जिसमें 37500 रुपया नकद 40000 रुपए का सिगरेट, 5000 रुपए का कूपन था। चोर चुरा ले गया। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत उल्लास मेला का उद्घाटन

# शिक्षा के द्वारा ही कोई मनुष्य समाज एवं राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान दे सकता है : संदीप सिंह

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वंतत्र प्रभार) श्री संदीप सिंह ने साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा के द्वारा ही कोई मनुष्य समाज एवं राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यकित के विकास के रास्ते खोलने का काम करती है। शिक्षा व्यक्ति को रोजगार के अवसर भी प्रदान करती है। वर्तमान समय में व्यक्ति को शिक्षित होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि असाक्षर व्यक्ति अपने विचारों को स्पष्ट रूप से रख भी नहीं सकता फलस्वरूप वह केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की अनेक लोक कल्याणकारी योजनाओं का भी सम्यक लाभ नहीं उठा पाता है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यक्ति जब साक्षर होगा तो वह सरकारी योजनाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेगा और योजनाओं का लाभ भी आसानी ले सकेगा। इस अवसर पर साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0 द्वारा एक राज्य स्तरीय 'उल्लास मेला' का आयोजन राज्य संसाधन केन्द्र/इण्डिया लिट्रेसी बोर्ड, लखनऊ के परिसर में आयोजित किया गया। इस मेले में उत्तर प्रदेश के समस्त मण्डलों के स्टॉल लगाये गये। जिनका अवलोकन मा0 मंत्री जी द्वारा सभी स्टॉलों पर जाकर किया गया और नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। इसके साथ ही इन स्टॉलों में प्रदेश के 15+ वयवर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने हेतु चल रहे 'नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' की विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को प्रदर्शित भी किया गया। इस अवसर पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा श्रीमती कंचन वर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार का प्रयास है कि जो साक्षर नहीं हैं उनको साक्षर किया जाए, इस हेतु विभाग द्वारा कार्ययोजना बनाकर जो साक्षर नहीं हैं उनकों साक्षर करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति साक्षर होगा तो वह अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा एवं अपने रोजगार से संबंधित हिसाब-किताब आदि की जानकारी रख सकेगा। निदेशक साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा द्वारा इस कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट में अवगत कराया गया कि 'नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' के अन्तर्गत सर्वे ऐप के माध्यम से अद्यतन लगभग 13.00 लाख असाक्षरों एवं 1.50 लाख वालेण्टियरों का चिन्हांकन कर लिया गया है जिसके सापेक्ष लगभग 05.00 लाख असाक्षरों को साक्षर कर लिया गया है। उक्त कार्यक्रम में 15+ वयवर्ग के दो नव साक्षरों (श्रीमती सुजाता एवं श्री भोपाल) द्वारा अपने जीवन में आये सकारात्मक परिवर्तनों का वर्णन किया गया।

## अलीगढ़ में अकाउंटेंट से कैश लूटने वाला मुठभेड़ में गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** जिले की इगलास पुलिस, स्वॉट और सर्विलांस टीम ने ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने 75 हजार के इनामी बदमाश रवि को अरेस्ट करने में सफलता पाई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रवि पर यूपी, अलीगढ़ और राजस्थान पुलिस ने कुल 75 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस ने उसके कब्जे से 4,68,500 रुपये नगद, एक तमंचा, कारतूस, एक मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गयी बाइक बरामद की।

हाल ही में बदमाश ने राजस्थान में एक ज्वेलरी शॉप पर 80 लाख रुपये की लूट की थी। इगलास पुलिस और स्वॉट टीम को बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि स्टील फैक्ट्री लूटकांड में शामिल अभियुक्त रवि किसी अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में है. पुलिस ने जब गोरई रोड के अमरपुर धाना के पास बंद भट्टे के नजदीक संदिग्ध व्यक्ति को रोकने की कोशिश की, तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी. जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली रवि के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। क्षेत्राधिकारी इगलास भंवरे दीक्षा अरुण ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश रवि के खिलाफ अलीगढ़ और राजस्थान समेत कई जिलों में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वह संगठित गिरोह का हिस्सा है। वो हाई-प्रोफाइल लूटपाट और संगठित अपराधों में लिप्त रहा है. पुलिस अब उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी हुई है।

बता दें कि 10 जनवरी 2025 को इगलास क्षेत्र के ग्राम गुरसेना स्थित स्टील फैक्ट्री के अकाउंटेंट सुशील पाठक अपने सहयोगी के साथ बैंक में करीब 4 लाख रुपये जमा करने जा रहे थे. इसी दौरान गोरवा-भोरवा रोड पर दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोककर रुपये से भरा बैग लूट लिया. इस मामले में 12 जनवरी को एफआईआर दर्ज करवाई गई।

## भाजपा द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता की प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** भाजपा प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत विगत सप्ताह सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भाजपा नगर इकाई द्वारा हमारा संविधान हमारा गौरव विषयक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें शामिल प्रतिभागी छात्राओं को मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में संजोए गए कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने प्रतियोगिता में अपनी मेधा का शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत एवं प्रधानाचार्या आभा तिवारी को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जूनियर स्तर पर शिवांगी अग्रवाल ने प्रथम, राधिका अग्रवाल ने द्वितीय, परिधि पटेल ने तृतीय एवं नव्या पटेल और निशी कुशवाहा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सीनियर स्तर पर गायत्री वर्मा ने प्रथम, अनामिका चौधरी ने द्वितीय, स्नेहा कुशवाहा ने तृतीय और निशा व अनुष्का पटेल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष ने सभी प्रतिभागी बालिकाओं के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त कर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में आशुतोष मिश्रा, मनीष नगरिया, अनिल अग्रवाल, धर्मेंद्र राठौर, राघवेंद्र निरंजन, प्रदीप वर्मा, ब्रजेंद्र कुशवाहा, बाबूराम पाल, दीपक मिश्रा, सौरभ पुरवार, शरद जाटव आदि उपस्थित रहे।

# योग गुरु परमहंस योगानंद की जन्मस्थली का निर्माण अधर में

**मनव्वर रिज़वी**



**गोरखपुर।** लगभग 19 करोड़ रुपया खर्च करने के बाद भी पूरी दुनिया को योग का पाठ पढ़ाने वाले परमहंस योगानंद की जन्मस्थली को नए सिरे से बनाने की योजना पर ग्रहण लगा हुआ है। योगी सरकार द्वारा योगानन्द जी की जन्मस्थली को संजोने और नए कलेवर में मन्दिर से लेकर योग सेंटर और म्यूज़ियम निर्माण की तैयारी पूरी हो चुकी है। कोतवाली से सटे उनके जन्मस्थान की भूमि व भवन का अधिग्रहण लगभग कर लिया गया है, परन्तु पूरी रूप रेखा बन जाने के बाद भी काम शुरू नही हो सका है। योग गुरु योगानन्द जन्मस्थली के लिए आराजी नम्बर 70, 71, 72 और 73 का अधिग्रहण किया जाना था। राजस्व अभिलेखों में उक्त भूमि के खेवटदार जव्वाद अली शाह हैं। सूत्रों की माने तो सिर्फ अधिग्रहण के नाम पर 19 करोड़ रुपये बांटे जा चुके हैं। रजिस्ट्री की कार्यवाही भी पूरी हो चुकी है।

इस बीच खबर ये भी है कि जन्मस्थली की भूमि के खेवटदार जव्वाद अली शाह के वारिस अदनान फर्रुख अली शाह द्वारा उचित मुआवजे पर सहमति न बन पाने के कारण अदालत का रुख कर लिया गया है, जिससे अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने पर ग्रहण लग गया है। वहीं दूसरी तरफ क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी गोरखपुर का कहना है कि योग भवन के निर्माण का खाका तैयार हो चुका है। डीपीआर स्वीकृति के लिए भेजा जा चुका है, स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। भूमि सम्बन्धी जानकारी के लिए उन्होंने तहसील से सम्पर्क करने की बात कही। जबकि पहले मिली जानकारी के अनुसार भूमि तल सहित चार तल के भवन के निर्माण के लिए 31 करोड़ रुपये की स्वीकृति शासन से प्राप्त होने की बात कही जा रही थी और फरवरी के पहले सप्ताह से निर्माण कार्य शुरू करा देने की पर्यटन विभाग की तैयारी थी। आपको बताते चलें कि जन्मस्थली के भवन को

**19 करोड़ रुपये के बंदरबांट के बाद भी नही शुरू हो सका काम**

लेकर शुरू से विवाद की स्थिति बनी थी। मकान मालिक अच्छन बाबू और उनके पुत्र अलाउद्दीन उर्फ शेखू नवाब का कहना था कि वह जन्मस्थली के असली मालिक हैं जबकि जन्मस्थली वाले मकान में मिर्ज़ा समीउल्लाह बेग के वारिसान रहते थे लेकिन राजस्व अभिलेखों पूरी भूमि के मालिक जव्वाद अली शाह हैं। बहरहाल सदर तहसील के जिम्मेदारों का ये नायाब कारनामा कहा जायेगा कि खेवटदार से एनओसी लिए बिना ही भूमि सहित मकान की रजिस्ट्री करा ली गई और मुआवज़े की लगभग 19 करोड़ की रकम का अच्छन बाबू और मिर्ज़ा समीउल्लाह बेग के वारिसों में मनमाने ढंग से बंदरबांट कर दिया गया।

## प्रबंधन समिति की बैठक में तैयार की गई त्रिवार्षिक योजना: राजकिशोर शुक्ल

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में तैयार की गई



त्रिवार्षिक योजना - प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में वालवाटिका आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए सचिव राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि स्कूल में वालवाटिका केंद्र संचालित है जिसमें बच्चों के बैठने के लिए फोम वाली मैट एवं डेस्क आ चुकी है और किट भी आ चुकी है। फरवरी में एनएटी परीक्षा होगी और मार्च में वार्षिक परीक्षा होगी, इसलिए सभी बच्चों को नियमित स्कूल जरुर भेजें। इस अवसर पर अभिभावकों को द्वितीय सत्र परीक्षा का रिजल्ट बताया गया। उन्होंने बताया कि बिना आधार नवीन नामांकन नहीं होगा। आधार बनने की प्रक्रिया काफी कठिन हो गई है। सभी बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिए शपथपत्र के साथ उपजिलाधिकारी को आवेदन करना होगा जिसमें काफी समय लगेगा। जन्मप्रमाण पत्र के बाद ही आधार बनेगा और आधार बनने के बाद अपार आईडी बनेगी।इस काम में सभी पदाधिकारियों का सहयोग अपेक्षित है। इस अवसर पर शासन के निर्देश पर स्कूल की त्रिवार्षिक योजना तैयार की गई जिसे ग्राम पंचायत कार्ययोजना में शामिल कराया जायेगा। बैठक में अनोखेलाल, भगवान देवी, ऊषा, फूल वती, मोहिनी,नीलम, नफीसा, आशा, उमा सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

## रक्षामंत्री से वफा अब्बास की ऐतिहासिक मुलाकात

### इंसानियत, तालीम और लखनऊ की विरासत को नया जीवन देने की पहल



**नई दिल्ली।** अंबर फाउंडेशन के चेयरमैन वफा अब्बास ने हाल ही में दिल्ली स्थित अकबर रोड आवास में भारत सरकार के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। यह मुलाकात न केवल एक औपचारिक बैठक थी, बल्कि समाज के भविष्य को संवारने के लिए एक नई दिशा देने का प्रयास भी था। इस मुलाकात के दौरान वफा अब्बास ने इंसानियत, शिक्षा और लखनऊ की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण पर गहरी चर्चा की।

लखनऊ की सांस्कृतिक धरोहरें हमारे ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक हैं। वफा अब्बास ने इस चर्चा में विशेष रूप से शाह नजफ इमामबाड़ा, काज़मैन, गार वाली कर्बला, और छोटा इमामबाड़ा जैसे ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण और मरम्मत की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, यह इमारतें सिर्फ पत्थर और ईट का ढांचा नहीं हैं, बल्कि हमारी अकीदत, विरासत और इतिहास का जीवित हिस्सा हैं, इन्हें संवारना और बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य सेवा को हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार मानते हुए अंबर फाउंडेशन द्वारा फ्री मोबाइल हेल्थ वैन की पहल की जा रही है, जिसका उद्देश्य कमजोर वर्ग के लोगों को मुफ्त नेत्र शिविर और चिकित्सा परीक्षण उपलब्ध कराना है। वफा अब्बास ने रक्षामंत्री से इस परियोजना में मार्गदर्शन और सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा, अगर एक भी जरूरतमंद को सही इलाज मिल सके, तो यही असली सेवा होगी। शिक्षा के क्षेत्र में भी वफा अब्बास की दृष्टि में सुधार और विस्तार की आवश्यकता है। उन्होंने हज़रत अली अ.स. इंटरनेशनल सेंट्रल यूनिवर्सिटी की स्थापना पर विचार साझा किया, जो आधुनिक और धार्मिक शिक्षा को समान रूप से बढ़ावा देने का कार्य करेगा। उनका कहना था, इल्म और तालीम का दरवाजा हर गरीब और जरूरतमंद के लिए खुला रहना चाहिए, यही असली इंसाफ है। वफा अब्बास ने अपने इस मिशन में इंसानियत और तालीम के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का आभार व्यक्त करते हुए समाज के विकास के लिए सरकार से सहयोग की उम्मीद जताई और कहा, यह लड़ाई सिर्फ इमारतों के संरक्षण या योजनाओं की नहीं, बल्कि आने वाली नस्लों के भविष्य की है।

## गैंगस्टर की अभियुक्त किन्नर किरन की 25 लाख की संपति को पुलिस ने किया जब्त

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के भीमापार निवासी तान्या किन्नर को 19 मार्च 2023 को बदमाशो ने गाही रिठूआखोर मार्ग पर गोली मार कर घायल कर दिया था। जिसमें किन्नरों की सरगना किरन, प्रिया किन्नर रणविजय यादव, रवि यादव, दुर्गेश मद्धेशिया, और कुछ अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जेल भेज दिया था। जिससे सभी अभियुक्त जमानत पर बाहर हैं। वर्तमान समय में किन्नरों की सरगना किरन गैग बना कर अपराध करने में सक्रिय थी। जिस पर पुलिस ने गैंगस्टर की कारवाई किया। लेकिन बार बार कोर्ट के नोटिस देने के बाद हाजिर नहीं हो रही थी। पुलिस ने पूर्व में डूग्गी मुनादी और नोटिस चस्पा कर 30 दिन के अंदर कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया था। अभियुक्त द्वारा हाजिर न होने पर जिलाधिकारी के आदेश पर थानेदार विशाल उपाध्याय, के साथ पुलिस बल ने नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी के मौजूदगी में गैंगस्टर की अभियुक्त किरन किन्नर पुत्र चंद्र बहादुर निवासी बरदहीया थाना कोतवाली खलीलाबाद जिला संतकबीरनगर के घर पर जाकर संपत्ति की कुर्की किया। जिसकी कीमत 25 लाख के करीब बताई गई है।

## अयोध्या में दलित बेटी की हत्या के विरोध में समाजवादी महिला सभा द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** आज समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद महिला सभा की जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह के नेतृत्व में अभी हाल ही में अयोध्या में एक दलित बेटी को अगवा कर उसका बलात्कार करने के उपरांत उसकी हत्या हो जाने से आहत होकर नेलपुर तिराहे से लेकर मसेनी चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला।

इस अवसर पर महिला सभा की महिलाओं ने एकजुट होकर दलित की बेटी का बलात्कार करने एवं हत्या करने की आरोपी पर जल्द से जल्द कार्रवाई एवं उसे फांसी दिए जाने के लिए न्यायालय से अपील की। महिला सभा जिला अध्यक्ष सुलक्षणा सिंह ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की हालात भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बद से बत्तर होती जा रही है, अभी हाल ही में कुंभ में भगदड़ हुई जिसमें कई लोग मारे गए परन्तु सरकार ने कईयों के शव तक गायब करवा दिए। गरीब जनता पिस रही है, महंगाई और बेरोजगारी की मार से, घर का राशन पानी सब दोगुना महंगा हो गया जिनसे भाजपा सरकार में आई है परंतु भारतीय जनता पार्टी को अपना प्रचार और महिमा मंडन करने के अलावा इस प्रदेश में क्या हो रहा है इससे कोई मतलब नहीं है।

उन्होंने कहा कि आज लाखों लोगों की बेटियां घर से निकलने में डर महसूस करती हैं कि पता नहीं कौन सरफिरा उसे उठा कर ले जाए और उसका बलात्कार कर हत्या कर दे। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी को अपने पद से त्यागपत्र देने के लिए मांग की। इस मौके पर उनके साथ महिला सभा की प्रदेश सचिव रागिनी यादव ने कहा कि प्रदेश आज बेरोजगारी और खराब कानून व्यवस्था से गुजर रहा है जिसमें न तो महिलाएं सुरक्षित हैं और न ही कोई व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा है। इस मौके पर उनके साथ सुधा वर्मा नगर उपाध्यक्ष, संध्या शंखवार नगर उपाध्यक्ष, पूजा कठेरिया मौजूद रहीं।

## गोरखपुर विवि में चला सदस्यता अभियान

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** दिशा छात्र संगठन द्वारा आज गोरखपुर



विश्वविद्यालय में सदस्यता डेस्क लगाया गया। इस दौरान छात्रों को सदस्यता दी गई और उन्हें दिशा के उद्देश्य और लक्ष्य से परिचित कराया गया। सदस्यता अभियान के दौरान छात्रों से बात की गई कि विश्वविद्यालय में चुनावबाज पार्टियों के छात्र संगठन छात्रों के वास्तविक मुद्दे को कभी नहीं उठाएंगे। गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थिति देखी जाए तो प्रोफेसरों की बेहद कमी है जो प्रोफेसर हैं भी तो वह नियमित क्लास लेने की जगह रिसर्च स्कॉलर को क्लास में पढ़ाने के लिए भेज देते हैं। विश्वविद्यालय की बिल्डिंग खस्ता हाल है, शौचालय बुरी तरीके से गंदे हैं उनकी साफ सफाई नहीं होती है। पिछले दिनों एबीवीपी के कार्यक्रम के लिए गोरखपुर विश्वविद्यालय को चार से पांच दिनों के लिए बंद कर दिया गया था लेकिन लंबे समय से विश्वविद्यालय में अनुशासन के नाम पर अन्य संगठनों के किसी भी गतिविधि पर रोक लगा दी जाती है। छात्र संगठन का चुनाव काफी समय से बन्द है। पुस्तकालय में नई किताबें और लैब में प्रयोगशाला के लिए अलग-अलग इंस्ट्रूमेंट पता ना कब के आए हुए हैं। छात्रों को बताया गया कि 'दिशा छात्र संगठन' एक स्वतंत्र छात्र संगठन है जो किसी भी चुनावबाज पार्टी से जुड़ा नहीं है। जो भगत सिंह के आदर्शों को मानता और उनके सपनों को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध है। दिशा छात्र संगठन' का दूरगामी नारा है। सबके लिए समान व निःशुल्क शिक्षा और पक्के रोज़गार की गारंटी गोरखपुर विश्वविद्यालय की ऊपर दिए गए विभिन्न समस्याओं के लिए, कैंपस में जनवादी, सांस्कृतिक और राजनीतिक माहौल के लिए संघर्ष करना है। सदस्यता अभियान में आकाश, अंबरीश, विनय, प्रसेन, धर्मराज, प्रीति आदि शामिल रहे।

## एम्स गोरखपुर में 8 किलो के दुर्लभ ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** एम्स गोरखपुर के सर्जरी विभाग ने 75 वर्षीय मरीज की पीठ से 8 किलो के विशालकाय सारकोमा ट्यूमर को सफलतापूर्वक हटाकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। मरीज को कई अस्पतालों ने उच्च जोखिम के कारण ऑपरेशन से मना कर दिया था, लेकिन प्रो. डॉ. गौरव गुप्ता और उनकी टीम ने जटिल सर्जरी को अंजाम दिया। करीब तीन घंटे चले इस ऑपरेशन में एनेस्थीसिया विभाग की भी अहम भूमिका रही। मरीज की स्थिति स्थिर है, और जल्द स्वस्थ होने की उम्मीद है। एम्स गोरखपुर की इस सफलता ने इसे जटिल सर्जरी के लिए एक नई पहचान दी है।

**सूचना**

मेरे पुत्र गुरमीत एवं उसकी पत्नि निकिता का व्यवहार मेरे मेरी पत्नि और परिवार के साथ अशोभनीय है। दोनों बात बात पर हमसे गाली गलौज कर झगडे पर आमादा रहते हैं उनके बुरे बर्ताव से तंग आकर मैंने व परिवार ने दोनों को अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दखल कर उनसे सभी संबंध विच्छेद कर लिये हैं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य हेतु गुरमीत और निकिता खुद ही ज़िम्मेदार होगें।

**दयाल चंद पुत्र स्व.मनोहर लाल**
**नि.ग्राम दाबकी जुनारदार, कोतवाली देहात, सहारनपुर**

**सूचना**

सभी को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स जय स्टील्स, मेरठ रोड़ एवरी ऑटोमैटिक धर्म कोटा मुजफ्फरनगर का रजिस्ट्रेशन सहायक निबन्धक कार्यालय मेरठ क्षेत्र मेरठ के यहां से दिनांक 08.12.1986 को हुआ था। फर्म में दिनांक 03.10.2024 को फार्म न 7 के अनुसार सहायक निबन्धक फर्म सोसायटी एवं चिट्स सहारनपुर मण्डल सहारनपुर द्वारा विजय पाल सिंह, शैलेन्द्र कुमार निवासीगण 570, सिविल लाईन. (नोर्थ) अंसारी रोड मुजफ्फरगर पार्टनर के नाम पंजीकृत हुये थे और अब दिनांक 01.12.2024 की पार्टनरशीप डीड के अनुसार शेलेन्द्र कुमार पार्टनर ने पार्टनरशीप से त्याग पत्र दे दिया है और उसी दिनांक 01.12.2024 को फर्म में श्रीमती आशा रानी नये पार्टनर के रूप में शामिल हो गयी। वर्तमान में फर्म में विजय पाल सिंह व श्रीमती आशा रानी पार्टनर रह गये है। उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म सोसायटी एवं चिट्स सहारनपुर मण्डल सहारनपुर में प्रस्तुत करें अवधि के उपरान्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जाये। जिसके लिए फर्म स्वयं उत्तरदायी होगी।

**विजय पाल सिंह पार्टनर**

**सूचना**

मेरे मुवक्किल सोनू पुत्र सूरजभान नि.आकाश नगर कॉलोनी, चक हरेटी, जनता रोड, स.पुर का एक असल बैनामा बही न01 जिल्द न0 5604 पृष्ठ न0 97 से 118 व दस्तावेज न01264 जो कि 8/2/2010 को सब रजिस्टार सहारनपुर में पंजीकृत है वोह फोटो कॉपी कराते वक्त कोर्ट रोड परगिर गया है काफी ढूंढा नहीं मिला यदि किसी को मिले तो एक सप्ताह के भीतर संपर्क करे।

**अजय भारद्वाज एड.चे.11 सिविल कोर्ट**
**सहारनपुर मो. 9837375810**

# मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में 65.25% हुआ मतदान



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनपद के प्रतिष्ठित मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में मतदान का दिन घटनाओं और विवादों से भरा रहा। सुबह 7-00 बजे से मतदान शुरू होते ही लंबी कतारें देखने को मिलीं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि इस बार चुनाव में महिलाओं और बुजुर्गों की खासी भागीदारी रही।

सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद

मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह, आईजी प्रवीण कुमार, और कमिश्नर गौरव दयाल ने कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। हालांकि, इन सुरक्षा उपायों के बावजूद, राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप लगाए है।

सपा ने लगाया प्रशासन पर गड़बड़ी का आरोप

समाजवादी पार्टी के नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने दावा किया कि बूथ कैप्चरिंग की योजना बनाई गई और उन्होंने डीएम व एसपी से तत्काल कार्रवाई की मांग भी की। हालांकि, प्रशासन ने इन आरोपों को निराधार बताया। अधिकारियों के अनुसार, सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से चली और मतदाता बिना किसी डर के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

# वार्ड की महिलाओं ने लगाई विधायक अयोध्या से आशियाना बचाने की गुहार

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** कृष्णा नगर वार्ड पलिया शाहबदी के निषाद बिरादरी समेत कई अन्य गरीब परिवारों को तहसीलदार सदर के द्वारा ग्राम समाज की लाखों रुपए की जुर्माना नोटिस जारी की गई है जिसमें कहा गया है कि जल्द से जल्द इस जुर्माने को अदा करें अन्यथा स्वयं प्रस्तुत होकर स्पष्टीकरण दें कि क्यों ना आपके ऊपर वैधानिक कार्रवाई की जाए।

इसी विकट समस्या को लेकर पलिया शाहबदी कृष्णा नगर के पार्षद रमाशंकर निषाद की अगुवाई में गांव के सैकड़ो महिला पुरुष व पीड़ित मनोज कुमार, श्रीमती, प्रदीप, रामदेयी विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता से मिलने आए।विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता अस्वस्थ होने के बावजूद पीड़ितों को सम्मानपूर्वक बैठाकर उनकी समस्या को पूरे मनोयोग से सुना।

ग्राम वासियों का कहना है कि उन्हें डर है कि उनके आवासों को भी हटाया जाएगा।

वो सब इतने गरीब हैं कि उनके पास तो अन्य जगहों पर 1 इंच भूमि भी नहीं है कि अपना घर बनाकर रह सके।श्री गुप्ता ने पूरी बात सुनने के उपरांत कार्यवाही करते हुए तहसीलदार सदर को पूरे प्रकरण से अवगत कराने के लिए कहा। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब असहाय लाचार महिला का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अभी इस प्रकरण में किसी भी प्रकार की वसूली न की जाए।

उन्होंने सभी को अवगत कराते हुए कहा कि हमारी सरकार गरीबों के हित के लिए सदैव तत्पर है और चाहे वह सरकारी हो अथवा सामाजिक किसी भी स्तर पर उनका उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा।

इस प्रकरण को मैं पूरी तरह वार्ता कर जल्द ही सुलझाने का प्रयास करूंगा।

विदित हो की नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता इधर कई दिनों से पैर में फैक्चर की वजह से अस्वस्थ हैं और चिकित्सकों ने उन्हें बेड रेस्ट की सलाह दी है। परंतु मिल्कीपुर उपचुनाव में वह जीतोड़ मेहनत करते हुए डटे हुए थे उन्होंने विभिन्न बाजारों में बैठक और सम्मेलन आयोजित कराते हुए लोगों से जनसंपर्क कर प्रचार किया और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को रिकॉर्ड वोटो से जीतने की अपील भी करते रहे।

विधायक की ये कर्तव्य निष्ठा और पार्टी के प्रति समर्पण की चर्चा पूरे प्रदेश में हो रही है।

क्षेत्र की जनता समेत भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

इस अवसर पर अमल गुप्ता, मोनू सिंह समेत पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## घनश्याम शिवशंकर मिश्र को मिली जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**अयोध्या।** इण्डियन सवर्ण समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने आज पार्टी की राष्ट्रीय कोर कमेटी के प्रस्ताव पर विचार करते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया। उन्होंने घनश्याम मिश्र पुत्र शिवशंकर मिश्र को सर्वसम्मति से जिला उपाध्यक्ष (अयोध्या) पद पर मनोनीत किया। इस निर्णय के तहत श्री मिश्र को पार्टी के विस्तार और उसकी विचारधारा को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति पर इण्डियन सवर्ण समाज पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि श्री मिश्र पार्टी के कार्यों को मजबूती से आगे बढ़ाने में सहायक होंगे। पार्टी ने उन्हें पार्टी की विचारधारा को फैलाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया है। पार्टी की तरफ से उन्हें उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। इण्डियन सवर्ण समाज पार्टी के इस निर्णय को एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

## मंदिर निर्माण वर्षगांठ के अवसर पर निकल गई राम रथ यात्रा



**हैदरगंज-अयोध्या।** मंदिर निर्माण वर्षगांठ के अवसर पर जाना बाजार में राम रथ यात्रा निकाली गई । धार्मिक अनुष्ठानों में रामायण पाठ उपरांत बड़े पैमाने पर भंडारे का भी आयोजन किया गया है ।

विकासखंड तारुन अंतर्गत जाना बाजार के रामलीला मैदान में स्थित राम दरबार मंदिर निर्माण होने के वार्षिक वर्षगांठ के अवसर पर कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया है । जिसकी जानकारी देते हुए बुधवार को रामलीला समिति के प्रबंधक शैलेंद्र प्रताप यादव बाबा इच्छाधारी, सुभाष तिवारी, राम शंकर सोनी सहित लोगों ने बताया कि मंदिर वर्षगांठ के अवसर पर प्रथम दिन राम रथ यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। जो जाना बाजार चौराहा, मिसरहिया राम जानकी मंदिर, बीकापुर मोड़, देवलहा, जाना बाजार चौक सहित स्थानों से होते हुए रामलीला मैदान में समाप्त हुई । राम रथ यात्रा को आईटीआई के प्रबंधक मास्टर हरिराम, अध्यापक प्रदीप वर्मा, शेर बहादुर शेर, सुभाष तिवारी, लक्ष्मण मोदनवाल, सहित लोगों ने भगवा ध्वज फहराते हुए पुष्प वर्षा कर शुरू कराया। इसके उपरांत रामायण पाठ का आयोजन सुभाष तिवारी की मंडली द्वारा किया गया।

# अस्पताल प्रशासन की लापरवाही से अभी भी नहीं मिल पा रही मरीजों को ईसीजी जांच की सुविधा

*अवधनामा संवाददाता*

**गोशाईगंज-अयोध्या।** एस एच 30 पर अंबेडकर नगर सीमा से सटे गोसाईगंज सीएचसी पर इलाज कराने आने वालों मरीजों की दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही है। सीएमओ ने सीएचसी पर ईसीजी जांच कराने के लिए आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए यहां तैनात नर्सिंग ऑफिसर अन्नपूर्णा जायसवाल तथा संविदा कर्मी किरण बेदी की ड्यूटी भी लगा दी है,बावजूद अस्पताल में ईसीजी जांच ठप है।इसका खुलासा मंगलवार को जन शिकायत पर सभासद रविन्द्र यादव के साथ मौका मुआयना करने गोसाईगंज सीएचसी पहुंची नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीता राम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्रीमती आरती जायसवाल के सामने हुई। मालूम हो कि गोसाईगंज अस्पताल में



ईसीजी जांच की सुविधा न होने से मरीजों को प्राइवेट पैथालॉजी की तरफ रुख करने के साथ ही धन और समय दोनों बर्बाद कर जिला मुख्यालय तक भाग दौड़ करना पड़ता था।मरीजों को होने वाली इस असुविधा को देखते हुए सभासद श्रीमती जायसवाल ने बीते माह इससे संबंधित पत्र मुख्यमंत्री,स्वास्थ्य मंत्री,महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण लखनऊ,मंडलायुक्त,डीएम के साथ साथ अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण अयोध्या मंडल अयोध्या एवम सीएमओ को भेज कर जल्द से जल्द अस्पताल में उक्त सुविधा बहाल करने की मांग की थी।सभासद श्रीमती जायसवाल के पत्र को संज्ञान मे लेकर सीएमओ पुष्पेंद्र जैन ने बीते 13 जनवरी 2025 को कार्यालय के पत्रांक संख्या मु0चि0अ0/ईसीजी टेक्नी0/2025/6545 /2 के द्वारा प्रमुख अधीक्षक जिला चिकित्सालय को निर्देशित कर गोसाईगंज सीएचसी में तैनात नर्सिंग ऑफिसर श्री मती अन्नपूर्णा जायसवाल एवं नर्सिंग ऑफिसर (संविदा) किरण बेदी को 15 से 22 जनवरी तक एक सप्ताह ट्रेनिंग दिलाए जाने का निर्देश दिया था। मजेदार बात तो यह है कि एक सप्ताह तक ईसीजी जांच की ट्रेनिंग कर दोनों महिला स्टॉफ गोसाईगंज अस्पताल में ड्यूटी भी बजा रही है,लेकिन इन दोनों महिला चिकित्सक द्वारा ईसीजी जांच की सुविधा मिल भी रही है कि नहीं इस तरफ सीएचसी अधीक्षक का ध्यान नहीं गया। सभासद श्रीमती जायसवाल ने बताया कि गोसाईगंज अस्पताल में मरीजों को जल्द से जल्द ईसीजी जांच की सुविधा मिले इसके लिए वे शासन प्रशासन को जल्द ही पत्र लिख कर सीएमओ से स्वयं मुलाकात करेंगी।

## किशोरी की खोज में सक्रिय कोठी पुलिस, अगले 24 घंटे में खोजने दावा

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पांच दिन पहले कोठी थाना क्षेत्र के एक गांव से घर से निकली किशोरी रहस्यमय तरीकों में लापता हो गई। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरा की फुटेज व संदिग्ध नंबरों की काल डिटेल पर जांच शुरू की। बुधवार तक हुई कार्रवाई में किशोरी खोज में बेहद करीब पहुंचने का पुलिस का दावा है। उधर, पीड़ित ने कथित लोगों के बरगलाने पर पुलिस पर घूस मांगने आरोप संबंधित वीडियो वायरल करना बताया। बुधवार दूसरे वीडियो में रूपये मांगने बात से इंनकार करते हुए पुलिस के सहयोग की सहराना की है। कोठी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता का कहना है कि अयोध्या जनपद में मक्खन बेचने का काम करता है। एक फरवरी को उसकी 17 वर्षीय पुत्री अपने भाई को क्षेत्र के एक स्कूल में छोड़ने के लिए साइकिल से निकली थी। फिर वह घर नहीं लौट सकी। अगले दिन इसकी शिकायत पर कोठी इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह मुकदमा दर्जकर जांच शुरू की। गांव के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज खगांलने साथ संदिग्ध नंबरों को सर्विलांस पर लगाकर डिटेल जुटाई है। बुधवार तक इंस्पेक्टर द्वारा हुई कार्रवाई में किशोरी को अगले 24 घंटें में शतप्रतिशत खोज लेने दावा किया है। उन्होंने बताया एकत्र साक्ष्यों आधार पर किशोरी खोज में संभावित ठिकानों पर दबिश जारी है। उधर, पीड़ित दंपति ने बताया कि चार फरवरी को स्थानीय अराजकतत्वों द्वारा थाने के बाहर बरगलाकर उसका वीडियो बना लिया। पुलिस पर घूस मांगने कथन उससे कहलाया। फिर इसे वायरल कर दिया। इससे परिवार की छवि धूमिल होने साथ 24 फरवरी को होने वाले मांगलिक कार्यक्रम प्रभावित हैं।

# मां शांति सेवा फाउंडेशन पांच दिवसीय श्रद्धालुओं के जलपान भंडारा का समापन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष श्रीमती नेहा कुमारी ने संरक्षक बसंत राम के नेतृत्व में अयोध्या में आए श्रद्धालुओं के लिए पांच दिवसीय जलपान भंडारा का आयोजन उदया चौराहे पर चाय बिस्कुट आदि वितरण कर किया, कार्यक्रम का समापन अंतिम दिन भी उत्साहपूर्वक चाय बिस्किट आदि का वितरण कर किया। संरक्षक बसंत राम ने बताया कि 144 वर्ष बाद महाकुंभ का मेला चल रहा है जिसमें लाखों लाख की भीड़ स्नान दर्शन करके अयोध्या धाम में भी रामलला के दर्शन को आए। श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। अयोध्या में आए श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा न हो संस्था की टीम निरंतर 5 दिन श्रद्धालुओं की सेवा में अपने-अपने सहयोग से सामाजिक कार्य में समर्पित रहा श्रद्धालुओं सहित सुरक्षा कर्मियों को भी जलपान कराया गया उत्कृष्ट कार्य के लिए सुरक्षाकर्मी एवं सामाजिक वर्ग को संस्था टीम ने सम्मानित भी किया कार्यक्रम में विनय प्रकाश मौर्य सुबोध श्रीवास्तव आमिर खान मधु यादव सविता यादव अनुराधा मौर्य सूरज चौधरी प्राजंलि चौधरी ऋषि शंकर शुक्ला मनोज गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## श्रद्धालुओं के लिए लगातार भंडारे का हो रहा आयोजन

**हैदरगंज -अयोध्या।** प्रयागराज से अयोध्या के लिए अपने-अपने वाहनों से जा रहे श्रद्धालुओं के लिए लगातार कई दिनों से जाना बाजार में रात्रि के समय में चाय नाश्ते, सब्जी पूरी, हलवा, नुक्ति, फल, आलू दम, खिचड़ी आदि की व्यवस्था देर रात तक समाज सेवियों द्वारा कराया जा रहा है । हैदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जाना बाजार में कई दिनों से बीकापुर मोड जाना बाजार चौराहे सहित स्थान पर लगातार भंडारी का आयोजन किया जा रहा है । जाना बाजार गेट के सामने कन्हैया लाल यादव, संजय सोनी, सोनू सोनी, रामप्रताप जायसवाल, राम जी मोदनवाल, मन्नू सोनी, मास्टर हरिराम, प्रदीप वर्मा, अंकित जायसवाल, मन्नू मोदनवाल, विजय गुप्ता, सूरज गुप्ता करन-अर्जुन मोदनवाल शाहिद लोगों द्वारा देर शाम से देर रात तक श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जा रहा है । चौराहे के दूसरे छोर पर चंद्रभान सिंह, गया प्रसाद गुप्ता, संदीप विश्वकर्मा, विक्रम सिंह दहलवा सहित दर्जनों युवाओं द्वारा भंडारे का आयोजन लगातार किया जा रहा है । इसी के साथ दिन में बीकापुर मोड पर भंडारे में प्रिंस सिंह, भद्दर सिंह द्वारा पूरी सब्जी बोतल बंद पानी श्रद्धालुओं को वितरित किया गया जो लगातार चल रहा है।

## कलारीपयट्टू खेल मे प्रतिभाग करके लौटे खिलाड़ियों का किया स्वागत

**सहारनपुर।** कलारीपयट्टू खेल मे प्रतिभाग करके जनपद लौटे दो खिलाड़ी व उत्तर प्रदेश की कलारीपयट्टू टीम के मैनेजर मोहम्मद मुस्तकीम अंसारी का आज खेल प्रेमियों व खेल संघों के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया।

जिला कलारीपयट्टू संघ सहारनपुर के सचिव व उत्तर प्रदेश कलारीपयट्टू संघ के सह सचिव मौहम्मद मुस्तकीम अंसारी ने बताया कि उत्तराखंड मे चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में आयोजित कलारीपयट्टू खेल का आयोजन हरिद्वार के पुलिस लाइन इंडोर स्टेडियम में 28 से 30 जनवरी 2025 के बीच किया गया। जिसमे सहारनपुर जनपद के कलारीपयट्टू खिलाड़ी विष्णु चाहर व शाकिर ने उत्तर प्रदेश की कलारीपयट्टू टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उर्मी सील्ड में पांचवा स्थान प्राप्त कर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि भले ही विष्णु चाहर व शाकिर पदक से चूक गये हो पर आने वाले समय मे विष्णु चाहर व शाकिर जनपद के लिए पदक जरुर जीतेंगे। कलारीपयट्टू खेल मे प्रतिभाग करके लौटे सहारनपुर के कलारीपयट्टू खिलाड़ी विष्णु चाहर व शाकिर समेत उत्तर प्रदेश कलारियापट्टू टीम के मैनेजर मोहम्मद मुस्तकीम अंसारी का डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे आयोजित सम्मान समारोह मे विभिन्न खेल संघो से जुड़े पदाधिकारियों व प्रशिक्षको ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान सहारनपुर कलारीपयट्टू संघ के संरक्षक व सहारनपुर मंडल ओलम्पिक संघ के सचिव डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, कनिष्ठ सहायक शिवनंदन, एथलीट कोच लाल धर्मेंद्र प्रताप, कुश्ती कोच आदेश कुमार, बृजेश कुमार, तबरेज अहमद, पोपीन कुमार, रवि कोरी, दीपक शर्मा भगत, रविकान्त धीमान, सन्नी प्रजापति, दीपक, अनन्या अग्रवाल, तंजीम फातिमा, मनोज प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## रक्तदान शिविर में 120 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मानव मात्र के कल्याणार्थ के लिए संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (संत निरंकारी मिशन का सामाजिक विभाग) के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 120 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

सरसावा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन के प्रांगण में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन नगर पालिका सरसावा अध्यक्ष श्रीमती कोमल पवार, प्रतिनिधि प्रमोद कुमार पवार (राजू) व संयोजक धीर सिंह निरंकारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख नकुड़ ऋषिपाल, मुखी विवास कुमार रजनीश कुमार ने सयुक्त रूप से किया। सरसावा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू पंवार ने कहा कि रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और जनकल्याण को समर्पित उनकी निस्वार्थ सेवा एवं बहूमूल्य योगदान के लिए प्रशंसा की। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद कुमार व राजू पवार ने अपने साथियों सहित रक्तदान किया। ब्रांच मुखी विवास कुमार ने




कहा कि निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज ने कहा था की 'रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं', इसी उद्देश्य को देखते हुए संत निरंकारी मिशन के श्रद्धालु बडी उत्साह के साथ 1986 से रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर रक्तदान करते आ रहें है, जिससे मानव जीवन बचाएं जा सकें। संयोजक व प्रचारक धीर सिंह ने सत्संग में संबोधित करते हुए कहा कि भक्ति मार्ग पर बैर, नफरत, ईर्ष्या, की कोई जगह नहीं है। सहायक मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र अनमोल ने कहा कि संत निरंकारी मिशन आध्यात्मिक उत्थान के साथ-साथ रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान वृक्षारोपण, महिला एवं बाल विकास सशक्तिकरण के लिए भी अपनी अग्रिम भूमिका निभा रहा है। इसके अतिरिक्त ब्रांच मुखी विवास कुमार व संचालक सचिन कुमार ने कहा कि रक्तदान शिविर में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अशोक सैनी, सोनू शर्मा, विशु रोहिला, विटू चौधरी आदि मौजूद रहें।

# निः शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में प्रसिद्ध डॉक्टरों ने मरीजो को बाटे चश्मे



*अवधनामा संवाददाता*

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ रेहान काजमी ने अपने स्वर्गीय पिता डॉ फ़ाज़लि काजमी और खानदान के बुजुर्ग हाजी वारिस अली शाह रहमतुल्लाह अलैह,इमाम खुमैनी रहमतुल्लाह अलैह और अलाउद्दीन आला बुजुर्ग की स्मृति मे एक वृहद निन्शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।यह शिविर रसूलपुर गांव में बुधवार को आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन डॉ. रेहान काजमी की माता श्रीमती शाइस्ता काजमी ने किया।शिविर मे शिफायल हॉस्पिटल लखनऊ और लेप्रोसी मिशन बाराबंकी के सहयोग से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सैकड़ों मरीजों की जांच की और उन्हें निन्शुल्क दवाइयां व चश्मे वितरित किए गए।विशेष रूप से मोतियाबिंद से पीड़ित 17 मरीजों के लिए लेप्रोसी मिशन अस्पताल में निन्शुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है।इस चिकित्सा शिविर का आयोजन इमाम खुमैनी फाउंडेशन ट्रस्ट किंतूर और काज़मी एजुकेशनल एंड हेल्थकेयर सोसाइटी के सहयोग से किया गया।शिविर में कई वरिष्ठ चिकित्सक और विशेषज्ञ शामिल हुए।जिनमे प्रमुख रूप से डॉ शारिक (नेत्र रोग विशेषज्ञ), ऑप्टोमेट्रिस्ट शायबा बानो, सना, असिस्टेंट प्रभात यादव,डॉ लाइबा खान,डॉ अफशान अंजुम,मुमताज अहमद,तनवीर हुसैन और जाकिर हुसैन शामिल रहे।इस अवसर पर समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति और स्थानीय नेता भी उपस्थित रहे। जिनमे सपा नेता विनोद कुमार यादव, प्रसिद्ध समाजसेवी आदिल काज़मी,डॉ संतोष सिंह,बदोसराय ग्राम प्रधान निसार मेहंदी, जुल्फी मियां,फैज़ी मियां, सलमान अंसारी, हाजी जुबेर खान,राहिल काज़मी, असद काज़मी, सोहन लाल,राम मिलन यादव, मोहम्मद आवेश (बीडीसी) अकबर अली, अकरम खान और रिंकू मौर्या प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस सफल आयोजन के लिए डॉ रेहान काजमी और उनकी टीम को स्थानीय लोगो ने हृदय से सराहा और भविष्य में भी ऐसे आयोजन किए जाने की अपेक्षा जताई।

## अप्रैल में होने वाली साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की राष्ट्रीय साधारण सभा 12, 13 एवं 14 अप्रैल को टीआरसी महाविद्यालय सतरिख बाराबंकी में संपन्न होगी। साधारण सभा में देश के सभी प्रान्तों से लगभग 250 से अधिक राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय पदाधिकारी भाग लेंगे। साधारण सभा को सफल बनाने एवं अतिथियों के स्वागत, आवास एवं भोजन आदि की व्यवस्था के लिए एक बैठक आज जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबणीस जी ने आयोजन के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिये। बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय संगठन मंत्री पूर्वी उ.प्र. डॉ प्रमोद पाण्डेय ने जनपद बाराबंकी एवं प्रांतीय पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हु? कहा कि व्यवस्था में कोई कमी ना रहे, इसके लिए हमें अभी से तैयारियां शुरू कर देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग टीम बैनकर कार्य करना होगा तभी आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सकेगा। बैठक का संचालन कर रहे प्रान्तीय संगठन मंत्री आर पी सिंह बिसेन ने कहा कि हमारे लिए सौभाग्य का विषय है कि अवध प्रांत के अन्तर्गत आने वाले. जनपद बाराबंकी को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

## जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट में जॉब फेयर का हुआ आयोजन




**बाराबंकी।** जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में जॉब फेयर का आयोजन किया गया जिसमे देश की प्रतिष्ठित कम्पनीज जयभारत मारुती, डीलक्स बेयरिंग, अजेस फेडरल लाइफ साइंसेज, पेटीएम् सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, आरपीइसजे?नइस इंस्ट्रूमेंट लिमिटेड, मिण्डा कोसी अलुमुनियम लिमिटेड, आसाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, श्री राम लाइफ इन्शुरन्स, वीजी ऑटो कंपोनेंट्स आदि ने छात्र छात्रों का चयन किया। इस आयोजन में बीए बीकॉम इंजीनियरिंग आई टी आई डिप्लोमा इंजीनियरिंग के लगभग 200 छात्र छात्राओं ने लिखित और इंटरव्यू में भाग लिया जिसमे फाइनल राउंड के पश्चात 100 छात्र छात्राओं का 2.50 से 3.00 लाख वार्षिक पैकेज पर चयन हुआ।रजिस्ट्रार डॉ मसर्रत अली खान ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कंपनी के एचआर मो हनीफ अल्वी, हिबा रहमान, मॉइश्री पांडेय, मंतशा खान, असीम ज़ैदी आदि का आभार व्यक्त किया।अकादमिक हेड डॉ ऐ के मिश्रा ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अफसर नियाज़ अहमद अंसारी के अथक प्रयास की सराहना की और प्रशासनिक अधिकारी अब्दुल नावेद समेत सभी उपस्थित शिक्षिकों के सहयोग के लिए धन्यवाद् प्रकट किया।

## बाइक और रोडवेज बस की टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल, इलाज के दौरान मृत्यु

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** बाइक और रोडवेज में हुई टक्कर में बाइक चालक और पीछे बैठा किशोर गंभीरता रूप से घायल हो गया। अस्पताल में बाइक चालक की जहां मौत हो गई वही किशोरी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना मालीपुर थाना के सुरहुरपुर मार्ग पर मंसूरपुर घाव स्थित पेट्रोल पंप पर घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मालीपुर थाना क्षेत्र के सैरपुर उमरन गांव निवासी रविन्द्र कुमार पुत्र राम बहाल उम्र 35 अपने 13 वर्षीय बेटे के साथ बुधवार दोपहर को बाइक से सुरहुरपुर की तरफ जा रहा था। जब वह उक्त पेट्रोल पंप के पास पहुंचा शाहगंज की तरफ से आ रही रोडवेज बस से टक्कर हो गई। टक्कर इतना तेज हो गई बाइक पर पीछे बैठा किशोर बस के शीशे से टकरा गया। दुर्घटना देख वहां भारी भीड़ जुट गई। बस चालक बस लेकर भाग गया। सूचना पर पहुंची 112 डायल पुलिस ने दोनों घायलों को नगपुर अस्पताल ले गई जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। किशोर का प्रारंभिक उपचारों कर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने बताया कि बाइक चालक की मौत हो गई। रोडवेज बस को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया है।

## होलिका स्थल ख़ाली कराने की ग्रामीणों ने की मांग

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील जलालपुर क्षेत्र के कांदीपुर गांव में ग्रामीणों ने होलिका दहन स्थल से कब्जा हटाने की मांग से संबंधित प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री को भेजा है। गांव के प्रेमनारायण, मनीष श्रीवास्तव, रामतीर्थ मिश्र, राज उपाध्याय, चंद्र प्रकाश मिश्र, वीरेंद्र कुमार आदि ने मुख्यमंत्री को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि गांव में होलिका दहन के लिए गाटा संख्या 1133 क मि मे भूमि सुरक्षित किया गया है, जो कि खतौनी अभिलेख में भी दर्ज है। किंतु उक्त भूमि पर गांव के एक दबंग व्यक्ति ने पुआल आदि रखकर अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है।जबकि होलिका दहन की इस जमीन की वर्ष 2019 में तहसील स्तर से पैमाइश भी कराई गई थी, और उसे सुरक्षित रखने के लिए पिलर भी लगवाया गया था। परंतु उसे भी क्षतिग्रस्त कर उखाड़ दिया गया। ग्रामीणों द्वारा होलिका दहन स्थल से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की गई है।

# भाजपा ने किया कार्यकर्ता सम्मान भोज कार्यशाला कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** मिठवल ब्लाक के ग्राम दुबौली स्थित श्रीरामजानकी मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी मिठवल मण्डल द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मान भोज कार्यशाला कार्यक्रम में उपस्थित भारी समूह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए हियुवा प्रदेश प्रभारी पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यकताओं पदाधिकारियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि भाजपा कार्यकताओं की तुलना किसी अन्य पार्टी के लोगों से किसी भी स्थिति में नहीं की जा सकती क्योंकि भाजपा कार्यकर्ता सदैव हिंदुत्व और विकास को लेकर राष्ट्रहित में कार्य करते हैं और अन्य पार्टियों में इतनी क्षमता ही नहीं है। इसलिए आप सभी राष्ट्रवादी कहलाते हैं यह बहुत बड़े सम्मान की बात है। आज मोदी और योगी सरकार में सनातनी हिंदू धर्म का डंका देश दुनिया में बज रहा है। विपक्षी दलों के लोगों ने पूर्व की अपनी सरकारों में सिर्फ मुस्लिम तुष्टिकरण कर देश को तोड़ने का असफल प्रयास किया था जिसका परिणाम वो भुगत रहे हैं। मोदी और योगी सरकार में आज गांव गरीब और किसानों का उत्थान हो रहा है।चारों तरफ खुशहाली है माफियाओं और गुंडों को नेस्तानाबूद करने का ऐतिहासिक कार्य हुआ है। बहन बेटियों की रक्षा और सुरक्षा के प्रति हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। कार्यकर्ताओं का आवाहन करते हुए कहा गांव गांव में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता को हर हाल में मिले इसके लिए आप हम सभी लोग पूरा प्रयास करें। इसी क्रम में कार्यक्रम को मिठवल ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ दशरथ चौधरी, चेयरमैन भारतभारी चंदू चौधरी, चेयरमैन बढ़नीचाफा धर्मराज वर्मा,भाजपा जिलाउपाध्यक्ष नीरजमणि त्रिपाठी, मौलेश्वरनाथ त्रिपाठी,श्याम पाठक, वीरेंद्र राव,शिव प्रसाद चौधरी,समेत आदि ने सम्बोधित किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मिठवल मण्डल अध्यक्ष रमेशधर द्विवेदी व संचालन निवर्तमान हियुवा जिलाउपाध्यक्ष अजय वर्मा ने किया इस दौरान श्रीरामजानकी मंदिर महंत संतराम पाण्डेय, संजय प्रताप सिंह, मनीष शुक्ला,आशीष शुक्ला, दीपचंद जयसवाल, श्रीनाथ तिवारी, परमात्मा चौधरी, जवाहिर चौधरी, ऊषा देवी, परमिला, गणेश मिश्रा, व्यासमुनि मिश्रा, शशिकांत मिश्रा,श्रवण चौधरी, सुनील अग्रहरी, रामलखन चौधरी, शारदा चौधरी, आकाश चौधरी, हीरालाल गौड़, सोनू सिंह, महेंद्र चौबे, संजय कन्नौजिया सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकताओं की भीड़ कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रही इसके उपरान्त एक साथ सभी भोज में शामिल होकर भोजन किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन




एजाज़ सिद्दीक़ी

**सिद्धार्थनगर।** डॉ राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटवा में बुधवार को कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रमअधिकारी डॉ0 पवन कुमार पाण्डेय ने (N.S.S) के उद्देश्यो पर प्रकाश डाला साथ ही स्वयं सेवको को साफ सफाई, जागरूकता, पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं देश सेवा-समाज सेवा के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य डॉ0 अष्टभुजा पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को संयमित रहकर अच्छी शिक्षा लेने की सीख दिये साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको को सडक सुरक्षा, साइबर अपराध, सामाजिक समानता के प्रति जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में इटवा थाना के पुलिस विभाग द्वारा साइबर अपराध की रोक थाम के लिए एवं युवाओ को डिजिटल वैरियर बनाने के लिए विषेश कार्यशाला आयोजित कर महाविद्यालय के सभी स्वयं सेवको को प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ0 संतोष कुमार पाण्डेय, डॉ0 नूरूल हसन, मो0 आजम, अम्बिकेश्वर त्रिपाठी, डॉ0 विवेक तिवारी, राकेश दूबे, रंजना उपाध्याय, आदित्यपुर कसेरा, विजेन्द्र शेखर, अमित त्रिपाठी आदि स्टाफ उपस्थित रहे।

# गणित किट के प्रयोग का एक दिवसीय फॉलोअप प्रशिक्षण सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बांसी में पूर्व माध्यमिक एवं कंपोजिट विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों का एक दिवसीय गणित की नवाचारी शिक्षण विधियों, उपचारात्मक एवं विद्यालय में गणित किट के प्रयोग हेतु फॉलोअप प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण की शुरुआत वरिष्ठ प्रवक्ता लालजी पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण के नोडल पंकज कुमार ने प्रशिक्षण के महत्ता के विषय में विस्तार से जानकारी दी। डायट प्रवक्ता अनिल कुमार बिंद ने जीवन के प्रत्येक क्षण में गणित के प्रयोग और महत्ता के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। प्रशिक्षण में फॉलोअप के दौरान उसका बाजार से शैलेन्द्र कुमार राय, बर्डपुर से महेश कुमार, डुमरियागंज से प्रेम प्रकाश, भनवापुर से सुरेश कुमार ने गणित किट के प्रयोग एवं विद्यालय में छात्रों के समक्ष उत्पन्न होने वाली परेशानियों की तरफ इंगित करते हुए, गणित किट कक्षा के अनुसार पर्याप्त मात्रा में दिए जाने का सुझाव दिया। तथा लोगों ने फॉलोअप के दौरान एक स्वर से शिक्षकों की कमी के दौरान गणित किट बच्चों के शिक्षण कार्य में व्यस्त रहने और रूचिपूर्ण ढंग से सीखने में सहायक बताया।

प्रशिक्षण का सफल संचालन संदर्भदाता ब्रिजकिशोर तिवारी व राम दयाल ने किया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष अभय श्रीवास्तव, मिर्जा महबूब बुद्धिराम, जुबैर अहमद उस्मानी, सुशील सुशील कुमार सिंह, मोहम्मद आजाद, ओम प्रकाश त्रिपाठी, पंकज यादव सुरेन्द्र कुमार, महेशधर द्विवेदी, रीतू मालिक, रेनू यादव, आरती सिंह, शारदा देवी, हबीबा अज़ीज़ नीलू सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

# इटवा सपा कार्यालय पर पीडीए पर चर्चा संगठन को मजबूत करने पर जोर



**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय इटवा पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के पी0डी0ए0 चर्चा कार्यक्रम और बूथ स्तर पर पार्टी के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम और संगठन को मजबूत और गतिशील बनाने पर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष बबलू खान व संचालन महासचिव अब्दुल लतीफ ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव बेचई यादव ने कहा कि पीडीए चर्चा कार्यक्रम को गांव गांव स्तर पर ले जाकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है सपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों को बताने और भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर करने की जरूरत है। जिला महासचिव कमरुज्जमा खान ने कहा कि पार्टी के तरफ से जो भी कार्यक्रम आया है उसमें बढ़ चढ़ कर सभी पदाधिकारी शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का काम करें। जनता की समस्याओं को सुने और जो हो सके उनकी मदद जरूर करें जिससे पार्टी को मजबूती मिल सके। अमरुल्लाह, सतीश पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष खुनियांव शक्तिनाथ पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष इटवा सुनील यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में अजय चतुर्वेदी, राधेश्याम मिश्रा, सत्येंद्र यादव, पवन यादव, जुगानी मौर्या, नूर आलम, झुल्लूर मिश्रा, रहमतुल्लाह, मनव्वर खान, नदीम अहमद, राजदेव मिश्रा, फकीर मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

## होटल पर खाद्य विभाग की टीम ने मारा छापा



**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** असिस्टेट कमिश्नर नरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में इटवा डुमरियागंज मार्ग पर सेमरा रोड स्थित होटल पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर लगाम कसने के लिए छापा मारा गया। इस दौरान टीम ने संदिग्ध सामग्री मिलने पर उसके नमूने भी भरे। सहायक आयुक्त खाद्य नरेंद्र प्रताप सिंह ने खाद्य सुरक्षा अधिकारीआरएल यादव व चंद्रभान पटेल खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ इटवा डुमरियागंज सेमरा मोड स्थित होटल पर दस्तक दी। इससे होटल संचालकों में खलबली मच गई। होटल से नमूना लिया। एक नमूने चार पार्ट इस दौरान जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला के लिए जुटाए गए। जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित कारोबारी के खिलाफ खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने किया बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा बुधवार को उप स्वास्थ्य केन्द्र कोड़रा ग्रान्ट विकास खण्ड नौगढ़ पर आयोजित बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर0 ने गर्भवती महिलाओं की सभी प्रकार की जांच के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी द्वारा लेबर रूम, बैक्सीन रजिस्टर, लेबर रूम रजिस्टर, एएनसी रजिस्टर, एचआरपी रजिस्टर का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा नवजात शिशुओं को टीका न लगने पर एएनएम श्रीमती कमलेश पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही सीएचओ रश्मि का भी स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री उमाभारती द्वारा कुपोषित बच्चों के बारे में सही जानकारी न दिये जाने के कारण सीडीपीओ नौगढ़ गौरी शंकर यादव एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया।

## अधिशासी अधिकारी ने अवर अभियंता के साथ किया निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत डुमरियागंज में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कराए जा निर्माण कार्यों का अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव ने अवर अभियंता रवि प्रताप सिंह के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा संबंधित ठेकेदार को कार्य मानक एवं गुणवत्ता पूर्वक कार्य कराने व ससमय पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। अधिशासी अधिकारी द्वारा ठेकेदार को कड़े निर्देश देते हुए कहा गया है कि यदि कार्य ससमय नहीं पूर्ण किया जाएगा तो संबंधित फर्म पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संबंधित फर्म के ठेकेदार मौके पर उपस्थित रहे, ठेकेदारों द्वारा यह कहा गया कि कार्य ससमय पूर्ण करा दिया जाएगा।

## निर्माणाधीन सेतु एवं सड़क का निरीक्षण किया

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 05.01.2025 को श्री जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, इण्डो-नेपाल बार्डर द्वारा शोहरतगढ़-बढ़नी में मध्य निर्माणाधीन सेतु एवं सड़क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, इण्डो-नेपाल बार्डर खण्ड, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता उपस्थित रहे। अधिशासी अभियन्ता द्वारा बढ़नी से महाराजगंज तक बार्डर को जोड़ने हेतु सम्पर्क मार्ग निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

# युवा सपा नेता ने किया नवनिर्मित लिटिल एंजल्स क्लीनिक (हॉस्पिटल) का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता




**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** इंडो नेपाल बॉर्डर पर स्थित खुनुवा बाजार में स्थित नवनिर्मित लिटिल एंजल्स क्लीनिक (हॉस्पिटल) का उद्घाटन युवा सपा नेता उग्रसेन सिंह ने किया। और उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आधुनिक अस्पतालों का खुलना एक महत्वपूर्ण कदम है। अस्पताल में नवजात शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सहित अच्छे विशेषज्ञों की सेवाएं मिलेंगी, जिससे ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

क्लीनिक हास्पिल के संस्थापक डॉक्टर इकरार हुसेन ने बताया कि उनका सपना खुनुवा क्षेत्रवासियों की सेवा करना है।इस क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या को हल करने के उद्देश्य से खुनुवा बाजार में लिटिल एंजिल्स क्लीनिक हास्पिल स्थापित किया गया है। अस्पताल में महिला एवं शिशु चिकित्सा के साथ-साथ सामान्य चिकित्सा व अन्य आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

समाज सेवा के लिए जाने माने डाक्टर फौजदार खान ने बताया कि क्लीनिक में समय-समय पर देश के प्रसिद्ध डॉक्टर समाज सेवा के तहत अपनी सेवाएं देंगे। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग गंभीर बीमारियों के समय न तो दर-दर भटकें और न ही उन्हें शहरों में इलाज के लिए लंबी यात्रा करनी पड़े। इस दौरान मुख्य अतिथि उग्रसेन प्रताप सिंह,डाक्टर इकरार हुसेन, अमजद अली प्रधान, परवेज,डॉक्टर फौजदार खान, जमील अहमद, मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद मुस्ताक अहमद, अकबर हुसैन, रामू यादव आदि लोग मौजूद रहें।

## जाति सूचक गाली देना पड़ा भारी, मुकदमा दर्ज

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जलालपुर कोतवाली के जैनापुर ग्राम पंचायत में पटिया की ढलाई कर रहे दलित के साथ जाति सूचक गाली गलौज देते हुए मारपीट करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने जांच के बाद एस सी एस टी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। विदित हो कि जैनापुर ग्राम पंचायत में पूर्व में बनी सरकारी नाली पर मनरेगा योजना से दलित राजमिस्त्री राजितराम पुत्र रेवई एक अन्य मजदूर के साथ पटिया की ढलाई कर रहा था। इसी दौरान पहुंचे अजय मौर्य, अमन, अनुज और पंकज ढलाई कर रहे दलित मजदूरो को जाति सूचक गाली गलौज देने लगा। जब मजदूरों ने इसका विरोध किया तो उनकी लात घुसो से पिटाई कर दिया। सूचना पर जांच और कार्यवाही के लिए 112 डायल पुलिस पहुंची जहां आरोपियों ने पुलिस से हाथापाई किया था। पीड़ित दलित तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पहुंचे और तहरीर दिया। तहरीर की स्थलीय जांच में घटना सही पाए जाने पर उच्चाधिकारियों के आदेश पर पुलिस ने उक्त चारों के विरुद्ध अनुसूचित जनजाति अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

## सांड का उपचार करवाकर भेजा गौशाला

**इटवा अवधनामा संवाददाता।** इटवा नगर पंचायत सभासद ने बीमारी की हालत में



एक सांड को वेटरनरी डाक्टर बुलाकर उपचार आरंभ करवाया। सुनील सभासद ने बताया कि लोगो द्वारा बीमार पशुओं की सूचना मिलने पर वे डा उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी जवाहर लाल के साथ मौके पर पहुंचे वेटरनरी डा उप मुख्य चिकित्साधिकारी जवाहर लाल से उपचार कराकर नगर पंचायत की गाड़ी से नगर पंचायत पेड़री में बने गौशाला भेजवाया। इस मौके पर सभासद सहजराम यादव व फार्मासिस्ट अजय कुमार आशीष कुमार सहित नगर पंचायत कर्मी सहयोग में लगे रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबध में बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबध में जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत सोलर रूफटाप लगवाएं। इस योजना का प्रचार-प्रसार करने हेतु सभी विद्युत सब स्टेशनों पर बैनर/वाल पेन्टिंग कराने का निर्देश दिया। नगर पालिका/नगर पंचायतों के वाहनों पर पीएम सूर्य घर योजना के प्रचार-प्रसार का पेन्टिंग कराये। पम्पलेट, होर्डिग्स, वाल पेन्टिंग कराने का भी निर्देश दिया गया। इस योजना के अन्तर्गत अनुदान भी दिया जा रहा है। जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर0 ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पीएम सूर्यघर योजना के अन्तर्गत लगवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करे। गांव के समृद्ध लोगो को प्रेरित कर सोलर लगवाये। सभी लोगो से अपील करे कि अधिक से अधिक सोलर लाइट का प्रयोग करे।

पीमसूर्य घर योजना में अप्लाई करे। इस कार्य में सभी सचिव अपने पंचायत सहायक को इस कार्य में लगाकर लोगो को प्रेरित कर अधिक से अधिक सोलर लगवाने हेतु प्रोत्साहित करे तथा अवेदन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दे। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, अधीक्षण अभियन्ता अजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता विद्युत ज्ञान प्रकाश, परियोजना अधिकारी नेडा राजेश कुमार व अन्य संबधित अधिकारी, वेन्डर आदि उपस्थित रहे।

## चांदनी चौक हल्लौर में आयोजित हुआ जश्ने आमदे फातहे कर्बला, जुटे शायर

# इमाम हुसैन अस की दर से मांगने वाले इंसान का दिल साफ पाक होना ज़रूरी है : मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम इस दुनिया मे कदम रखते ही अपनी अता के दरवाजे खोल दिए और अपने करम का मुज़ाहरा शुरू कर दिया।

फितरूस नामक मलक और फरिश्ते को जो परवर दिगार के अताब में मुब्तेला था जब वो मुबारक बाद देने के लिए इमाम हुसैन की विलादत के सिलसिले से रसूले अकरम की खिदमत में आया तो रसूले अकरम ने कहा कि आज हुसैन का दिन है हुसैन से हुसैन के वसीले से तलब करो और जब उसने इमाम हुसैन अस के दरवाजे से मस किया तो परवर दिगार ने उसके बालो पर दुबारा अता किया जो उससे छीन लिए गए थे और इमाम हुसैन अपने पैरों पर चलने के काबिल न हुए थे उन्होंने एक फरिश्ते को उड़ने के काबिल बना दिया। महफ़िल का संचालन अफसर हल्लौरी ने किया। देर रात तक हुई महफिल में श्रोताओं के जमावड़ा रहा। उक्त उदगार तहसील क्षेत्र के हल्लौर स्थित चांदनी चौक पर हसन अब्बास बाबू किराना एण्ड ब्रदर्स द्वारा आयोजित कदीमी महफ़िल जश्ने आमदे फातहे कर्बला में इमाम जुमा व जमात हल्लौर शाहकार हुसैन ज़ैदी ने अपनी तकरीर के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन अस का सिलसिला आज भी जारी व सारी है आज भी पूरी दुनिया पूरे हिंदुस्तान में चाहे वो हिन्दू हो चाहे वो मुसलमान हो चाहे वो सिख हो चाहे वो ईसाई हो वो इमाम हुसैन अस की ताजिया उनके ताबूत और उनके नाम से मंसूब कर्बला और उनके रौज़े पर आकर अपनी मन्नते मांगता है और अपनी मुरादे पाता है और इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के वसीले से परवर दिगार उन्हें अता करता है। जिसकी जो मुराद होती है पूरी होती है हुसैन अस कल भी अता कर रहे थे हुसैन अस आज भी अता कर रहे है और इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की दर से मांगने के लिए इंसान के दिल का साफ होना पाक होना ज़रूरी है और इंसान का इंसान होना ज़रूरी है। जो भी इंसानियत के मेयार पर खरा उतरकर पाक नियत से इमाम हुसैन अस से माँगता है इमाम हुसैन बगैर उसके धर्म जाति को देखे हुए उसे अता करते है। महफ़िल की शुरुआत कारी शकील अहमद व नातेपाक शादाब संजू ने पेश किया। इसके बाद शायर बेताब, आले रज़ा, शमशाद, रैना, असर, काज़िम मेहदी, अज़ीम सज्जादी, रियाज़ जमाल, अर्श, मंज़र, जाबाज़, आलम, मोजिज़, खुलूस, खुर्शीद जफर, नौशाद, अली मेहदी मोजिज़, हैदरे कर्रार, हसन जमाल, कौसर, जलाल, अज़ीम नाज़िम, हसन सादिक, शबीह, फलक, काविश आदि शायरों ने अपने अपने कलाम पढ़कर खूब दाद बटोरी। महफ़िल के दौरान हसन अहमद बाबू, हसन अब्बास बबलू,इरफान, तशबीब हसन, कसीम रिज़्वी, पप्पू पल्सर, दरयाफ्त हुसैन, असगर, गुलाम, अज़ीम बबलू, नाज़िम करबलाई, मुन्नू, रज्जन, संजू, सीमाब, लल्ला, शमशाद अली, जानशीन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली में घुसपैठिए वोटर

क्या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव में 20 लाख से अधिक घुसपैठिए मतदान करेंगे? क्या देश की राजधानी में इतने रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं? यदि हैं, तो राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने का दोषी और जवाबदेह कौन है? क्या लाखों अवैध शरणार्थियों को, सिर्फ चुनाव के मद्देनजर, राजनीतिक संरक्षण दिया जाना संभव है? क्या भारत सरकार और सीमाओं पर तैनात सुरक्षा बलों ने आंखें मूंद रखी हैं? ऐसे कई सवाल बेहद संवेदनशील हैं। दिल्ली को घुसपैठियों की धर्मशाला नहीं बनाया जा सकता। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने 114 पन्नों की जो शोध-रपट जारी की है, बेशक उसे पूर्ण सत्य न माना जाए, लेकिन घुसपैठियों का मुद्दा तो पुराना है। इस रपट को नकारा भी नहीं जा सकता, क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। चुनाव आयोग ने सभी दृष्टिकोण से सुनिश्चित करने और क्रॉस चेकिंग के बाद जो अंतिम मतदाता-सूची तैयार की है, क्या उसमें करीब 20 लाख घुसपैठियों के नाम भी दर्ज हैं। इस अवैध मतदान से न केवल हमारी चुनाव-प्रणाली प्रभावित होगी, बल्कि दिल्ली की जनसंख्या के समीकरण भी बदल रहे हैं। यहां की 84 फीसदी हिंदू आबादी घट कर 81.7 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 5.7 फीसदी थी, जो बढ़कर करीब 13 फीसदी हो गई है। यह खतरनाक बदलाव है। सवाल यह है कि घुसपैठिए मतदाता बने, उन्हें सभी सरकारी संसाधन और सुविधाएं भी हासिल हैं, उनके पास मतदाता पहचान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड आदि सरकारी, वैध दस्तावेज भी हैं, तो उनकी छंटनी कर कैसे साबित किया जा सकता है कि वे अवैध घुसपैठिए हैं? वे बांग्लादेश, म्यांमार सरीखे पड़ोसी देशों से भारत में घुसे हैं?

रपट में खुलासा किया गया है कि राजधानी दिल्ली में 20 लाख से अधिक घुसपैठिए मौजूद हैं और वे किन इलाकों में रहते हैं। पुलिस ने अधिकतर चेहरे चिह्नित भी कर रखे हैं। उन्हें उनके देश वापस भेजने का फैसला भी हो चुका है, लेकिन डिपोर्ट करने के 70 फीसदी मामले आज भी लंबित पड़े हैं, क्योंकि घुसपैठियों के मूल देश उन्हें अपने नागरिक मानने को तैयार नहीं हैं। यही नहीं, पुलिस को भी इनके इलाकों में जाने से रोका गया है। क्या घुसपैठिए इतना बड़ा खतरा हैं अथवा राजनीतिक संरक्षण के तहत ऐसा किया गया है? करीब 45 फीसदी घुसपैठिए झुग्गियों में रहते हैं। वहां उन्हें मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा सरीखी सरकारी सुविधाएं हासिल हैं। जिन इलाकों में घुसपैठिए रहते हैं, वहां आसपास के स्कूलों में 20-30 फीसदी बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। ये घुसपैठिए असंगठित क्षेत्रों में काम या मजदूरी करते हैं और कम वेतन या दिहाड़ी पर भी काम करने को तैयार रहते हैं, लिहाजा कारोबारी उन्हें काम पर रखने को प्राथमिकता देते हैं और श्रम के कोई भी दस्तावेज नहीं देने पड़ते हैं। भाजपा ने इसे भी मुद्दा बनाया है कि जो काम पूर्वांचल या अन्य क्षेत्रों के लोगों को मिलने चाहिए थे, वे कम पैसे के कारण घुसपैठियों को मिल रहे हैं। यह भी बेरोजगारी का बड़ा कारण है। रपट में बताया गया है कि फर्जी दस्तावेज बनाने का भी एक गिरोह सक्रिय है, जो स्थानीय नेताओं के इशारे पर इन घुसपैठियों के फर्जी दस्तावेज तैयार करता है। बदले में ये अवैध अप्रवासी उन नेताओं को चुनाव में वोट देते हैं। किसी भी स्तर पर घुसपैठ स्वीकार्य न हो।

## मोहन के जापान दौरे से मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास को मिलेगी नई दिशा


हर्षवर्धन पाण्डे

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जापान यात्रा ने न केवल जापान की औद्योगिक प्रगति और विकास को करीब से समझने का अवसर प्रदान किया बल्कि वहाँ के लोगों की जीवनशैली, संस्कृति, तकनीकी विकास को भी करीब से देखा। जापान सरकार और प्रवासी भारतीयों द्वारा डॉ. यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जापान में उनकी यात्रा का उद्देश्य एमपी और जापान के सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना रहा। जब वह टोक्यो पहुंचे तो उनका वहाँ स्थानीय प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जापान दौरे के पहले दिन टोक्यो में विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों और कार्यक्रमों में शामिल हुए। टोक्यो में जापान के निवेशकों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों के साथ मध्यप्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के बढ़ावा देने वाले क्षेत्रों और संभावनाओं के विषयों पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ÷फ्रेंड्स ऑफ एमपी-जापान÷ टीम के साथ भेंट करने के साथ ही टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ औद्योगिक और निवेश सहयोग के विषय पर बैठक की जिसके बाद टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में सेलिब्रेटिंग इंडिया-जापान रिलेशनशिप : फोकस मध्यप्रदेश रोड-शो में भी सहभागिता की। जापान के तकनीकी विकास से डॉ. मोहन यादव को काफी प्रभावित किया। उन्होंने देखा कि कैसे जापान अपने अत्याधुनिक तकनीकी अविष्कारों और इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से दुनिया भर में एक महत्वपूर्ण स्थान बना चुका है। वहाँ की रेल प्रणाली ने उन्हें खासा प्रभावित किया। उन्होंने बुलेट ट्रेन की सवारी की और महसूस किया कि कैसे यह तकनीकी दृष्टि से दुनिया के सबसे तेज और सुरक्षित परिवहन साधनों में से एक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के साथ टोक्यो के मिनाटो-कू में विस्तृत चर्चा की जिसमें जापानी कंपनियों के मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर संभावनाओं और सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ। जेट्रो ने मध्यप्रदेश सरकार के साथ बड़े निवेश पर चर्चा की। डॉ. मोहन यादव ने जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी को मध्यप्रदेश में हाइड्रो प्रोजेक्ट में निवेश करने के लिये आमंत्रित किया।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा उपकरणों का उत्पादन करने वाली कंपनी एएनडीडी मेडिकल के निदेशक डाइकी अराई ने मध्य प्रदेश में निर्माण इकाई स्थापित करने की मंशा जाहिर की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टोक्यो में एएनडी मेडिकल कम्पनी के निदेशक डाइकी अराई से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में चिकित्सा उपकरण निर्माण के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश के लिये आमंत्रित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार औद्योगिक इकाइयों को रियायती दरों पर भूमि उपलब्ध करा रही है। उन्होंने इस पार्क को भारत के तेजी से विकसित हो रहे हेल्थ केयर और मेडिकल डिवाइस सेक्टर का एक महत्वपूर्ण केन्द्र बताया। उज्जैन में बन रहे मेडिकल डिवाइस और मुख्य रूप से मेडिकल सेक्टर के लिए भी जापान के उद्योगपतियों से निवेश की बात कही है। सीएम डॉ. यादव के प्रयासों से मध्य प्रदेश में मेडिकल और फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग का नया हब बनने जा रहा है जिसके लिए जापान से निवेशकों के बड़े प्रस्ताव भी मिले हैं। उन्होंने सिस्मेक्स की अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस निर्माण तकनीक का अवलोकन किया और मध्यप्रदेश में सिस्मेक्स को आमंत्रित किया।

एएंडडी मेडिकल ने मध्यप्रदेश में अपनी निर्माण इकाई स्थापित करने में विशेष रूचि दिखाते हुए इसे वर्ष के अंत तक इसे शुरू करने की बात कही है। जापान की एएंडडी मेडिकल कम्पनी वैश्विक स्तर पर चिकित्सा उपकरण और स्वास्थ्य निगरानी उत्पादों का उत्पादन करती है। डॉ. मोहन यादव ने कोबे और ओसाका में स्थित हेल्थ केयर और डॉयग्नोस्टिक कम्पनी साइसमेक्स प्रमुख औद्योगिक कम्पनियों के उद्योगपतियों के साथ बैठक की और हेल्थ केयर, ऊर्जा और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्रों में निवेश एवं साझेदारी पर भी चर्चा की। उन्होंने जापानी कार निर्माता कंपनी 'टोयोटा मोटर कॉरपोरेश' के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात कर उनसे मध्य प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।पैनासोनिक एनर्जी कपंनी लिमिटेड, डॉयग्नोस्टिक कंपनी साइसमेक्स सहित कई औद्योगिक कंपनियों ने बैटरी निर्माण और प्रदेश में ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में गहरी रूचि दिखाई और एमपी में भरपूर निवेश का भरोसा दिलाया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़्वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**आज का समाज शिक्षा को कामयाबी का पर्याय मान चुका है। यदि कोई बच्चा स्कूल में प्रथम आता है या उच्च डिग्री प्राप्त करता है, तो उसे ही कामयाब माना जाता है। लेकिन इस धारणा में कतई सच्चाई नहीं है। मुगल बादशाह अकबर कितने पढ़े लिखे थे? क्या आप उन्हें कामयाब नहीं मानते? उन्होंने लगभग आधी शताब्दी तक राज किया। संत कबीरदास जो एक अनपढ़ थे। आज उनको पढ़े बिना कोई पढ़ा लिखा नहीं कहलवा सकता। उनके रचित दोहे आज भी सराहे जाते हैं।**

# बच्चों पर अपने सपनों का अनावश्यक बोझ न डालें


बलदेव राज भारतीय

आज के समय में प्रत्येक माता-पिता अपने बच्चे के उज्ज्वल भविष्य को लेकर अत्यधिक चिंतित रहते हैं। वे चाहते हैं कि उनकी संतान समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त करे, आर्थिक रूप से सशक्त बने और जीवन में सफलता की ऊँचाइयों को छुए। इसी आकांक्षा में वे अपने बच्चों पर अनजाने में ही अपनी अधूरी इच्छाओं और सपनों का बोझ डाल देते हैं और उन्हें अपने बच्चों से पूरी करवाने की चेष्टा करते हैं। परिणामस्वरूप, बच्चे का कोमल मन इन अपेक्षाओं के बोझ तले दब जाता है और उनका बचपन सच्चे आनंद से वंचित हो जाता है। यह मानसिक दबाव केवल उनके बाल्यकाल तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जीवन भर उनकी सोच, निर्णय लेने की क्षमता और मानसिक शांति को प्रभावित करता है।

लेकिन क्या सफलता के लिए केवल औपचारिक शिक्षा ही एकमात्र माध्यम है? क्या डिग्री या किताबी ज्ञान के बिना कोई व्यक्ति जीवन में सफल नहीं हो सकता? यह प्रश्न विचारणीय है, क्योंकि इतिहास गवाह है कि सच्ची सफलता केवल प्रमाणपत्रों से नहीं, बल्कि लगन, मेहनत और आत्मविश्वास से प्राप्त होती है। जैसे ही कोई बच्चा जन्म लेता है, माता-पिता उसके भविष्य को लेकर योजनाएँ बनानी शुरू कर देते हैं। वे सोचने लगते हैं कि उसे किस स्कूल में दाखिला दिलाना है, कौन-से विषय पढ़ाने हैं, किन अतिरिक्त कौशलों में पारंगत करना है, और उसे डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक या किसी अन्य प्रतिष्ठित पद तक पहुँचाने के लिए क्या-क्या कदम उठाने होंगे। इस प्रक्रिया में वे भूल जाते हैं कि उनके बच्चे की स्वयं की रुचियाँ, क्षमताएँ और सपने भी हो सकते हैं।

बच्चे को अभी ढंग से बोलना भी नहीं आता, लेकिन माता-पिता उसे अंग्रेजी के शब्द सिखाने में जुट जाते हैं। वे इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि बच्चा आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुसार ढले, परंतु उसके नैतिक मूल्यों और संस्कारों को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण में पारिवारिक मूल्यों, सामाजिक संवेदनशीलता और नैतिकता की शिक्षा कहीं पीछे छूट जाती है। यह प्रवृत्ति समाज में इतनी गहराई तक समाई हुई है कि माता-पिता अपने अधूरे सपनों को अपने बच्चों के माध्यम से पूरा करना चाहते हैं। जो वे स्वयं नहीं कर पाए, वही सपना वे अपने बच्चों के लिए देखते हैं, भले ही वह सपना बच्चे की रुचि और क्षमताओं से मेल खाए या न खाए। बच्चे को बचपन में ही कई आदर्शों का बोझ सौंप दिया जाता है—उसे सचिन तेंदुलकर जैसा क्रिकेटर बनना है, अमिताभ बच्चन जैसा अभिनेता, मुकेश अंबानी जैसा बिजनेसमैन, या फिर डॉक्टर और इंजीनियर। परंतु प्रश्न यह उठता है कि क्या यह उचित है? क्या हम भूल जाते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति की रुचि और प्रतिभा भिन्न होती है? किसी को कला में रुचि हो



सकती है, किसी को संगीत में, किसी को खेल-कूद में, तो किसी को विज्ञान और तकनीक में। जब हम सभी बच्चों को एक ही मानक पर परखने लगते हैं, तो यह उनके व्यक्तित्व के स्वाभाविक विकास में बाधा डालता है।

आज का समाज शिक्षा को कामयाबी का पर्याय मान चुका है। यदि कोई बच्चा स्कूल में प्रथम आता है या उच्च डिग्री प्राप्त करता है, तो उसे ही कामयाब माना जाता है। लेकिन इस धारणा में कतई सच्चाई नहीं है। मुगल बादशाह अकबर कितने पढ़े लिखे थे? क्या आप उन्हें कामयाब नहीं मानते? उन्होंने लगभग आधी शताब्दी तक राज किया। संत कबीरदास जो एक अनपढ़ थे। आज उनको पढ़े बिना कोई पढ़ा लिखा नहीं कहलवा सकता। उनके रचित दोहे आज भी सराहे जाते हैं। सचिन तेंदुलकर की औपचारिक शिक्षा अधिक नहीं थी, लेकिन उनकी क्रिकेट प्रतिभा ने उन्हें दुनिया के महानतम क्रिकेटरों में स्थान दिलाया। क्या आप उन्हें कामयाब नहीं मानेंगे? धीरूभाई अंबानी, जिन्होंने कभी किसी बड़े कॉलेज से शिक्षा नहीं ली, फिर भी अपनी मेहनत और दूरदर्शिता से रिलायंस जैसी विशाल कंपनी खड़ी की। ये उदाहरण स्पष्ट करते हैं कि सफलता केवल डिग्रियों पर निर्भर नहीं होती। यदि किसी व्यक्ति में आत्मविश्वास, जुनून, मेहनत और धैर्य है, तो वह किसी भी क्षेत्र में सफल हो सकता है। परन्तु इसके लिए आवश्यक है कि उस क्षेत्र में उस व्यक्ति की रुचि होनी चाहिए। वह पूर्ण तन्मयता और लगन के साथ अपना कार्य करे।

आजकल की शिक्षा प्रणाली और समाज में सफलता को केवल अंकों और मार्कशीट से जोड़कर देखा जाता है। यह मानसिकता बच्चों में अनावश्यक प्रतिस्पर्धा और तनाव को जन्म देती है। माता-पिता और शिक्षक उन्हें केवल किताबों तक सीमित रखते हैं और जीवन में व्यावहारिक ज्ञान या कौशल पर अधिक ध्यान नहीं दिया जाता। यही कारण है कि पिछले दिनों कोटा जैसे स्थानों पर कोचिंग लेने वाले बच्चों की आत्महत्याओं के समाचार पढ़ने और सुनने को मिले। बहुत से माता-पिता यह सोचते हैं कि यदि उनके बच्चे 90 फीसदी से कम अंक लाते हैं, तो वे असफल हो जाएंगे। लेकिन यह सत्य नहीं है। दुनिया में कई ऐसे उदाहरण हैं, जहां कम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों ने जीवन में अपार सफलता प्राप्त की है। बिल गेट्स, स्टीव जॉब्स और मार्क जुकरबर्ग जैसे महान उद्यमी कॉलेज की पढ़ाई अधूरी छोड़ने के बावजूद अपने क्षेत्रों में अपार सफल हुए।

आज के समाज को यह समझने की आवश्यकता है कि सफलता केवल किताबी ज्ञान पर आधारित नहीं होनी चाहिए। एक बच्चा यदि खेल, कला, संगीत, नृत्य, लेखन, या किसी अन्य रचनात्मक क्षेत्र में अच्छा कर रहा है, तो उसे भी वहीं सम्मान और अवसर मिलने चाहिए जो किसी डॉक्टर या इंजीनियर को मिलते हैं।

हर बच्चा किसी न किसी क्षेत्र में विशेष होता है। माता-पिता और शिक्षकों को यह समझना चाहिए कि सभी बच्चे डॉक्टर या इंजीनियर नहीं बन सकते। यदि किसी बच्चे की रुचि खेल, कला, संगीत, या व्यवसाय में है, तो उसे उसी दिशा में प्रोत्साहित करना चाहिए। केवल किताबी ज्ञान देना ही पर्याप्त नहीं है। बच्चों को जीवन के वास्तविक अनुभवों से भी सीखने का अवसर मिलना चाहिए। उन्हें स्वतंत्र रूप से सोचने, निर्णय लेने और समस्याओं का समाधान निकालने की शिक्षा दी जानी चाहिए। बच्चों में सहयोग और टीम वर्क की भावना विकसित करनी चाहिए, न कि केवल प्रतिस्पर्धा की भावना। इससे वे एक-दूसरे की मदद करना सीखेंगे और स्वस्थ मानसिकता विकसित होगी। शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसे रुचिकर और व्यावहारिक बनाया जाना चाहिए ताकि बच्चे वास्तविक जीवन में भी इसे उपयोग में ला सकें। समाज को यह समझने की आवश्यकता है कि हर व्यक्ति का सफलता का मार्ग अलग होता है। किसी के लिए वह शिक्षा के माध्यम से हो सकता है, तो किसी के लिए वह अनुभव, कला, खेल, या व्यापार के माध्यम से। हमें अपने बच्चों को स्वतंत्र रूप से सोचने और अपनी रुचि के अनुसार जीवन में आगे बढ़ने की आज़ादी देनी चाहिए।

# नीतीश के अपने ही डूबोएंगे नाव या अशांत बिहार को कर देंगे शांत!


शशि शेखर

शोले फिल्म के जेलर का मशहूर डायलाग है. आधे इधर जाओ, आधे उधर, बाकी मेरे पीछे आओ. अंत में, पीछे कोई नहीं बचता। यही हाल इस वक्त बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) का है। नीतीश कुमार के समक्ष इस वक्त सबसे बड़ी दुविधा यही है कि 2025 तक अपनी पार्टी को कैसे बचाए? कैसे मंडलवादी राजनीति की विरासत को आगे तक संभाल कर रख जाए। क्योंकि मंडलवादी राजनीतिक विरासतों की कमी बिहार में है नहीं। इधर लालू जी के सुपुत्र तेजस्वी है, उधर रामविलास जी के सुपुत्र चिराग, जो येन-केन-प्रकारेण मंडलवादी राजनीति की बैलगाड़ी खींच ही रहे हैं। तो, फिर जद(यू) के नेता, नीतीश जी के टायर्ड और रिटायर्ड होने के बाद किधर जाएंगे? क्या वे भी शोले के जेलर के सिपाहियों की तरह आधे इधर, आधे उधर हो जाएंगे? या फिर नीतीश जी ठाकुर की भूमिका में आ कर कोई जय-वीरू खोज लाएंगे?

**मंडल का कमंडल होना :** जद(यू) में इस वक्त ऐसे-ऐसे झा जी, सिंह जी, चौधरी जी मौजूद हैं, जो कब इधर से उधर हो जाए, कहा नहीं जा सकता। नीतीश कुमार एक परिपक्व राजनेता होते हुए भी मंडलवादी मूल्यों में यकीन करने वाले नेताओं की जगह वैसे नेताओं को आगे करते रहे हैं, जो दिल से भाजपाई, कर्म से कांग्रेसी हैं। जो दिल्ली में बैठ कर भाजपा के लिए बैटिंग तक कर सकते हैं। और अंत समय में पूरा का पूरा कुनबा ले कर कहीं भी उठा कर ले जा सकते हैं। इस वक्त जनता दल (यूनाइटेड) में द्वितीय पंक्ति के नेताओं का घोर अभाव है। ऐसा एक भी भरोसेमंद, नेता नहीं दिखता, जिसे नीतीश कुमार अपनी विरासत सौंप सकें। असल में ऐसा जद(यू) के वरिष्ठ नेताओं ने जानबूझ कर किया भी। किसी युवा को आगे बढ़ने नहीं दिया, पनपने नहीं दिया। प्रशांत किशोर जद(यू) के महासचिव तक बनाए गए, लेकिन कोइ उन्हें झेलने को तैयार नहीं हुआ। नीतीश जी स्वयं को बहुत ही चतुर मानते हो, लेकिन वे खुद से भी अधिक चतुर नेताओं के चक्रव्यूह में इस वक्त फंस चुके है। और ये सारे के सारे चतुर नेता जहाज डूबने के समय सबसे पहले भाग निकालेंगे। कमंडल शायद इनके लिए सबसे सुरक्षित स्थान भी होगा। ऐसे में नीतीश कुमार के पास क्या उपाय बच जाएगा?

**नीम पर करेला :** नीतीश जी की समस्या यही ख़त्म नहीं होती। कमंडलवादी नेताओं से घिरे होने के साथ ही वे ब्यूरोक्रेसी की गिरफ्त में भी है। जो गलती ओडिशा में नवीन बाबू ने की थी, खुद को आईएएस के हवाले कर दिया था और नतीजा सबने देखा। ठीक वैसे ही नीतीश कुमार की सरकार भी इस वक्त नौकरशाह ही चला रहे है। यह बात ब्यूरोक्रेसी को जानने-समझाने वाला हर आदमी जानता है कि आज बिहार नौकरशाहों के भरोसे ही चल रहा है। उसमें भी कुछ चुनिन्दा नौकरशाह पटना में नीतीश कुमार के इर्द-गिर्द रहते हैं, वे जो कहते हैं, वहीं नीतीश कुमार करते है। नीतीश जी का 2-4 नेताओं के अलावा अपने विधायकों तक से सीधा राबता नहीं हो पाता है। वो तो भला हो महिला सशक्तिकरण के नाम पर नीतीश कुमार के किए हुए कामों का, जिसके भरोसे आज तक इस पार्टी की उपस्थिति दिख जाती है, अन्यथा नीतीश कुमार की पार्टी संगठनात्मक स्तर पर आज बिहार की सबसे कमजोर पार्टी है। बहुत हद तक कांग्रेस की तरह।

**नीतीश जी की समस्या यही ख़त्म नहीं होती। कमंडलवादी नेताओं से घिरे होने के साथ ही वे ब्यूरोक्रेसी की गिरफ्त में भी है। जो गलती ओडिशा में नवीन बाबू ने की थी, खुद को आईएएस के हवाले कर दिया था और नतीजा सबने देखा। ठीक वैसे ही नीतीश कुमार की सरकार भी इस वक्त नौकरशाह ही चला रहे है। यह बात ब्यूरोक्रेसी को जानने-समझाने वाला हर आदमी जानता है कि आज बिहार नौकरशाहों के भरोसे ही चल रहा है। उसमें भी कुछ चुनिन्दा नौकरशाह पटना में नीतीश के इर्द-गिर्द रहते हैं, वे जो कहते हैं, वहीं नीतीश करते है।**



**निशांत करेंगे शांत :** जनता दल (यूनाइटेड) को बचाने और आगे बढाने का एक मात्र रास्ता नीतीश कुमार के पास, निशांत के रूप में है। कोई इसे परिवारवाद कहे या जो भी, सच्चाई यही है कि भारत की राजनीति में परिवार का बोलबाला है और परिवार पार्टी को एकजुट रखने में केन्द्रीय ताकत की भूमिका निभाता है। भाजपा या कम्युनिस्ट पार्टियां इसके अपवाद जरूर है और इसके विशेष कारण भी है। भाजपा संघ परिवार से गाइड होती है और कम्युनिस्ट पार्टियां पोलित ब्यूरो से। एनी पार्टियां व्यक्ति केन्द्रित रही है। ख़ास कर जितने भी क्षेत्रीय दल है, वे सब के सब, उत्तर से दक्षिण तक, परिवार केन्द्रित पार्टियां ही है। तल्ख़ हैं, मगर सच्चाई है। बिहार में तेजस्वी यादव, चिराग पासवान, सम्राट चौधरी जैसे युवा नेता इस वक्त अपने परिवार, अपने पिता की वजह से ही है। ऐसे में अगर नीतीश कुमार, निशांत कुमार को आगे ले कर आते हैं, उन्हें पार्टी की कमान सौंपते हैं, तो बहुत हद तक एक केन्द्रीय ताकत के रूप में निशांत कुमार पार्टी को शायद एकजुट रख पाएं। नीतीश कुमार ने आज तक जो काम किए है, उसकी विरासत भी सीधे निशांत को मिल जाएगी, लोग उनसे नीतीश कुमार के पुत्र होने के नाते कनेक्ट भी हो सकेंगे और उनकी छवि एक सीधे-साधे व्यक्ति की है, जिसका उन्हें और उनकी पार्टी को फायदा हो सकता है। सबसे बड़ी बात, अभी वे युवा है, पढ़े-लिखे हैं। पिता और वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में वे तेजस्वी यादव और चिराग पासवान से अधिक स्वीकार्य चेहरा बनने की काबिलियत रखते हैं। नीतीश कुमार की पार्टी में अगर लोग आधे इधर, आधे उधर भी होते हैं, तबी भी वैसी स्थिति में युवा निशांत एक पुरानी पार्टी को बिहार के युवाओं से जोड सकते है। आखिरकार, पिता के कर्म, सुकर्म का फल/लाभ पुत्र को तो मिलता ही है। और नीतीश कुमार पर चाहे जो आरोप लगे, उन्होंने बिहार को 90 के बिहार से निकाल कर 21वीं सदी के बिहार तक लाने की ईमानदार कोशिश तो जरूर की है। महिलाओं के उत्थान के लिए उन्होंने अद्भुत काम जरूर किए है। हालांकि, वे जो कर सकते थे, जो उनकी क्षमता थी, वे उतना नहीं कर पाए, क्योंकि अंततः, वे भी ऐसे नेताओं से घिर कर रह गए, जो तन पर मंडलवादी चादर लपेटे हुए भीतर से कमंडलवादी बनियान पहने हुए हैं।

# महाकुंभ : लाख कोशिशों के बावजूद सर चढ़कर बोली गंगा यमुनी तहज़ीब


निर्मल रानी

2025 का बहुप्रतीक्षित महाकुंभ समापन की ओर है। 26 फ़रवरी अर्थात महाशिवरात्रि को अंतिम शाही स्नान के साथ ही कुंभ मेले का समापन हो जायेगा। इस बार का महाकुंभ कई बातों को लेकर पूर्व में आयोजित हो चुके कुंभ,अर्द्धकुंभ अथवा महाकुंभों से अलग था। इस बार के विशाल आयोजन को हाई टेक बनाने की जैसी कोशिश इस बार हुई वह पहले कभी देखी नहीं गयी। संगम तट के किनारे अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिये टैंट के वी आई पी नगर बसाये गए। इनमें महाराज टेंट सिटी में एक कमरे का एक दिन का किराया औसतन 30000 था जबकि डोम सिटी में किराया 1 लख रुपए के आसपास था। क़रीब 3000 स्पेशल ट्रेन और बड़े शहरों से विमान उड़ानों की सुविधा रखी गयी। इतने बड़े आयोजन में छोटे बड़े हादसों की संभावना भी बनी रहती है। महाकुंभ 2025 भी इससे अछूता नहीं रहा। सुरक्षा के तमाम प्रयासों के बावजूद कुंभ मेले में अग्निकांड व भगदड़ जैसी संभावित घटनाओं को आख़िरकार नहीं टाला जा सका।

परन्तु बड़े ही दुःख का विषय है कि इस बार का महाकुंभ जहाँ सत्ता के गुणगान व पी आर पर केंद्रित रहा वहीं इस बार इसमें भाग ले रहे अनेक प्रमुख लोगों ने इस पवित्र आयोजन को साम्प्रदायिकता फैलाने व समाज में ज़हर बोने का माध्यम बनाने की भी कोशिश की। ख़ासतौर पर इस आयोजन के एक वर्ष पूर्व से ही कुछ नये नवेले विवादित कथावाचकों द्वारा कुछ स्वयंभू संतों के साथ यह राग छेड़ा गया कि कुंभ आयोजन में मुसलमानों का व्यवसाय करना प्रतिबंधित हो। कई लोगों ने तो मुसलमानों के मेला क्षेत्र में प्रवेश वर्जित करने तक की बात की। परन्तु सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, मोतीलाल, जवाहरलाल नेहरू, अकबर इलाहाबादी, हरिवंश राय बच्चन, सुभद्रा कुमारी चौहान, सुमित्रानंदन पंत, हरिप्रसाद चौरसिया, फ़िराक़ गोरखपुरी व महादेवी वर्मा जैसी अनेक महान हस्तियों की जन्म व कर्मस्थली रही इस संगम नगरी को शायद यह हरगिज़ गवारा नहीं था कि दुनिया को प्रेम सद्भाव व साम्प्रदायिक एकता का पाठ पढ़ाने वाले तथा देश की गंगा यमुनी तहज़ीब का केंद्र समझे जाने वाले इस पवित्र प्रयागराज नगरी से साम्प्रदायिक दुर्भावना नफ़रत या वैमनस्य का कोई सन्देश जाये।

**महाकुंभ के दौरान सत्ता संरक्षित इन साम्प्रदायिकता वादियों ने देश की एकता व सद्भाव को छिन्न भिन्न करने के लिये क्या कुछ नहीं किया? देश के अनेकानेक अतिवादी नेताओं व प्रवचन कर्ताओं ने अपने भाषणों में जमकर धर्म विशेष के विरुद्ध विषवमन किया। हद तो यह है कि इस मेले में धारदार व नुकीले हथियार तक मुफ़्त बांटे गये। मीडिया व सोशल मीडिया पर तथा सत्ता के आई टी सेल द्वारा ऐसे नफ़रती क्लिप्स को जमकर प्रसारित किया गया।**

महाकुंभ के दौरान सत्ता संरक्षित इन साम्प्रदायिकता वादियों ने देश की एकता व सद्भाव को छिन्न भिन्न करने के लिये क्या कुछ नहीं किया? देश के अनेकानेक अतिवादी नेताओं व प्रवचन कर्ताओं ने अपने भाषणों में जमकर धर्म विशेष के विरुद्ध विषवमन किया। हद तो यह है कि इस मेले में धारदार व नुकीले हथियार



तक मुफ़्त बांटे गये। मीडिया व सोशल मीडिया पर तथा सत्ता के आई टी सेल द्वारा ऐसे नफ़रती क्लिप्स को जमकर प्रसारित किया गया। प्रयाग का मुसलमान भी बाहर से आने वाले नफ़रती चिंटुओं के नफ़रती भाषणों को सुनता व सहन करता रहा। परन्तु जब इसी महाकुंभ में 28 जनवरी की देर रात्रि लगभग डेढ़ बजे भगदड़ मची और उसके कुछ देर बाद कथित तौर पर संगम तट पर ही दूसरी जगह भगदड़ मची उसके पश्चात् इलाहाबाद शहर ने जो भयावह दृश्य देखे वह कुंभ के इतिहास में पहले कभी नहीं देखे गये। देश से आये करोड़ों श्रद्धालु जब अनजान शहर की गलियों में व सड़कों पर असहाय अवस्था में भयंकर सर्द रात में भगदड़ की दहशत से परेशान होकर अपनी जान बचाने के लिये पनाह मांगते फिर रहे थे।जब वे भूख प्यास से तड़प रहे थे ,अपनी इज़्ज़त आबरू जान माल बचाने की कोशिश में इधर उधर भटक रहे थे। उस समय यही विश्वविख्यात महाकुंभ साम्प्रदायिक एकता व सद्भाव का अपना अलग इतिहास लिख रहा था।

उस संकटकालीन दौर में सरकार की कोशिश थी कि मृतकों की संख्या को कम से कम कर बताया जाये। भगदड़ के शुरूआती घंटों की सरकारी क़वायद इसी प्रबंधन में व्यस्त रही। जबकि सरकारी तोते रुपी प्रवचनकर्ता यह कहते सुने गये कि भगदड़ में गंगा किनारे मरने वालों को मोक्ष प्राप्त हो गया। परन्तु उसी समय इलाहाबाद के मुसलमानों ने धरातल पर उतारकर वह कर दिखाया जिससे नफ़रत के सौदागरों की सारी कोशिशों पर पानी फिर गया। इलाहाबाद के भगदड़ प्रभावित क्षेत्र की सभी मस्जिदें, जामा मस्जिदें, इमामबाड़े, दरगाहें व मदरसे तथा यादगार ए हुसैनी जैसे कई मुस्लिम शैक्षणिक संस्थानों के दरवाज़े पूरी तरह खोल दिए गये। हज़ारों स्थानीय मुसलमानों ने परदेसी श्रद्धालुओं को अपने अपने घरों में पनाह दी। उन्हें नाश्ता, भोजन, गर्म कपड़ा, कंबल, दवाई आदि सब कुछ उपलब्ध कराया। सैकड़ों जगहों पर मुसलमानों द्वारा सार्वजनिक लंगर लगाये गए। और लगभग एक सप्ताह तक देश भर के परेशान हाल श्रद्धालुओं की कुंभ नगरी के स्थानीय मुसलमानों द्वारा दिल खोलकर मेहमाननवाज़ी की गयी। इसी तरह गत दिसंबर में जब श्रीनगर-सोनमर्ग राजमार्ग में भारी बर्फ़बारी के कारण हज़ारों पर्यटक कश्मीर घाटी में फँस गए थे उस समय भी कश्मीर के मुसलमानों ने मस्जिदों व मदरसों के दरवाज़े खोल दिए थे । उन्हें अपने घरों में पनाह देकर खाना गर्म पानी आदि सब कुछ मुहैय्या कराया था। देश में ऐसे और भी हज़ारों उदाहरण हैं जो हमारी सांझी तहज़ीब व संस्कृति का सुबूत पेश करते हैं।

इस बार के महाकुंभ का जितना राजनैतिक दुरूपयोग करने की कोशिश की गयी और सनातन रक्षा के नाम पर धर्म विशेष को डराने धमकाने व इसी की आड़ में सत्ता में बने रहने के लिये अपने वोट बैंक को मज़बूत करने का जो दुष्प्रयास किया गया उसे किसी धार्मिक आयोजन के नज़रिये से कैसे देखा जा सकता है ? परन्तु स्थानीय मुसलमानों ने सेवा सहयोग भाईचारा व सद्भाव की जो मिसाल पेश की है दरअसल वही साधु संतों फ़क़ीरों व औलियाओं का धर्म है। वही धर्म नानक ख़ुसरो चिश्ती फ़रीद बुल्लेशाह व निज़ाम जैसे फ़क़ीरों का धर्म है और वही रसखान,जायसी रहीम व कबीर का भी । वीर शिवाजी से लेकर अकबर तक के अनेक मानवतावादी शासकों की धर्मनिरपेक्ष शासन व्यवस्था ही असली भारतीय धर्म है। न कि धर्म व सम्प्रदाय के आधार पर नफ़रत बहिष्कार भय व नफ़रत का प्रसार। महाकुंभ के इतिहास में प्रयागराज का महाकुंभ 2025 हमेशा इसलिये भी याद रखा जायेगा कि नफ़रत फैलाने की लाख कोशिशों के बावजूद प्रयागराज में गंगा यमुनी तहज़ीब सर चढ़कर बोलती दिखाई दी।

# डीपीआरओ किरण चौधरी का विवादों से रहा पुराना नाता

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा में 70 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में विजिलेंस टीम द्वारा मंगलवार को गिरफ्तार डीपीआरओ किरन चौधरी पर पहले भी आरोप लगते रहे हैं। हर बार अपनी ऊंची पहुंच के बल मामला रफा-दफा होता रहा। वर्ष 2022 में ग्राम पंचायतों में लाइटें लगवाने के मामले में भी जांच बैठी थी। इसके अतिरिक्त दर्जनों बार ग्राम प्रधान उनकी शिकायत कर चुके हैं। सुल्तानपुर की रहने वाली डीपीआरओ किरन चौधरी को जुलाई 2021 से मथुरा में तैनाती मिली।

जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर रही किरण चौधरी तेज तर्रार अधिकारी थी, होना भी चाहिए अधिकारी अगर तेज तर्रार होगा उसकी कार्यशैली उतनी ही आक्रामक और प्रभावशाली होगी, किरण चौधरी की

■ बकरे की अम्मा कब तक खैर मनाएगी, ऊंची पहुंच से बचती रही हर बार

शासन में मजबूत पकड़ और होशियार भी थी, पूर्व में मथुरा के एक इंटर कालेज में किरण वर्मा के नाम से सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत रह चुकी थी जिसके कारण मथुरा की भौगोलिक व राजनैतिक स्थिति से भली भांति परिचित थी इसी दूरदर्शिता के चलते उन्होंने मथुरा में डीपीआरओ पद पर तैनाती से पूर्व मथुरा में जाटों का प्रभाव देख अपना सरनेम वर्मा से बदलकर चौधरी कर दिया, मथुरा के जाट नेता उनको अपनी सजातीय महिला अधिकारी होने के कारण जाट नेताओं का समर्थन मिलता रहता था। मजे की बात यह है कि किरण चौधरी को वर्तमान प्रदेश और केंद्र की सरकार में मजबूत राजनैतिक पकड़ वाली अधिकारी बताया जाता रहा है, मथुरा के तमाम दिग्गज नेताओं द्वारा डीपीआरओ किरण चौधरी के खिलाफ कार्यवाही कराने की कोशिश की यहां तक मथुरा से हटवाने के लिए एडी चोटी का जोर तक लगा दिया पर प्रत्येक स्तर पर असफलता ही हाथ लगी। इस पद पर रहते किरण चौधरी के द्वारा जनपद की बड़ी ग्राम पंचायतों पर अपने चहेते सचिवों को नियुक्त किया।

ऐसी कद्दावर अधिकारी को गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस टीम ने उनके थाना हाईवे स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के आवास पर 40 मिनट तक पूछताछ की। इसके साथ ही दूसरी टीम राजीव भवन में डीपीआरओ के कार्यालय और उनके कक्ष में कागजात को खंगालती रही थी। डीपीआरओ की गिरफ्तारी की सूचना राजीव भवन में आग की तरह फैल गई। हालांकि कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं था। वहीं दबी जुबान डीपीआरओ और उनके चालक के रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार होने की चर्चा दबी जुबान में कर्मचारी करते रहे।

मंगलवार की सुबह जैसे ही विजिलेंस की टीम डीपीआरओ ऑफिस पहुंची। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में अधिकारी और कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते पूरा कार्यालय कर्मचारी और अधिकारी विहीन हो गया। टीम के सदस्यों ने कार्यालय और डीपीआरओ कक्ष में कई घंटे तक कागजातों को खंगाला। कार्रवाई के दौरान उनके साथ शिकायतकर्ता झुडावई के ग्राम प्रधान प्रताप सिंह राना भी साथ थे। कार्यालय में बड़े बाबू समेत कुछ कर्मचारी ही मौजूद रहे। उन्होंने विजिलेंस को कागजात सौंपे।

डीपीआरओ और उनके चालक को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार होने की सूचना के बाद जब मीडिया ने जिले के अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्होंने चुप्पी साध ली।

## जतीपुरा की टीम ने महाकाली क्रिकेट क्लब को 4 विकेट से हराया

**गोवर्धन (मथुरा)।** कस्बे जहाज घर स्टेडियम में पांचवें विशाल मां भगवती क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को महाकाली क्रिकेट क्लब कोसी और जतीपुरा क्रिकेट क्लब जतीपुरा के मध्य मैच खेला गया। जिसमें जतीपुरा क्रिकेट क्लब ने महाकाली क्रिकेट क्लब कोसी को 6 विकेट से हराकर मैच जीत लिया । पहले बल्लेबाजी करते हुए महाकाली क्रिकेट क्लब कोसी ने 10 विकेट खोकर 93 रन का लक्ष्य दिया जिसे जतीपुरा क्रिकेट क्लब ने चार विकेट खोकर 2 ओवर शेष रहते मैच जीत लिया। जतीपुरा की तरफ से विमल ने सर्वाधिक तीन छक्के लगाए और दो विकेट भी झटककर मैन ऑफ द मैच रहे। मां भगवती टूर्नामेंट कमेटी की ओर से सभी खिलाड़ियों को दुपट्टा वा शील्ड प्रदान कर स्वागत किया। विजेता जतीपुरा की टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस टूर्नामेंट में कुल 24 टीम में हिस्सा ले रही हैं जिनमें कोसी, जतीपुरा मथुरा, अलीगढ़, पलवल ,गोवर्धन बड़ी हवेली, एडिंग, सौंख ,राधा कुंड ,शेरगढ़ ,साखी का नगला, बरसाना आदि जगहों की टीमों के मैच खेले जाएंगे ।

# अधिकारियों के आदेश लेखपाल के ठेंगे पर!

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** गोवर्धन तहसील के लेखपाल अधिकारियों पर भारी पड़ रहे हैं। नियमानुसार काम करने में भी उनकी रुचि नहीं है। कयी पटवारी इतने काबिल हैं कि अनेक शिकायतों के बाद भी तहसील के निर्माण के समय से ही वह तहसील में जमे हैं। उनका तबादला करने की जहमत कोई अफसर नहीं उठा पाए। हाल यह है कि मौजा जमुनावता के बंटवारे के एक मुकदमे में जुलाई में कोर्ट ने कुर्रे दाखिल करने के आदेश दिए लेकिन कमी माह गुजरने के बाद भी कुर्रे दाखिल नहीं किए। इसके बाद एसडीएम न्यायिक ने शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले लेखपाल के खिलाफ एसडीएम गोवर्धन को नवंबर 2024 में पत्र लिखकर अवगत कराया लेकिन लेखपाल इसके बाद भी हरकत में नहीं आए।

वाद संख्या 1664/2023 भगवान दास बनाम लक्ष्मण सिंह भाईयों में आपसी बंटवारे का वाद एसडीएम न्यायिक गोवर्धन के यहां संचालित है। इसमें एसडीएम न्यायिक ने 26 जुलाई 2024 को हल्का लेखपाल को कुर्रेजात दाखिल करनू के आदेश किए। लेखपाल को कुर्रे दाखिल करने को 9-8-24 को कोर्ट में तलब किया लेकिन लेखपाल नहीं आए। इसके बाद 23-11-2024 को एसडीएम न्यायिक न्यायालय गोवर्धन ने वाद को अनावश्यक रूप से लंबित रखने को जिम्मेदार लेखपाल के खिलाफ शासकीय कार्यों में गंभीर लापरवाही, शिथिलता व अरुचि को लेकर एसडीएम गोवर्धन को पत्र लिखा लेकिन लेखपाल ने फिर भी कुर्रे दाखिल नहीं किए।

■ 7 महीने में न्यायालय के आदेश का गोवर्धन तहसील के लेखपाल ने नहीं किया पालन

## राष्ट्रीय सेवा योजनाः छात्रों ने पुलिस प्रणाली व प्रशासनिक व्यवस्थाओं को परखा

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं किशोरी रमन गर्ल्स कॉलेज मथुरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा स्टूडेंट पुलिस एक्स्पीरियंशल लर्निंग कार्यक्रम जनपद मथुरा के नोडल अधिकारी सीओ सिटी भूषण वर्मा तथा मुख्य प्रशिक्षक भरतपुर गेट पुलिस चौकी इंचार्ज प्रदीप मिश्रा के निर्देशन में चल रहा है। प्रशिक्षण के भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक , डॉ नवीन अग्रवाल, डॉ रितु सुरेश एवं डॉ ज्योतेष चौहान तथा कोतवाली सब इंस्पेक्टर अनुज तोमर ने छात्र-छात्राओं को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कराया जिनमें रिजर्व पुलिस लाइन, प्रशासनिक व्यवस्थाओं की बारीकियों को समझाया।

## डा. अम्बेडकर नेशनल मेरिट अवार्ड से सीएमएस छात्र सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के मेधावी छात्र आदर्श वर्धन को 'डा. अम्बेडकर नेशनल मेरिट अवार्ड' से सम्मानित किया गया है, जो कि सी.एम.एस. परिवार के लिए गौरव की बात है। आदर्श को यह अवार्ड भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अन्तर्गत डा. अम्बेडकर फाउण्डेशन द्वारा प्रदान किया गया है, जिसके अन्तर्गत सी.एम.एस. छात्र को उच्चशिक्षा हेतु 50,000 रूपये की नगद धनराशि प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्र को उज्जवल भविष्य की बधाई देते हुए विद्यालय शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि आई.एस.सी. बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के मेधावी छात्रों को डा. अम्बेडकर नेशनल मैरिट अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के इस मेधावी छात्र ने आई.एस.सी. (कक्षा-12) बोर्ड परीक्षा-2022 में 98.25 प्रतिशत अंको के साथ शानदार सफलता के आधार पर यह उपलब्धि अपने नाम की है। डा. अम्बेडकर नेशनल मैरिट अवार्ड से सम्मानित आदर्श वर्धन ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के साथ ही अलावा सी.एम.एस. के आध्यात्मिकता व शान्ति से ओतप्रोत शैक्षिक वातावरण को दिया है।

## आगामी पर्व और त्योहारों को लेकर नगर आयुक्त ने की बैठक

**मथुरा।** आगामी माह में आने वाले पर्व महाशिवरात्रि, रंगभरनी एकादशी एवं विश्व विख्यात होली पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं/परिक्रमार्थियों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े इसके दृष्टिगत रखते हुये नगर निगम के समस्त अधिकारियों के साथ नगर आयुक्त शंशाक चौधरी द्वारा बैठक की गई। बैठक के दौरान नगर निगम स्तर से की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं सफाई व्यवस्था, पेयजलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालय 24 घण्टे खुले रहने, शौचालयों पर कर्मचारियों की तैनाती, पेचवर्क, सीवर ओवर फ्लो न हो आदि हेतु बेहतर प्रबन्ध किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने समस्त जोनल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुये अपने पर्यवेक्षण में कार्य कराया जाने के निर्देश दिये। रंगभरनी एकादशी के पर्व पर परिक्रमा मार्ग एवं मन्दिरों के आस-पास कोई भी आवारा गोवंश न मिले इस हेतु निरन्तर अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये।

# अगले साल मार्च तक बनकर तैयार होगा राष्ट्र प्रेरणा स्थल

**लखनऊ।** बसंत कुंज योजना में बनाए जा रहे राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का निर्माण कार्य मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल में हो रहे निर्माण कार्यों का मंगलवार को आवास सचिव डॉ बलकार सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया।

इस मौके पर डॉ बलकार सिंह ने एलडीए अधिकारियों को जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही हिदायत दी कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता में अगर कोई कमी मिलती है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा।

स्थलीय निरीक्षण के बाद मीडिया से बात करते हुए आवास सचिव डॉ बलकार सिंह ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश हैं कि शासन द्वारा



■ 65 एकड़ में हो रहा निर्माण, म्यूजियम, हेलीपैड और वॉक वे का भी होगा निर्माण

जो भी कार्य कराए जा रहे हैं। उनका स्थलीय निरीक्षण किया जाए। जिससे परियोजना के बारे में जमीनी स्तर पर जानकारी शासन के अधिकारियों को भी रहे।

राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल में म्यूजियम, हेलीपैड और वॉक वे का भी निर्माण किया जाएगा। इसके लिए शासन ने बजट भी जारी कर दिया है। आवास सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल में 3 किलोमीटर लंबा वॉक वे बनेगा।

स्थलीय निरीक्षण के दौरान आवास सचिव को कुछ जगहों पर अतिक्रमण दिखा। जिस पर आवास सचिव ने एलडीए को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द अतिक्रमण को हटाया जाए, नहीं तो दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस उत्पीड़न को लेकर पीड़ित के पक्ष में उतरी हिन्दू महासभा त्रिदंडी



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी ने आज यहां प्रशासनिक अधिकारी के इशारे पर कुर्सी रोड स्थित पैकरामऊ में अवैध रूप से भूमि का कब्जा करानें में मुस्लिम समुदाय के लोगों को गुडम्बा पुलिस द्वारा सहयोग करनें का आरोप लगाया है। पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने आज यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चेतावनी दी है कि यदि पीड़ित की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गयी तों हिन्दू महासभा इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री आवास कूच करेंगी। पीड़ित की ओर से मामले को सामने रखते हुए श्री त्रिवेदी ने बताया कि कुर्सी रोड स्थित पैकरामऊ ग्राम स्थित भूमि पर बाउंड्री वॉल को तोड़ने व भवन निर्माण सामग्री चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने और निर्माण में स्थानीय पुलिस के उत्पीड़न रोकने को लेकर पीड़ित ने डीसीपी उत्तरी पुलिस, लखनऊ से शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित दुलीचंद ने शिकायती पत्र में बताया कि बीते 30 जनवरी को अपनी जमीन खसरा संख्या 487 पर बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य करा रहा था कि थाना गुडंबा पुलिस फोर्स के साथ आई और निर्माण कार्य को रोक दिया और पूछने पर बताया कि राजस्व परिषद से जुड़े एक उच्च अधिकारी ने तत्काल कार्य रोकने के लिए कहा है।

# राम ही राम रतन लगी...

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से मां दुर्गा सेवा संस्थान लखनऊ द्वारा अवध इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में 3 फरवरी से 5 फरवरी तक भजन एवं पारंपरिक लोकगीत का आयोजन किया गया था आज महोत्सव के आखिरी दिन 5 फरवरी को मुख्य अतिथि ऑल इंडिया रेडियो के टॉप ग्रेड के कलाकार भातखंडे संगीत महाविद्यालय के प्रोफेसर वरिष्ठ पंडित धर्मनाथ मिश्र ने महोत्सव के आखिरी दिन का आरंभ पूजन में मां दुर्गा सेवा संस्थान लखनऊ की अध्यक्ष गीता मिश्रा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सचिव मगन मिश्र, कोषाध्यक्ष श्याम मिश्र ने सरस्वती माता को संयुक्त रूप से दीप जलाकर और पुष्प अर्पण कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रोफेसर पंडित धर्मनाथ मिश्र को पुष्पमाला शील्ड आदि देकर आदर सत्कार किया, भजन एवं पारंपरिक लोकगीत महोत्सव में कार्यक्रम का आगाज आकाशवाणी के वरिष्ठ लोक



■ भजन एवं पारंपरिक लोकगीत महोत्सव के अंतिम दिन कलाकारो ने अपनी प्रस्तुति से भारतीय संस्कृति का अहसास कराया

गायक चंद्रेश पांडे ने भजन से किया इसी के साथ उन्होंने पारंपरिक लोकगीत, गंगा गीत, लोक भजन, कहरवा लाचारी झूला बधाई गीत प्रस्तुत किया। कलाकारों के उत्साह वर्धन के लिए दर्शकों ने तालिया की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। दूसरी प्रस्तुति दर्शकों के विशेष आग्रह पर प्रोफेसर धर्मनाथ मिश्र ने सुगम संगीत पर आधारित मधुर मधुर भजन सुन कर समा बांध दिया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में रश्मि उपाध्याय ने चकिया गीत चौमासा कजरी सोहर बन्ना बन्नी गाकर भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कृष्ण मिश्रा ने विभिन्न पारंपरिक लोकगीत, राम ही राम रतन लगी....गंगा गीत, लगा गंगा जी का मेला छोड़ घरवा के झमेला... चलो चली के करेजवा शिव भोला न जागे जगाए हारी आज... विभिन्न पारंपरिक लोकगीत दीप जलाओ मंगल गाओ सीताराम आएंगे फुहरी ना जागी जागी पसरी गए घमवा.. पारंपरिक लोक गीत गाकर के गांवका चित्रण किया।

## जश्न ए अदब में एसजी स्कूल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन का कैलिग्राफी स्टाल

**लखनऊ।** इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान गेमती नग्र में जश्न ए अदब लखनऊ समारोह के तत्वाधान में विभिन्न प्रकार के रोचक और मनोरंजक कार्यक्रम के आयोजन के साथ साथ पुस्तक, हैंडक्राफ व कैलिग्राफी स्टाल आर्कष्ण का केन्द्र बना। एस्ट्रल एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के अधीन चलने वाले एस0जी0 स्कूल ऑफटेक्निकल एजुकेशन के स्टाल पर खास चहल पहल रही , लोगें ने छात्रो की हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी, अरबी कैलिग्राफी के नमूने खरीदे बलिक नेम कैलिग्राफी भी करवाया। कैलिग्राफी पेंटिग लुबना, नौशीबा, अजमतुल्लाह, मुमताज, मदीहा शेख, निकहत फातिमा,समरीन, अदीबा, अरीबा, नीतू आदि द्वारा बनाई गई थी। फ्री में कैलीग्राफी की का कोर्स करने के लिए एसजी स्कूल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन गेमती नग्र के कार्यालय में संर्पक कर सकते हैं।

# प्रदेश पहला राज्य जो ग्रामीण क्षेत्रों देता है कम बिजली

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** केंद्र सरकार का कानून कहता है कि सभी राज्यों में कृषि क्षेत्र को छोडकर ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली मिलनी चाहिए लेकिन नागालैंड को अलग कर दिया जाए तो उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है जहां ग्रामीण क्षेत्र को सबसे खराब बिजली मिल रही है उपभोक्ता परिषद ने कहा निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करके सबसे पहले उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व उत्तर प्रदेश सरकार को दूसरे राज्यों की तरह ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को ज्यादा से ज्यादा बिजली उपलब्ध कराना चाहिए पावर कॉरपोरेशन इस बात के लिए माफी मांगे कि देश में कंयूमर राइट रूल 2020 लागू होने के बाद आज तक ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं के साथ न्याय नहीं किया गया और उल्टे निजीकरण करके उनकी बिजली दरों में भी बढोतरी करने की साजिश की जा रही है। 3 फरवरी 2025 को राज्यसभा के पटल पर ग्रामीण क्षेत्र में बिजली के जो आंकडे पेश किए गए वह चौंकाने वाले हैं ।

■ विद्युत उपभोक्ताओं को ज्यादा से ज्यादा बिजली उपलब्ध कराना चाहिए

पूरे भारत देश में उत्तर प्रदेश ही एक ऐसा राज्य जहां आज भी रोस्टर सिस्टम लागू है जबकि केंद्र सरकार का कानून बनने के बाद कंस्यूमर राइट रूल की धारा 10 के तहत सभी जगह रोस्टर समाप्त कर दिया गया जो उत्तर प्रदेश अपना रोस्टर नहीं समाप्त कर पाया दुर्भाग्य की बात है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा देश के सभी राज्यों की सच्चाई क्या है इसका खुलासा कानून बनाने वाली संस्था राज्यसभा के अंदर 3 फरवरी 2025 को सभी को 24 घंटे बिजली के एक सवाल पर हो गया नागालैंड को छोड दिया जाए।

तो उत्तर प्रदेश देश का पहला बडा राज्य है जो अपने ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को सबसे कम विद्युत आपूर्ति की है । पटल पर खबर आते ही पूरे देश में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। जहां दूसरे राज्यों में वहां के ग्रामीण औसत आपूर्ति 21से 23 घंटे के बीच है वही उत्तर प्रदेश की औसतदैनिक विद्युत आपूर्ति बहुत कम यानी 18 घंटे के बीच है राज्यसभा के पटल पर जो आंकडे रखे गए हैं वह वह आंकडे मार्च 2024 तक के आकलित किए गए।

देश के प्रमुख राज्यों के मार्च 2024 तक के वर्ष 2023 -24 के राज्यवार औसत दैनिक विद्युत आपूर्ति के घंटों का विवरण जो स्वता सच्चाई बयां कर देगा । उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा देश की यह रिपोर्ट काफी चौंकाने वाली है।

ऐसे में उत्तर प्रदेश में पावर कारपोरेशन और बिजली कंपनियों को युद्ध स्तर पर अपने सिस्टम को सही करने और बिजली की उपलब्धता बढाने की दिशा में काम करना होगा सख्त निर्णय लेना होगा तभी सही मामले में उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र को भी 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो पाएगी। और जिसकी अपेक्षा पूरे उत्तर प्रदेश के करोडों ग्रामीण विद्युत उपभोक्ता कर रहे हैं।

| राज्य | ग्रामीण आपूर्ति | शहरी आपूर्ति |
|---|---|---|
| नागालैंड | 18 घंटे | 20 घंटे |
| उत्तर प्रदेश | 18.1 घंटे | 23.4 घंटे |
| बिहार | 22.2 घंटे | 23.6 घंटे |
| उत्तराखंड | 21.4 घंटे | 23.7 घंटे |
| मध्य प्रदेश | 22.6 घंटे | 23.8 घंटे |
| राजस्थान | 21.7 घंटे | 23.9 घंटे |
| गुजरात | 23.7 घंटे | 23.9 घंटे |

## मथुरा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह 17 फरवरी को पात्र आवेदन करें

**मथुरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद मथुरा में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत चल वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अग्रिम वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम दिनांक 17.02.2025 को किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें समस्त वर्गो के निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या/विधवा/तलाकसुधा महिलाओं के विवाह हेतु उक्त योजना के माध्यम से विवाह सम्पन्न कराने के पश्चात वधु के खाते में धनराशि रू 35000 तथा रू 10000 का घरेलू सामान दिया जाता है, एवं रू 6000 भोजन एवं टैंट पर व्यय किये जाने का प्रावधान है। योजना हेतु पात्रता की शर्ते हैं कि अभिभाव क उ0प्र0 का मूल निवासी हो, वार्षिक आय रू 2.00 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए, वधु की उम्र 18 वर्ष एवं वर की उम्र 21 वर्ष होनी चाहिए।

# मोदी की कुम्भ में डुबकी हो या कथित 'हिन्दू राष्ट्र संविधान' की घोषणा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** महाकुंभ में सैकड़ों श्रद्धालुओं को मौत के मुंह में धकेलने के लिये जिम्मेदार मोदी- योगी की डबल इंजन सरकार और संघ परिवार अब भी कुम्भ को हिन्दू राष्ट्र के एजेंडे पर चलाने पर अडिग हैं। उन्होने अपने खीमे के साधु- संतों को आगे कर उन्होने कुम्भ को आस्था के केन्द्र से विचलित कर अपनी विभाजनकारी कट्टरपंथी और सत्ता हड़पने की राजनीति का अखाडा बना दिया है।

एक प्रेस बयान में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डा गिरीश ने कहा कि ताजा मिसालें ये हैं कि जब दिल्ली विधानसभा का चुनाव एवं मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव चल रहे हैं, आदर्श आचार संहिता की धज्जियां बिखेरते हुये प्रधानमंत्री श्री मोदी कुम्भ में डुबकी लगाने पहुँच गये। जब चुनाव प्रचार बंद होचुका होता है और कहीं मतदान हो रहा होता है तब मोदी जी कभी केदारनाथ गुफा में तपस्या का उपक्रम करते हैं तो कभी कोई अन्य धार्मिक प्रहसन करके मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। निर्वाचन आयोग भी इन गतिविधियों पर आंखें बंद किए रहता है।

■ मौजूदा संविधान की रक्षा के लिये एकजुट ताकतों को मोर्चा लेना होगा : भाकपा

ये बात अलग है कि आज उन्होने गर्दन तक वाटर प्रूफ शूट पहन कर डुबकी लगाई और सिर और चेहरे को गंगाजल से ऊपर रखा। श्रद्धा और आस्था का ढोंग उजागर हो गया। यही नहीं महाकुंभ को मौजूदा संविधान को ध्वस्त कर कथित हिन्दू राष्ट्र के संविधान को प्रचारित करने का मंच बना दिया गया है। एक नामी हिन्दी पत्र में प्रकाशित खबर के अनुसार महाकुंभ परिसर में आयोजित 'हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन' नामधारी आयोजन में इस कथित संविधान को विधिवत घोषित कर दिया गया और 2030 तक इसे लागू करने का लक्ष्य रखा गया। इसमें मौजूदा संविधान, धर्मनिरपेक्षता और लोकतान्त्रिक व्यवस्था को खुली चुनौती दी गयी है।

कथित संविधान की संकीर्णता इसीसे जाहिर होती है कि इसके प्रायोजकों ने जो घोषणाएँ की हैं वे बेहद खतरनाक हैं। कहा गया है कि जब पाकिस्तान मुस्लिम राष्ट्र बना है तो भारत हिन्दू राष्ट्र क्यों नहीं? .... आज से सभी लोग भारत को हिन्दू राष्ट्र बोलें और लिखें.... वोट देने का अधिकार सिर्फ हिंदुओं को दिया जायेगा.... गुरुकुल शिक्षा पद्धति लागू की जायेगी.... आदि। साथ ही निर्णय लिया गया है कि हिन्दू राष्ट्र के प्रचार के लिये संपूर्ण भारत में विजय यात्रा निकाली जायेगी। इतिहास गवाह है कि पहले भी संघ/ जनसंघ और भाजपा ने साधु संतों को आगे कर गो रक्षा आंदोलन और मंदिर आंदोलन शुरू कराये।

## जनवरी में टिकट चेकिंग आय में आगरा मंडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मथुरा।** मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के दिशा निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमित आनन्द के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग आगरा मंडल द्वारा बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम हेतु माह जनवरी 2025 में विशेष टिकट जाँच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा,बिना बुक लगेज एवं गंदगी फ़ैलाने व धुम्रपान करने वाले,अनाधिकृत वैंडरो एवं स्टेशन से गुजरने वाली गाड़ियों में सघन जाँच करायी गयी। जाँच के परिणाम स्वरूप आगरा मंडल के स्टेशनों पर बिना टिकट यात्रा करने वाले 17988 केस पर 1.22/-करोड़ रूपये , अनियमित यात्रा करने वाले 17923 केस पर 87.94/-लाख रूपये एवं बिना बुक लगेज यात्रा करने वाले 9 केस पर 14460/- रूपये यात्रियों को प्रभारित किया गया7 जिसके परिणाम स्वरूप कुल 35920 केस से 2.10/-करोड़ रूपये रेल राजस्व प्राप्त किया गया।

# पार्षदपति भाजपा नेता पर महंत ने लगाया गौशाला की जमीन पर कब्जाने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भाजपा शासन काल में लगातार सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ भूमाफियाओं पर कार्यवाही करने की बड़ी बड़ी बातें करते दिखाई दे रहे है, किन्तु भाजपा के कर्णधार खुद भाजपा के मुख्यमंत्री की घोषणाओं का उपहास उड़ाते दिखाई दे रहे है।

जनपद में भाजपा के कुछ नेता पार्टी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि को धूमिल करने की कोशिश में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते दिख रहे, मथुरा वृंदावन नगर निगम की पार्षद नीलम गोयल के पति भाजपा महानगर अध्यक्ष के पद पर अपनी दावेदारी पेश करने वाले नेता हेमंत खंदौली पर मथुरा शहर के यमुना किनारे बने एक आश्रम के संत द्वारा सत्ता की हनक दिखा कर नगर निगम अधिकारियों के साथ मिल कर आश्रम द्वारा संचालित गौशाला की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। महंत राधाचरण दास द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर एक ज्ञापन देते हुए हेमंत खंदौली और नगर निगम अधिकारी राकेश कुमार त्यागी पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम अधिकारी के संरक्षण में भाजपा महानगर अध्यक्ष पद प्रत्याशी हेमंत खंदौली द्वारा उनकी संपति पर जबरन कब्जा करने का प्रयाश किया जा रहा है।

■ गौ शाला की संपति में जो सरकारी अभिलेख में खसरा नंबर 9 में दर्ज

महंत राधाचरण दास ने आरोप लगाते हुए कहा कि दिनांक 29 जनवरी 2025 को एक नोटिस जारी किया जिसे उनके आश्रम पर 30 जनवरी 2025 को गोविंद दास को तामील कराया गया, नोटिस में साफ शब्दों में दर्शाया गया कि खसरा नंबर 07 जो कि राजस्व विभाग में रेत के ढेर के रूप में दर्ज है उस पर नगर निगम की संपति का बोर्ड भी लगा है उस पर अवैध निर्माण कर बाउंड्री वॉल और हनुमान मंदिर बना रखा है उसे 3 दिवस में अपने आप हटाने का आदेश पारित किया और उसी दिन नगर निगम के अमले के साथ आकर गौ शाला की संपति में जो सरकारी अभिलेख में खसरा नंबर 9 में दर्ज है जिस पर इस नोटिस का कोई संबंध नहीं है पर जबरन घुस कर बुलडोजर के द्वारा गौ माता की लड़ामनी और पानी की टंकी और हनुमान मंदिर को क्षतिग्रस्त कर दिया, महंत द्वारा तमाम नगर निगम के अधिकारियों को समझाने और कागजात दिखाने की कोशिश की पर उन पर पार्षदपति का दबाव हावी था जिसके कारण नगर निगम अधिकारियों ने एक ना सुनी। उक्त संपति पर पूर्व में भी कुछ लोगों द्वारा जबरन कब्जा करने की कोशिश की गई जिसका मथुरा के थाना गोविंद नगर द्वारा कार्यवाही करते हुए दोनों पक्षों को 107/16 में पाबंद करते हुए धारा 145 सीआरपीसी के अंतर्गत नगर मजिस्ट्रेट मथुरा को संदर्भित किया, जिस पर नगर मजिस्ट्रेट द्वारा खुद विवादित भूमि का निरीक्षण कर महंत राधाचरण दास का वर्षों पुराना कब्जा मानते हुए समाप्त कर दिया गया।

# खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** नेहरू युवा केंद्र, हरदोई के तत्वावधान में प्रोमोशन ऑफ फिट इंडिया फिटनेस क्लब्स के अंतर्गत दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन स्पोर्ट्स स्टेडियम , हरदोई में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती जी का जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा एवं जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वॉलीबॉल में हरपालपुर की टीम विजेता एवं पिहानी की टीम उपविजेता रही। वहीं महिलाओं की कबड्डी में बेहंदर की टीम विजेता और पिहानी की टीम उपविजेता रही। मुख्य अतिथि महोदया द्वारा सभी विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो , शील्ड एवं प्रमाण पत्र भेंट कर उत्साहवर्धन किया गया। इसके साथ ही सभी वॉलीबॉल एवं कबड्डी टीमों को वॉलीबॉल और कबड्डी किट वितरण भी किया गया। रेफरी देवेश मिश्र एवं महताब अहमद को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। ब्लॉक स्तर पर खेल प्रतियोगिता आयोजित कराने के लिए अनुराग आर्य, असीम अली, मृदुल अवस्थी , सीमा देवी को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह में निःशुल्क ड्यूटी करने वाले स्वयंसेवकों में कैलाश चंद्र, अमित कुमार को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मा. जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा खिलाड़ियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए खेल में जिले और राष्ट्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया।

उन्होंने कहा कि आजकल के डिजिटल युग में आउटडोर खेलों में युवाओं के रुझान को बनाए रखने के लिए इस तरह के खेल आयोजनों में हिस्सा लेना व्यक्तित्व निर्माण का सुनहरा अवसर है। सभी खिलाड़ियों को इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। जिला युवा अधिकारी ने मुख्य अतिथि एवं क्रीड़ाधिकारी महोदया का स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर आभार प्रकट किया।

# रिसोर्स सेंटर में प्रतिभागियों को दिया गया प्रशिक्षण



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत सतत् विकास लक्ष्य, ग्राम पंचायत विकास योजना एवं पंचायत डेवलपमेंट इण्डेक्स विषय पर बुधवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर, ग्राम पचपहरा में सभी अधिकारियों और प्रतिभागियों को मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की उपस्तिथि में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में एलएसडीजी पर फिल्म प्रदर्शन, एलएसडीजी का उनमुखीकरण, ग्रामीण क्षेत्र में एलएसडीजी की प्रगति के आकलन के लिए पी. डी. आई. (पंचायत विकास सूचकांक) और संस्थागत तंत्र का उन्मुखीकरण, स्थानीय संकेतक की रूपरेखा और पीआरआईकी भूमिका, पीडीआई से लाभ, रणनीति और परिणाम, पी डीआई पोर्टल का प्रदर्शन (लाईव प्रदर्शन), पीडीआई रोडमैप, पंचायत विकास पोर्टल पर फिल्म प्रदर्शन, ग्राम पंचायत विकास योजना का उन्मुखीकरण, वित्तीय वर्ष 2024- 25 के लिए पंचायत विकास योजना की तैयारी और ईजीएस पोर्टल का प्रदर्शन आदि के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी चंद्र किशोर वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम सहित सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नगर पालिका नजूल जमीन पर टपरे डालकर अवैध कब्जा का आरोप



अवधनामा संवाददाता

- बाहर से आये मवेशी व्यापारियों पर नपा कर्मियों से मिलीभगत करने का आरोप
- भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बाबा कुरैशी ने सीएम को भेजा पत्र

**ललितपुर।** एक लम्बे अरसे से शहर के कई इलाकों में सरकारी जमीनों पर अस्थाई निर्माण कर अवैध कब्जों को बढ़ावा दिया जा रहा है। हालांकि इन अवैध कब्जों की जानकारी नगर पालिका प्रशासन को होने के बावजूद भी कार्यवाही न होना आश्चर्यजनक है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नसीमुद्दीन कुरैशी बाबा ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। ज्ञापन के जरिए बाबा कुरैशी ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका परिषद की सरकारी जमीन पर कुछ मवेशी व्यापारियों ने अस्थाई रूप से टपरा डालकर अवैध कब्जा जमा लिया है। उन्होंने सरकारी जमीन पर ऐसे अवैध कब्जे से मुक्त कराये जाने की मांग उठायी है। बाबा कुरैशी ने बताया कि जिले के बाहर से आये हुये शराणार्थियों द्वारा नगर पालिका की नजूल भूमि पर अस्थाई रूप से टपरे बनाकर अवैध कब्जा किया गया है। बताया कि शहर के मध्य स्थित मेडीकल कॉलेज की नवनिर्मित इमारत के पास अस्थाई टपरे बना लिये गये हैं, उन्होंने इस प्रकरण में नगर पालिका परिषद के कुछ बाबूओं पर भी अप्रत्यक्ष रूप से संरक्षण देने का आरोप लगाया है। अवगत कराया कि इस नजूल की जमीन पर अस्थाई टपरे निर्माण होने से शासन को राजस्व की क्षति पहुंच रही है। उन्होंने जिला प्रशासन के जरिए मुख्यमंत्री से मांग की कि उक्त अवैध कब्जों को जल्द हटाये जाने और बाहर से आने वाले मवेशी व्यापारियों की पर्याप्त जांच-पड़ताल कर कार्यवाही की जाये, ताकि नजूल की जमीन पर इस प्रकार के अवैध कब्जे न हो सकें।

# अध्यापको की कार्यशाला उन्नयन गोष्ठी का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**सम्भल (बहजोई)** विकासखंड बनिया खेड़ा के पीएम श्री संविलियन विद्यालय आटा में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में जनपद सम्भल के समस्त 23 सम्भल श्री विद्यालयों के अध्यापकों की कार्यशाला/ उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यशाला के अन्तर्गत पीएम श्री विद्यालय आटा की प्रधानाध्यापिका चयनिका वार्ष्णेय द्वारा अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें विद्यालयों में कक्षा कक्षों में बच्चे कैसे बैठते हैं कैसे पढ़ाई होती है, कैसे विद्यालय तैयार हो रहा है और कैसे सम्भल श्री विद्यालय के शिक्षक कार्य कर सकते हैं । जिलाधिकारी द्वारा सभी अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहाँ से अच्छे से सीख कर जाएं तथा शिक्षक रुचि लेकर कार्य करें। बच्चों को सर्वोपरि मानें तथा उनको केन्द्र में रखकर शिक्षण कार्य करें। सभी शिक्षक अपने विद्यालय को श्रेष्ठ बनाएं। शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। सम्भल श्री विद्यालयों के अध्यापकों का विद्यालय में भ्रमण भी कराया गया ताकि वह विद्यालय में किचन गार्डन कैसे बनता है, कक्षाएं कैसे तैयार की जाती हैं, एवं किचन, शैक्षिक गुणवत्ता तथा भौतिक परिवेश के विषय में अच्छे से जान सकें। जिलाधिकारी ने आटा विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर भी संबंधित को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, खंड विकास अधिकारी बनिया खेड़ा कमलकांत, खंड शिक्षा अधिकारी बहजोई मुंशी लाल पटेल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा अध्यापक गण उपस्थित रहे।

# युवक पर फिदा हो गई 2 महिला IAS, खास ट्रिक से जीतता था दिल, सच्चाई जान उड़ गई अफसरों की नींद

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** हरदोई पुलिस ने एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है, जो मैट्रिमोनियल साइट पर खुद को आईएएस अधिकारी बताकर महिला अधिकारियों को शादी का झांसा देकर ठग रहा था। आरोपी हरिकेश पांडेय ने अपने दिव्यांग भाई मुकेश कुमार पांडेय के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाया। खुद को हरदोई का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बताकर महिला अधिकारियों से संपर्क किया। जांच में पता चला कि आरोपी ने फर्जी नियुक्ति पत्र, पैन कार्ड और बैंक पासबुक तैयार कर रखे थे। 11 फरवरी 2024 को उसने एक पीड़िता से संपर्क कर नई नियुक्ति और वेतन न मिलने का बहाना बनाकर 1 लाख रुपये नकद और 1.23 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद उसने हरदोई से कासगंज ट्रांसफर की झूठी कहानी बना दी।आरोपी की पहचान हरिकेश पांडे के रूप में हुई है। वह प्रतापगढ़ जिले के भगवानपुर मुफरिद गांव का रहने वाला है। आरोपी खुद को आईएएस अधिकारी बताकर महिला अधिकारियों को शादी का झांसा देकर ठगी करता था। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने shaadi.com पर फर्जी प्रोफाइल बनाई। खुद को हरदोई में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तैनात बताया। उसने उन्नाव में कार्यरत एक महिला अधिकारी को शादी का झांसा दिया। सैलरी न मिलने का बहाना बनाकर उससे 1 लाख कैश और 1,23,253 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। कुछ समय बाद आरोपी ने महिला अधिकारी से कहा कि उसका ट्रांसफर हरदोई से कासगंज हो गया है। इससे महिला अधिकारी को शक हुआ। जब उसने पड़ताल की तो पता चला कि हरदोई में कोई ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इस नाम का नहीं है। इसके बाद उसने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने लखनऊ में भी एक महिला अधिकारी को इसी तरह ठगा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से फर्जी आईएएस नियुक्ति पत्र, पैन कार्ड, पासबुक और डीएम हरदोई के साथ एडिट की गई फोटो बरामद की। एसपी नीरज कुमार जादौन के अनुसार, आरोपी ने एक पड़ोसी जिले की महिला अधिकारी और लखनऊ में तैनात एक अन्य महिला अधिकारी को भी अपना शिकार बनाया। मामला तब सामने आया जब पीड़िता ने पैसे वापस मांगे और आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दे दी। पुलिस अब आरोपी के अन्य अपराधों की भी जांच कर रही है। आरोपी हरिकेश पांडेय ने बताया, 'उस समय मेरे छोटे भाई की तबीयत खराब थी। ऐसे में मैंने आईएएस बताकर महिला अधिकारी से पैसे लिए थे। वो भी उधार लिए थे। 1.52 लाख रुपये लिए थे। मैंने खुद को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बताया था। मैंने उसको बताया था कि मैं पैसे वापस करूंगा।हरदोई एसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया, 'महिला आईएएस अधिकारी ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

जांच के आधार पर हरिकेश पांडेय को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने मेट्रोमोनियल साइट पर अपनी फर्जी आईडी बना रखी थी। आरोपी खुद को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बताता था। आरोपी ने महिला अधिकारी से 2.10 लाख रुपये की ठगी की थी। जांच में सामने आया है कि लखनऊ की एक महिला अधिकारी को भी आरोपी ने ठगा था।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य विकास अधिकारी ने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में की बैठक



**हरदोई।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी की अध्यक्षता में जनपद में होने वाली आगामी राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आयोजन स्थल पर साफ सफाई की उचित व्यवस्था करायी जाये। मोबाइल टॉयलेट की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। उदघाटन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाये। इन स्थलों पर एम्बुलेंस व मेडिकल टीम की व्यवस्था करायी जाये। खिलाड़ियों के आवागमन की उचित व्यवस्था की जाये। आयोजन के लिए जन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी मंजू शर्मा व सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिनाख्त के लिए पुलिस ने जारी की मृतका की तस्वीर

**ललितपुर।** थाना जखौरा अन्तर्गत ग्राम आलापुरा स्थित ग्रेनाइट की खदान के पास अज्ञात महिला का शव विगत 16 जनवरी 2025 को बरामद किया गया था। करीब 25 वर्षीय महिला की शिनाख्त के तमाम प्रयास किये गये, लेकिन पुलिस को सफलता हांसिल नहीं हुयी है। अब एसपी मो.मुश्ताक के निर्देश, एएसपी अनिल कुमार व सीओ सदर अभय नारायण राय के पर्यवेक्षण में महिला की शिनाख्त के लिए प्रयास तेज कर दिये गये हैं। सीओ सदर ने सोशल मीडिया पर पत्र व फोटो जारी करते हुये अवगत कराया कि मृतका का हुलिया उम्र करीब 25 वर्ष, रंग सांवला, इकहरा बदन, काले बाल, नाक-कान-कद औसत है। मृतका के बांये हाथ में अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में दिनेश गुदा हुआ है। इसके अलावा मृतका ने गुलाबी रंग की साड़ी, सफेद फूलदार स्वेटर, लाल कलर की प्रिन्टिड शॉल, हाथों में चूडियां व पैरों में पायल पहने है।

# हिफ्ज़ कुरान मुकम्मल की महफिल आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** मदरसा इस्लामिया अंसारुल उलूम, कटरा में एक शानदार महफिल का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने हिफ्ज़ कुरान मुकम्मल किया। इस महफिल में मदरसे की नई बिल्डिंग में बच्चों के इस महान कार्य को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शहर के कई सम्मानित मेहमानों और उलमा हज़रात ने शिरकत की।

महफिल का आगाज हाफ़िज़ मोहम्मद रय्यान साहब की शानदार तिलावत से हुआ, जिससे माहौल रोशन हो गया। इसके बाद, मदरसे के बच्चों ने नाते रसूल पेश करके कार्यक्रम में एक विशेष धार्मिक माहौल बना दिया। बच्चों ने अपनी सुमधुर आवाज़ में नबी की तारीफें पेश की, जिससे समां गूंज उठा। इसके बाद मुफ्ती मोहम्मद मेराज साहब ने कुरान की फज़ीलत पर बेहतरीन खिताब किया। उन्होंने कहा कि हिफ्ज़ कुरान का कार्य न केवल व्यक्तिगत बल्के समाजिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि जो बच्चा कुरान का हिफ्ज़ करता है, वह न केवल अपनी तक़दीर को संवारता है, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी रौशन करता है। जिन बच्चों ने खत्में कुरान किया उनका और शहर बाराबंकी के मुअज्जिज मेहमानों का इस्तकबाल क़ारी फरीद साहब, मौलाना मुस्तकीम साहब, क़ारी शादाब साहब, हाफिज इमरान साहब, हाफिज मूसोवीर अहमद साहब ने किया, मेहमानों के लिए बेहतरीन नाश्ते व खाने का इंतजाम किया गया । इस कार्यक्रम में शहर के कई प्रमुख उलमा हज़रात मौजूद रहें, मदरसा के सदर हजरत मौलाना जाहिद अली साहब ने इस अवसर पर उपस्थित हजरात व बच्चों को ख़त्म-ए-कुरान की दुआ पढ़ाई और महफिल का समापन सलात-व-सलाम और हजरत की दुआओं के साथ हुआ। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक वातावरण को प्रगाढ़ किया, बल्कि बच्चों और उनके परिवारों के लिए एक नई उम्मीद और आस्था की किरण भी प्रदान की।

# दैनिक खुराक, सुंदर विचार और आत्म शक्ति का जवाब है आत्मा सशक्तिकरण

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमार ईश्वरीय विश्व-विद्यालय वरदानी भवन के तत्वाधान में एमएसडी डिग्री कॉलेज जाखलौन में जिला सेवा केन्द्र इंचार्ज राजयोगिनी बी.के.चित्ररेखा दीदीजी के सानिध्य में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। दीदी जी ने सभी को विद्यालय का परिचय देते हुए कहा कि स्वयं परमपिता परमात्मा द्वारा स्थापित एक वैश्विक आध्यात्मिक संगठन है, जिसका सफलतापूर्वक प्रबंधन और संचालन मातृशक्ति द्वारा, परमात्मा के निर्देशानुसार बहुत ही सुचारू रूप से किया जा रहा है। इस संस्था का लक्ष्य है, शांतिमय विश्व की पुनर्स्थापना जिसका आधार है स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन। परमात्मा द्वारा शिक्षित राजयोग मेडिटेशन एक ऐसा अभ्यास है जिसके माध्यम से हम परमात्मा से जुड़ना सीखते हैं। राजयोग के नियमित अभ्यास से हम परमात्मा से सर्व संबंधों की अनुभूति एवं सर्व शक्तियों की स्वयं में धारणा कर सकते हैं। यह एक बेहद सरल परंतु शक्तिशाली अभ्यास है, जो कहीं भी, किसी भी समय और खुली आँखों के साथ किया जा सकता है। राजयोगिनी बीके मायारानी दीदीजी ने कहा कि इतिहास कहता है कल सुख था, और विज्ञान कहता है कि कल सुख होगा, लेकिन अध्यात्म कहता है आज सुख है और हर पल सुख है। पवित्रता, प्रेम, ज्ञान, सुख, शांति, शक्ति, आनंद ये आत्मा के निज गुण है। जिन्हें मनुष्य आत्माएं भूल गई है। उनकी स्मृति से आत्मा में पुन~ जागृति आ जाती है। राजयोग के नियमित अभ्यास वह अपने जीवन को सुखद एवं भरपूर बना सकती है। अतएव निस्वार्थ प्रेम ही सुंदर संबंधों की चाभी है।

# तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के तहत बच्चों ने निकाली रैली

- रैली दौरान अभिभावकों और ग्रामीणों को किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता




**महोबा।** विकास खण्ड जैतपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय चमरूआ में तम्बाकू मुक्त हो शिक्षण संस्थान अभियान के तहत विद्यालय में शिक्षकों और बच्चों कों तम्बाकू से मुक्त रखने के गुड़ सिखाए गए। साथ ही तम्बाकू से होने वाले नुक्शान के बावत भी जानकारी दी गई। स्कूली बच्चों ने तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के तहत गांव में रैली निकालकर ग्रामीणें को तम्बाकू न खाने के प्रेरित किया।

स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने ड्रेस पहनकर गांव में रैली निकाली। रैली दौरान स्कूली बच्चों दौरान तम्बाकू से होने वाले नुक्सान के बावत नारे लगाते हुए चल रहे थे रैली में स्कूली बच्चों में विषेस उत्साह दिखाई दिया। बच्चें हाथ में बैनर लिए हुए आगे आगे चल रहे थे। गांव के प्रमुख चैराहो ओर गली कूचे से होते हुए रैली पुनः विद्यालय परिसर में पहुंचकर शिविर में बदल गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकरी डॉ आशाराम के निर्देश पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अंभुज गुप्ता के नेतृत्व में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र जैतपुर डॉ आशीष तिवारी की देख रेख में पूर्व माध्यमिक विद्यालय चमरूआ में 68 और आंगनवाड़ी केन्द्र में 55 बच्चों स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। इसके बाद स्वास्थ्य टीम ने तम्बाकू मुक्त अभियान के तहत तम्बाकू व्यसन से होने वाले दुष्ट प्रभावों के बावत जानकारी दी। इस मौके पर डॉ पीएन शर्मा डॉ, अमित गंगेले, एफएचडब्लू संगीता, प्रधानाचार्य मयंक कुमार उपस्थित रहे।

## ललितपुर सेवा ग्रुप ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर।** जनहित में यात्रियों की सुविधाओं और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को ललितपुर सेवा ग्रुप ने अध्यक्ष अंकुर जैन शानू बाबा के नेतृत्व में मण्डल रेल प्रबंधक झांसी को एक पत्र सौंपा है। पत्र में बताया कि सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड में प्रमुख रूप से ललितपुर, टीकमगढ़, छतरपुर जिले के हिन्दु यात्रियों को प्रसिद्ध तीर्थस्थल गयाजी (बिहार), दक्षिणेश्वर काली मंदिर कलकत्ता (पश्चिम बंगाल) एवं जैन यात्रियों को जैन तीर्थराज सम्मेद शिखरजी जाने के लिये पारसनाथ स्टेशन (झारखंड) और कलकत्ता जाने के लिये सभी व्यापारियों को आने जाने के लिये सीधी रेल सेवा का संचालन नहीं है। जिससे ललितपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, जिलों के लोगों को यात्रा करने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए उन्होंने एक सीधी रेल सेवा चलाये जाने की मांग उठायी, जो कि उज्जैन, भोपाल, सांची, विदिशा, गयाजी, पारसनाथ, हावड़ा स्टेशन कलकत्ता की ओर रेल सुविधा उपलब्ध हो जिससे दर्शनार्थियों के लिये यातायात सुलभ होगा।

# खेड़ा ने करहरा को 20 रनों से फाइनल मैच हराया



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** एक हफ्ते से चल रहे डूंगर माता बपरेथा के मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को फाइनल मैच खेड़ा व करहरा के बीच खेला गया। खेड़ा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवर में खेड़ा ने धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए 126 रन बनाए। जिसमें खेड़ा की तरफ से कप्तान रज्जू व संस्कार की जोड़ी ने खूब रन बटोरे और दर्शकों को भी मनोरंजन कराया।

जवाब में उतरी करहरा की टीम की शुरुआत कोई खास नहीं रही एक के बाद एक विकेट गिरता चला गया, लेकिन वन डाउन पर आए देवकरन राजपूत की पारी ने कमाल कर दिया और देवकरन अंतिम ओवर तक क्रीज पर डटे रहे। देवकरन का साथ देने के लिए कोई खिलाड़ी रुक ही नहीं पाया। जिसमें 20 वे ओवर में करहरा की टीम 106 रनों पर आल आउट हो गई।

देवकरन ने 35 रनों की अच्छी पारी खेली हजारों की संख्या में दर्शकों ने इस फाइनल मैच का जमकर लुफ्त उठाया। हर चौके छक्के पर भांगड़ा भी बजता रहा। मेन ऑफ द सीरीज खेड़ा के कैप्टन रज्जू महराज रहे। शानदार कमेंट्री धीरेन्द्र राजपूत बरधा ने की एम्पायर रघुपत राजपूत एवं पुष्पेंद्र राजपूत रहे। मुख्य अतिथि संजय द्विवेदी ग्राम प्रधान पनवाड़ी, इंजीनियर करन सिंह, दिनेश राजपूत, जयपाल राजपूत प्रधान टोला, राजू राजपूत प्रधान किल्हुआ, कमेटी के धनंजय राजपूत, रामौतार, हरिश्चंद, रमाकांत राजपूत, रवि मुखिया, रवि राजपूत, ब्रजभान राजपूत, सत्येंद्र राजपूत, मानवेंद्र लेखपाल, एवं गांव एवं छेत्र के हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

अंत में विजेता और उपविजेता टीमों के कप्तानों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होने कहा कि खेल से शरीर चुस्त दुरुस्त रहता है।

# मूँगफली खरीद की मजिस्ट्रेट जांच कराने की उठी मांग

- भाकियू के बैनर तले तीसरे दिन जारी रहा धरना प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता




**ललितपुर।** किसानों की समस्याओं के साथ-साथ मूंगफली खरीद के बाद सिक्स-आर काटकर भुगतान कराये जाने की मांग को लगातार उठाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में भारतीय किसान संघ के बैनर तले बीते तीन दिनों से किसान डीएम कार्यालय कलेक्ट्रेक्ट के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों ने एक निर्धारित समयावधि उपरान्त लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास के सामने धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी भी जारी की थी। प्रदर्शन के बुधवार को तीसरे दिन प्रान्तीय उपाध्यक्ष केहर सिंह की अध्यक्षता में किसानों ने नारेबाजी की। इस दौरान जिला प्रशासन से किसानहितों की अनदेखी करने और मूंगफली खरीद में किसानों को सिक्स-आर न मिलने से भुगतान न होने और साहूकारों से कर्ज लेकर अपने खेतों में फसल बोने वाले किसानों की समस्याओं का हवाला दिया गया। कहा गया कि अब फसल कटाई का समय नजदीक आ रहा है, जिसमें किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत होने की आवश्यकता है, इसलिए जिला प्रशासन जल्द ही मूंगफली खरीद का भुगतान कराये। बताया कि जिला प्रशासन को बार-बार ज्ञापन देकर अवगत कराया गया, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने किसानों को राहत राशि भी दिलाये जाने की मांग उठायी।

इसके अलावा किसान नेताओं ने जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंगफली खरीद की मजिस्ट्रेट जांच कराये जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। बताया कि शासन द्वारा रबी फसल अति व ओलावृष्टि की सर्वे, जांच, प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरान्त भी आज तक कोई राहत राशि किसानों को नहीं दी गयी, जिसे तत्काल दिलाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

इस दौरान केहर सिंह, हरपाल सिंह प्रजापति, राकेश सिंह लोधी, आशाराम, अवतार सिंह, महेश प्रसाद, परशुराम, विजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, जिला प्रवक्ता नवीन जैन थनवारा, राजवीर, अनिल कुमार, हरिओम राजपूत, राघवेन्द्र सिंह, राजाराम, लालसिंह कुशवाहा, सोहनलाल विश्वकर्मा, बाबूलाल दुबे के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

# यह सबको चौंका देगी, विजय देवरकोंडा की फिल्म को लेकर निर्माता का बड़ा दावा

विजय देवरकोंडा अपने अगले प्रोजेक्ट वीडी 12 के साथ शानदार वापसी करने की पूरी कोशिश में हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान गौतम तिन्नानुरी के हाथों में है। काफी समय से बन रही इस फिल्म को दो हिस्सों में रिलीज करने की तैयारी है। पहले पोस्टर के अलावा अब तक फिल्म को लेकर आधिकारिक रूप से कोई बड़ा अपडेट साझा नहीं किया गया है। इस बीच एक बातचीत में निर्माता नागा वामसी ने अपनी इस आगामी फिल्म को लेकर बड़ा बयान दिया है। नागा वामसी ने कहा, देरी के कारणों को अगर एक तरफ रख दिया जाए तो , फिल्म का कंटेंट जब भी सामने आएगा तो यह लोगों को हैरान कर देगा। चाहे वह गाना हो, प्रोमो, विजुअल या टीजर, दर्शक जब भी इसे देखेंगे, वे चौंक जाएंगे। कल मैंने टीम के साथ फिल्म का पहला हाफ देखा। इसे देखने के बाद आप सोचेंगे कि जिस व्यक्ति ने जर्सी जैसी सौम्य और भावनात्मक फिल्म बनाई थी, उसने यह फिल्म कैसे बनाई।

नागा वामसी ने आगे कहा, असंपादित संस्करण सिर्फ पहले भाग का ही लगभग दो घंटे का है। मैं पिछले कुछ वर्षों से संपादक नवीन नूली के साथ यात्रा कर रहा हूं। आम तौर पर वह किसी भी फिल्म के बारे में कुछ नहीं कहते, लेकिन उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि %वीडी12% का पहला भाग शानदार बना है। नागा ने आगे हंसते हुए कहा कि मैं अपडेट देने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन काम चल रहा है। प्रशंसक मुझसे अपडेट मांग रहे हैं, लेकिन यह मेरे हाथ में नहीं है। वर्क फ्रंट की बात करें तो विजय देवरकोंड़ा को आखिरी बार पर्दे पर फिल्म कल्कि 2898 एडी में कैमियो करते हुए देखा गया था। इसके अलावा वह द फैमिली स्टार नाम की फिल्म में भी नजर आए थे।



कल मैंने टीम के साथ फिल्म का पहला हाफ देखा। इसे देखने के बाद आप सोचेंगे कि जिस व्यक्ति ने जर्सी जैसी सौम्य और भावनात्मक फिल्म बनाई थी, उसने यह फिल्म कैसे बनाई।



श्वेता तिवारी ने की बेटे रेयांश के साथ मस्ती

# आमिर खान ने बेटे जुनैद से किया वादा, फिल्म के हिट होने का भरोसा

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान ने कथित तौर पर कसम खाई है कि अगर उनके बेटे की दूसरी फिल्म %लवयापा% बॉक्स ऑफिस पर हिट हो जाती है तो वह धूम्रपान छोड़ देंगे।लवयापा एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जिसमें जुनैद खान अभिनेत्री खुशी कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे।रिपोर्ट्स के अनुसार, आमिर ने मन्नत ली है कि अगर %लवयापा% सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन करती है तो वह धूम्रपान पूरी तरह छोड़ देंगे। हालांकि, अभिनेता ने खुद इस बात की पुष्टि नहीं की है, लेकिन उनकी कसम से पता चलता है कि उन्हें फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर कमाल करने का पूरा भरोसा है।इससे पहले, आमिर ने एएनआई को बताया कि उन्होंने पहले ही फिल्म देख ली है और उन्हें खुशी में श्रीदेवी की झलक दिखाई दी।उन्होंने कहा था, %मुझे यह फिल्म पसंद आई। यह बहुत मनोरंजक है।मोबाइल फोन के कारण आजकल हमारी जिंदगी किस तरह बदल गई है और तकनीक के कारण हमारे जीवन में क्या दिलचस्प चीजें घटित होती हैं, ये सब फिल्म में दिखाया गया है।सभी कलाकारों ने अच्छा काम किया है।उन्होंने आगे कहा था, %जब मैंने फिल्म देखी और खुशी को देखा तो मुझे लगा कि मैं श्रीदेवी को देख रहा हूं।उनकी ऊर्जा वहां थी, मैं देख सकता था।मैं श्रीदेवी का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।अद्वैत चंदन द्वारा निर्देशित लवयापा वैलेंटाइन वीक की शुरुआत में 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।लवयापा जुनैद और खुशी दोनों की पहली फिल्म है, जो सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# इंदु तू पागल हो गया है, दिल के इस सीन से असहमत होकर जब निर्देशक इंद्र कुमार से बोले आमिर खान

साल 1990 में रिलीज हुई फिल्म दिल ने आमिर खान की किस्मत के सितारे पलट दिए। आमिर खान के अलावा फिल्म में माधुरी दीक्षित, अनुपम खेर और सईद जाफरी नजर आए। यह फिल्म आमिर खान के लिए काफी खास रही, क्योंकि उससे पहले उनकी लगातार आठ फिल्में फ्लॉप रही थीं। हाल ही में इस फिल्म के निर्देशक इंद्र कुमार ने आमिर खान के साथ काम करने का अनुभव साझा किया। साथ ही बताया कि फिल्म की मेकिंग के दौरान कुछ रचनात्मक चीजों को लेकर उनके और आमिर खान के बीच असहमतियां रहीं।

इंद्र कुमार ने कहा कि फिल्म के एक सीन को लेकर उनके और आमिर खान के बीच असहमति थी, जिस पर बात करते हुए दोनों को आधा दिन बीत गया। इंद्र कुमार ने हाल ही में सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत में कहा कि आमिर खान उस समय भी काफी स्पष्टवादी थे, जितने कि आज हैं। वे मिस्टर परफेक्शनिस्ट के रूप में पहचान बना चुके थे। लेकिन, %दिल% के कुछ पहलुओं से उन्होंने खुद को दूर रखने की कोशिश की। इंद्र कुमार ने कहा, %फिल्म %दिल% में एक सीन था, जिसमें आमिर खान एक छड़ी तोड़ते हैं और शादी करते हैं। आमिर इससे सहमत नहीं थे। उन्होंने कहा, %इंदु तू पागल हो गया है, ऐसे कौन शादी करता है?% इंद्र कुमार ने कहा यह एकमात्र ऐसा समय था जब वे और आमिर खान असहमत हुए। उनके बीच सुबह नौ बजे से बातचीत शुरू हुई और दोपहर एक बजे तक होती रही। निर्देशक ने कहा, %मैंने आमिर खान से कहा कि मैं अपनी जान की बाजी लगाने के लिए तैयार हूं कि दर्शक इस सीन पर तालियां बजाएंगे। और मैं सही रहा इंद्र कुमार ने एक और उदाहरण फिल्म %मन% का दिया। उन्होंने कहा कि इस फिल्म को लेकर मैं गलत साबित हुआ। मुझे लगा कि %मन% चलेगी, लेकिन नहीं चली। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म %मन% की मेकिंग के दौरान आमिर खान ने अपनी चिंताएं जताई थीं। एक दिन आमिर ने सेट पर मुझसे कहा, %इंदु यार ये पिक्चर मुझे कहीं और जाते हुए दिख रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें असहज महसूस हो रहा है। मैंने उनसे कहा कि हमें कॉन्फिडेंट होना चाहिए साल 1990 में रिलीज हुई फिल्म दिल ने आमिर खान की किस्मत के सितारे पलट दिए। आमिर खान के अलावा फिल्म में माधुरी दीक्षित, अनुपम खेर और सईद जाफरी नजर आए। यह फिल्म आमिर खान के लिए काफी खास रही, क्योंकि उससे पहले उनकी लगातार आठ फिल्में फ्लॉप रही थीं।






## भारत में टली रामायण द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम की रिलीज डेट

भगवान राम और लंकेश के बीच हुए युद्ध पर आधारित एनिमेटेड फिल्म रामायण~ द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम तीन दशक बाद भारत में सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। पहले यह फिल्म 18 अक्तूबर 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे टाल दिया गया है। फरहान अख्तर ने हाल ही में नई रिलीज डेट का एलान किया है। फरहान अख्तर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एनिमेटेड फिल्म का पोस्टर शेयर किया और नई रिलीज डेट का खुलासा किया। अब यह फिल्म 24 जनवरी 2025 को रिलीज होगी। टेलीविजन पर प्रसारित होने से पहले यह फिल्म सबसे पहले भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिखाई गई थी। इसकी पटकथा लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने लिखी है, जिन्होंने बाहुबली, बजरंगी भाईजान और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों की कहानी लिखी थी। रामायण~ द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम भारत और जापान के बीच एक संयुक्त परियोजना है। 1992 में शुरू में रिलीज हुई यह फिल्म भारतीय महाकाव्य रामायण से प्रेरित है। इसे कोइची सासाकी और राम मोहन ने निर्देशित किया है और वनराज भाटिया द्वारा रचित एक आकर्षक संगीत स्कोर के साथ राजकुमार राम की कहानी को जीवंत रूप से फिर से बताया गया है।

## जान ले लेगी ये इंडस्ट्री

बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी ने हाल ही में दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के साथ अपने रिश्ते पर चर्चा की। सुशांत ने जून 2020 में मुंबई के बांद्रा में अपने मोंट ब्लांक अपार्टमेंट में 34 साल की उम्र में आत्महत्या कर ली थी। मनोज बाजपेयी ने खुलासा किया कि सुशांत सिंह राजपूत की मौत ने उन्हें बहुत प्रभावित किया, जिससे वह तीन महीने तक परेशान रहे। हाल ही में मिड दे को दिए साक्षात्कार में मनोज बाजपेयी ने बताया कि सुशांत के इस तरह के कठोर कदम उठाने के पीछे के कारण अभी भी अज्ञात हैं और लोग उनकी मौत के बारे में केवल अनुमान लगा रहे हैं। उन्होंने कहा,% मैं कह सकता हूं कि वह पागल आदमी नहीं थे। वह बहुत सी चीजों में पारंगत थे। वह एक बहुत बड़े पाठक थे। मैंने उन्हें सेट पर और सेट के बाहर हर समय पढ़ते हुए पाया। उन्हें क्वांटम फिजिक्स का बहुत ज्ञान था। वह मुझसे अध्यात्म के बारे में बात करते थे और इसकी तुलना क्वांटम फिजिक्स से करते थे। वह एक शानदार दिमाग वाले व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि मैं किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना चाहता, क्योंकि मुझे नहीं पता कि उसके साथ क्या हुआ।

# कल्पना का संगीतमय वृतचित्र गंगास्नान हुआ रिलीज

भोजपुरी और लोक संगीत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने वाली गायिका कल्पना पटोवारी का बहुप्रतीक्षित संगीतमय वृतचित्र गंगास्नान साल 2025 के महापूर्णकुंभ के लिए रिलीज कर दिया गया है। यह लोकगीत म्यूजिक बॉक्स कल्पना पटवारी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। यह वृतचित्र भिखारी ठाकुर की कालजयी रचना गंगास्नान पर आधारित है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई शैली और आधुनिक संगीत के साथ प्रस्तुत किया गया है। इस गीत को लेकर कल्पना ने कहा कि गंगास्नान केवल एक गाना नहीं, बल्कि मां गंगा और सनातन संस्कृति को समर्पित एक संगीतमय श्रद्धांजलि है। यह वृतचित्र न केवल संगीत प्रेमियों, बल्कि गंगा के प्रति श्रद्धा रखने वाले हर व्यक्ति को जोड़ेगा। कल्पना की आवाज में ÷गंगास्नान÷ अब तक का सबसे अनूठा भोजपुरी संगीत है, जिसमें भारतीय जैज़ पियानोवादक लुइज बैंक्स, गिटारवादक कुश उपाध्याय, ड्रमर गीनो बैंक्स और सारंगी वादक दिलशाद खान जैसे प्रसिद्ध संगीतकार शामिल हैं। इस गाने में भारतीय जैज़ और ब्लूज़ को पश्चिमी संगीत के साथ मिलाकर एक अद्भुत रचना तैयार की गई है। इसलिए यह गीत और भी कर्णप्रिय है। साथ ही गंगा स्तुति के करीब ले जाने वाला है। इस प्रोजेक्ट में स्पेन और डेनमार्क के संगीतकारों ने भी योगदान दिया है। गाने के विभिन्न भागों को लुइज बैंक्स की जैज़ धुनों, गीनो बैंक्स के ड्रम सोलो और पश्चिमी ब्लूज़ पॉप गायन के साथ मिलाकर तैयार किया गया है। पी आर ओ रंजन सिन्हा हैं। भोजपुरी के शेक्सपीयर माने जाने वाले भिखारी ठाकुर की अमर रचना ÷गंगास्नान÷ को कल्पना पटोवारी ने अपनी भावपूर्ण आवाज से जीवंत कर दिया है। गाने के बोल सनातन संस्कृति, गंगा नदी के महत्व और इसके आध्यात्मिक पहलुओं को उजागर करते हैं। इस गाने को प्रसिद्ध लोक कलाकार स्वर्गीय रामाज्ञा राम और अरुणव डेका के सहयोग से लिखा गया है। आपको बता दें कि ÷गंगास्नान÷* का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता समुज्जल कश्यप ने किया है। इस वृतचित्र की शूटिंग काशी और प्रयागराज जैसे सांस्कृतिक केंद्रों में की गई है, जो गंगा नदी की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को खूबसूरती से दर्शाता है।




# ये 50 दिन का ड्रामा बोरिंग है-काम्या पंजाबी

बिग बॉस 18 में क्या हरचल चल रही है हर बात की जानकारी रखती हैं काम्या पंजाबी। काम्या ने एक्स पर बिग बॉस 18 के घर के कुछ सदस्यों के बारे में अपनी पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने खासतौर पर शिल्पा शिरोडकर और करण वीर मेहरा के बारे में कुछ खास लिखा है। बिग बॉस की पूर्व प्रतियोगी काम्या पंजाबी ना केवल बिग बॉस 18 को सक्रिय रूप से देखती हैं, बल्कि प्रतियोगियों की गेम रणनीति और बॉन्ड पर अपने विचार भी एक्स पर शेयर करती हैं। करण वीर मेहरा द्वारा शिल्पा शिरोडकर की उनके और विवियन डीसेना के बीच अपने दिन बांटने की टिप्पणी के बाद, काम्या ने अपने विचार एक्स पर शेयर किए कि यह एंगल अब उबाऊ क्यों हो गया है। आज सुबह 8 जनवरी को काम्या पंजाबी ने एक्स पर पोस्ट लिखा, %%यह 50/50 दिनों का ड्रामा बेहद उबाऊ होता जा रहा है, इसे बंद कर दो अब। करणवीर जिस तरह से अपने लिए खड़े हुए, वह बहुत पसंद आया। मॉर्निंग डांस की तो क्या बात चुमवीर। क्या ईशा की गिनती भी नहीं हो रही थी? हम्म्म खेल रहे हो बिगबॉस आप ही बिगबॉस18। शिल्पा शिरोडकर ने हाल ही में विवियन डीसेना से उन्हें चोट पहुंचाने के लिए माफी मांगी। करणवीर मेहरा ने उनसे पूछा कि वह माफी क्यों मांग रही हैं। अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने विवियन की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए माफी मांगी, लेकिन उन्हें अपने किए पर खेद नहीं है, यानी घर के अंदर विवियन और करण के बीच दिन बांटना। विवियन ने जवाब दिया कि उन्हें अभिनेत्री से फर्जी सॉरी स्वीकार करने की जरूरत नहीं है।



# एनिमल से अपनी फिल्म 'किल' की तुलना पर बोलीं प्रोड्यूसर गुनीत

## वॉयलेंस को लेकर नजरिया बताया

गुनीत मोंगा ने बतौर प्रोड्यूसर कई बेहतरीन फिल्में अब तक बॉलीवुड में बनाई हैं। साल 2023 में उनके प्रोडक्शन तले एक फिल्म 'किल' रिलीज हुई। इस फिल्म के एक्शन को देश ही नहीं विदेश में भी सराहा गया। उसी साल रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' भी रिलीज हुई। दोनों एक्शन फिल्में थीं तो इनकी आपस में तुलना हुई। तब भी प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने अपना पक्ष रखा था। हाल ही में एक इंटरव्यू में गुनीत मोंगा ने दोबारा इस सब्जेक्ट पर बात की। साथ ही अपनी फिल्म 'किल' और 'एनिमल' में बहुत बड़ा फर्क बता दिया। हाल ही में प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने फेय डिसूजा के यूट्यूब चैनल पर एक इंटरव्यू दिया। इस बातचीत में गुनीत ने बताया कि उन्होंने अपनी फिल्म 'किल' में बहुत कम ही जगह पर हिंसा या वॉयलेंस को दिखाया है। वह कहती हैं कि फिल्म 'किल' में हीरो बुरे लोगों से लड़ता है। गुनीत कहती हैं, 'हमने खून वाले सींस को अपनी फिल्म में ग्लोरीफाई नहीं किया है। हमने स्लो मोशन में खून वाले सीन नहीं दिखाए। हमने वॉयलेंस को सेलिब्रेट नहीं किया। हमारे लिए फिल्म 'किल' आर्ट का ही रूप है।' प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा आगे कहती हैं, 'मुझे महिलाओं को एक ऑब्जेक्ट के तौर पर देखा पसंद नहीं है। मुझे यह पसंद नहीं है कि फिल्मों में महिलाओं के लिए नफरत दिखाई जाए।' फिल्म 'एनिमल' पर यही आरोप लगे थे कि उसमें महिलाओं को कमतर दिखाया गया है, उनका अपमान किया गया है। जहां तक गुनीत मोंगा की फिल्म 'किल' की बात है तो उसमें हीरो का सामना ट्रेन में मौजूद कुछ लुटेरों से होता है। ये लोग, उसकी प्रेमिका को मार देते हैं। इसके बाद ट्रेन में फाइट सींस दिखाए जाते हैं। हीरो क्योंकि आर्मी ऑफिसर है तो वह लुटेरों की सारी टोली को मार देता है। फिल्म में लीड रोल में लक्ष्य नजर आए, जिन्होंने अमृत राठौर का रोल निभाया।



# तृप्ति डिमरी हो गई आशिकी 3 से बाहर

कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी की आशिकी 3 लगातार पीछे होती जा रही है। फिल्म के निर्देशक अनुराग बसु कार्तिक आर्यन के साथ एक नई लव स्टोरी पर काम कर रहे हैं। इस बीच खबर आई है कि तृप्ति डिमरी फिल्म %आशिकी 3% से बाहर हो गई हैं। मिड डे की रिपोर्ट की मानें तो तृप्ति डिमरी के इस प्रोजेक्ट में आने के बाद फिल्म को रोक दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक तृप्ति डिमरी आशिकी 3 का हिस्सा नहीं होंगी। वहीं, अनुराग बसु अब नई जोड़ी की इस फिल्म में दिखाने वाले हैं। तृप्ति डिमरी इस फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित थीं, हालांकि अब ऐसा नहीं होने वाला है। कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म में कोई नया चेहरा नजर आ सकता है।

तृप्ति डिमरी की फिल्म आशिकी 3 इन दिनों विवादों में घिरी है। फिल्म को डिमरी ने पिछले साल फिल्म के लिए कुछ दिनों की शूटिंग की थी। यह एक मुहूर्त शॉट होना था। डिमरी के जाने के पीछे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। इस फिल्म में भूषण कुमार और मुकेश भट्ट द्वारा निर्मित किया जाना था, लेकिन निर्माताओं के बीच झगड़े के बाद यह चर्चा आगे नहीं बढ़ पाई। खबरों की मानें तो तृप्ति डिमरी और कार्तिक आर्यन के साथ जनवरी महीने के अंत में या फरवरी के पहले सप्ताह में मुंबई में शुरू होगी। तृप्ति डिमरी के बाहर होने के बाद मुख्य अभिनेत्री की भूमिका के लिए कास्टिंग प्रक्रिया चल रही है। 2013 में रिलीज़ हुई आशिकी की दूसरे सीक्वल में श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर की जोड़ी को देखा गया था। इस बीच खबर आई है कि तृप्ति डिमरी फिल्म %आशिकी 3% से बाहर हो गई हैं। मिड डे की रिपोर्ट की मानें तो तृप्ति डिमरी के इस प्रोजेक्ट में आने के बाद फिल्म को रोक दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक तृप्ति डिमरी आशिकी 3 का हिस्सा नहीं होंगी। वहीं, अनुराग बसु अब नई जोड़ी की इस फिल्म में दिखाने वाले हैं। तृप्ति डिमरी इस फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित थीं, हालांकि अब ऐसा नहीं होने वाला है।





## शोक में डूबीं ब्रिटेन के शाही परिवार की छोटी बहू मेगन मार्कल

अभिनेत्री और डचेज ऑफ ससेक्स मेगन मार्कल के पालतू कुत्ते त्ह्व4 ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। मेगन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि की है। उन्होंने अपने पालतू कुत्ते के लिए एक इमोशनल पोस्ट साझा कर श्रद्धांजलि दी है। ब्रिटेन के शाही घराने की छोटी बहू ने बताया कि त्ह्व4 उनकी जिंदगी में शादी से लेकर सीरीज की शूटिंग तक के अहम और खुशहाल पलों में शामिल रहा। उसका जाना उनकी जिंदगी में एक खालीपन दे गया है। मेगन मार्कल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने डॉग त्ह्व4 की तस्वीरें और वीडियो शामिल किए हैं। साथ ही एक लंबा नोट लिखा है। लोगों को उनके पालतू कुत्ते की झलक मेगन के आगामी शो में दिखाई देगी, जिसका प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर होगा। मेगन ने पोस्ट में बताया कि उन्होंने साल 2015 में पालतू कुत्ते को कनाडा में एक रेस्क्यू से गोद लिया था।

## भूटान की रक्षा तैयारियों को बढ़ाएगा भारत



**नई दिल्ली।** राजनाथ ने कहा कि पड़ोसी पहले की नीति के तहत भूटान की रक्षा तैयारियों की क्षमता की वृद्धि में भारत अपना पूरा सहयोग देगा। इसमें सैन्य उपकरण, हथियार, हार्डवेयर और परिसंपत्तियों की आपूर्ति भी शामिल है। वहीं, लेफ्टिनेंट जनरल शेरिंग ने भारत के निरंतर सहयोग की सराहना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत भूटान की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने के लिए तत्पर है। सिंह ने रॉयल भूटान आर्मी के मुख्य परिचालन अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल बट्टू शेरिंग के साथ हुई बैठक में यह जानकारी दी। शेरिंग शनिवार से भारत की छह दिवसीय यात्रा पर हैं। इस दौरान सिंह और लेफ्टिनेंट जनरल शेरिंग ने द्विपक्षीय संबंधों व अन्य विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।राजनाथ ने कहा कि पड़ोसी पहले की नीति के तहत भूटान की रक्षा तैयारियों की क्षमता की वृद्धि में भारत अपना पूरा सहयोग देगा। इसमें सैन्य उपकरण, हथियार, हार्डवेयर और परिसंपत्तियों की आपूर्ति भी शामिल है। वहीं, लेफ्टिनेंट जनरल शेरिंग ने भारत के निरंतर सहयोग की सराहना की और भूटान की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने तथा रॉयल भूटान आर्मी (आरबीए) कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करने में सहायता करने के लिए भारत को धन्यवाद दिया। उन्होंने क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए साझा दृष्टिकोण को साकार करने में भारत के साथ मिलकर काम करने की आरबीए की दृढ़ प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की। इससे पहले शेरिंग ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के साथ बातचीत की है। शेरिंग का सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिस्री से भी मिलने का कार्यक्रम है। ब्यूरो

भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) के आठवें संस्करण में भाग लेने के लिए बुधवार को कोलकाता पहुंचेंगे।

## सात साल चली सुनवाई, अब अदालत ने कुख्यात गैंगस्टर को किया बरी

**साजिश**

**सुरेश पुजारी बीते कई वर्षों से फरार था और विदेश में बैठकर भारत में अपराधों की साजिश रच रहा था।**



**मुंबई।** अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ये साबित करने में असफल रहा कि आरोपी ही इस मामले में शामिल थे और अभियोजन पक्ष के मामले में कई अनियमितताएं हैं। अदालत ने कहा कि जिस होटल मैनेजर पर हमला हुआ, वह और होटल का स्टाफ आरोपियों को पहचानने में नाकाम रहा। महाराष्ट्र की एक विशेष अदालत ने कुख्यात गैंगस्टर सुरेश पुजारी और उसके चार सहयोगियों को मकोका मामले में बरी कर दिया। गौरतलब है कि इस मामले में सात साल तक ट्रायल चला, लेकिन अभियोजन पक्ष अपने आरोपों को साबित करने में नाकाम रहा। इसके बाद अदालत ने गैंगस्टर और उसके साथियों को रिहा करने का आदेश दिया। मामला 2017 का है, जिसमें एक होटल में गोलीबारी की गई और होटल कारोबारी से वसूली की कोशिश की गई थी। अदालत ने एक फरवरी के अपने आदेश में गैंगस्टर और उसके साथियों को रिहा करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष आईपीसी के तहत ही अपराध को साबित करने में नाकाम रहा है। ऐसे में इन्हें संदेह के लाभ देते हुए महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट (मकोका) के तहत भी बरी किया जाता है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ये साबित करने में असफल रहा कि आरोपी ही इस मामले में शामिल थे और अभियोजन पक्ष के मामले में कई अनियमितताएं हैं। अदालत ने कहा कि जिस होटल मैनेजर पर हमला हुआ, वह और होटल का स्टाफ आरोपियों को पहचानने में नाकाम रहा। गौरतलब है कि सुरेश पुजारी, कुख्यात गैंगस्टर रवि पुजारी का पूर्व सहयोगी रहा है। उसे साल 2021 में फिलीपींस से भारत प्रत्यर्पित किया गया था। सुरेश पुजारी बीते कई वर्षों से फरार था और विदेश में बैठकर भारत में अपराधों की साजिश रच रहा था। सुरेश पुजारी के खिलाफ मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे में 50 से ज्यादा एफआईआर दर्ज हैं, जिनमें विभिन्न लोगों से वसूली करने के आरोप हैं। अभियोजन पक्ष का कहना है कि 7 मई 2017 में एक नकाबपोश व्यक्ति ने पालघर के होटल गैलेक्सी में घुसकर मैनेजर को गोली मार दी थी। हमलावर एक पर्ची छोड़कर गए थे, जिसमें होटल के मालिक को धमकी देते हुए गैंगस्टर सुरेश पुजारी का नाम लिखा हुआ था। हादसे में होटल मैनेजर गंभीर रूप से घायल हुआ था। शिकायत पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 307, आर्म्स एक्ट और मकोका की धाराओं में मामला दर्ज किया था। इस मामले में सुरेश पुजारी उर्फ शेट्टी, राज शेषराव चव्हाण, अली अब्बास जफर खान, सुधाकर सुंदर और मोहम्मद सैमी को आरोपी बनाया गया था।

## सड़क हादसों में रोज हो रही 45 बच्चों-किशोरों की मौत



**नई दिल्ली।** देश में सबसे ज्यादा बिक्री वाली 25 कारों का जब बाल यात्री सुरक्षा को लेकर विश्लेषण किया गया तो 50 फीसदी से ज्यादा को सुरक्षा रेटिंग तीन या उससे कम दी गई। रिपोर्ट के निष्कर्ष बताते हैं कि 2011 और 2022 के बीच, बच्चों और किशोरों के बीच अनुमानित 198,236 सड़क दुर्घटनाएं हुईं।

भारत में हर दिन 45 बच्चे और किशोरों की सड़क हादसों में मौत हो रही है। साल 2011 से 2022 के बीच सड़क हादसों में मरने वाले 18 साल या उससे कम आयु के बच्चे और किशोरों की संख्या में 113 फीसदी का इजाफा हुआ है। सभी तरह के सड़क हादसों में मरने वालों में 10 फीसदी बच्चे और किशोरों की हिस्सेदारी है।

बता दें कि यह जानकारी बंगलूरु स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निम्हांस) और यूनिसेफ की एक संयुक्त रिपोर्ट में सामने आई है जिसके मुताबिक भारत में बच्चों की मौत का प्रमुख कारण सड़क यातायात दुर्घटनाएं हैं। इस रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बाल यात्री को लेकर कारों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं।

इसके मुताबिक, देश में सबसे ज्यादा बिक्री वाली 25 कारों का जब बाल यात्री सुरक्षा को लेकर विश्लेषण किया गया तो 50 फीसदी से ज्यादा को सुरक्षा रेटिंग तीन या उससे कम दी गई। रिपोर्ट के निष्कर्ष बताते हैं कि 2011 और 2022 के बीच, बच्चों और किशोरों के बीच अनुमानित 198,236 सड़क दुर्घटनाएं हुईं और उनमें से लगभग 75 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं 14-17 वर्ष आयु वर्ग में हुईं। इसके अलावा, 2011 और 2022 के बीच इस समूह की मौतों की संख्या दोगुनी से भी अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की उपायुक्त डॉ. जोया अली रिजवी ने कहा कि भारत में बाल और किशोर सड़क यातायात दुर्घटनाओं के बोझ, जोखिम और निर्धारकों पर आधारित यह रिपोर्ट भारत में बाल और किशोर सड़क सुरक्षा को मजबूत करने की सिफारिश कर रही है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि राजमार्गों के किनारे ट्रॉमा केयर केंद्र स्थापित करने और जिला अस्पतालों में दुर्घटना और आपातकालीन देखभाल को मजबूत करने के प्रयास जारी है।

## स्थायी कर्मी की तरह लंबे समय तक काम पर समान वेतन का हक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जब कोई कर्मचारी स्थायी कर्मी जैसी भूमिका में लंबे समय तक काम करता है, तो समान काम के लिए समान वेतन का हकदार होता है। पीठ ने गाजियाबाद नगर निगम की ओर से 2005 में माली की सेवाएं समाप्त करने के आदेश को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जब कोई कर्मचारी स्थायी कर्मी जैसी भूमिका में लंबे समय तक काम करता है, तो समान काम के लिए समान वेतन का हकदार होता है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि नौकरशाही की सीमाओं के कारण श्रमिकों के वैध अधिकारों को कम नहीं किया जा सकता। इसी के साथ, जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने गाजियाबाद नगर निगम की ओर से 2005 में माली की सेवाएं समाप्त करने के आदेश को रद्द कर दिया। बागवानी विभाग के जरिये 1998 से सेवाएं दे रहे इन कर्मियों को बिना किसी नोटिस, लिखित आदेश या मुआवजे के हटा दिया गया था। पीठ ने कहा, नैतिक व कानूनी रूप से, जो कर्मचारी साल-दर-साल नगरपालिका की जरूरतों को पूरा करते हैं, उन्हें अनावश्यक नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने उनकी नियुक्ति के छह महीने के भीतर सेवाओं को नियमित करने का निर्देश दिया और नगर निगम को उन्हें 50त्न पिछला वेतन देने का आदेश दिया।

## इरोड ईस्ट उपचुनाव के लिए 237 बूथों पर मतदान जारी; 9 बजे तक 10.95 प्रतिशत हुआ मतदान

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के साथ ही दो विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव जारी है। इनमें एक सीट तमिलनाडु की इरोड पूर्व विधानसभा सीट भी है। कांग्रेस विधायक ईवीकेएस इलांगोवन की मृत्यु हो जाने के कारण इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। इरोड पूर्व विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव जारी है। इस सीट पर उपचुनाव के लिए 44 निर्दलीय सहित कुल 46 उम्मीदवार मैदान में हैं। हालांकि मुख्य लड़ाई सत्तारूढ़ द्रमुक और अभिनेता-राजनेता सीमान की नाम तमिलर काची (एनटीके) के बीच है। 53 स्थानों पर 237 बूथों पर मतदान के लिए सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया गया है। इस सीट पर उपचुनाव में मतदान के पहले दो घंटों में लगभग 11 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले।

## प्रदूषण के कारण धूम्रपान नहीं करने वालों में भी हो रहा लंग कैंसर



**नई दिल्ली।** निगरानी शाखा के प्रमुख फ्रेडी ब्रे ने कहा, धूम्रपान की आदतों में बदलाव और वायु प्रदूषण के संपर्क में आना लंग कैंसर के मुख्य निर्धारकों में से हैं। लंग कैंसर आज कैंसर से संबंधित मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है। लंग (फेफड़ा) कैंसर के लिए धूम्रपान को जिम्मेदार माना जाता है, लेकिन आजकल उन लोगों में भी लंग कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, जिन्होंने कभी भी धूम्रपान नहीं किया। इसकी बड़ी वजह वायु प्रदूषण को माना जा रहा है। द लैंसेट रेस्पिरेटरी मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक, लंग कैंसर अब धूम्रपान नहीं करने वाले लोगों में भी तेजी से बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी (आईएआरसी) के वैज्ञानिकों ने विश्व कैंसर दिवस (4 फरवरी) पर चार उप प्रकारों एडेनोकार्सिनोमा (ग्रंथि कैंसर), स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा (त्वचा कैंसर), छोटे और बड़े सेल कार्सिनोमा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर लंग कैंसर के मामलों का अनुमान लगाने के लिए ग्लोबल कैंसर ऑब्जर्वेटरी 2022 डेटासेट सहित अन्य डेटा का विश्लेषण किया। एजेंसी शोधकर्ताओं ने पाया कि एडेनोकार्सिनोमा (ऐसा कैंसर जो बलगम और पाचन में मदद करने वाले तरल पदार्थ उत्पन्न करने वाली ग्रंथियों में शुरू होता है) पुरुषों और महिलाओं दोनों में प्रमुख उप प्रकार बन गया है। शोध में यह भी सामने आया कि 2022 में दुनियाभर में लंग कैंसर के कुल मामलों में 53-70 प्रतिशत मामले उन लोगों में पाए गए, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।

## भारत के साथ रिश्ते बेहतर करने की पहल

**विरोध**

**बांग्लादेश उच्चायोग ने अगरतला स्थित अपने मिशन में की सुरक्षा के उल्लंघन पर विरोध दर्ज कराया था।**



**अगरतला।** बांग्लादेश सहायक उच्चायोग ने तीन दिसंबर 2024 को अपनी सेवाएं निलंबित कर दी थीं। बांग्लादेश सहायक उच्चायुक्त कार्यालय के प्रथम सचिव मोहम्मद अल अमीन ने कहा कि अगरतला में बांग्लादेश सहायक उच्चायोग की सभी वीजा और वाणिज्य दूतावास सेवाएं पांच फरवरी से फिर से शुरू होंगी। बांग्लादेश ने भारत के साथ रिश्ते बेहतर करने की पहल की है। बांग्लादेश आज से अगरतला उच्चायोग में एक बार फिर वीजा और कॉन्सुलर सेवाएं शुरू करेगा। त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में बांग्लादेश सहायक उच्चायोग ने यह एलान किया। बांग्लादेश सहायक उच्चायोग ने तीन दिसंबर 2024 को अपनी सेवाएं निलंबित कर दी थीं। यह निलंबन हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की ढाका में गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों के एक समूह द्वारा उच्चायोग परिसर में घुसपैठ करने के एक दिन बाद किया गया था। बांग्लादेश सहायक उच्चायुक्त कार्यालय के प्रथम सचिव मोहम्मद अल अमीन ने कहा कि बांग्लादेश सहायक उच्चायोग की सभी वीजा और वाणिज्य दूतावास सेवाएं पांच फरवरी से फिर से शुरू होंगी। पिछले साल दिसंबर में उच्चायोग में तोड़फोड़ के बाद बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया था। तब बांग्लादेश सरकार ने कहा था कि वह बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग के परिसर में हिंदू संघर्ष समिति के प्रदर्शनकारियों के एक बड़े समूह द्वारा किए गए हिंसक प्रदर्शन और हमले पर गहरी नाराजगी जताती है तथा इस घटना पर तत्काल कार्रवाई और गहन जांच की मांग करती है। बांग्लादेश उच्चायोग ने अगरतला स्थित अपने मिशन में की सुरक्षा के उल्लंघन पर विरोध दर्ज कराया था। इसके बाद राज्य सरकार ने भी वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में चार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

## 104 भारतीयों को लेकर अमृतसर में उतरा अमेरिकी विमान



**अमेरिका।** अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर सख्ती और उन्हें देश से निकाले जाने का क्रम जारी है। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद कई देश के लोगों को अमेरिका से निर्वासित किया जा चुका है। ताजा घटनाक्रम में सी-17 सैन्य विमान से 104 भारतीय प्रवासियों के एक समूह को लौटाया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संकल्प और नीतियों का असर दिखना शुरू हो गया है। बीते 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालने के बाद ट्रंप ने अवैध प्रवासियों को अमेरिका से निकाले जाने संबंधी कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इस पर अमल करते हुए अमेरिकी प्रशासन ने सी-17 सैन्य विमान से 104 भारतीय लोगों के एक समूह को अमेरिका से वापस भेज दिया है। 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान बुधवार दोपहर अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। सूत्रों ने इन बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फ्लाइट दोपहर 1.55 बजे लैंड हुई। इन निर्वासित किए गए लोगों में से 30 पंजाब से, 33-33 हरियाणा और गुजरात से, तीन-तीन महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से और दो चंडीगढ़ से हैं। हालांकि अभी निर्वासित लोगों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले की रिपोर्टों में दावा किया गया था कि अमेरिकी सैन्य विमान सी-17 205 अवैध अप्रवासियों को ले जा रहा था। यह अवैध भारतीय अप्रवासियों का पहला जत्था है जिसे अमेरिकी सरकार ने निर्वासित किया है। बता दें कि बीते दो हफ्ते की अवधि में भारत के अलावा भी कई देशों के अवैध प्रवासियों को अमेरिका से निर्वासित किया जा चुका है। सी-17 सैन्य विमान से भारत लौटाए जा रहे प्रवासियों के बारे में समाचार एजेंसी पीटीआई पर आई रिपोर्ट के मुताबिक नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों पर अमल करते हुए अमेरिका आव्रजन कानूनों को कड़ा कर रहा है। बता दें कि ट्रंप प्रशासन बीते दो हफ्ते में सैन्य विमानों का उपयोग कर ग्वाटेमाला, पेरू और होंडुरास में कई अवैध प्रवासियों को निर्वासित किया है। अवैध प्रवासियों को वापस भेजने के लिए सैन्य विमान भेजने वाले गंतव्यों में भारत अब तक का सबसे दूरस्थ स्थान है।

यह भी दिलचस्प है कि भारतीयों को ले जाने वाले निर्वासन विमान पर नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने सीधी टिप्पणी से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई का संदेश स्पष्ट है। अवैध प्रवास का जोखिम उठाना ठीक नहीं है। यह दिखाता है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अवैध प्रवासियों पर कोई नरमी दिखाने के मूड में नहीं हैं। अमेरिकी प्रशासन बीते दो हफ्ते से लगातार कार्रवाई कर रहा है लेकिन प्रवासियों को अमेरिका से निकाले जाने की बड़ी कार्रवाई के तहत पहली बार भारत में निर्वासन हो रहा है। अमेरिका का एक सैन्य परिवहन विमान भारतीय प्रवासियों के एक समूह को लेकर आ रहा है।

अमेरिकी प्रशासन ने यह कार्रवाई ऐसे समय में की है जब लगभग एक हफ्ते के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे पर जाने का कार्यक्रम बनाया जा रहा है। खबर के मुताबिक पीएम मोदी 12-13 फरवरी को वॉशिंगटन की यात्रा कर सकते हैं। भारत और अमेरिका इस दौरे से जुड़ी योजनाओं को अंतिम रूप देने में लगे हैं।

दोनों देशों के रिश्ते और निर्वासन के संबंध में बीते 27 जनवरी को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। इसके बाद ट्रंप ने कहा था कि भारत अमेरिका से अवैध प्रवासियों के निर्वासन के मामले में वही करेगा जो सही होगा।

## नहीं रहे शिया धर्मगुरु और अरबपति आगा खान चतुर्थ, पुर्तगाल में 88 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

**अंतिम**

**शिया धर्मगुरु और दिग्गज अरबपति आगा खान चतुर्थ नहीं रहे। पुर्तगाल में 88 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली।**



**पेरिस।** शिया धर्मगुरु और दिग्गज अरबपति आगा खान चतुर्थ नहीं रहे। पुर्तगाल में 88 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनको मोहम्मद पैगंबर वंश का प्रत्यक्ष वंशज माना जाता था। आगा खान फाउंडेशन और इस्माइली धार्मिक समुदाय ने एलान किया कि उन्होंने दुनिया के सबसे गरीब और हाशिए पर रहने वाले समुदायों की चुनौतियों के समाधान के लिए काम किया।

शिया धर्मगुरु और दिग्गज अरबपति आगा खान चतुर्थ नहीं रहे। पुर्तगाल में 88 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनको मोहम्मद पैगंबर वंश का प्रत्यक्ष वंशज माना जाता था। आगा खान फाउंडेशन और इस्माइली धार्मिक समुदाय ने एलान किया कि आगा खान चतुर्थ के उत्तराधिकारी को उनकी वसीयत में नामित किया गया है। जिसे लिस्बन में उनके परिवार और धार्मिक नेताओं की उपस्थिति में बताया जाएगा। हालांकि इसकी तारीख की घोषणा नहीं की गई है। आगा खान फाउंडेशन ने एक्स पर लिखा कि शिया इस्माइली मुसलमानों के 49वें वंशानुगत इमाम और पैगंबर मोहम्मद के वंशज प्रिंस करीम अल-हुसैनी आगा खान चतुर्थ का 88 वर्ष की आयु में अपने परिवार के बीच लिस्बन में निधन हो गया। उनके नामित उत्तराधिकारी की घोषणा बाद में की जाएगी। आगा खान चतुर्थ ने दुनिया के सबसे गरीब और सबसे हाशिए पर रहने वाले समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए मानव, वित्तीय और तकनीकी संसाधनों को एक साथ लाने के लिए 1967 में आगा खान फाउंडेशन की स्थापना की थी। यह फाउंडेशन अफ्रीका, एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और उत्तरी अमेरिका के 18 देशों में काम करता है। आगा खान फाउंडेशन उनके परिवार और दुनिया भर के इस्माइली समुदाय के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है। इस्माइली समुदाय की वेबसाइट ने कहा कि आगा खान चतुर्थ का जन्म 13 दिसंबर 1936 को स्विट्जरलैंड के जेनेवा के पास क्रेक्स-डी-गेंथोड में हुआ था। वे जोआन यार्डे-बुलर और एली खान के बेटे थे। उन्होंने अपने बचपन का कुछ हिस्सा केन्या के नैरोबी में बिताया। उन्होंने घुड़सवारी का शौक था। उन्होंने स्कीयर के रूप में 1964 के शीतकालीन ओलंपिक में ईरान का प्रतिनिधित्व किया। आगा खान लंबे समय तक फ्रांस में रहे और पिछले कई वर्षों से पुर्तगाल में रह रहे थे। उनका विकास नेटवर्क और फाउंडेशन स्विट्जरलैंड में स्थित है। उनके तीन बेटे और एक बेटी और कई पोते-पोतियां हैं। आगा खान विकास नेटवर्क ने बताया कि आगा खान के दादा ने उनके पिता को दरकिनार करके शिया इस्माइली मुसलमानों के प्रवासी समुदाय का नेतृत्व करने के लिए अपना उत्तराधिकारी बनाया था। तब आगा खान छात्र थे।

## सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन नहीं करेगी दक्षिणपंथी पार्टी

**प्रस्ताव**

**इस प्रस्ताव को पारित कराने के लिए 577 सांसदों में से कम से कम आधे वोटों की जरूरत होगी।**



**पेरिस।** फ्रांस के नए प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू की सरकार के खिलाफ नेशनल असेंबली में कट्टर वामपंथी दल अविश्वास प्रस्ताव लाया है। इस प्रस्ताव को पारित कराने के लिए 577 सांसदों में से कम से कम आधे वोटों की जरूरत होगी। दक्षिणपंथी नेता ले पेन की पार्टी नेशनल रैली ने कहा कि वह अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन नहीं करेगी। फ्रांस की सरकार के खिलाफ नेशनल असेंबली में लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का धुर दक्षिणपंथी नेता ले पेन की पार्टी नेशनल रैली समर्थन नहीं करेगी। इससे साफ है कि फ्रांस के प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे और देश का 2025 का बजट पारित हो जाएगा। पार्टी ने कहा कि हम अस्थिरता लाभ नहीं उठाएंगे। उधर, प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू ने सोमवार को 2025 के बजट को सांसदों के वोट के बिना ही स्वीकृत कराया। दक्षिणपंथी नेशनल रैली के अध्यक्ष जॉर्डन बार्डेला ने कहा कि मौजूदा दौर में फ्रांसीसी अस्थिरता के नए दौर का लाभ नहीं उठाएंगे। वहीं वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन पहले ही कह चुका है कि वह अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन नहीं करेगा क्योंकि यह फ्रांस को बजट देने का समय है। दरअसल, फ्रांस के नए प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू की सरकार के खिलाफ नेशनल असेंबली में कट्टर वामपंथी दल अविश्वास प्रस्ताव लाया है। इस प्रस्ताव को पारित कराने के लिए 577 सांसदों में से कम से कम आधे वोटों की जरूरत होगी। माना जा रहा है कि कट्टर वामपंथी सांसद प्रस्ताव के समर्थन में मतदान कर सकते हैं।

## अवैध अप्रवासियों को लेकर ग्वांतानामो बे पहुंचा अमेरिकी सेना का विमान



**वॉशिंगटन।** अमेरिका अवैध अप्रवासियों को ग्वांतानामो बे की जेल में रखेगा। इसे दुनिया की सबसे खतरनाक जेल माना जाता है और 11 सितंबर 2001 के आतंकी हमले के आरोपियों को इसी जेल में रखा गया था।

अमेरिका से अवैध अप्रवासियों को लेकर सेना का विमान मंगलवार को ग्वांतानामो बे पहुंचा। अवैध अप्रवासियो को लेकर ग्वांतानामो बे पहुंचा यह अमेरिका का पहला विमान है। अमेरिका अवैध अप्रवासियों को ग्वांतानामो बे की जेल में रखेगा। इसे दुनिया की सबसे खतरनाक जेल माना जाता है और 11 सितंबर 2001 के आतंकी हमले के आरोपियों को इसी जेल में रखा गया था। उस वक्त ग्वांतानामो बे जेल ने पूरी दुनिया में सुर्खियां बटोरीं थी। अवैध अप्रवासियों को ग्वांतानामो बे जेल में रखने के लिए 300 लोगों का एक सपोर्ट स्टाफ तैनात किया गया है। जरूरत पड़ने पर इसमें बढ़ोतरी भी की जा सकती है। ग्वांतानामो बे जेल में एक होल्डिंग सेंटर बनाया गया है, जिसमें 30 हजार लोगों को रखने की क्षमता है। इस होल्डिंग सेंटर का इस्तेमाल अवैध अप्रवासियों को रखने में किया जा रहा है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने अवैध प्रवासियों को रखने के लिए ग्वांतानामो बे जेल को सबसे सही जगह बताया है। हालांकि अवैध अप्रवासियों को जेल में रखने के ट्रंप सरकार के फैसले की तीखी आलोचना भी हो रही है। एमनेस्टी इंटरनेशनल यूएसए में शरणार्थी और प्रवासी अधिकार कार्यक्रम की निदेशक एमी फिशर ने ग्वांतानामो बे जेल के इस्तेमाल की निंदा की थी। एमी फिशर ने कहा कि अप्रवासियों को ग्वांतानामो जेल भेजना बेहद निर्दयी और खर्चीला कदम है।

## गाजा पर मालिकाना हक चाहते हैं ट्रंप, बोले- जरूरत पड़ी तो अपनी सेना भी भेजेंगे



**वॉशिंगटन।** ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ध्वस्त या जर्जर हो चुकी इमारतों का पुनर्निर्माण कराएगा और गाजा का आर्थिक विकास करेगा। इससे गाजा में रोजगार और लोगों को घर मिलेंगे।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि वे चाहते हैं कि गाजा का मालिकाना हक अमेरिका ले और गाजा का पुनर्निर्माण करे। डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि हम गाजा का मालिकाना लेना चाहते हैं, इसके बाद गाजा में मौजूद खतरनाक बमों और अन्य हथियारों को नष्ट करने की जिम्मेदारी हमारी होगी। अमेरिका ध्वस्त या जर्जर हो चुकी इमारतों का पुनर्निर्माण कराएगा और गाजा का आर्थिक विकास करेगा। इससे गाजा में रोजगार और लोगों को घर मिलेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि गाजा के पुनर्निर्माण में अगर अमेरिकी सेना की जरूरत पड़ी तो वे सेना को भी गाजा में तैनात करने पर विचार कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि अगर यह जरूरी हुआ तो हम ऐसा करेंगे। वहीं इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी ट्रंप की इस योजना का समर्थन किया और इसे पर खुशी जाहिर की। नेतन्याहू ने कहा कि हम चाहते हैं कि गाजा भविष्य में अब कभी भी इस्राइल के लिए खतरा न बने, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप इसे एक नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। ट्रंप का विचार अलग है और इससे गाजा का भविष्य बदल जाएगा। इस विचार पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। नेतन्याहू ने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो इससे इतिहास बदल सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक और अहम बात की, जिसमें उन्होंने सुझाव दिया कि गाजा से विस्थापित हुए फलस्तीनियों को युद्धग्रस्त गाजा के बाहर स्थायी तौर पर बसाया जाना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि %मुझे नहीं लगता कि लोगों को गाजा में वापस जाना चाहिए। आप अभी गाजा में नहीं रह सकते। हमें दूसरी जगह तलाशने की जरूरत है और यह ऐसी जगह होनी चाहिए, जहां लोग खुशी से रह सकें।

# कोतवाली पुलिस द्वारा धोखाधड़ी में वांछित गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** थाना कोतवाली में 13 अक्टुबर 2024 को वादी पवन कुमार पुत्र लालजी राम निवासी ग्राम दीनापुर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर द्वारा थाने पर आकर लिखित तहरीर दिया गया कि वादी जो सेटिन क्रेडिट केयर नेटवर्क लिमिटेड में उप-क्षेत्रिय प्रबन्धक (डीआरएम) के रूप में आजमगढ़ में परिक्षेत्र में कार्यरत हैं। जिसकी शाखा पूरे भारत में कार्यरत है द्वारा गरीब महिलाओं का समूह बनाकर समूह ऋण द्वारा उन्हें लघु रोजगार के लिए ऋण प्रदान कर उन्हें सक्षम एंव सशक्त बनाने का कार्य किया जाता है। इस संस्था की एक शाखा आजमगढ़ की सीटी शाखा है, जो ग्राउण्ड फ्लोर, कोमल नगर कालोनी, पावनी ब्लाक नियर रेलवे स्टेशन आजमगढ में है। इस शाखा में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा समूह ऋण का लाभ पाने वाले लाभार्थियों का घर एवं उनका पहचान कर उनका समूह बनाकर समूह लोन करना और लोन हो जाने के पश्चात कंपनी के नियमानुसार लोन की आने वाली किस्तों को तिथिनुसार एकत्रित कर उसे कंपनी के बैंक खाते में जमा करवाना था। लेकिन कंपनी के ऑडिट रिर्पोट में यह पाया गया कि आजमगढ सीटी शाखा के कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों को दिये गये लोन की किस्तवार किस्तों को वसूला गया और वसूली गयी राशि जो कुल 11,36,994-रू को कंपनी के बैंक खाते में जमा नहीं किया गया। कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों से जिन किस्तों को वसूला गया उन किस्तों की वसूली नगद एंव अपने पर्सनल यूपीआई एकाउन्ट करके उक्त राशि का गबन किया गया है।

## नहर बंद होने से फसलें बर्बाद, किसानों में आक्रोश

**बाँदा।** जनपद के पैलानी क्षेत्र के ग्राम अलोना के किसानों को सिंचाई के लिए पानी न मिलने की समस्या से जूझना पड़ रहा है। नहर बंद होने और ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण खेतों में खड़ी फसलें बर्बादी की कगार पर हैं, जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। ग्राम प्रधान सुमित कुमार के नेतृत्व में किसानों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को लिखित शिकायत पत्र सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि सिंचाई विभाग(लघु डाल नहर विभाग) की लापरवाही के चलते नहर कई दिनों से बंद है और ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है, जिससे खेतों को पानी नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने आशंका जताई कि अगर जल्द ही नहर की आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो उनकी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगी, जिससे वे भुखमरी के कगार पर पहुंच सकते हैं। किसानों ने जल्द से जल्द नहर को चालू करने और ट्रांसफार्मर को ठीक कराने की मांग की, ताकि समय पर सिंचाई हो सके और फसलें बचाई जा सकें। इस दौरान धर्मवीर सिंह, सौखीलाल, अर्जुन सिंह, अंगद सिंह, पवन सिंह, शिवमंगल सिंह सहित कई किसान उपस्थित रहे।

# हाइजिन कॉर्नर स्वच्छता अभियान में मील का पत्थरः अरविंद शुक्ल



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के अंतर्गत विद्यालय में स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के तहत पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर विकासक्षेत्र सिरकोनी के प्रांगण में हाइजीन कॉर्नर स्थापित किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह द्वारा विधिवत हाइजीन कॉर्नर का उद्घाटन किया गया। उसके पश्चात विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वागत गान, हाथों की सफाई एवं स्वच्छता विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाल संसद के बच्चों द्वारा हाथ धोने की विधियों के बारे में जानकारी दी गई एवं हाथ धोने का प्रदर्शन कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से कहा कि अपने हाथों को नियमित साबुन से धोएं एवं अपने परिवार के भी सभी सदस्यों को भी हाथ धोने की विधि के बारे में बताएं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जिलाध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद शुक्ला ने बच्चों से कहा कि अपने स्वच्छता पर ध्यान दें, एक स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है इसलिए स्वच्छता हमारे लिए बहुत ही आवश्यक है एवं उपस्थित सभी बच्चों के बीच डिटॉल साबुन वितरण किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा सोप बैंक बनाया गया है। विद्यालय में हाइजीन कार्नर के साथ डिटॉल ऐंटीसेप्टिक लिक्विड, डिटॉल साबुन, डिटॉल सैनिटाइजर, डिटॉल हैडवाश एवं वजन नापने की मशीन प्रदान किया गया है यह सभी बच्चों में स्वच्छता के गुण विकसित करने में सहायक है। सोप बैंक में एसएमसी सदस्य, स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे अपने जन्मदिवस पर स्वेच्छा से साबुन को दान करेंगे जो स्वच्छता हेतु सामुदायिक सहयोग को प्रदर्शित करेगा तथा अन्य लोगों में भी सहयोग करने हेतु प्रेरित करेगा। इस मौके पर भारती सिंह, राममिलन, अनिल मौर्य, ऋतु गौड़, खुशबू चौरसिया, शालू निषाद, बिंदु कुमार गौतम सहित एसएमसी के सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वसीरपुर घटना का आरोपी गिरफ्तार

**जौनपुर (जफराबाद)।** क्षेत्र के जमैथा गांव के अखड़ो घाट के पास बुधवार को पुलिस ने वसीरपुर गांव के चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर से मिली सूचना पर ट्रेनी आईपीएस सीओ सिटी आयुष श्रीवास्तव थानाप्रभारी जयप्रकाश यादव मय फोर्स ऊक्त घाट के पास पहुंच गए।वहां पर वसीरपुर गांव में हुए गोलीकांड का आरोपी शंभु पुत्र बड़ेलाल निषाद मौजूद था।पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।ज्ञात हो ऊक्त गोलीकांड में वसीरपुर गांव के बीडीसी मनीष कुमार तथा सूरज कुमार को गोली लगी थी। इसके अलावा राजन को चाकू लगा था।तीन आरोपी पहले पकड़े जा चुके हैं।

### सूचना अधिकार अधिनियम-2005 के संबंध में बैठक संपन्न



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जन सूचना अधिकार अधिनियम-2005 के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा जन सूचना अधिनियम के तहत विभागवार लंबित प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि उनके स्तर पर लंबित सूचना के अधिकार अधिनियम से संबंधित प्रकरण को 02 दिन के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करते हुए अवगत कराए अन्यथा की दशा में संबंधित अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि सभी कार्यालयाध्यक्ष नियमित रूप से स्वयं आरटीआई पोर्टल की समीक्षा करें और संतोषजनक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पान की खेती पर उद्यान विभाग से मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी से किसानों का होगा लाभ

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी डॉ. सीमा सिंह राणा द्वारा अवगत कराया गया कि शासन की ओर से किसानों के लिए कई प्रकार की फसलों की खेती पर अनुदान दिया जाता है, इसके लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं संचालित की जा रही है। जैसे राष्ट्रीय कृषि विकास योजना रफ्तार के अंतर्गत पान विकास योजना एवं गुणवक्तायुक्त पान उत्पादन को प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। नपद जौनपुर में ब्लाक महाराजगंज, सुजानगंज, मछलीशहर, बक्सा, करंजाकला में बहुत ही तकनीकी विधि से कृषको द्वारा पान की खेती की जा रही है। जिला उद्यान अधिकारी डॉ0 सीमा सिंह राणा द्वारा बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष उद्यान विभाग को 250 वर्ग मीटर का 7 पान बरेजा, 500 वर्ग मीटर का 7 पान बरेजा, 750 वर्ग मीटर का 5 पान बरेजा, 1000 वर्ग मीटर का 15 पान बरेजा एवं 1500 वर्ग मीटर का 2 पान बरेजा का लक्ष्य प्राप्त है। 250 वर्ग मीटर पान बरेजा पर रू0 12613, 500 वर्ग मीटर पान बरेजा पर रू0 25226, 750 वर्ग मीटर पान बरेजा पर रू0 37840, 1000 वर्ग मीटर पान बरेजा पर रू0 50453 एवं 1500 वर्ग मीटर पान बरेजा पर रू0 75680 का अनुदान देय है। इच्छुक कृषक भाई जो पान की खेती करते हो जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क कर सकते हैं। कृषकों का चयन प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर किया जायेगा।

# बंदरों के आतंक से निजात को भारत रक्षा दल ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** बंदरों के उत्पात से नगर के क्षेत्र के कई मोहल्ले के लोग काफी परेशान और भयभीत है। इन उत्पाती बंदरों से निजात दिलाने के लिए आज भारत रक्षा दल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी आजमगढ़ को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने आए भारत रक्षा दल की टीम का नेतृत्व कर रहे हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव ने कहा कि आजमगढ़ नगर क्षेत्र में बंदरों का आतंक काफी बढ़ गया है, बंदरों के झुंड के झुंड मोहल्लों गलियों में दिन-रात बैठे रहते हैं। ये बंदर लोगों के सामान छीन लेते हैं, घरों में घुसकर कपड़े आदि उठा ले जाते और फाड़ भी देते हैं, छत और बालकनी पर न कोई बैठ सकता है ना कुछ सुख सकता है, फूल पौधे भी नष्ट कर देते हैं। इस संबंध में पूर्व में शिकायत करने पर नगर पालिका परिषद द्वारा बंदरों पकड़वाकर दूर कुसमी के जंगल में छोड़ने की बात बताई गई, बंदर पकड़े गए उसका खर्च भी निकला गया फिर जानकारी मिली कि उन पकड़े गए बंदरों को शहर के आसपास ही छोड़ दिया गया जिससे सभी बंदर पुनः वापस आ गए। इस संबंध में आज हम लोगों ने जिला जिलाधिकारी महोदय को संबोधित ज्ञापन दिया और मांग की की नगर पालिका परिषद को निर्देशित करें कि वे लोग बंदरों को नियमानुसार पकड़वाकर उन्हें सुदूर जंगल में छोड़े और यह कार्यवाही ईमानदारी से करें, ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके, ज्ञापन देने वालों में डॉक्टर राजीव पांडेय, सुशील श्रीवास्तव, दुर्गेश, हिमांशु सिंह, जावेद अंसारी, गौरीशंकर बबलू, सचिन जयसवाल, रविप्रकाश, शिवम बरनवाल, राजन अस्थाना, धनंजय, गोपाल प्रसाद, पंकज श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव आलोक शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अखिलेश ने दौलत हुसैन कॉलेज को जिताया



**प्रयागराज।** दौलत हुसैन इंटर कॉलेज और डीएसए क्लब ने चैलेंजर कप क्रिकेट प्रतियोगिता में अंक तालिका में प्रथम दो स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को प्रतियोगिता के अंतिम लीग मैच में अखिलेश यादव की हरफनमौला खेल (44 रन एवं तीन विकेट) से दौलत हुसैन कॉलेज ने डीएसए क्लब को 74 रन से हराया। दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने अपने मैदान पर 30 ओवर में 8 विकेट पर 220 रन (तन्मय मालवीय 58, अखिलेश यादव 44, उमर तबरेज़ 23 नाबाद, अमीन इब्ने मोइन 19, आदित्य 2/28, कार्तिकेय तिवारी 2/32) बनाए। जवाब में डीएसए क्लब की टीम 29.1 ओवर में 146 रन (कार्तिकेय तिवारी 26 नाबाद, रितेश गोंड 24, फरहान अंसारी 22, विवान राज 3/20, अखिलेश यादव 3/39, कौशल श्रीवास्तव 2/18) पर सिमट गई।

# श्रद्धालुओं ने केन नदी के अस्तित्व को लेकर जताई चिंता

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** भूरागढ़ क्षेत्र अंतर्गत केन नदी आरती स्थल पर विधि विधान के साथ केन जल महा आरती कार्यक्रम संपन्न किया गया जिसमें तमाम श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई। यह कार्यक्रम विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में प्रति मंगलवार को आयोजित किया जाता है। इस दौरान समित के जिला संयोजक एवं जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति ने सभी श्रद्धालुओं को केन नदी के अस्तित्व को लेकर जागरूक किया और केन नदी को बचाने के लिए सभी संकल्पित हुए। इस मौके पर पदाधिकारियों ने भी केन नदी के अस्तित्व को लेकर चिंता जताई है और शासन प्रशासन से मांग की है कि केन नदी के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए तथा स्वच्छ एवं संरक्षित रखने के लिए कोई ठोस कदम उठावें। जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति ने कहा कि शहर के तीन बड़े गंदे नालों का पानी नदी में गिरता है जिससे पानी दूषित हो रहा है,उन्होंने कहा कि नदी में गिरने वाले तीनों नालों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाना चाहिए लेकिन अभी तक इस प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि केन माँ का सीना छलनी किया जा रहा है और भारी भरकम पोकलैंड मशीनों के द्वारा नदी के अस्तित्व को खतरा है,धीरे-धीरे नदी समाप्त होने की कगार पर पहुंच रही है इसलिए इन सबके उपाय के लिए जिला प्रशासन से मांग की गई है,कि केन नदी में हो रहे अवैध खनन को जल्द से जल्द रोका जाए।

## उचित दर विक्रेता पर खाद्यान्न की कालाबाजारी का आरोप, एफआईआर

**बाँदा।** तहसील अतर्रा के ग्राम पंचायत उतरवां में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित किए जाने वाले खाद्यान्न की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। जाँच में दोषी पाए गए निलंबित उचित दर विक्रेता श्री सुकुरूराम के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,ग्राम पंचायत उतरवां के कुछ निवासियों द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितताओं की शिकायत की गई थी। शिकायत की जाँच उप जिलाधिकारी अतर्रा के निर्देशानुसार पूर्ति निरीक्षक प्रशांत कुमार सिंह द्वारा की गई,जिसमें यह पाया गया कि सुकुरूराम (निलंबित) द्वारा कुल 116.98 क्विंटल चावल,5.49 क्विंटल गेहूँ और 0.54 क्विंटल चीनी का हस्तांतरण नए उचित दर विक्रेता मुन्नी देवी को नहीं किया गया। इस संबंध में पूर्व में कई नोटिस जारी किए गए,लेकिन निलंबित विक्रेता ने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। मौके पर हुई जाँच में यह स्पष्ट हुआ कि सुकुरूराम ने केवल 70 क्विंटल गेहूँ ही हस्तांतरित किया,जबकि शेष खाद्यान्न का कोई अता-पता नहीं है। इसके चलते खाद्यान्न की काला बाजारी का संदेह मजबूत हुआ। जाँच रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा 4 फरवरी 2025 को एफआईआर दर्ज कराने की अनुमति प्रदान की गई।

# गलत बैंक खाते में ट्रांसफर हुए 50 हजार रुपये को पुलिस ने कराया वापस

अवधनामा संवाददाता




**बाँदा।** कोतवाली नगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गलत बैंक खाते में ट्रांसफर हुए 50 हजार रुपये को पीड़ित के खाते में वापस कराया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में कोतवाली नगर पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार,इंद्रानगर निवासी उपेंद्र निगम का 21 दिसंबर 2024 को बैंक ऑफ बड़ौदा में 50 हजार रुपये का गलत ट्रांजेक्शन हो गया था।

मामले की शिकायत उन्होंने थाना कोतवाली नगर में दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही कोतवाली नगर की साइबर पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की तत्परता के चलते पीड़ित के खाते में पूरी रकम वापस आ गई। रुपये वापस मिलने पर उपेन्द्र निगम ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

# साइबर अपराध के प्रति साइबर सेल ने बच्चों को किया जागरूकता

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर, आजमगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना के निर्देशन में तथा सहायक पुलिस अधीक्षक अनंत चन्द्रशेखर के नेतृत्व में साइबर थाना जनपद आजमगढ़ द्वारा सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल मुबारकपुर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रभारी साइबर थाना निरीक्षक राजीव कुमार यादव द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यशाला में साइबर एक्सपर्ट द्वारा निम्न साइबर अपराधों के प्रकार व उससे बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। किसी को भी अपने बैंकध्एटीएम की गोपनीय पिन किसी के साथ शेयर नहीं करना चाहिए। किसी भी ई-कामर्स कम्पनी का डिलिवरी प्राप्त करते समय डिलिवरी कोड देना होता है, कोड को देनें से पूर्व पूरा मैसेज अवश्य पढें कि जो कोड आपके मोबाइल पर आया है वह सम्बन्धित का डिलिवरी कोड ही है कि कहीं कोई साइबर फ्राड से संबंधित ओटीपी तो नहीं है। डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं को बताते हुए बताया गया कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं होता, अगर ऐसा कोई वीडियो कॉल या फोन कॉल आपके पास आता है तो आप अलर्ट हो जाए क्योंकि ये लोग साइबर अपराधी होते हैं और झांसा देकर लोगों को ठगने का काम करते हैं। सोशल मीडिया पर आप अपना पॉसवर्ड बहुत ही सिंपल न रखें उसे स्पेशल कैरेक्टर का यूज करते हुए बनाए ताकि वह स्ट्रांग रहे और कोई हैक न कर सके। किसी भी आनलाइन गेम को खेलते समय अपने ईमेल एवं पासवर्ड को अपने साथ खेल रहे प्लेयरों के साथ शेयर ना करें। और अंत में साइबर एक्सपर्ट द्वारा बताया गया कि अगर किसी के साथ कोई साइबर फ्राड हो जाता है तो तत्काल सहायता हेतु साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोन करें या फिर साइबर अपराध की शिकायत नजदीकी पुलिस स्टेशन में या ऑफिसियल वेबसाइट पर दर्ज करायें या अपने नजदीकी साइबर थानाध्साइबर सेल में प्रार्थना पत्र दे सकते हैं।

# ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** ग्राम पंचायत सैमरी थाना तिंदवारी के ग्रामीणों ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जांच समिति गठित कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (2016-17 की सूची, वर्ष 2021-24 तक) में ग्राम सचिव अजीत पाल, ग्राम प्रधान अरुण पटेल, सहायक मित्र रवि पटेल, पंचायत मित्र कालका पटेल द्वारा ग्राम सभा की बैठक किए बिना फर्जी प्रस्ताव बनाकर अपात्र व्यक्तियों को आवास आवंटित किए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि मोटी रकम व कमीशन के आधार पर ऐसे लोगों को आवास दिए गए, जिनके पास पहले से ही पक्के मकान, ट्रैक्टर, चार पहिया वाहन और अधिक आय वाले संसाधन हैं। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ आवासों का निर्माण अधूरा पड़ा है, जबकि कुछ की धन निकासी पूरी हो चुकी है। कई आवास गांव के बजाय अन्य स्थानों या खाली प्लॉट पर बना दिए गए। एक ही परिवार के पांच अपात्र सदस्यों को आवास दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने यह भी दावा किया कि 25 मई 2023 को ग्राम प्रधान व उनके कथित दलाल रवींद्र सिंह गौर(पुत्र राजभूषण सिंह) को ब्लॉक की बाउंड्री के अंदर राममिलन प्रजापति (पुत्र रामखेलावन) से कमीशन लेते हुए मोबाइल पर रिकॉर्ड किया गया था, जिसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की गई थी। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की कि भ्रष्ट ग्राम प्रधान, सचिव पंचायत मित्र व सहायक पंचायत मित्र के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो तथा दूसरी विभागीय अधिकारियों की एक समिति गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए। इस मौके पर शिवकुमार, तुलसीराम, राममिलन प्रजापति, राधा, उमिला, मीना, गौरा, चंद्रेश कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता 17वां (वि./यां.) वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ

पत्रांक : 256/7CBW-17E/M/2025 दिनांक : 03/02/2025

**अति-अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा प्रतिशत दर के आधार पर दिनांक 07/02/2025 से दिनांक 14/02/2025 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा मूल्य जमा करा कर निविदा कार्यालय कार्य अधीक्षक, अ0वि0नि0ई0 (वि0/यां0), लो0नि0वि0 लखनऊ से प्राप्त की जा सकती है।

मुहरबन्द निविदा दिनांक 14/02/2025 को दोपहर 03:00 बजे तक कार्यालय कार्य अधीक्षक, अ0वि0नि0ई0 (वि0/यां0), लो0नि0वि0 लखनऊ में प्राप्त की जायेंगी तथा दिनांक 14/02/2025 को अपरान्ह 03:30 बजे कार्यालय जिलाधिकारी, लखनऊ में उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। यदि दिनांक 14/02/2025 को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर प्राप्त एवं खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

| क्र. सं. | | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य कराने वाले खण्ड का नाम | सम्बन्धित वृत्त का नाम | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का नाम | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | राजभवन स्थित गुलमोहर परिसर कॉलोनी के टाइप-1 आवास के ब्लॉक डी, ई, एफ, जी एवं एच ब्लॉक के ओवरहेड विद्युत आपूर्ति को भूमिगत करने का कार्य। | 8.18 + 18% जी0एस0टी0 | 0.82 | 766.00 | 30 दिन | कार्य अधीक्षक, अ.वि.नि.ई. (वि./या.), लो.नि.वि., लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, 17वां (वि./या.) वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (वि./या.) लो.नि.वि., लखनऊ | लो0नि0वि0 में ''ए'' श्रेणी में विद्युत कार्यो हेतु पंजीकृत ठेकेदार। |
| 2 | लखनऊ | राजभवन परिसर स्थित गुलमोहर कॉलोनी में बाह्य प्रकाश व्यवस्था का कार्य। | 3.65 + 18% जी0एस0टी0 | 0.37 | 677.00 | 30 दिन | कार्य अधीक्षक, अ.वि.नि.ई. (वि./या.), लो.नि.वि., लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, 17वां (वि./या.) वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (वि./या.) लो.नि.वि., लखनऊ | लो0नि0वि0 में ''ए/बी'' श्रेणी में विद्युत कार्यो हेतु पंजीकृत ठेकेदार। |

**सामान्य शर्ते :**

1- निविदा सम्बन्धित जानकारी दिनांक 13/02/2025 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय कार्य अधीक्षक, अ0वि0नि0ई0 (वि0/या0), लो0नि0वि0 लखनऊ से प्राप्त की जा सकती है।
2- टी-1 की सामान्य शर्ते मान्य होंगी। प्रपत्र टी-4, टी-5 एवं टी-6 (मूल में) निर्धारित प्रारूप में संलग्न करना अनिवार्य है।
3- निविदा की वैधता 90 दिन के लिये होगी। निविदा के साथ रू0 100 का नॉन ज्यूडीशियल स्टैम्प पेपर वैधता हेतु लगाना अनिवार्य होगा। वैधता की अवधि में निविदा को वापस नहीं लिया जा सकेगा।
4- सशर्त निविदा अस्वीकृत की जा सकती है।
5- आयकर/जी0एस0टी0 लेबर सेस की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
6- धरोहर धनराशि शिड्यूल कॉमर्शियल बैंक से निर्गत एफ0डी0आर0 एवं डाकघर से जारी एन0एस0सी0 के रूप में कार्य अधीक्षक, अ0वि0नि0ई0 (वि0/यां0), लो0नि0वि0 लखनऊ के पद नाम में बंधक होगी तथा निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य शिड्यूल कॉमर्शियल बैंक से जारी डिमान्ड ड्राफ्ट (Non-refundable) के रूप में कार्य अधीक्षक, अ0वि0नि0ई0 (वि0/यां0), लो0नि0वि0 लखनऊ के नाम से देय होगा।
7- कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में निविदा उसी क्रम में एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
8- अधोहस्ताक्षरी/सक्षम अधिकारी को बिना कोई कारण बताए एक या समस्त निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**(पारितोष सिंह)**
**कार्य अधीक्षक**
**अ.वि.नि.ई. (वि./यां.)**
**लो.नि.वि., लखनऊ**

**(आर.एम. श्रीवास्तव)**
**अधीक्षण अभियंता 17वां**
**(वि./यां.) वृत्त लो.नि.वि.,**
**लखनऊ**

UPID-228091 Dated-04-02-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध


# एडवांस लैबोरेट्री टेक्निक्स इन लाइफ साइंस विषय पर कार्यशाला शुरू

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** सीएमपी कॉलेज प्रयागराज में जंतु विज्ञान विभाग द्वारा एडवांस लैबोरेट्री टेक्निक्स इन लाइफ साइंस विषय पर साप्ताहिक राष्ट्रीय कार्यशाला और व्यक्तिगत प्रशिक्षण का शुभारंभ बुधवार को हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत डॉक्टर ज्योति वर्मा ने किया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार सिंहा थे जिन्होंने कार्यशाला के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉक्टर नीरजा कपूर और डॉक्टर उमा रानी अग्रवाल, भूतपूर्व एसोसिएट प्रोफेसर, जंतु विज्ञान विभाग सीएमपी कॉलेज उपस्थित रही। डॉक्टर उमा रानी ने विज्ञान विषयों के अध्ययन और अनुसंधान में आधुनिक तकनीकों के प्रयोग को रेखांकित किया। डॉक्टर नीरजा कपूर ने समय समय पर विभाग द्वारा इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्राचार्य प्रोफेसर अजय प्रकाश खरे ने विगत वर्षो में सीएमपी कॉलेज में हुए विकास कार्यो को रेखांकित करते हुए बताया कि कॉलेज हीरक जयंती वर्ष में विभिन्न विषयों में इस तरह के सेमिनार और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है जिसका लाभ निश्चित रूप से कॉलेज के छात्रों के साथ साथ अन्य कॉलेजों के छात्रों को भी हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर हेमलता पंत ने किया। कार्यशाला के संयोजक डॉ मनोज कुमार जायसवाल ने अगले एक सप्ताह तक होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का परिचय दिया एवं कार्यक्रम सचिव डाक्टर अजीत कुमार सिंह ने मुख्य वक्ता प्रोफेसर मृत्युंजय देव पाण्डेय का परिचय दिया जिन्होंने स्पेक्ट्रोस्कॉपी एप्लीकेशन इन बायोलॉजिकल रिसर्च पर अपना व्याख्यान दिया। इस अवसर पर डॉक्टर हेमलता पंत तथा डॉक्टर ज्योति वर्मा द्वारा लिखित पुस्तक ÷टेक्स्ट बुक ऑफ इकोलॉजी÷ का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉक्टर आशीष कुमार मिश्रा, डॉक्टर विनय कुमार सिंह और डाक्टर अजीत कुमार सिंह थे।धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर आशीष कुमार मिश्र ने दिया। इस मौके पर डॉक्टर ज्योति वर्मा, डॉ निधि त्रिपाठी, डॉक्टर चारू त्रिपाठी भी उपस्थित रहीं। कार्यशाला के प्रथम दिवस में प्रतिभागियों ने फ्लेम फोटोमीट्रिक एनालिसिस ऑफ सिरम आयन का व्यक्तिगत प्रशिक्षण लिया जिसमें डॉक्टर मनोज कुमार जायसवाल रिसोर्स पर्सन थे।

# बजाज फिन्सर्व एएमसी कॉन्ट्रेरियन इन्वेस्टमेंट रणनीति के साथ 'बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड' की घोषणा करता है

**कानपुर।** बजाज फिन्सर्व एएमसी ने एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड की शुरुआत की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉकों में निवेश किया जाएगा। इन्वेस्टर के लिए यह फंड फरवरी 6, 2025 से शुरू होकर फरवरी 20, 2025 को बंद होगा। इस नए फंड की शुरुआत के अवसर पर गणेश मोहन, बजाज फिन्सर्व एएमसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कहते हैं, बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड निवेशकों को उपेक्षित संपत्तियों में छुपे मूल्य को भुनाने का एक अद्वितीय अवसर देता है। यह आकर्षक मूल्यों पर अंतर्निहित मूल्य से नीचे उपलब्ध कंपनियों में निवेश करके एक कॉन्ट्रेरियन इन्वेस्टमेंट रणनीति का अनुसरण करता है, जो उनके व्यवसाय चक्र के दौरान सभी अवसरों से पूर्ण लाभ प्राप्त करते हुए बाज़ार के सभी क्षेत्रों में लाभ उठाने का लक्ष्य रखता है। मात्र प्रतिफल पर ध्यान देने के स्थान पर हम एक रणनीतिक सोच और अनुशासन के माध्यम से दीर्घकालिक पूँजी निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड के केंद्र में ऐसे क्षेत्रों और कंपनियों में निवेश करना शामिल है जो चक्रीय आर्थिक बदलावों से लाभ की स्थिति में होते हैं और एक महत्वपूर्ण दीर्घकालिक प्रतिफल देने में सक्षमता दिखाते हैं। प्रतिवर्तन की कहानियाँ ऐसी फ़र्मों में अवसर दिखाती हैं जो संचालन सुधारों और रणनीतिक बदलावों के माध्यम से सुधार की राह पर हैं, जबकि प्रबंधन में बदलाव बेहतर संचालन और प्रदर्शन के माध्यम से मूल्य बढ़ा सकते हैं। असमर्थित विकास अवसरों को पहचानने से निवेशकों को ऐसे छुपे कारक मिल सकते हैं जिन पर बाजार ने अब तक ध्यान नहीं दिया है। व्यवसाय का पुनर्गठन सक्षमता और लाभान्विता बढ़ाता है जिससे मूल्य भी बढ़ता है। निमेश चंदन, मुख्य निवेश अधिकारी, बजाज फिन्सर्व एएमसी, कहते हैं, बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड एक अनुशासित ढांचे का अनुसरण करेगा, जो बाज़ार के सभी क्षेत्रों में कॉन्ट्रेरियन इन्वेस्टमेंट के बराबर अवसर देता है।

यह फंड लार्ज, मिड और स्मॉल क्षेत्रों की कंपनियों में 25% प्रति क्षेत्र निवेश करेगा, जिससे सभी क्षेत्रों में अवसरों पर लाभ का मौका मिलता है। यह फंड INQUBE निवेश दृष्टिकोण, जो बेहतरीन जानकारी, व्यावहारिक अंतर्दृष्टि और मात्रात्मक विश्लेषण पर आधारित है, का उपयोग करते हुए एक मजबूत और संतुलित पोर्ट्फ़ोलीओ का निर्माण करेगा।

फंड का इक्विटी भाग निमेश चंदन और श्री सोरभ गुप्ता द्वारा प्रबंधित किया जाएगा और डेब्ट भाग श्री सिद्धार्थ चौधरी द्वारा प्रबंधित किया जाएगा।

इस फंड के लिए न्यूनतम आवेदन राशि 100 की अतिरिक्त आवेदन राशि के साथ 500 (तथा 1 के गुणक) है। धारित इकाई के 10% तक कोई निकास भार नहीं है। यदि आवंटन की तारीख से छः महीने के भीतर रिडीम/ स्विच आउट करने पर शेष 90% पर 1% निकास भार लगेगा जो कि छः महीने के बाद रिडीम/स्विच आउट करने पर शून्य हो जाएगा। यह फंड विकास और आईडीसीडब्ल्यू (आय वितरण सह पूँजी निकासी) विकल्प दोनों प्रदान करता है। बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड एक कॉन्ट्रेरियन इन्वेस्टमेंट रणनीति का अनुसरण करेगा जो बाज़ार की लोकप्रिय धारणाओं के विपरीत अप्रयुक्त और कम मूल्यांकित स्टॉकों को पहचानेगा। इस रणनीतिक दृष्टिकोण में कम समर्थित संपत्तियों की खरीद या लोकप्रिय स्टॉकों की बिक्री भी शामिल हो सकती है। फंड प्रबंधक आर्थिक और व्यवसाय चक्रों, अस्थायी व्यावसायिक अवरोधों, मूल्यांकन की अप्रभावशीलता, प्रतिवर्तनों और कम समर्थितविकास कारकों द्वारा प्रदत्त कम प्रभावशील मूल्यांकनों और निवेश अवसरों को पहचानने के लिए बाज़ार रुझानों और भावनाओं का अनुसरण करेंगे।

# बंगाल में दशक के अंत तक 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी रिलायंस, बोले मुकेश अंबानी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बुधवार को इस दशक के अंत तक पश्चिम बंगाल में 50,000 करोड़ रुपये के नए निवेश की घोषणा की। दूसरी ओर, आरपी-संजीव गोयनका समूह के अध्यक्ष संजीव गोयनका ने बुधवार को अगले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल में 10,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बुधवार को इस दशक के अंत तक पश्चिम बंगाल में 50,000 करोड़ रुपये के नए निवेश की प्रतिबद्धता की घोषणा की। बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) 2025 में बोलते हुए अंबानी ने कहा कि इस निवेश से राज्य में एक लाख नौकरियां पैदा होंगी।

उन्होंने कहा, रिलायंस ने पिछले दशक में बंगाल में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस दशक के अंत तक 50,000 करोड़ रुपये का और निवेश किया जाएगा। हमारा निवेश डिजिटल सेवाओं, हरित ऊर्जा और खुदरा



सहित कई क्षेत्रों में फैला होगा। अंबानी ने राज्य में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए रिलायंस की प्रतिबद्धता की पुष्टि की तथा बंगाल के कारोबारी परिदृश्य को बदलने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

दूसरी ओर, आरपी-संजीव गोयनका समूह के अध्यक्ष संजीव गोयनका ने बुधवार को अगले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल में 10,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। गोयनका ने बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) 2025 के उद्घाटन के अवसर पर यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह महत्वपूर्ण निवेश तीन प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित होगा÷ ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा। उन्होंने कहा, ÷हम स्वास्थ्य सेवा, ऊर्जा और शिक्षा में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे।

# शेयर बाजार फिर फिसला, सेंसेक्स 312 अंक गिरा, निफ्टी 23700 से नीचे आया

**नई दिल्ली।** आरबीआई की मौद्रिक नीति के फैसले और अमेरिका से टैरिफ वार की चिंताओं के बीच निवेशकों के सतर्क रुख के कारण बुधवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 312.53 अंक या 0.40 प्रतिशत गिरकर 78,271.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 367.56 अंक या 0.46 प्रतिशत गिरकर 78,216.25 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 42.95 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 23,696.30 पर आ गया। मंगलवार की तेजी के बाद मुनाफावसूली और रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिरने से भी बाजार की धारणा प्रभावित हुई। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बाद मंगलवार को सेंसेक्स 1,397.07 अंक और निफ्टी 378.20 अंक चढ़कर एक महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों वाले शेयरों में एशियन पेंट्स में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। कंपनी ने कमजोर मांग और कमजोर त्योहारी सीजन के कारण दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ में 23.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,128.43 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की। टाइटन, नेस्ले, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, आईटीसी, जोमैटो और बजाज फिनसर्व भी पिछड़ने वालों में शामिल थे। अदाणी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स और एचडीएफसी बैंक प्रमुख लाभ में रहे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया और निर्णय की घोषणा शुक्रवार (7 फरवरी) को की जाएगी। बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि बिक्री और उत्पादन में धीमी वृद्धि के बीच भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधि जनवरी में दो वर्षों में सबसे धीमी गति से बढ़ी।

# मोटापे से पीड़ित 5 में से 2 भारतीय में अधिकांश को डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हाई कोलेस्ट्रॉल : एशिया पैसिफिक स्टडी ने बताया

**लखनऊ।** नोवो नॉर्डिस्क द्वारा अध्ययन से पता चला है कि भारत में हर तीन में से एक पीडब्ल्यूओ अपनी स्थिति की गंभीरता को नहीं समझता है और अक्सर खुद को केवल अधिक वजन वाला या सामान्य वजन वाला मानता है। यह मोटापे को लेकर फैली गलत धारणाओं और इसके प्रभावों के प्रति जागरूकता की कमी को दर्शाता है, जो इलाज में देरी और खराब स्वास्थ्य परिणामों को बढ़ाती है। अक्सर इस बात को नज़रअंदाज कर दिया जाता है कि मोटापा कई जटिलताओं से जुड़ा हुआ है, जो शरीर के हर हिस्से को प्रभावित करता है। इसमें शारीरिक, मेटाबॉलिक, हार्ट संबंधी, कैंसर, मानसिक और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं शामिल हैं। मोटापे से ग्रसित हर पांच में से दो व्यक्ति (पीडब्ल्यूओ) हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल और डायबिटीज जैसी परेशानियों से पीड़ित हैं।हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स (एचसीपी) की रिपोर्ट



के अनुसार, कई पीडब्ल्यूओ को 1 से 4 परेशानियां साथ होती है। जैसे हाई ब्लड प्रेशर (32%), हाई कोलेस्ट्रॉल (27%), ईटिंग डिसऑर्डर (23%) और हृदय संबंधी बीमारियां (19%)। यह इस तथ्य को मजबूत करता है कि मोटापा एक लंबी बीमारी है, जिसके लिए मेडिकल सलाह की आवश्यकता होती है।नोवो नॉर्डिस्क इंडिया की वाइस प्रेसिडेंट (क्लिनिकल, मेडिकल, रेगुलेटरी और फार्माकोविजिलेंस) डॉ. माया शर्मा ने इस मुद्दे पर बात करते हुए कहा, ÷मोटापे के प्रबंधन की दिशा में पहला कदम यह समझना है कि यह एक दीर्घकालिक बीमारी है। हमें पीडब्ल्यूओ को ऐसे उपकरण और संसाधन प्रदान करने की आवश्यकता है, जो न केवल उनका वजन कम करने में मदद करें, बल्कि लंबे समय तक उस वजन को बनाए रखने में भी सहायक हों।÷श्री विक्रांत श्रौतिया, कॉरपोरेट वाइस प्रेसिडेंट, नोवो नॉर्डिस्क इंडिया ने कहा, हालिया शोध ने भारत में मोटापे से पीड़ित लोगों द्वारा अनुभव की जाने वाली धारणाओं और चुनौतियों पर प्रकाश डाला है। बढ़ती जागरूकता के बावजूद, अभी भी कई बड़ी गलतफहमियां और बाधाएं हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। इसलिए, भारत में बढ़ती मोटापे की समस्या से निपटने के लिए सरकार की भागीदारी बहुत जरूरी है। मोटापा केवल एक व्यक्तिगत मुद्दा नहीं है, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता है। प्रभावी समाधान करने के लिए एक बहु-आयामी दृष्टिकोण आवश्यक है, जिसमें नीतिगत हस्तक्षेप, जागरूकता कार्यक्रम और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं के समाधान शामिल हों।

# भारत में सोने की मांग 2024 में 5त्न बढ़कर 802.8 टन हुई, 2025 के लिए डब्ल्यूजीसी का यह अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत में कुल सोने की मांग साल 2024 में 5 प्रतिशत से बढ़कर 802.8 टन हो गई है, जो कि साल 2023 में 761 टन थी। इसकी बड़ी वजह से आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत किए जाने, रिकॉर्ड उच्च सोने की कीमतें की वजह से निवेश मांग बढ़ना और शादियों तथा त्योहारों की वजह से भी खरीदारी बढ़ी है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने अपनी रिपोर्ट पेश कर बताया है कि भारत में सोने की मांग 2024 में 5 प्रतिशत बढ़कर 802.8 टन रही है और 2025 में 700-800 टन रहने का अनुमान है।

विश्व स्वर्ण परिषद के भारत के क्षेत्रीय सीईओ सचिन जैन ने कहा है कि भारत में सोने की मांग लगातार बनी हुई है। घरेलू बाजार में कुल सोने की मांग साल 2024 में 5 प्रतिशत से बढ़कर 802.8 टन हो गई है, जो कि साल 2023 में 761 टन थी। इसकी बड़ी वजह से आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत किए जाने, रिकॉर्ड उच्च सोने की कीमतें की वजह से निवेश मांग बढ़ना और शादियों तथा त्योहारों की वजह से भी खरीदारी बढ़ी है। उनका कहना है कि साल 2025 में सोने की मांग 700 से 800 टन के बीच रहने का हमारा अनुमान है। उम्मीद है कि शादी ब्याह से जुड़ी खरीदारी के कारण सोने के आभूषणों की मांग में सुधार देखने को मिलेगा, बशर्ते कीमतों में कुछ हद तक स्थिरता होनी आवश्यक है। इसके अलावा यह अनुमान है कि मजबूत सोने में निवेश की मांग का रूझान जारी रहेगा और रिटेल निवेशक गोल्ड ईटीएफ, डिजिटल गोल्ड, बार और सिक्को में निवेश को जारी रखेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार सोने की कीमतों में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बावजूद मात्रा के लिहाज से कुल आभूषणों की मांग 2024 में 2 प्रतिशत घटकर 563.4 टन रह गई,

# सचिन-जिगर के 'इश्क में' ने खुशी कपूर और इब्राहिम अली की पहली फिल्म नादानियाँ का माहौल तैयार किया

**नई दिल्ली।** इंतजार की घड़ियाँ समाप्त हुईं! इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म 'नादानियाँ' के बारे में चर्चाओं को थोड़ा आराम मिला, जब इसका पहला गाना 'इश्क में' रिलीज़ किया गया। इसमें उनके और खुशी कपूर के बीच रोमांस दिखाया गया है। डायरेक्टर शौना गौतम के निर्देशन में बनी यह पहली फिल्म है। इसका निर्माण करण जौहर, अपूर्वा मेहता और सोमेन मिश्रा ने किया है। इश्क में एक भावुक गीत है, जिसमें प्यार को अपने सबसे शुद्ध रूप में दिखाया गया है, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। इस ट्रैक को मशहूर संगीतकारों सचिन-जिगर ने कंपोज़ किया गया। इस गीत में अमिताभ भट्टाचार्य के शब्दों को प्रतिभाशाली गायक सचेत टंडन और असीस कौर ने अपनी आवाज में उतारा है। 'इश्क में' का अनावरण नेटफ्लिक्स ईवेंट, नेक्स्ट में किया गया, जिसमें इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर ने गीत पर परफॉर्म करके दर्शकों को मोहित कर दिया। इसके बाद करण जौहर ने फिल्म




नादानियाँ, फिल्म के संगीत आदि के बारे में जानकारी दी।

'इश्क में' प्यार का एक लहजा पेश करता है, जिसकी धुन लोगों के दिलों में उतर जाती है। इसकी कैमिस्ट्री यादगार है। इसलिए यह ट्रैक इस पीढ़ी का प्रेम गीत बन जाएगा। 'इश्क में' में इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की कैमिस्ट्री आपको एक बार फिर प्यार में विश्वास करना सिखा देगी। सपने देखने से लेकर हृदयस्पर्शी लम्हों तक, इस गीत में ओल्ड स्कूल रोमांस की वो सभी बातें हैं, जो हमारे दिल को छू लेती हैं, लेकिन इन्हें एक नए जैन-ज़ी के अंदाज में पेश किया गया है।

इस बेहतरीन शुरुआत के बारे में इब्राहिम अली खान ने कहा, ''नादानियाँ ने मेरे सपने को पूरा कर दिया। मैं खुद को बड़े पर्दे पर देखने और इस शानदार सफर का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूँ। मैंने जब से 'इश्क में' सुना है, तब से ही मैं मंत्रमुग्ध हो गया हूँ। इसका संगीत बहुत ही ज्यादा दिलकश है। इसमें एक ऐसा आकर्षण है, जिसमें मैं खो गया। इस बेहतरीन गीत को बनाने के लिए मैं पूरी टीम को धन्यवाद देता हूँ। मैं उस क्षण का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूँ, जब दर्शक इसे सुनकर उस ऊर्जा व जादू को महसूस करेंगे, जो हमने मिलकर बनाए हैं।''

सौंदर्य और शालीनता की प्रतिमूर्ति, खुशी कपूर ने कहा, ''इब्राहिम और मुझे 'इश्क में' बनाने में बहुत मजा आया। यह नादानियाँ एलबम के मेरे पसंदीदा ट्रैक्स में से एक है। यह सुनकर आप सपने देखना चाहेंगे, उन्हें महसूस करना चाहेंगे, और इसकी धुनों में डूब जाएंगे। हमें उम्मीद है कि यह दर्शकों को बहुत पसंद आएगा।''

# एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड ने एचएसबीसी फ़ाइनेंशियल सर्विसेज़ फ़ंड लॉन्च किया है

एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड ने आज एचएसबीसी फ़ाइनेंशियल सर्विसेज़ फ़ंड लांच करने की घोषणा की है, जो वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना है। नया फ़ंड ऑफ़र 6 फरवरी 2025 को खुलेगा और 20 फरवरी 2025 को बंद होगा। एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड के सीईओ कैलाश कुलकर्णी ने कहा 2047 तक भारत की जीडीपी के मौजूदा 3.4 ट्रिलियन डॉलर से 8.8 गुना बढ़कर 30 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है, और साथ ही वित्तीय क्षेत्र के इस जीडीपी के दो गुना बढ़ने की उम्मीद है ताकि विकसित भारत 2047 के विज़न को हासिल किया जा सके। इस तेज़ी से बढ़ते वित्तीय परिदृश्य में, हम नॉन-लेंडिंग क्षेत्र में काफी गहराई देख रहे हैं, जिसमें पूंजी बाजार, बीमा, डिपॉज़िट्स और मुद्रा प्रबंधन जैसे क्षेत्र शामिल हैं। टेक्नोलॉजी और निवेशकों की बदलती मानसिकता के कारण, वित्तीय इकोसिस्टम में बदलाव आया है। हमारे फ़ंड का लक्ष्य इन उभरती हुई विकास संभावनाओं का लाभ उठाना है।÷ वित्तीय सेवाओं का क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि और विकास में एक अहम भूमिका निभाता है। बढ़ती वित्तीय समावेशन, डिजिटलीकरण, और सहायक विनियामक नीतियों के साथ-साथ भारतीय परिवारों द्वारा अपनी बचत को वित्तीय परिसंपत्तियों में लगाने की प्रवृत्ति का मतलब है कि यह क्षेत्र विकास की राह पर है। एचएसबीसी फ़ाइनेंशियल सर्विसेज़ फ़ंड का लक्ष्य वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र के विकास के अवसरों और संभावनाओं का लाभ उठाना है। एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड के सीआईओ-इक्विटी, वेणुगोपाल मांघाट ने कहा, ÷हमारे निवेश दृष्टिकोण का लक्ष्य एक इक्विटी निवेश प्रक्रिया के माध्यम से लॉन्ग टर्म अल्फ़ा (यानी किसी निवेश का प्रदर्शन किसी निश्चित समयावधि में बाज़ार बेंचमार्क की तुलना में कैसा है) डिलीवर करना है, जिसमें उपयुक्त स्टॉक चयन, कंपनियों का गहन विश्लेषण और पोर्टफ़ोलियो निर्माण और निगरानी शामिल है। स्टॉक्स का चयन कई मानदंडों को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा, जिसमें व्यवसाय की बुनियादी बातें, उद्योग की संरचना, साथियों के बीच आपसी व्यावसायिक ताकत, प्रबंधन की गुणवत्ता, आर्थिक कारकों के प्रति संवेदनशीलता, कंपनी की वित्तीय ताकत, प्रमुख कमाई के मुख्य ड्राइवर और मूल्यांकन शामिल हैं।

इस फ़ंड का प्रबंधन गौतम भूपल, एसवीपी फ़ंड मैनेजमेंट इक्विटीज़, एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड, साथ ही एक टीम सदस्य द्वारा किया जाएगा, जिसे वित्तीय सेवा क्षेत्र में मिलने वाले अवसरों की गहराई का फ़ायदा उठाने में विशेषज्ञता है, जिससे निवेशकों को भारत की लंबी अवधि की विकास कहानी से फ़ायदा उठाने का अवसर मिलेगा। यह प्रोडक्ट उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है, जो लंबी अवधि में अपनी संपत्ति में वृद्धि करना चाहते हैं।इस योजना का उद्देश्य वित्तीय सेवाओं के व्यवसायों में लगी कंपनियों के इक्विटी और इक्विटी से संबंधित सिक्योरिटीज़ में मुख्य रूप से निवेश किए जाने वाले पोर्टफ़ोलियो से लंबी अवधि के लिए पूंजी लाभ प्राप्त करना है। इस मिक्स में पारंपरिक लेंडिंग सेगमेंट और नॉन-लेंडिंग सेगमेंट शामिल होंगे।

वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र की कंपनियों में शामिल हैं-

-बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान

-स्टॉक ब्रोकिंग और संबद्ध संस्थाएं, एसेट मैनेजमेंट कंपनियां, डिपॉज़िटरी, क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां, क्लियरिंग हाउस और अन्य मध्यवर्ती संस्थाएं

-वित्तीय प्रौद्योगिकी (फ़िनटेक), एक्सचेंज और डेटा प्लेटफ़ॉर्म्स

-निवेश बैंकिंग कंपनियां

-संपत्ति प्रबंधन संस्थाएं

-वित्तीय उत्पादों के वितरक

-बीमा कंपनियां - सामान्य, जीवन

-माइक्रोफ़ाइनेंस, हाउसिंग फ़ाइनेंस और भुगतान कंपनियां

# राजभवन फ्लावर शो, लखनऊ में पहली बार रामायण पर आधारित अनूठी इंद्रिय संवेदनात्मक प्रस्तुति



**लखनऊ।** प्रकृति और संस्कृति के प्रतिष्ठित उत्सव राजभवन फ्लावर शो में पहली बार एक अनूठी इंद्रिय संवेदनात्मक प्रस्तुति का आयोजन किया जा रहा है। रामालय फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत श्रिपद रामायण लक्ज़री अगरबत्ती संग्रह एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा, जिसमें सुगंध, पारंपरिक कला और कहानी का समावेश होगा, जिससे रामायण के पवित्र प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। 7 से 9 फरवरी तक राजभवन के मुख्य लॉन में स्थित हेरिटेज फ्लोरल आइलैंड एक आकर्षक और भावनात्मक रूप से समृद्ध प्रस्तुति का केंद्र होगा। इसमें मिथिला (मधुबनी) चित्रकला, जो माँ सीता की जन्मस्थली से प्रेरित है, के साथ-साथ एक विशेष लक्ज़री अगरबत्ती संग्रह प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे दर्शकों को प्रभु श्रीराम की दिव्य यात्रा का अनुभव मिलेगा–गुरुकुल शिक्षा, सीता स्वयंवर और रावण विजय जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों को दर्शाया जाएगा।रामायण को सुगंध के माध्यम से अनुभव करना, जिसमें मंदिरों, अनुष्ठानों और पवित्र स्थलों से प्रेरित सुगंधें होंगी, जो रामायण के विभिन्न प्रसंगों की भावनाओं को जागृत करेंगी।पारंपरिक कला से जुड़ाव, जहां मधुबनी चित्रकला रामायण के प्रमुख विषयों को दर्शाएगी, जिससे गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक समझ विकसित होगी।आध्यात्मिक और भावनात्मक जुड़ाव, जिसमें ध्यान, शक्ति, भक्ति और साहस का प्रतीक बनने वाली सुगंधें शामिल होंगी।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने एस्पायरिंग इंजीनियर्स के लिए पेश किया आकाश इनविक्टस द अल्टीमेट जेईई प्रिपरेशन प्रोग्राम

**लखनऊ।** परीक्षा की तैयारी में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गर्व के साथ आकाश इन्विक्टस का शुभारंभ किया है। यह जेईई की तैयारी के लिए एक अनूठा और अग्रणी एडवांस्ड प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उच्च-स्तरीय, व्यक्तिगत, एआई आधारित और परिणाम-केंद्रित कार्यक्रम आईटीटी या विदेशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी करने वाले छात्रों को सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है। आकाश इन्विक्टस लगभग 500 सबसे अच्छे जेईई शिक्षक एक साथ लाता है, जो एक लाख से ज्यादा छात्रों को आईआईटी में सफलता दिलाने में मदद कर चुके हैं। ये शिक्षक छात्रों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसका पाठ्यक्रम



अत्याधुनिक है और इसे उन छात्रों के लिए खास तौर पर डिज़ाइन किया गया है, जो टॉप आईआईटी रैंक हासिल करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। इस प्रोग्राम में फिजिटल लर्निंग और विशेष अध्ययन सामग्री शामिल हैं, जो जेईई एडवांस की सटीक, एआई-सक्षम और अनुकूली तैयारी को सुनिश्चित करते हैं।

इस प्रोग्राम में एक कम्प्रीहेंसिव रिविजन और टेस्टिंग मॉड्यूल शामिल है, जो जेईई (एडवान्स्ड) परीक्षा के फाइनल स्टेज़ से पहले टार्गेटेड प्रेपरेशन पर फोकस करता है। स्टूडेंट्स को स्पेशल कोर्स, डाउट-सॉल्विंग सेशन्स और उनके परफॉर्मेंस को मैक्सिमाइज करने के लिए ध्यान से डिज़ाइन की गई टेस्ट सीरीज़ का बेनिफिट मिलेगा। आकाश इन्विक्टस में छोटे बैच होंगे, जिससे छात्रों को अधिक व्यक्तिगत ध्यान मिल सके और उनकी हर जरूरत को सही तरीके से पूरा किया जा सके।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री दीपक मेहरोत्रा ने प्रोग्राम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, आकाश इन्विक्टस केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है; यह उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो शीर्ष आईआईटी रैंक हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं। ये प्रोग्राम दशकों के एक्सपीरियंस, एडवांस्ड टीचिंग मेथड्स और पर्सनलाइज्ड, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन एजुकेशन को टॉप-लेवल फैकल्टी के साथ जोड़ता है। पिछले कुछ वर्षों में, हमारे शिक्षकों ने लाखों छात्रों को शीर्ष आईआईटी में प्रवेश दिलाने में सफलता प्राप्त की है। अध्ययन सामग्री को पूरी तरह से नए तरीके से तैयार किया गया है, जिसमें संपूर्ण पाठ्यक्रम शामिल है और इसे उद्योग के सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञों ने विकसित किया है। हमें पूरा विश्वास है कि यह सर्वोत्तम है यदि आप बेहतर सामग्री तैयार कर सकते हैं, तो हम आपको पुरस्कृत करेंगे और हमारी टीम में आपका स्वागत करेंगे।

उन्होंने आगे कहा, कुछ महीने पहले शुरू हुए इस कार्यक्रम ने पहले ही 2500 से ज्यादा टॉप छात्रों को अपनी ओर आकर्षित किया है।

# एसयूडी लाइफ ने प्रस्तुत की नई योजना, एसयूडी लाइफ गारंटी रॉयल

**लखनऊ।** एसयूडी लाइफ ने एसयूडी लाइफ गारंटी रोयाल नामक एक नई बचत योजना लॉन्च की है, जो एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग व्यक्तिगत बचत योजना है। जिसे आपके और आपके प्रियजनों के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने और जीवन के महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है। एसयूडी लाइफ गारंटी रोयाल इस सपने को हकीकत में बदलने में मदद करता है, जिससे आप वित्तीय स्थिरता के साथ निश्चिंत होकर जीवन जी सकते हैं। एसयूडी लाइफ गारंटी रोयाल सिर्फ एक साधारण पॉलिसी नहीं, बल्कि एक सुविचारित योजना है, जो आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए गारंटीकृत एकमुश्त भुगतान और बचत के लाभों को जोड़ती है। यह गारंटीकृत परिपक्वता लाभ प्रदान करता है, जिसमें परिपक्वता पर बीमित राशि, साथ ही पॉलिसी अवधि के अंत में गारंटीकृत परिवर्धन और परिपक्वता लॉयल्टी परिवर्धन शामिल होते हैं।इसके अतिरिक्त, महिलाओं के लिए पहले वर्ष की वार्षिक प्रीमियम पर 5% विशेष छूट का लाभ भी दी गई है। इस प्लान को ऑनलाइन खरीदने की सुविधा इसे और अधिक सुलभ बनाती है। साथ ही, इसमें एनहांस्ड सम एश्योर्ड ऑन मैच्योरिटी और टैक्स बेनिफिट्स जैसी अतिरिक्त सुविधाएँ भी शामिल हैं।लॉन्च के अवसर पर एसयूडी लाइफ के एमडी और सीईओ, अभय तिवारी ने कहा,÷एसयूडी लाइफ गारंटी रोयाल को इस तरह से बनाया किया गया है कि यह बाजार में ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव के बावजूद गारंटीड लाभ प्रदान करता है। यह उन व्यक्तियों के लिए एक आदर्श विकल्प है जो एक विश्वसनीय बचत समाधान की तलाश में हैं।

# सांसद किशोरी लाल शर्मा ने संसद में उठाया जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार और कम्पनियों की मनमानी का मुद्दा

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जल जीवन मिशन के कार्यों में भ्रष्टाचार और निर्माण कम्पनियों की मनमानी से दुःख सांसद के एल शर्मा ने संसद में सवाल उठाया है। इसके पहले जिले में दिशा की बैठक में कार्यों की स्थलीय जांच के लिए जनप्रतिनिधियों की एक कमेटी भी गठित करा चुके हैं। कमेटी ने अभी तक कोई खास काम नहीं किया है।

जिले में जल जीवन मिशन के कार्यो को पूरा करने के लिए शासन की ओर से 31 दिसम्बर 2025 डेट लाइन तय की गई थी।डेटलाइन तक 50 फीसदी काम भी पूरा नहीं हो पाया। 31 मार्च तक के लिए समय सीमा बढ़ाई जा चुकी है। कार्यो की प्रगति संतोषजनक नहीं है। वेलस्पन कम्पनी को एक बार जुर्माना भी हो चुका है। सूत्रों का कहना है कि निर्माण कम्पनियों की ओर से अब भी मनमानी की जा रही है।अवर अभियंता और सहायक अभियंता परेशान हैं। अधिशासी अभियंता की ओर से जब



सख्त कार्रवाई के लिए नोटिस जारी की जाती है तो सत्ताधीशों के फोन आ जाते हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के क्रम में अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत अभियान को लेकर तमाम बातें कही गई लेकिन जो योजनाओं की हकीकत है वह दूसरी है। उन्होंने कहा कि जब हम क्षेत्र में जाते हैं तो देखते हैं कि नलों में पानी नहीं है। रायबरेली और अमेठी में दिशा की बैठक में यह बात सामने आई कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिन कंपनियों को ठेका दिया गया उन्होंने दूसरी कंपनी को दे दिया और फिर तीसरी कंपनी के पास काम चला गया। इससे सहज अनुमान

**31 दिसम्बर तक पचास फीसदी काम भी पूरा नहीं हुआ, कम्पनियों के सामने कमजोर साबित हो रहे अभियंता**

लगाया जा सकता है कि काम कैसा होगा? उन्होंने कहा कि अमेठी संसदीय क्षेत्र में तौलिया बनाने वाली कंपनी को जल जीवन मिशन का काम दे दिया गया है। इस कंपनी को 133 नग काम दिया गया था इसमें अभी तक सिर्फ 16 काम ही पूरा किया गया है।

कंपनी को डेढ़ साल में काम पूरा करना था लेकिन 3 साल बाद भी काम पूरा नहीं हुआ है। किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि इन कंपनियों के भ्रष्टाचार के खिलाफ जब जिले के अधिकारी लिखते हैं तो लखनऊ से कोई कार्रवाई नहीं होती है। इनको जाने किसका संरक्षण प्राप्त है? सांसद ने सुल्तानपुर में हुए एक्सईएन हत्याकांड का मामला भी उठाया और कहा कि एक ठेकेदार ने उनके सबोर्डिनेट से मिलकर एक ईमानदार अधिकारी की हत्या कर दी।

### तीन महीने में भी वापस नहीं लौटे कम्पनी के कर्मचारी

**भेंटुआ।** कमासिन गांव में जल निगम की पाइप लाइन डालने के बाद गड्ढों को खुला छोड़ कर गये कम्पनी के कर्मचारी तीन महीने बाद भी वापस नहीं लौटे हैं। गांव के रास्ते खराब हो गये है। यही स्थिति भादर विकास खंड की घोरहा ग्राम पंचायत में भी है। यहां पाइप लाइन डालने के बाद छः महीने बीत रहे हैं अभी तक वाटर सप्लाई नहीं शुरू हो पाई।

जिले में जलजीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 487 परियोजनाएं हैं। 85 परियोजनाओं के काम पूरा हो चुके हैं। 190 परियोजनाओं में हर घर जलापूर्ति की जा रही है। अधिकांश शिकायतें जलापूर्ति की व्यवस्था को लेकर आ रही हैं। रोड रिस्टोरेशन को लेकर शिकायतें लगभग शून्य हो गई हैं। अब तक पूर्ण शिरोपरि जलाशयों की संख्या 185 है। 94 फीसदी जल कनेक्शन किए जा चुके हैं।

# स्थानीय निकाय एवं नगरीय विकास अभिकरण के योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते डीएम

**कुशीनगर।** स्थानीय निकाय एवं नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के विभिन्न योजनाओं एवं प्राथमिकता वाले बिंदुओं पर आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में सम्पन्न की गई। बैठक दौरान गत बैठक के कार्यवाही की जानकारी लेने उपरांत नगर पंचायतवार 15वें वित्त में प्राप्त बजट एवं इसके सापेक्ष हुए कार्यो, प0 दीनदयाल उपाध्याय योजना,मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना,नगर विकास योजना, अमृत टाउन,पीएम स्व निधि,जन धन जीवन ज्योति, निर्माण कार्यों, कान्हा गौशाला निर्माण, पेय जल योजना, आर सीसी सड़क, नाली, के निर्माण कार्यों की जानकारी ली गई। नगर पालिका पडरौना में टाइड/अन टाइड फंड में प्राप्त बजट तथा अब तक हुए व्यय, तथा नगर विकास योजना के तहत कराए गए 4 कार्यों को पूर्ण होने तथा दमवतीया में इंटर लॉकिंग, सीसी रोड, नाली, पर चल रहे कार्यों, पडरौना में अंत्येष्टि स्थल निर्माण, बाउंड्रीवाल सहित अन्य चल रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इसी प्रकार 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत 28 कार्यों के टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने की जानकारी संबंधित द्वारा दी गई। टाइड के अंतर्गत बुढ़िया माता मंदिर, ओंकार कॉलोनी में सीसी रोड, नाला, रामलीला मैदान में सीसी रोड, नाला, अम्बे चौक, छावनी, रविंद्र नगर बुद्धा पार्क , विकास भवन, तिलक नगर, आंबेडकर नगर, जटहा रोड, चौहान नगर, जंगल बकुलहा में हो रहे विभिन्न कार्यों के पूर्ण हुए/चल रहे कार्यों की जानकारी अधि. अधिकारी द्वारा दी गई। समीक्षा बैठक दौरान न0पा0 के विस्तारित क्षेत्रों, सहित समस्त नए नगर पंचायतों का एक एक कर अधि0अधि0 न0पा0 कसया, हाटा, नगर पंचायत दुदही, मथौली, सेवरही, छितौनी, फाजिल नगर, विभिन्न योजनाओं अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने समस्त अधि0 अधिकारी को निर्देशित किया कि शासन के मंशा अनुरूप सभी लंबित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराते हुए यूसी भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने नए नगर पंचायतों के पंचायत भवनों का सदुपयोग करने सहित नगर एवं चौराहों को सौंदर्यीकरण संबंधित कार्य कराए जाने का निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त ईओ को निर्देशित किया कि वेंडर्स को हटाने का कार्य न करें उसे व्यवस्थित करें तथा नो जोन बनाएं। उन्होंने शहरी आवास से संबंधित गहन समीक्षा करते हुए प्रभारी अधिकारी डूडा को निर्देशित किया कि जिनको आवास की किस्त भेजी गई है फिर भी निर्माण नहीं हुआ है तो उसे निर्माण कराएं अन्यथा वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

# हाईकोर्ट के निर्देश पर बालीपुर डुहिया पहुंची प्रशासन की टीम

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** राजस्व गांव बालीपुर में दलित बस्ती के पास



जबरन कूड़ा घर बनवाना ग्राम प्रधान को मंहगा पड़ रहा है। हाईकोर्ट के निर्देश पर ए डी एम न्यायिक के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया और पीड़ित पक्ष से मामले की पूरी जानकारी ली। बालीपुर में जिला पंचायती राज विभाग की ओर से आवंटित धनराशि से कूड़ा घर का निर्माण हुआ है। ग्राम प्रधान ने लेखपाल की ओर से जमीन के लिए किए गए संशोधित प्रस्ताव को दर किनारे दलित बस्ती के पास जबरन कूड़ा घर और रास्ते में शौचालय का निर्माण करा दिया है। पीड़ित पक्ष राम बख्श और पिंकी कोरी ने तीन महीने तक तहसील और कलेक्ट्रेट की दौड़ लगाई और सम्पूर्ण समाधान दिवस में कई प्रार्थना पत्र दिए। आरोप है कि खंड विकास अधिकारी और एस डी एम ने सुविधा शुल्क लेकर पीड़ित की समस्या को दर किनार कर दिया और उसकी कोई सुनवाई नहीं की। ग्राम प्रधान ने डी एम का मौखिक आदेश बताकर विवादित स्थल पर ही कूड़ा घर का निर्माण करा दिया। मजबूर होकर पीड़ित राम बख्श कोरी ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और वाद दायर किया। मामले में सुनवाई शुरू हो गई है। ग्राम प्रधान की ओर से कूड़ा घर का निर्माण दलित बस्ती से 500 मी दूर कराने की बात की गई है। हाईकोर्ट ने डी एम से स्थलीय रिपोर्ट मांगी है। डी एम निशा अनंत के आदेश पर ए डी एम न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र और तत्कालीन तहसीलदार सूरज प्रताप के साथ प्रशासन की टीम ने स्थलीय जांच की और शाम को अपनी रिपोर्ट डीएम को प्रस्तुत की है। टीम के गांव में पहुंचने पर आसपास के प्रधान प्रतिनिधि भी गांव में मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा को 25 कार्यों और 684 ग्रामीण सड़कों की विशेष मरम्मत को शासन ने जारी की धनराशि

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिंहित ब्लैक स्पाट के सुधार तथा विभिन्न मार्गो पर सड़क सुरक्षा कार्यो के लिए शासन की ओर से उत्तर प्रदेश के एक दर्जन जिलों में लोक निर्माण विभाग को 25 कार्यों के लिए 34 करोड 41 लाख रू की धनराशि प्रदान की गई है। शासन ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में 684 ग्रामीण सम्पर्क मार्गों की विशेष मरम्मत के लिए दो अरब चालीस करोड़ तिरपन लाख दो हजार रुपए की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की है।इन सम्पर्क मार्गों की विशेष मरम्मत के लिए धनराशि राज्य सड़क निधि से दी गई है।

अमेठी, चित्रकूट, हमीरपुर, लखनऊ,मेरठ , वाराणसी, मिर्जापुर, आगरा, बांदा, बाराबंकी, मथुरा और झांसी जिलों में ब्लैक स्पाट सुधार और सड़क सुरक्षा कार्यों के लिए 34 करोड 41 लाख रू की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। अमेठी जनपद में जगदीशपुर, अठेहा,अझारा राजमार्ग के किमी 18 पर चिंहित ब्लैक स्पाट गोगमऊ में 22.92,लाख रुपए की लागत से सड़क सुरक्षा कार्य कराया जाएगा।

### उन्नीस ग्रामीण सम्पर्क मार्गों की मरम्मत को जारी हुई धनराशि

**अमेठी।** 31 जनवरी को राज्य सड़क निधि से विशेष मरम्मत के कार्यों के लिए लोक निर्माण खंड के अन्तर्गत 12 सड़कों की विशेष मरम्मत के लिए लगभग 42 करोड रूपये की धनराशि जारी की गई है। दोनों खंडों को लगभग 45.50 करोड रु की धनराशि जारी की गई है। प्रांतीय खंड के अन्तर्गत भादर पर सोइया रोड से नरहरपुर सम्पर्क मार्ग,मई सम्पर्क मार्ग, गोसाईं गंज-ताला से दरखाडीह सम्पर्क मार्ग, पूरब गांव सम्पर्क मार्ग, शिवगढ़ पलिया सम्पर्क मार्ग, जामों भादर मार्ग के किमी 41से कस्तूरीपुर सम्पर्क मार्ग और पूरे जहांन-बसहूं सम्पर्क मार्ग शामिल हैं।



**राज्य सड़क निधि से होगी सड़कों की विशेष मरम्मत**

**अमेठी में गोगमऊ में होगा ब्लैक स्पाट का सुधार**

> जिले में गोगमऊ के पास ब्लैक स्पाट के सुधार और स्वीकृत सड़कों की विशेष मरम्मत के लिए निविदा प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। चालू वित्तीय वर्ष में ही काम प्रारंभ करा दिए जायेंगे।
>
> **इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार**
> **अधिशासी अभियंता**
> **लोक निर्माण विभाग, अमेठी**

# नगर पालिका को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ स्वच्छता की रैंकिंग में सुंदर प्रदर्शन को आयोजित हुई कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नगर पालिका गौरीगंज को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ स्वच्छता की रैंकिंग में सुंदर प्रदर्शन के लिए बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कार्मिकों को स्वच्छता सर्वेक्षण के बारे में प्रशिक्षित किया गया। अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता एवं नगर पालिका परिषद गौरीगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक सिंह ने अपने संबोधन में सभी कर्मचारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को सफल बनाने के लिए टीम वर्क और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि नगर पालिका का लक्ष्य न केवल स्वच्छता रैंकिंग में अच्छा प्रदर्शन करना है बल्कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना भी है। जनपद अमेठी के डीपीएम सूर्य प्रताप ने स्वच्छता सर्वेक्षण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुए कचरे के प्रकार एवं विभिन्न प्रकार के डस्टबिनों के महत्व को भी रेखांकित किया। कार्यालय परिसर में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने



स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक सुना और अपनी जिम्मेदारियों को प्रभावी रूप से निभाने की प्रतिबद्धता जताई। नगर पालिका परिषद गौरीगंज ने इस कार्यशाला के माध्यम से स्वच्छता अभियान को नई दिशा देने की पहल की जिससे नगर को एक स्वच्छ स्वस्थ और हरित शहर बनाया जा सके। इस हेतु कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# ट्राला के चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला की मौत

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** रामकोला थाना क्षेत्र के सिगहा रामकोला मार्ग पर स्थित एक स्कूल के पास भीषण सड़क हादसे में एक स्कूटी सवार महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसके दो मासूम बच्चे सुरक्षित बच गए। बताया जा रहा है कि घटना की महिला गोरखपुर जा रही थीं, अपने दो बच्चों के साथ स्कूटी चला रही थीं। उसी दौरान एक ट्रैक्टर ट्राला अचानक ठोकर से दोबारा ऊपर चढ़ा और जोरदार टक्कर से महिला से टकरा गया। इस भीषण टक्कर से महिला को गंभीर चोटें आई और वह मौके पर ही गई। मृतका शोभा पटेल पत्नी सुरेंद्र पटेल ग्राम नौरंगिया की निवासी है, उनके परिवार के सदस्यों ने इस हादसा को जानबुझ कर करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। उधर आक्रोशित लोगों ने अधिकारियों से सड़क नियमों का कड़ाई से पालन कराने का अपील किया है।

## ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**देवरिया।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने बताया कि मत्स्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न उप-योजनाओं का लाभ जनसामान्य को प्रदान करने हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, तथा आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। योजना से संबंधित परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक संलग्न अभिलेख एवं विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, आवेदक अधिक जानकारी के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण, विकास भवन, देवरिया में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया में सहायता के लिए जनपदीय अधिकारी के मोबाइल नंबर 9026704674, क्षेत्रीय प्रभारी तहसील देवरिया सदर एवं बरहज के मोबाइल नंबर 7318209819 तथा क्षेत्रीय प्रभारी सलेमपुर, रुद्रपुर एवं भाटपार रानी के मोबाइल नंबर 9415101051 पर भी संपर्क किया।

# प्रदेश स्तरीय जनसुनवाई रैंकिंग में तहसील देवरिया सदर को मिला प्रथम स्थान

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जनपद देवरिया की तहसील देवरिया सदर का प्रदेश में जनसूनवाई से सम्बन्धित सन्दर्भो का माह-जनवरी में शतप्रतिशत निस्तारण के फलस्वरूप प्रदेश में नंबर-1 की रैंकिंग प्राप्त हुयी है, साथ ही राजस्व विभाग के अन्य कार्यो एग्री स्टैग, वरासत, आय, जाति, निवास आदि में अच्छा कार्य करने के लिए तहसील सभागार में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में उक्त उपलब्धि के सहायक बने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर उप जिलाधिकारी देवरिया विपिन कुमार द्विवेदी द्वारा सम्मानित किया गया।

सम्मान पाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों में नवीन निश्चल त्रिपाठी, रत्नेश, गंगाराम, नायब तहसीलदारगण, राधेश्याम सिंह, नागेश पति त्रिपाठी, रामा प्रसाद, रामप्रवेश गुप्ता, शिरोमणि





सिंह, शैलेश, राजस्व निरीक्षकगण एवं दीप्ति मिश्रा, पूर्णिमा मिश्रा, सूर्य प्रताप चक्रवर्ती, आदर्श पाण्डेय, ज्ञान प्रकाश सिंह, रवि अग्रवाल, राजीव कुमार, हरिकेश गुप्ता, विकास मणि त्रिपाठी, पवन कुमार यादव, अरविन्द यादव, अजय मद्धेशिया, अंगद कुशवाहा, एहतेशाम आलम, हरेन्द्र कुशवाहा, दीपिका कुशवाहा, ऋचा चौरसिया, शिवानन्द यादव, राममनोहर, रामनरेश, भालेन्दू सिंह, कृष्णानन्द सिंह आदि सभी लेखपालगण एवं साहिल अहमद खान, राहुल यादव, कम्प्यूटर ऑपरेटर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी विपिन कुमार द्विवेदी एवं तहसीलदार कृष्ण कुमार मिश्र द्वारा साथ-साथ तहसील में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस आशातीत उपलब्धि के लिए धन्यवाद दिया एवं अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुये भविष्य में इसी कर्मठता के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य करने एवं निरंतर इसी तरह की उपलब्धि प्राप्त किये जाने के लिए प्रेरित किया।

# वार्षिकोत्सव में कस्तूरबा विद्यालय के छात्रों ने बिखेरा जलवा



**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मोतीचक में शारदा योजना के तहत बुधवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर विद्यालय की वार्डेन रूबी गुप्ता द्वारा माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात ममता भारती, प्रिया शर्मा, नगमा खातून, साजिया, अनुष्का, सनम, अंजलि, सोनाली आदि छात्राओं द्वारा दहेज प्रथा पर नाटक, बाल विवाह, बालिका शिक्षा पर आधारित गीत सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अभिभावक माता-पिता ने अपने बच्चों के कार्यक्रम प्रस्तुत देख प्रफुल्लित हुए। इस मौके पर विद्यालय की वार्डेन रूबी गुप्ता ने कहा कि वार्षिकोत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चियों को प्रोत्साहित करना जिससे वे समाज की मुख्य धारा में आ सके और समाज के विकास में अपना योगदान दे सकें। आगे कहा कि बेटियों को शिक्षित किए बगैर समाज के समग्र विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। सभी लोगों ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान श्वेता चौधरी, अखिलेश मिश्रा, श्वेता विश्वकर्मा, जमशेद आलम, लेखाकार श्याम बिहारी, रमेश यादव, नरेंद्र श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## महिला से झपट्टा मारकर पर्स छीनने वाला गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय पुलिस टीम



ने बुधवार को छिनैती के पर्स के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। बीते 3 फरवरी 2025 को एक महिला ने प्रार्थना पत्र दी थी कि अज्ञात बाइक सवार व्यक्तियों द्वारा बगरा देउर मार्ग पर टावर के समीप झपट्टा मार कर पर्स छिन लिया गया जिसमें कुछ सामान व रुपए थे। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने थाना स्थानीय पर मुकदमा कर अभियुक्त की तलाश में जुटी हुई थी। छीनैती की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त विनय पासवान पुत्र रामसमुझ पासवान निवासी उजरी पट्टी थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से छिनैती का पर्स व उसमें पर्स में रखा सामान और 520 रूपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद बुलेट मोटर साइकिल बरामद किया करने में सफलता प्राप्त की। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर उपरोक्त मुकदमे में धारा 317 (2) भारतीय न्याय सहिंता की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुट गई। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक शुभम कुमार भार्गव, हेड कांस्टेबल रामनिवास भार्गव, कांस्टेबल सुनील कुमार, केशव चौहान शामिल रहे।

## चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार कस्बे में हो रही लूट, छिनैती की घटनाओं को रोकने में नाकाम

**लालगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार कस्बे में कानून व्यवस्था बनाये रखने में नाकाम साबित हो रहे है। ताबड़तोड हो रही छिनैती व लूट की घटनाओं से आमजनमानस में भय व्याप्त है। तीन दिनो से हो रही लगातार घटनायें चैकी इंजार्च की कार्यशैली पर सवालियां निशान लगा रही है। खीरो थाना क्षेत्र के बीजेमऊ गांव निवासिनी सुधा शुक्ला ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि वह गांधी चैराहे पर सेमरी जाने के लिये खड़ी थी तभी एक चार पहिया वाहन सवार आया जिसके साथ चलने के लिये तैयार हुई। इसी बीच ड्राईवर ने उसे बातो मे उलझाकर सोने की बालियां उतारकर बैग में रखने के लिये कहा। जिसके बाद सुधा ने अपनी बालियां उताकर उसके दिये गये लिफाफे में डालकर अपनी बैग के अंदर रख लिया। जिसके बाद वह घर पहुंची तो वहां उसने देखा कि उसका लिफाफा खाली है तब उसे अपने साथ हुई ठगी का आभास हुआ। पीडिता ने पुलिस से गांधी चैराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरो की मदद से आरोपी ड्राईवर को पकडने की गुहार लगाई है। उल्लेखनीय है कि रविवार को ससुर के साथ जा रही महिला के गले से लुटेरो ने जीवनदीन सिनेमा के पास से सोने की चेन व मंगलसूत्र छीन लिया था। जबकि सोमवार को करूणा बाजार चैराहे के पास बनी पुलिस चैकी से मात्र 10 मीटर की दूरी पर ही रिक्से से जा रही महिला के गले से लुटेरो ने सोने की चेन छीन ली थी। उक्त तीनो घटनायें चैकी इंजार्च की कार्यशैली पर प्रश्नचिंह लगा रही है। व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने उक्त घटनाओं के जल्द से जल्द खुलासे की मांग की है।

## वृद्ध की मौत मामले में पूरे परिवार को भेजा जेल

**लालगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** गौरा रूपई गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट के बाद वृद्ध केशन की मौत के मामले में पुलिस ने आखिरकार आरोपी पूरे परिवार को जेल भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में दर्ज मुकदमें में गैर इरादतन हत्या की धाराओं को बढाते हुए आरोपी अशोक कुमार, पत्नी केशना, पुत्र सचिन व पुत्री शिवानी तथा सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि गौरा रूपई में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षो में खूनी संघर्ष हो गया था। जिसमें घायल केशन की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना को लेकर क्षेत्रीय दारोगा भारत सिह पर परिजनो ने गंभीर आरोप लगाते हुए आरोपियो को जेल भेजे जाने तक शव के दाह संस्कार से इंकार कर दिया था। दो दिनो तक चली कशमकश के बाद आखिरकार पुलिस ने आरोपी परिजनो को जेल भेज दिया। लेकिन आरोपी दारोगा के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई न होने से परिजनो में आक्रोश है।

## बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु सेल्फ एस्टीम प्रशिक्षण





**भटनी अवधनामा संवाददाता।** देवरिया में स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत सेल्फ एस्टीम मीना मंच जीवन कौशल, पावर एंजल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने हेतु विकास क्षेत्र भटनी के उच्च प्राथमिक विद्यालय, कंपोजिट विद्यालय व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की मीना सुगमकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस तरह से बी.आर.सी. भटनी में सभी सुगमकर्ताओं का प्रशिक्षण पूर्ण हो गया है।प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी पहुंचकर प्रशिक्षण की बारीकियों को समझे और सभी प्रतिभागियों से परिचर्चा की।प्रशिक्षण में प्रगति के पंख, आधा फुल कॉमिक सीरीज, अरमान माड्यूल, सेल्फ डिफेंस आदि विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार पूर्वक परिचर्चा हुई। इस दौरान मीना मंच का गठन आत्मरक्षा क्लब सुगमकर्ता के कार्य पर भी विस्तार से चर्चा हुई।प्रशिक्षण के उपरांत सभी सुगमकर्ता अपने-अपने विद्यालयों में बच्चों के सशक्तिकरण हेतु कार्य करेंगे। प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर नीलम सिंह एवं प्रियंका राय के द्वारा प्रदान किया गया। इसके अंतर्गत समस्त यूपीएस कंपोजिट और कस्तूरबा विद्यालय के सुगमकर्ता प्रशिक्षित किए गए। प्रशिक्षण के दौरान समस्त सुगमकर्ताओं का भरपूर सहयोग रहा। नीतू यादव, नीतू राय, विनीता तिवारी, निर्मला कुशवाहा, उपेंद्र शर्मा, संदीप कुमार, धनंजय भारती इत्यादि सुगमकर्ताओं ने प्रशिक्षण को सफल बनाने हेतु अपने - अपने विचारों एवं अनुभव से भरपूर सहयोग किया।प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग सीमेट प्रयागराज के द्वारा की गई है। उक्त प्रशिक्षण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव के दिशा निर्देश में एवं खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार यादव एवं जिला समन्वयक बालिका शिक्षा डा.आलोक पाण्डेय के नेतृत्व में संचालित हुआ साथ ही उत्साहवर्धन हेतु सुगमकर्ताओं को प्रशस्तिपत्र भी वितरित किया गया।

## बंजर की जमीन को प्रशासन द्वारा कराया गया खाली

**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के पड़ीरा कला गांव में ग्राम समाज की सुरक्षित जमीन पर किए गए कब्जे को उप जिलाधिकारी के निर्देशन पर पुलिस बल व राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर गेहूं की खड़ी फसल को जुतवा दिया है। बताते चलें कि उपजिलाधिकारी सचिन यादव के निर्देशन पर राजस्व निरीक्षक उमेश कुमार दीक्षित व राजस्व निरीक्षक अजय चौधरी की अगुवाई में हल्का लेखपाल दर्शिता श्रीवास्तव, विकास कुशवाहा, अवनेंद्र कुमार, प्रिया सिंह व भारी पुलिस बल की मौजूदगी में तहसील क्षेत्र के पड़ीरा कला गांव में तीन बीघे ग्राम समाज की सुरक्षित जमीन पर बोई गई गेहूं की फसल को जुतवा दिया गया, ग्रामीणों द्वारा उप जिलाधिकारी महराजगंज को लिखित शिकायत करते हुए बताया था की गाटा संख्या 697, 678, 1036 जो राजस्व अभिलेखों में बंजर भूमि दर्ज है। जिस पर कब्जेदार दल बहादुर सिंह व राम आसरे का विगत कई वर्षों से तीन बीघे सुरक्षित जमीन पर अवैध कब्जा बना हुआ था। शिकायती पत्र मिलने पर मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने राजस्व व पुलिस विभाग की टीम गठित कर जमीन को खाली करवाने के निर्देश दिए थे जिस पर आज टीम ने कार्यवाही करते हुए सुरक्षित जमीन को खाली करा दिया।

# बिल में माध्यमिक शिक्षकों के वेतन 10 प्रतिशत धनराशि की कटौती

अवधनामा संवाददाता

**लालगंज, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश शासन ने एहसास की माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षको व कर्मचारियों के वेतन से 10 प्रतिशत काटी गई धनराशि के साथ 14 प्रतिशत राजकीय अंशदान की धनराशि को वेतन बिल के साथ ही एनपीएस के अंतर्गत संबंधी बिल कोर्स घर में लगाए जाने का आदेश शिक्षा निदेशक माध्यमिक ने दिया है । इस संबंध में या अवगत कराना है कि 1 अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त एहसास किया माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक हुआ शिक्षक उत्तर कर्मचारियों हेतु नई पेंशन योजना एनपीएस लागू है।

प्रारंभ में शिक्षकों का शिक्षक उत्तर कर्मचारियों के प्रति मन के वेतन से 10 प्रतिशत धनराज की कटौती कर तथा 10 प्रतिशत राजकीय अंशदान ने सम्मिलित करते हुए उनके प्राण खाते में धनराशि स्थानांतरित किए जाने की व्यवस्था थी तथा वर्तमान में इन्हें प्रतिमा के वेतन से 10 प्रतिशत धनराज की कटौती कर तथा 14 प्रतिशत राजकीय अंशदान को सम्मिलित करते हुए उनके प्राण खाते में धनराशि स्थानांतरित किए जाने की व्यवस्था प्रख्यात है। इस संबंध में शिक्षकों के साथ-साथ उनके संगठनों द्वारा या मांग की जा रही है कि जिला स्तर से उनके वेतन से जो धनराशि की कटौती की जाती है तथा राजकीय अंशदान के धनराशि को सम्मिलित करते हुए कुल धनराशि समय से उनके प्राण खातों में स्थानांतरित नहीं की जाती है।

इस संबंध में कई बार निदेशालय द्वारा जनपदों में निर्देशित भी किया गया। किंतु वर्तमान में भी सत प्रतिशत जनपदों में उनके प्राण खातों में अध्ययन धनराशि प्रदर्शित नहीं हो रही है इस संबंध में शिक्षा निदेशक माध्यमिक द्वारा 3 फरवरी 2025 को जारी आदेश में निर्देशित किया गया कि शिक्षकों के प्रतिमा वेतन बिल के साथ ही उनके वेतन से 10 प्रतिशत धनराज की कटौती तथा 14 प्रतिशत राजकीय अंशदान की धनराशि का बिल भी कोषागार में समय से प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए। इस संबंध में शिक्षा निदेशक ने कठोरता से आदेश का अनुपालन के निर्देश दिए हैं अन्यथा स्थिति में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियम अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# उप निर्वाचन के लिए प्रशिक्षित किये गये आर.ओ. व ए.आर.ओ.

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में त्रि-स्तरीय पंचायत के रिक्त पदों पर होने वाले उप निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से मंगलवार को देर शाम कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग आफिसर्स को निर्देश दिया कि निर्वाचन की सार्वजनिक सूचना का ग्राम प्रचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उप निर्वाचन के सम्बन्ध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर तद्नुसार निर्वाचन की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं।

डीएम ने सभी निर्वाचन अधिकारियों व सहायक निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया कि नामांकन पत्रों की बिक्री, नामांकन से सम्बन्धित आवश्यकत सूचनाएं, नाम निर्देशन पत्रों को प्राप्त करने, नाम निर्देशन पत्रों की जांच इत्यादि में राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशी की उम्र की अर्हता/अनर्हता के निर्धारण का सुसंगत दिनांक, नामांकन पत्रों की जांच का दिनांक होगा।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान उप निर्वाचन के लिए निर्गत समय सारिणी की जानकारी देते हुए बताया गया कि नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की अन्तिम तिथि 08 फरवरी 2025 (पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक) होगी, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का 10 फरवरी 2025 (पूर्वान्ह 10:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक), उम्मीदवारी वापस लेने की तिथि 11 फरवरी 2025 (पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक) तथा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक प्रतीक आवंटन किया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### त्यौहारों के मद्देनज़र धारा 163 लागू

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने बताया कि जनपद की शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु वर्तमान समय में माह फरवरी में हाईस्कूल-इण्टरमीडियेट की परीक्षाएँ दिनांक 02 फरवरी को बंसत पंचमी दिनांक 12 फरवरी को रविदास जयंती, दिनांक 14 फरवरी को शब्ब-ए-बरात, दिनांक 26 फरवरी को महाशिवरात्रि, दिनांक 13 मार्च को होलिका दहन, दिनांक 14 मार्च एवं 15 मार्च को होली तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षायें-पर्व आयोजित किये जायेंगे, इन सभी अवसरो पर अवांछनीय, कट्टरपन्थी अथवा असामाजित तत्व सक्रिय होकर जनपद के लोक शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द को प्रभावित कर सकतें हैं। उपरोक्त त्यौहारो को दृष्टिगत रखते हुये जनपद में 30 जनवरी 2025 से 29 मार्च 2025 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंत 2023 की धारा 163 लागू होगी।

### एमएस स्कूल में कैंसर के प्रति जागरूक किया




**टूंडला।** नगर के एम एस स्कूल में पुष्पा फाउंडेशन आगरा के तत्वाधान में विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल प्रिंसिपल संजीव चार्ल्स तिवारी ने विद्यार्थियों को कैंसर के बारे जागरूक किया। उन्होंने बताया कि विश्व कैंसर दिवस एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है जो कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने,इसकी रोकथाम को प्रोत्साहित करने और वैश्विक कैंसर महामारी से निपटने के लिए कार्रवाई करने के लिए हर साल 4 फरवरी को मनाया जाता है। इस दिवस का नेतृत्व यूआईसीसी द्वारा किया जाता है तथा इसकी स्थापना वर्ष 2000 में हुई थी।विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कैंसर दुनिया भर में मौत का एक प्रमुख कारण है। यदि शुरुआती चरण में ही इसका पता चल जाए तो कई तरह के कैंसर का इलाज संभव है। विश्व कैंसर दिवस का उद्देश्य इस जानलेवा बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाना है और इसका समय रहते पता लगाने और जांच के महत्व पर जोर देना है। इसके साथ ही उन्होंने कैंसर की रोकथाम के लिए सही खान पान और नशे से दूर रहने के बारे में बताया इस अवसर पर एस सी तिवारी जे के दीक्षित आर एन मिश्रा समीर भारती अरुण राघव अरुण कुमार गौरव मिश्रा प्रफुल्ल मोहित और अन्य सभी स्कूल टीचर्स छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### सुदिति ग्लोबल अकादमी में प्रतियोगिता का आयोजन



**टूंडला।** सुदिति ग्लोबल अकादमी फिरोजाबाद रोड में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती पर द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे जलेबी प्रतियोगिता, नेल पेंट प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, पासिंग बॉल, 12 वी के छात्र छात्राओं ने रैंप वॉक किया। इसमें मिस फेयरवेल के रूप में साक्षी यादव 12-डी मिस्टर फेयरवेल इवांश झा 12-बी चुने गए विजेताओं को ताज पहनाकर सम्मानित किया। स्कूल प्रांगण में आयोजित समारोह में विद्यालय संरक्षक किताब सिंह यादव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय प्रधानाचार्य कमल कौशिक ने बच्चों को एकाग्रता, धैर्य और सतत प्रयास से नियमित स्वाध्ययन करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में फ़ैज़ अहमद, हिमांशु राजोरिया, आशीष श्रीवास्तव, पियूष चौहान, रवि कुमार, अंकित पाल सिंह, आकाश वर्मा, आशीष शुक्ला, आरती वर्मा, कोमल, गीता, रोशनी, विनीशा, आदि का सहयोग रहा।

### योगी सरकार के सफाई अभियान को आइना दिखा रहा कूड़े का अंबार

**सुल्तानपुर।** नगर क्षेत्र में नगर पालिका परिषद सफाई अभियान के लाख दावे कर ले लेकिन स्थलीय हकीकत देखकर आप चौंक जाएंगे।सफाई अभियान में करोड़ों खर्च करने के बावजूद नगर पालिका परिषद योगी सरकार की आंख में धूल झोंकने के लिए तैयार है। दीवारों पर रंग रोगन कर आकर्षक तस्वीरें दिखाकर भले ही वाहवाही बटोर ले पर हकीकत इससे अलग है। पालिका के अफसरो की माने तो डोर टू डोर कूड़ा लेने का काम बखूबी संपन्न कराया जा रहा है पर वार्ड नंबर 12 राइन नगर का दौरा कर ले तो आपको पता चलेगा कि यहां के नाले की स्थिति अत्यंत गंभीर है। सड़क के किनारे कूड़े का अंबार लगा हुआ है। साफ सफाई सिर्फ कागजों पर हो रही है।

वीडियो वायरल होने के बाद जहां नाले की सफाई का काम संपन्न कराया गया वहीं मोहल्ले वाले बताते हैं कि नाले के किनारे रहने वाले परिवारों ने नालों को ही कूड़ा स्थल बना लिया है वह अपने घरों की छत से लगातार नालों में कूड़ा डाल रहे हैं जिससे नाला जाम की स्थिति में पहुंच जाता है।

### बाइक सवार की दुर्घटना में हुई मौत ये

**सुल्तानपुर, कूरेभार।** थाना क्षेत्र के दखिनवारा गांव के पास युवक का शव संदिग्ध हालत में बरामद होने से मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया।लोगों ने हत्या की आशंका व्यक्त की। घटना स्थल से कुछ दूरी पर मृतक की बाइक भी बरामद हुई है। सूचना पाकर थानाध्यक्ष कूरेभार ने पुलिस टीम के साथ मौक पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की।युवक का शव बरामद होने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई।मौके ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक टीम को बुलाया। थानाध्यक्ष शारदेंदु द्विवेदी बोले, बाईक सवार की संभवतः पेड़ से टकरा जाने से हुए हादसे में प्रथम दृष्टया मौत होना प्रतीत हो रही है। डेड बॉडी के पोस्टमार्टम के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# तीन दशक से दो किमी लंबी सड़क को मरम्मत का इंतजार

अवधनामा संवाददाता

- ग्राम सभा सेंदुरी के सनईभार संपर्क मार्ग का हाल
- उखड़ी सड़क के साथ ही पुलिया भी टूटी, आवागमन बना मुश्किल

**अलीगंज, सुल्तानपुर।** जिले के विधानसभा इसौली क्षेत्र अलीगंज बाजार के निकट अलीगंज- चंदौकी संपर्क मार्ग से निकल कर सेंदुरी ग्राम सभा की सनईभार गाँव को जाने वाली सड़क का हाल बेहाल है। लगभग दो किमी लंबी सड़क का निर्माण तीन दशक पहले ऊसर सुधार निगम ने कराया था। तब से आज तक इस सड़क की मरम्मत या पुर्ननिर्माण के लिए किसी भी विभाग ने पहल नहीं की। ऊसर सुधार की योजना विकास खंड कुड़वार में कई साल पहले ही बंद हो चुकी है।सनईभार संपर्क मार्ग के निर्माण के बाद यह सड़क लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित हो जानी चाहिए थी। लेकिन इस सड़क को लोक निर्माण विभाग में हस्तांतरित कराने के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि ने पहल नहीं किया । ऊंचगांव ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व जिला पंचायत प्रत्याशी राघवेन्द्र प्रकाश द्विवेदी, कृष्णानंद शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि सरैया पूरे विषेन मनोज कुमार तिवारी, रईस अहमद प्रधान सेंदुरी, दीनानाथ शुक्ला, राम नारायण तिवारी, राधेश्याम तिवारी, गुड्डू यादव आदि ने बताया कि इस सड़क के निर्माण के लिए कई बार पूर्व सांसद मेनका गांधी, वरुण गांधी के अलावा एमएलसी शैलेन्द्र सिंह आदि लोगो से पत्राचार किया गया,लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर भी इस सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग से करवाने के लिए शिकायत की है।उक्त सम्बन्ध में क्षेत्रीय विधायक ताहिर खान ने बताया कि जल्द सड़क निर्माण का प्रयास किया जाएगा।सनईभार संपर्क मार्ग का निर्माण करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। इसके लिए विधान सभा के आगामी सत्र में भी यह मुद्दा उठाकर सड़क को लोक निर्माण विभाग में हस्तांतरित कराया जाएगा।





## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**कुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

### दिनांक 06.02.2025 (बृहस्पतिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04662 | अमृतसर | 20:10 | फाफामऊ जं. | 19:00 | ब्यास, जालंधर सिटी, ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, देवबंद, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी, हापुड, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ और रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04408 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड, गढ़मुक्तेसर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं. और रायबरेली जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा, गोविन्दपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 04145 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 09:30 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 05077 | अयोध्या धाम जं. | 00:45 | गोण्डा जं. | 03:30 | रामघाट हॉल्ट, कटरा, नवाबगंज गोंडा, टिकरी, मनकापुर जं., झिलाही, मोतीगंज और बरुआ चक स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 01661 | रानी कमलापति (भोपाल) | 11:10 | बनारस | 10:15 | मंडी दीप, ओबेदुल्ला गंज, बुदनी, नर्मदापुरम, इटारसी जं., सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदन महल, जबलपुर, देवरी, सिहोरा रोड, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार स्टेशन |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी, चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं., ठाणे और दादर स्टेशन |
| 01455 | पुणे जं. | 10:10 | मऊ जं. | 22:00 | दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., तलवाड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी, शाहगंज जं. और आजमगढ़ स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बरहरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 05268 | झूँसी जं. | 12:00 | मुज़फ़्फ़रपुर जं | 04:50 | वाराणसी जं., औंड़िहार जं., मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, चकिया, मेहसी और मोतीपुर स्टेशन |
| 04494 | आनन्द विहार ट. | 23:55 | पटना जं. | 18:15 | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं. एवं दानापुर स्टेशन |
| 01032 | बनारस | 10:00 | लोकमान्य तिलक ट. | 16:40 | चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., भुसावल जं., जलगांव जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं. एवं ठाणे स्टेशन |
| 01664 | गाजीपुर सिटी | 13:00 | रानी कमलापति (भोपाल) | 11:40 | जौनपुर जं., वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, बनखेड़ी, पिपरिया, इटारसी जं., नर्मदापुरम एवं ओबेदुल्ला गंज स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 04438 | आनन्द विहार (ट.) (वाया प्रयागराज जं.) | 08:20 | भुवनेश्वर | 13:05 | कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., सासाराम, डेहरी ऑनसोन, गया जं., पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमा, बोकारो स्टील सिटी, पुरुलिया जं., टाटानगर जं., बालेश्वर, भद्रक एवं कटक स्टेशन |

### दिनांक 07.02.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04601 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कप्तान तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अम्बाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन। |
| 04407 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टुण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं.,, फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं., आगरा फोर्ट, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 01662 | बनारस | 14:45 | रानी कमलापति (भोपाल) | 11:30 | चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, सिहोरा रोड, देवरी, जबलपुर, मदन महल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा, पिपरिया, सोहागपुर, इटारसी जं., नर्मदापुरम, बुदनी, ओबेदुल्ला गंज एवं मन्डीदीप स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, मुंगावली, बीना मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 01456 | मऊ जं. | 23:50 | पुणे जं. | 15:45 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा, भुसावल जं., जलगाँव जं., मनमाड जं., बेलापुर, अहमदनगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्रनगर (ट), बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 07084 | आज़मगढ़ | 19:45 | मचिलीपट्णम | 09:00 | शाहगंज जं., वाराणसी जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बैतूल, नागपुर जं., चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामगुंडम, वरंगल, खम्मम एवं विजयवाड़ा जं. स्टेशन |
| 08587 | गोरखपुर जं. | 17:45 | विशाखपट्टणम | 15:55 | देवरिया सदर, मऊ जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी,,मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर जं., पेन्ड्रा रोड, बिलासपुर जं., चाँपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा रोड, सम्बलपुर सिटी, रेढ़ाखोल, बोइण्डा, अनुगुल, ढेंकानाल, नराज मार्थापुर, भुवनेश्वर, खोरधा रोड जं., बालुगाँव, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम रोड एवं विजयनगरम जं. स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# प्रतिदिन 5 से 7 शिकायतों का निस्तारण करना आवश्यक है: डीएम



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में आइजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई, जिसमें उन्होंने बताया गया है कि आईजीआरएस में फरवरी 2025 में बदलाव आए हैं, जिससे स्कोर और जनपद की रैंक पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि संतोषजनक फीडबैक की संख्या को बढ़ाया जाए। उन्होंने बताया कि विभागीय सम्बन्धित शिकायतों का जिम्मेदार कार्यालय अध्यक्ष होगा, उन्होंने बताया की विभाग से संबंधित जो भी शिकायतें आएंगी उनका निस्तारण विभागाध्यक्ष द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए, एवं आवेदक की शिकायतों के निस्तारण के संबंध में विभागाध्यक्ष का फोन आवेदक के पास जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 5 से 7 शिकायतों का निस्तारण करना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने तारीफ करते हुए कहा कि पुलिस रिपोर्ट आजकल बहुत अच्छी आ रही है वह अपनी आख्या संतोषजनक लिख कर देते हैं। उन्होंने कहा कागजी काम अब खत्म, शिकायत कर्ता का संतुष्ट होना जरूरी है। उन्होंने शिकायत से संबंधित अधिकारियों को निर्देषित करते हुए कहा कि वह मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण एवं संतोषजनक फीडबैक देना सुनिश्चित करें, अधीनस्थों से शिकायतों का निस्तारण नहीं कराना है क्योंकि वह शिकायत निस्तारण का फीडबैक संतोषजनक नहीं दे पाते है। यदि किसी समस्या के निस्तारण में यदि कोई तकनीकी त्रुटि होती है तो इसकी जिम्मेदारी भी कार्यालय अध्यक्ष की होगी। उन्होंने कहा कि यदि दो जनपदों की रैंक बराबर होगी तो दोनों जनपदों में संबंधित विभाग द्वारा शिकायतों के निस्तारण के लिए किए गए फोन कॉल्स के आधार पर जनपद की रैंक निर्धारित की जाएगी। उक्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अल्ट्राटेक के कर्मचारी व निवासियों के बीच विवाद



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के नगर पंचायत डाला बाजार स्थित वार्ड 2 में सेक्टर सी हनुमान मंदिर के पास हो रहे विकास कार्य नाली एवं सड़क को रोके जाने पर विवाद हुआ मलिन बस्ती के स्थानीय निवासियों ने कंपनी के कर्मचारियों पर गाली गलौज जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाया बुधवार की सुबह 10:00 बजे स्थानीय पुलिस चौकी में हजारों की संख्या में मलिन बस्ती की महिलाएं पुरुष सहित कई लोग पहुंचे लोगों ने स्थानीय निजी कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारी पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दिया कि नगर पंचायत द्वारा नाली निर्माण कार्य वार्ड नंबर 2 में हनुमान मंदिर सेक्टर सी के पास कराया जा रहा है जिसे स्थानीय निजी कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा नाली निर्माण कार्य को रुकवाया जाने लगा जिस पर मौजूद लोगों द्वारा बताया गया कि यह कार्य नगर पंचायत द्वारा कराया जा रहा है कार्य रोकने के लिए आप लोग नगर पंचायत प्रशासन से बात कीजिए जिस पर मौजूद निजी कंपनी के कर्मचारी नाराज होकर मारपीट करने लगे स्थानीय लोगों ने बताया कि विवाद के दौरान निजी कंपनी के कर्मचारियों द्वारा महिलाओं को अभद्र व जाति सूतक शब्दों का इस्तेमाल किया।

# पछुआ हवाओं ने बदला मौसम का मिजाज

- किसानों ने ली राहत, तापमान बढ़ने से परेशान थे किसान
- गेहूं में इस वर्ष तीन की जगह चार पानी की पड़ेगी जरूरत



अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** एक सप्ताह तक निकली कड़क धूप को बुधवार को चली पछुआ हवाओं ने काफी हद तक बेअसर किया। जिससे किसानों ने राहत की सांस ली है। साथ ही पछुआ हवाओं के चलने से कीट पतंग से भी राहत होगी। पिछले एक सप्ताह से पुरवाई चलने के साथ कड़क धूप निकल रही थी। दोपहर के समय मार्च माह जैसे हालात बन जाते थे। धूप असहनीय हो जाती रही थी। इसी बीच बुधवार को मौसम ने सुबह से पलटी मारी और दिनभर तेज पछुआ हवाएं बही। इससे कड़क धूप का असर काफी हद तक कम हुआ है। मौसम में आए बदलाव से किसानों ने राहत महसूस की है। फिर भी किसानों को आशंका है कि प्रत्येक सप्ताह बदल रहा यह मौसम फसलों में विपरीत असर डालेगा। किसान मानसिंह भदोरिया, परशुराम, उदयभान यादव, इंद्रपाल यादव, नवीन यादव, धनीराम साहू,राजाराम कुशवाहा, राजेश पाल आदि ने कहा कि इस वर्ष जिस तरह से हालात बने हैं। उससे गेहूं की फसल में तीन की जगह चार पानी लगाने की संभावना बन गई है। फरवरी माह में ठंड के साथ ओस की मात्रा अधिक होती थी। लेकिन इस वर्ष फरवरी में ठंड के साथ ओस भी गायब है। यह फसलों के लिए घातक हैं। इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा। रिटायर्ड कृषि अधिकारी रामसनेही साहू भी मौसम के इस बदलाव को फसलों के लिए मुफीद नहीं मान रहे हैं। उनके मुताबिक फरवरी माह में इतना तापमान खतरनाक है। यह फसलों के उत्पादन को प्रभावित कर सकता है। नमी कम होने के कारण फसलें जल्द तैयार होगी और फूल आना कम होगा। पुरवाई की प्रकोप से सूंड़ी,माहू आदि में इजाफा हुआ है। अगर पछुआ हवा साथ देती है और तापमान गिरता है तो फसलों में सुधार को उम्मीद की जा सकती है। कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित कुमार शुक्ला भी इस बदलाव को ठीक नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा कि बुधवार से पछुआ हवा चलने तथा तापमान गिरने से अभी सुधार की बहुत गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष गेहूं के अलावा रबी में बोई गई दलहन तिलहन की फसलें बहुत अच्छी हैं। मौसम अगर साथ देगा तो अच्छे उत्पादन की उम्मीद है।

# डॉ. एचपी सिंह क्रिकेट अकादमी ने बलिया को किया पराजित

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज स्थित हाईडिल मैदान में अंतर राज्यीय सोनकप क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार डॉ. एचपी सिंह क्रिकेट अकादमी और बलिया के बीच फाइनल मैच खेला गया। बलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाए। अमित गुप्ता ने 37 गेंदों में 50 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 3 छक्के शामिल थे। विशाल सिंह ने 21 गेंदों में 35 रन बनाए, जिसमें 1 चौका और 2 छक्के शामिल थे। डॉ. एचपी सिंह क्रिकेट अकादमी की ओर से पंकज ओझा और आयुष गर्ग ने 3-3 विकेट लिए।

जवाब में खेलने उतरी डॉ. एचपी सिंह क्रिकेट अकादमी की टीम ने 19.3 ओवर में मैच को जीत लिया। पंकज ओझा ने 36 गेंदों में नाबाद 85 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 4 छक्के शामिल थे। अखिलेश यादव ने 24 गेंदों में 39 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और 2 छक्के शामिल थे। यह मैच 5 विकेट से जीता गया।

इस मैच के मैन ऑफ द मैच पंकज ओझा रहे। जीतने वाली टीम को 51,000 रुपये कैश और ट्रॉफी युवा समाज सेवी रमेश सिंह के द्वारा दी गई। रनर-अप रही बलिया टीम को 31,000 रुपये और ट्रॉफी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव के द्वारा दी गई। मैन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार डॉ. एचपी सिंह के द्वारा पंकज ओझा को दिया गया। बेस्ट फील्डर का पुरस्कार बलिया के खिलाड़ी विशाल को दिया गया। बेस्ट बॉलर का खिताब बलिया के खिलाड़ी आकाश ओझा को दिया गया। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार डॉ. एचपी सिंह क्रिकेट अकादमी के बैट्समैन धनंजय त्रिपाठी को दिया गया।

मैच के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में रूबी प्रसाद मौजूद रहीं। इसके अलावा, मैच के दौरान कृष्ण मुरारी गुप्ता, संदीप सिंह, प्रशांत सिंह, अम्बुज सिंह, विराट पाठक, संतोष सिंह, विजय श्रीवास्तव, अभिषेक चौबे, नवल वाजपेयी, राजेश यादव इत्यादि मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते रहे।

# संत विवेकानंद में वार्षिक स्पेक्ट्रम महोत्सव में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने खेलों में दिखाया दमखम

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल में आयोजित हुए वार्षिक स्पेक्ट्रम महोत्सव में एल के जी से लेकर कक्षा 8 तक छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता में दिखाया अपनी प्रतिभा का हुनर। प्रधानाचार्य/ निदेशक डॉक्टर आनंद ने 50 मीटर दौड़ में झंडी दिखाकर महोत्सव की शुरुआत की! उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में छात्रों को खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो आत्मविश्वास और सहयोग की भावना विकसित करता है। प्रतियोगिता के साथ ही छात्र छात्राओं में उत्साह चरम पर पहुंच गया। महोत्सव में एल के जी, यू के जी में 20 मीटर रेस, कलर बॉल पिकअप ड्रॉप रेस, म्यूजिकल चेयर रेस, कक्षा 1- 2 में मेंढक रेस, टेनिस बॉल थ्रो, लेमन स्पून रेस, कक्षा 3-4 में बालक एवं बालिकाओं की 50 मीटर दौड़, क्रिकेट बॉल थ्रो, कक्षा 5-6 में बालक एवं बालिकाओं में 50 मीटर दौड़, क्रिकेट बाल थ्रो जैसी मनोरंजक गतिविधियाँ शामिल थीं। बच्चों ने पूरे जोश और समर्पण के साथ हिस्सा लिया, जिससे मैदान पर एक अद्भुत ऊर्जा का संचार हुआ। वार्षिक स्पेक्ट्रम फेस्ट के पहले दिन खेल गतिविधियों को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में नवेंदु त्रिपाठी, आकांक्षा राजावत, निवेदिता सिंह, मुहम्मद फारिक, दीप्ति यादव आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्था के प्रबंधक डॉक्टर विवेक यादव ने प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए वार्षिक स्पेक्ट्रम फेस्ट के सफल होने की कामना की।

# डीएम ने की जनसुनवाई



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 93 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### मनुष्य और पौधे का जीवन परस्पर एक दूसरे पर निर्भर है : राम जनम



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** विकास खंड बसरेहर के प्राथमिक विद्यालय नगला सबी में बुधवार को ईको क्लब की गतिविधि अंतर्गत पर्यावरण जागरूकता बैठक की गई तथा विद्यार्थियों को पद पौधों के लाभ बताए गए। स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए कहा कि मनुष्य और पौधे का जीवन परस्पर एक दूसरे पर निर्भर है। पौधे हमे जीवन देते हैं साथ ही जीवन को चलने के लिए वे सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था भी करते हैं। उन्होंने अधिकाधिक संख्या में वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने को कहा। विद्यालय प्रांगण में अक्सर अराजक तत्व पेड़ पौधों को नुकसान पहुंचाते हैं तो गमलों में वृक्ष लगाएं जिस से विद्यालय में सुंदरता बढ़े। इस अवसर पर गमलों में दो औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर ए आर पी सत्यपाल सिंह तथा विद्यालय का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### प्रभारी निरीक्षक कोतवाली का किया सम्मान



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष चौहान के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली का कोऑपरेटिव चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर रेडीमेड संगठन ने सम्मान किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कनौजिया युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता रेडीमेड संगठन के अध्यक्ष विनोद जैन बोनू रेडीमेड संगठन के महामंत्री देवेंद्र कुमार रेडीमेड संगठन के कोषाध्यक्ष गोपी यादव आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली का फूल मालाओं एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। रेडीमेड संगठन के अध्यक्ष विनोद जैन बोनू को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने भरोसा दिलाया कि व्यापारियों की समस्याओं को लेकर वह हमेशा तैयार हैं किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होगा।

### अस्थायी गौशाला का निरीक्षण किया गया



**हमीरपुर।** ग्राम-रिहुंटा (गोहांड-ब्लॉक) अस्थायी गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल सहित ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। गौशाला में लगभग 110 गोवंश संरक्षित है। कुल 03 चरवाहे (गुटाला व काशीराम व संतराम) गायों को लेकर चराने गए हुए थे। एक चौकीदार राजू उपस्थित मिले। गौशाला स्थित भूसाघर बना हुआ पाया गया। गौशाला में साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पायी गयी। पानी की हौदी गंदी पायी गयी एवं समरसेबिल खराब पायी गयी। निरीक्षण के दौरान गौशाला मे सौर-ऊर्जा की लाइट लगी हुयी पायी गयी । गौशाला में स्थित भूसाघर खाली पाया गया। उसमे 1 बोरी पशुआहार पाया गया। उपस्थित ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पास में लगभग 600 मीटर की दूरी पर लगभग 150 कुन्तल भूसे का भंडारण है। तत्क्रम में संबंधितों को निर्देशित किया गया कि यथाशीघ्र गौशाला स्थित भूसे घर को पूर्ण रूप से भर लें ताकि गोवंशों को भूसा खिलाने में असुविधा न हो। ग्राम पंचायत अधिकारी को कहा गया कि समर्सेबिल पम्प ठीक होने तक वैकल्पिक रूप से गोवंशों को टैंकर आदि से पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। गौशाला में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करें।

### ई-पड़ताल एवं फॉर्मर रजिस्ट्री केम्प केंद्रों का निरीक्षण



**हमीरपुर।** उपजिलाधिकारी सरीला विपिन कुमार शिवहरे द्वारा तहसील अंतर्गत ग्राम-जमखुरी, खेडा-शिलाजीत, पबई, रिहुँटा, इटेलिया बाजा, करियारी, बड़ा खरका आदि गांव में ई-पड़ताल एवं फॉर्मर रजिस्ट्री केम्प के साथ-साथ केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इन ग्रामों में उपजिलाधिकारी सरीला द्वारा किसानों से अपील की गई कि किसान भाई ज्यादा से ज्यादा फॉर्मर रजिस्ट्री करवाएं ताकि किसानों को लाभान्वित करने वाले शासकीय योजना का अधिकतम लाभ मिल सके। उक्त के संबंध में उपस्थित ग्राम प्रधानों, उचित दर विक्रेताओं आदि के सहयोगार्थ भी अपील की गई।

### कार की टक्कर से वृद्ध की हुई मौत

**भरुआ सुमेरपुर।** मंगलवार को नशे की हालत में घूम रहे वृद्ध को कार चालक ने पशु बाजार के समीप टक्कर मार दी और भाग निकला। घायल को परिजन सदर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुत्रों ने बगैर पोस्टमार्टम कराए बुधवार को अंतिम संस्कार कर दिया। घुमंतू जाति के पछइयां लोहार कस्बे की ईदगाह के पास डेरा बनाकर कई वर्षों से रह रहे हैं। राजू (62) मंगलवार को पशु बाजार के समीप शराब ठेके के सामने हाईवे से गुजर रही कार से टकराकर गिर गया। चालक कार सहित मौके से भाग निकला। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना डेरा में दी।

# दिल्ली के रोहित को मथुरा के हैप्पी ने पटका



अवधनामा संवाददाता

- टेढ़ा का दो दिवसीय दंगल का हुआ शुभारंभ

**भरुआ सुमेरपुर।** स्व. पहलवान बहादुर सिंह की स्मृति में क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा के दो दिवसीय दंगल के प्रथम दिन डेढ़ दर्जन से ज्यादा कुश्ती संपन्न हुई। दंगल का शुभारंभ प्रधान नोखेलाल यादव ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर किया। प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी टेढ़ा में स्व.पहलवान बहादुर सिंह की स्मृति में बांदा मार्ग किनारे दो दिवसीय दंगल का आयोजन कराया गया। प्रथम दिन डेढ़ दर्जन से अधिक कुश्ती संपन्न कराई गई। तिलसरस के गोपाल ने कानपुर के डैनी को हराया। प्रयागराज के छोटू को तिलसरस के मनमोहन ने चित किया। फिरोजाबाद के लवकुश ने बांदा के छोटू को पटखनी दी। देवा के अल्फेज ने मथुरा के नितिन को पराजित किया। फिरोजाबाद के राहुल ने देवा के अल्फेज को चित किया। फिरोजाबाद के लवकुश को मथुरा के हैप्पी ने पटकनी दी। फिरोजाबाद के रवि ने मथुरा के विशाल को हराया। दिल्ली के रोहित व मथुरा के हैप्पी के मध्य हुई रोमांचक कुश्ती में हैप्पी ने रोहित को जोरदार पटकनी दी। संचालन सुरेश यादव दपसौरा ने किया। रेफरी की भूमिका रामकिशुन नन्ना, सूरजपाल सिंह, मुन्ना पहलवान ने संयुक्त रूप से किया। दंगल देखने के लिए आसपास के गांवों से भारी भीड़ उमड़ी रही।

# नाली निर्माण कार्य रोकने गए अल्ट्राटेक व बस्ती वासियों में हुई मारपीट

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/डाला।** स्थानीय नगर पंचायत द्वारा वार्ड नं दो मलीन बस्ती में बन रही नाली निर्माण को रोकने गए अल्ट्राटेक अधिकारियों से कहासुनी के बाद मारपीट होने का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट की घटना के बाद घटनास्थल का क्षेत्राधिकारी डा. चारु द्विवेदी ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह लगभग दस बजे नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण को अचानक रोकने पहुंचे अल्ट्राटेक अधिकारी व सुरक्षाकर्मियों के बीच मलीन बस्ती वासियों से कहासुनी होने लगी मामला इतना बढ़ गया कि आपस में मारपीट शुरू हो गई लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराकर दोनों पक्षों को चौकी में आने को कहा इसके बाद सैकड़ों की संख्या में चौकी परिसर में पहुंचे दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर चौकी प्रभारी आशीष पटेल ने चोपन थाने पर आने को कहा। नगर पंचायत अध्यक्ष फूलवंती देवी ने कहा कि अल्ट्राटेक द्वारा मनमानी रवैया अपनाकर मलीन बस्ती निवासियों को प्रताड़ित किया जा रहा है।यह कार्य सरकारी विकास निधि से हो रहा है जिसे अल्ट्राटेक द्वारा रोका जा रहा है जबकि जंहा बस्ती है वंहा नियमानुसार विकास कार्य को गति प्रदान कराना नगर पंचायत के एजेंडे में शामिल है।इस संदर्भ में नगर क्षेत्राधिकारी डा.चारू द्विवेदी ने कहा कि नाली निर्माण रोकने को लेकर मलीन बस्ती व अल्ट्राटेक के बीच मारपीट का मामला संज्ञान में आया है जांच-पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने की हिदायत दी। वहीं दूसरी तरफ अल्ट्राटेक कम्पनी द्वारा बताया गया लगभग 10.30 बजे, कंपनी के अधिकारी डाला सेक्टर ष्ट हनुमान मंदिर के पास, स्थानीय लोगों (बाबूंदर पाठक)द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण को देखने गए। अधिकारी गाड़ी में बैठकर जा रहे थे, तो बबुन्दर पाठक एवं उनके दो बेटे रोहित एवं मोहित पाठक वहां आए, और गालीया देने लगे । उन्होंने आठ-दस लोगों को और बुला लिया और अधिकारियों के साथ मारपीट करने लगे। इसकी सूचना डाला चौकी को फोन कर दी। मारपीट में अधिकारियों को काफी चोटें लगीं। मारपीट करने वालों में नागेन्द्र पासवान, अवनीश पांडे व अन्य लोग भी शामिल थे। इन लोगों ने जान से मारने की भी धमकी दी। इस संबंध में कंपनी का पक्ष है कि उपरोक्त जमीन अल्ट्राटेक की है और खतौनी भी कंपनी के नाम पर है।

# रेलवे प्रशासन का संवेदनाओं के विरुद्ध है कार्य: खरवार

- अश्विनी वैष्णव केंद्रीय रेल मंत्री भारत सरकार दिया पत्र
- सब्जी मंडी और प्रीतनगर सहित कई क्षेत्रों में छोटे-मंझोले किसान / व्यापारी बंधु एवं अन्य नागरिकों को बेदखल करने संबंधित बाध्यकारी आदेश के निरस्तीकरण एवं रेलवे प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे हैं अतिक्रमण मुक्त अभियान को तत्काल रोकने हेतु



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी सांसद छोटेलाल खरवार ने अश्विनी वैष्णव केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र दे कर बताया कि उपरोक्त विषया के अंतर्गत आपको सादर अवगत कराना है कि चोपन जनपद-सोनभद्र उत्तर प्रदेश का प्रमुख रेलवे स्टेशन है और पूर्व-मध्य रेल का सबसे बड़ा जंक्शन/स्टेशन है। यहां के स्थानीय रेल प्रशासन द्वारा बगैर विधित प्रक्रिया अपनाएं अपने सीमावर्ती क्षेत्रों में बसे लोगों एवं कई वर्षों से चोपन रामलीला मैदान में फल सब्जियां खाद्य पदार्थ व अन्य दैनिक उपभोग की वस्तुओं की बिक्री करने वाले स्थानीय किसानों और छोटे व्यापारी बंधुओ का उत्पीड़न किया जा रहा है, जिसके संबंध में निम्नलिखित विन्दुओ पर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। रामलीला मैदान में विगत 40 वर्षों से करीब 20 गांव के स्थानीय रहवासी छोटे- मझोले किसान अपनी कृषि उपज / सब्जी एवं अन्य दैनिक उपभोग की खाद्य वस्तुओं को शाम के समय (तीन से चार घंटे के लिए) बिक्री हेतु दुकान लगाते हैं, जिससे ना तो किसी प्रकार का आवागमन या यातायात बाधितड्ड होता है और ना ही किसी रेलकर्मी को असुविधा होती है बल्कि रेल कर्मचारियों एवं हजारों नागरिकों को सस्ते दर पर खाद्य सामग्री उपलब्ध हो जाती है। इसके पश्चात सभी दुकानदार वापस अपने घर को चले जाते हैं, जिससे रामलीला मैदान में उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई स्थाई कब्जे का प्रयास भी नहीं किया गया है, इसके बावजूद रेल प्रशासन द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के उनकी अस्थाई दुकानों/ ठेला को आरपीएफ फोर्स द्वारा बलपूर्वक हटा दिया गया है। जिसकी वजह से स्थानीय सब्जी उत्पादन करने वाले किसानों के सामने भुखमरी तथा रेलकर्मियों व हजारों स्थानीय निवासियों के समक्ष स्वास्थ्यप्रद खाद्य सामग्रियों का संकट उत्पन्न हो गया है। रेलवे विभाग द्वारा अपनी जमीनों का सीमांकन कर बाउंड्री का निर्माण कर दिया गया है। इस बाउंड्री के विपरीत लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश की जमीन व रास्ता है, जिसके पटरियों पर छोटे दुकानदार/ व्यवसायी अपनी दुकाने/ ठेला रखकर व्यवसाय कर रहे हैं तथा अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे 3 हैं। चुकी रेलवे प्रशासन के अधिग्रहित जमीन में नहीं होने के बावजूद उक्त दुकानदारों को सात दिन में यह जगह खाली करने का बाध्यकारी नोटिस दे दिया गया है, जो बिल्कुल अवैध तथा उत्पीड़ानात्मक कार्य है, जिसको रोका जाना जनहित में अत्यंत आवश्यक है। स्थानीय रेलवे प्रशासन के अधिकारियों द्वारा रेलवे विभाग के सीमांत कश्तकारो व अन्य गरीब दुकानदारों एवं अन्य व्यवसायी प्रतिष्ठानों के मालिकों को बगैर सूचित विधिक प्रक्रिया अपनाये बिना ध्वस्थिकरण की कार्रवाई की जा रही है, जो कानून व मानवीय संवेदनाओं के विरुद्ध है, जिससे आम जनमानस में काफी आक्रोस है. जो कभी भी बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है। वही सांसद ने कहा कि जिस स्थान पर भी रेलवे विभाग की सीमा, राज्य सरकार के अधिकारी एवं कागजात माल में दर्ज काश्तकारों की उपस्थिति अनिवार्य करते हुए संयुक्त सीमांकन करने एवं गांव के छोटे- मझोले किसनो, सब्जी विक्रेताओं के द्वारा उपयोग किय रहे रामलीला मैदान को स्थाई तौर पर सब्जी बेचने की अनुमति प्रदान करने हेतु संबंधित को आदेशित करने की कृपा करें ताकि आम जनमानस के साथ न्याय हो सके।

# जिलाधिकारी ने सुन्दरीकरण कार्य का लिया जायजा

- डीएम ने इंको प्वाइंट पार्क में की जा रही बैरिकेटिंग के गुणवत्ता को जाँचा, अतिशीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह आज देर शाम को पर्यटन विकास के मद्देनजर इंको प्वाइंट के सुन्दरीकरण के कार्य व प्रकाश व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किये। इंको प्वाइंट पर बनाये जा रहें पार्क के बैरीकेटिंग को देखा और काम में लगे कार्मिक से इसके मजबूती के संबंध में जानकारी लेने के साथ है उपयोग की जा रही सामग्री के गुणवत्ता को भी देखा। इस मौके जिलाधिकारी ने इंको प्वाइंट पर उपस्थित लोगों से साफ सफाई बनाये रखने के लिए सहयोग करने की अपील की। इस दौरान सुन्दरीकरण व निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली, उन्होंने इंको प्वाइंट के निर्माण व मरम्मत के कार्य को अति शीघ्र व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूरा किये जाने के निर्देश सम्बन्धितों को दियें। उन्होंने कहा कि इंको प्वाइंट के पार्क में बच्चों को खेलने के साधन व सुरक्षा व्यवस्था का बेहतर प्रबन्ध किया जाये, ताकि बच्चों को किसी प्रकार की समस्या न होने पायें। उन्होंने कहा कि इंको प्वाइंट की सुन्दरता देखने के लिए दूर-दराज से लोगों की भीड़ प्रतिदिन लगी रहती है, यहां का मनोरम दृश्य सैलानियों को आकर्षित करते हैं।

# महाकुंभ से उतरने लगी अखाड़ों की धर्मध्वजा



## अब संत अपने-अपने स्थानों को रवाना

अवधनामा ब्यूरो

**प्रयागराज/लखनऊ।** वसंत पंचमी का तीसरा अमृत स्नान होने के साथ ही महाकुम्भ क्षेत्र से अखाड़ों की धर्मध्वजा उतरने लगी है। मंगलवार को निर्मल और नया उदासीन अखाड़े की धर्मध्वजा उतारी गई। मेला क्षेत्र में स्थापित गुरु ग्रंथ साहिब को कल्याणी देवी स्थित पक्की संगत ले जाया गया। इसी के साथ अखाड़ों के संत अपने अपने स्थानों को रवाना होने लगे। काफी संत कनखल हरिद्वार स्थित मुख्यालय की ओर कूच कर गए तो कई लोग दिल्ली, पंजाब आदि की तरफ रवाना हुए।

नया उदासीन अखाड़े की धर्मध्वजा भी उतारी गई। वहीं बड़ा उदासीन अखाड़े की धर्मध्वजा सात फरवरी को उतरेगी और आठ को संत यहां से कीडगंज मुख्यालय जाएंगे। कुछ दिनों तक रमता पंच कीडगंज में ही विश्राम करेगा और उसके बाद आगे की यात्रा पर निकलेंगे। अखाड़ों के अमृत स्नान के लिए संगम पर की गई बैरिकेडिंग भी अब उखाड़ी जा रही है। यह बैरिकेडिंग अखाड़ों के स्नान के वक्त आम श्रद्धालुओं को वहां तक जाने से रोकने के लिए लगाई गई थी।

वसंत पंचमी अमृत स्नान के बाद अखाड़ों ने प्रस्थान की तैयारी शुरू कर दी है। एक अखाड़े की धर्मध्वजा उतर गई है, कुछ की भूमिका बनने लगी है। प्रस्थान का शुभ मुहूर्त देखा जा रहा है।पंचनाम आवाहन अखाड़े में प्रस्थान की पूरी तैयारी है लेकिन काशी प्रवास के लिए मुहूर्त पर मंथन हो रहा है। अखाड़े के धर्मगुरु अनंत कौशल महंत शिवदास के अनुसार मुहूर्त निकलते ही विधि-विधान से धर्मध्वजा उतारी जाएगी और जयकारे के साथ काशी विश्वनाथ दरबार के लिए धर्मयात्रा आगे बढ़ जाएगी। इसी अखाड़े के अवधेश पुरी ने बताया कि अधिकतम दो से तीन दिन में उनका पूरा अखाड़ा काशी पहुंच जाएगा।

पंचायती निरंजनी अखाड़े ने काशी जाने की योजना बना ली है। अखाड़े के किशोर गिरि के अनुसार महाकुंभ के बाद सभी सात शैव अखाड़े काशी में इकट्ठा होंगे और सनातन के विकास की आगे की योजना बनाएंगे। 15 फरवरी को उनका अखाड़ा अपने मूल स्थान हरिद्वार चला जाएगा।

### उतारी गई नया पंचायती अखाड़े की धर्म ध्वजा बड़ा पंचायती और निर्मल भी तैयारी में

उदासीन और निर्मल अखाड़ों को भगवान विष्णु के धाम हरिद्वार जाना है और महाकुंभ में प्रवास से मिले पुण्य को जन-जन तक पहुंचाना है।

नए उदासीन अखाड़े और बड़े उदासीन अखाड़े की धर्मध्वजा उतरने की तिथि निर्धारित हो गई है। आज बुधवार को नए पंचायती अखाड़े की धर्म ध्वजा उतर गई। सात फरवरी को बड़े पंचायती अखाड़े की धर्मध्वजा उतारी जाएगी। बड़े उदासीन के धर्मगुरु प्रयागराज के कीडगंज में कुछ दिन तक डेरा जमाएंगे। उसके बाद अपने मूल स्थान हरिद्वार के लिए रवाना हो जाएंगे। बड़े उदासीन अखाड़े के महंत दुर्गादास ने बताया कि कीडगंज में उनके अखाड़े का मुख्यालय है। मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी अमृत स्नान के बाद वहां हाजिरी लगाने की परंपरा है।

### शीघ्र प्रस्थान करेंगे वैष्णव अखाड़े

प्रयागराज। वैष्णव मतावलंबी अखाड़े अयोध्या जाएंगे और रामलला के चरणों में शीश नवाएंगे। वैष्णव परंपरा के निर्मोही अनी अखाड़े के अध्यक्ष राजेंद्र दास अयोध्या जाने की योजना बताई। इसी परंपरा के निर्वाणी अनी और दिगंबर अनी अखाड़ों के प्रस्थान की भी कुछ ऐसी ही योजना है।

### कढ़ी-पकौड़ी खाकर उतारी निर्मल अखाड़े की धर्मध्वजा

पंचायती अखाड़ा निर्मल ने वसंत पंचमी के अमृत स्नान के अगले दिन मंगलवार को महाकुंभ नगर में स्थापित अपनी धर्मध्वजा उतार दी। इस अनुष्ठान से पहले कढ़ी-पकौड़ी का परंपरागत प्रसाद सभी संतों ने ग्रहण किया। फिर धर्मध्वजा उतारकर हरिद्वार जाने की तैयारी शुरू कर दी।

अखाड़े के सचिव महंत देवेंद्र सिंह शास्त्री ने बताया कि अखाड़े के कुछ संत अभी प्रयागराज में ही निवास करेंगे और एक सप्ताह बाद हरिद्वार आएंगे। पंचदशनाम जूना अखाड़े के शिविर में भी काशी प्रस्थान की तैयारी शुरू हो गई है। धर्मध्वजा उतारने के लिए सात फरवरी की तिथि भी निर्धारित कर ली गई है। अखाड़े के मुख्य संरक्षक हरि गिरि ने बताया कि सात फरवरी को प्रस्थान का क्रम शुरू हो जाएगा। महाशिवरात्रि तक काशी में ही प्रवास रहेगा। काशी विश्वनाथ की पूजा-अर्चना के बाद यह महाकुंभ से शुरू हुआ अनुष्ठान सम्पन्न होगा।

## सनातन धर्म सिद्धांत का अनुगमन करता है विज्ञानः पुरी शंकराचार्य

- पुरी शंकराचार्य के शिविर में विदेशी श्रद्धालु भी सनातन धर्म को लेकर कर रहे अपनी जिज्ञासा का समाधान



**प्रयागराज/लखनऊ।** महाकुंभ क्षेत्र के सेक्टर 19 संगम लोअर मार्ग स्थित शंकराचार्य गोवर्धन मठ पुरी ओड़ीसा स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के शिविर में हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी के दौरान विदेशी श्रद्धालु व नागरिक भी सनातन धर्म को लेकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर रहे हैं। संगोष्ठी के दौरान पुरी शंकराचार्य द्वारा धर्म आध्यात्म एवं राष्ट्र से संबंधित प्रश्नों का सत्र चलाया जाता है। सत्र में देश के कई प्रांतों से आने वाले श्रद्धालु अपने प्रश्नों का शास्त्रोक्त उत्तर पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती से प्राप्त करते हैं। इसी क्रम में विदेशी श्रद्धालु भी ध्यान वैराग्य आध्यात्म जैसे संबंधित विषयों पर अपना प्रश्न रखते हैं जिसका उत्तर पुरी शंकराचार्य दर्शन विज्ञान और व्यवहार की कसौटी पर रखते हुए देते हैं। जापान से आए एक नागरिक ने पुरी शंकराचार्य से पूछा कि उसकी पूजा पद्धति बौद्धिजम की है लेकिन उसका ध्यान नहीं लग पाता इसके लिए वो क्या करे। इस पर पुरी शंकराचार्य ने कहा कि राम का होकर राम नाम का जप जीवन में कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा। एक अन्य सवाल पर पुरी शंकराचार्य ने कहा कि सनातन धर्म सिद्धांत में जो विषय उल्लिखित हैं उसे सिद्ध करने में विज्ञान को वर्षों लग जाते हैं और लग सकते हैं। विज्ञान सनातन सिद्धांत का अनुगमन करता है। राजनेताओं से संबंधित प्रश्न के उत्तर में पुरी शंकराचार्य ने कहा कि राजनेता अपने पद का उपभोक्ता न बनकर पद के दायित्व का निर्वाह करें और ऐसा न करने पर राजनेताओं का पतन होना ही है।

यही बात धर्माचार्यों पर भी लागू होती है जो धर्म का मुखिया होता है। इस दौरान शंकराचार्य के निजी सचिव स्वामी श्री निर्विकल्पानंद सरस्वती, आचार्य विवेक मिश्र वृंदावन, प्रफुल्ल चैतन्य ब्रह्मचारी, हृषिकेष ब्रम्हचारी, राजेश चैतन्य ब्रम्हचारी सहित बड़ी संख्या में शिष्यगण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## महाकुम्भ में हुए हादसे पर कांग्रेस का शांतिपाठ



महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर स्नान के दौरान मची भगदड़ में जान गवाने वालों के लिये कांग्रेस सेवा दल के स्वमसेवकों ने त्रिवेणी तट पर बटुकों के साथ शांति पाठ किया। बुधवार को महाकुम्भ नगर स्थित सेक्टर पंद्रह के तुलसी मार्ग पर आज से शुरु हो रहे सेवा दल के पांच दिवसीय कुम्भ वार्षिक सेवा शिविर के पहले दिन पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने त्रिवेणी पर बटुकों के साथ शांति पाठ कर शोक संवेदना प्रकट किया। इस दौरान सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष डा0 प्रमोद पाण्डेय ने कहा की श्रद्धालु जो अब हमारे बीच नहीं रहे, उनको याद करना हमारी मानवीय जिम्मेदारी है। इस मौके पर प्रमोद पाण्डेय, अनिलदेव त्यागी, सुशील तिवारी, संजीव पाण्डेय, हसीब अहमद, कनिष्का रफेल, शिखा पाण्डेय, स्नेहलता, अतीत बागी, गिरीशकांत, शरद शर्मा, संजीव सिंह, रमेश मिश्रा, अनुपम श्रीवास्तव, रजत तिवारी, अनिल शुक्ला, पुष्पा गंगवार सहित आदि लोग मौजूद रहें।

## मृत श्रद्धालुओं की आत्म शांति के लिए कांग्रेसियों ने किया हवन पूजन



**प्रयागराज।** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन के नेतृत्व मे महाकुंभ संगम दशास्वमेघ घाट मे मौनी अमावस्या स्नान के दौरान हुई भगदड़ में मृत श्रद्धालुओ की आत्म शांति के लिए हवन पूजन किया गया एवं श्रद्धांजलि दी गई महानगर अध्यक्ष प्रयागराज प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संगम स्नान किया लेकिन एक भी बार मृत श्रद्धालुओ को श्रद्धांजलि देना है सही नहीं समझा।इसमें प्रमुख रूप से मानस शुक्ला, विक्रम पटेल, देवी पांडेय, राजेश यादव, चंद्र विशाल, अनूप त्रिपाठी, रचना, अरविन्द पांडेय, ओम प्रकाश चौधरी, किशन यादव, गोविंद पांडे, अमित चौधरी उपस्थित रहे।

## धर्मपाल सिंह ने स्वरोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने का दिया निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश के पशुधन और दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निराश्रित गोवंश का संरक्षण कर गौशालाओं में गौजन्य उत्पादों के जरिए स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने के निर्देश दिये। श्री सिंह विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन और दुग्ध विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गौशालाओं के आस-पास के क्षेत्रों के किसानों, पशुपालकों और विशेष रूप से महिलाओं को जागरुक किया जाए, ताकि गौजन्य निर्मित उत्पादों के सदुपयोग से उनकी आमदनी बढ़े। इससे महिला स्वयं सहायता समूह आत्मनिर्भर बनेंगे और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही ईको फ्रेण्डली उत्पाद बनाने से पर्यावरण को कोई नुकसान भी नहीं होगा। मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गोआश्रय स्थल के प्रभारी, पशु चिकित्साधिकारी भूसा और अन्य चारा मात्रा और गुणवत्ता की निगरानी करें।

# 9वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2025 का समापन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लघु उद्योग भारती (एलयूबी) द्वारा गुजरात के राजकोट में आयोजित 09वां इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2025 5 फरवरी, 2025 को सफलतापूर्वक समापन हुआ । आरडीएसओ ने अपने स्टॉल पर विभिन्न लघु रोलिंग स्टॉक मॉडल और उन्नत तकनीकों जैसे 'कवच' और नेटवर्क इन बॉक्स (एनआईबी) का प्रदर्शन किया। आरडीएसओ की हालिया उपलब्धियों को पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया और संभावित विक्रेताओं के लिए दिशानिर्देशों के साथ अद्यतन जानकारी पैम्फलेट के माध्यम से वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान, आरडीएसओ ने अपने विक्रेता आधार का विस्तार करने और भारतीय रेलवे की खरीद प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए उद्योग के अग्रणी लोगों और प्रतिनिधियों के लिए एक विक्रेता मिलन सत्र का आयोजन किया, साथ ही 'यूवीएएम' पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन विक्रेता पंजीकरण और अनुमोदन प्रक्रियाओं के बारे में व्यापक जानकारी भी प्रदान की। भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्रीमती निमूबेन बांभानिया, गुजरात के सांसद, एमएसएमई क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्ति, श्री अश्वनी कुमार, डीआरएम/राजकोट, लघु उद्योग भारती (एलयूबी) के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य रेलवे इकाइयों के प्रतिनिधियों ने नवीनतम तकनीकी नवाचारों का पता लगाने के लिए आरडीएसओ स्टॉल का दौरा किया।आरडीएसओ स्टॉल पर भारतीय रेलवे के साथ व्यापार के अवसर तलाशने वाले उद्योग प्रतिनिधियों और विक्रेताओं की अच्छी खासी आमद देखी गई। पंजीकरण और अनुमोदन प्रक्रियाओं के बारे में विभिन्न प्रश्नों और चिंताओं को दूर करने के लिए आरडीएसओ के अधिकारी मौजूद थे।

इस कार्यक्रम ने सूक्ष्म और लघु उद्योगों के सतत विकास को बढ़ावा दिया और उन्हें देश के समग्र सतत विकास में योगदान देने हेतु भारतीय रेलवे के साथ सहयोग करने के लिए एक मंच प्रदान किया।

# महाकुम्भ ने दिखाई विकसित भारत की शुरुआती झलकः शर्मा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने महाकुंभ की शुरुआत से ही कहा है कि इस बार का महाकुंभ विकसित भारत की शुरुआती झलक प्रस्तुत कर रहा है। महाकुम्भ भारत की प्राचीन परंपरा है और हजारों बार आयोजित हो चुका है। हालांकि, इस बार यह आधुनिक भारत में हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस महाकुंभ के आयोजन में उसी भावना से कार्य किया जा रहा है और इसका उद्देश्य भारत की शक्ति को पूरे विश्व के सामने प्रस्तुत करना है। नगर विकास विभाग महाकुंभ में नोडल विभाग होने और नगर विकास मंत्री होने से हमारी जिम्मेदारी भी बड़ी थी, जिसे मैं स्वयं और अपनी टीम के अथक प्रयासों से इस मिशन में सफल होते दिख रहे है। नगर विकास मंत्री ने कहा कि अमेरिका से आई एक एनआरआई महिला ने महाकुंभ में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जमकर प्रशंसा की। जब उन्हें बताया गया कि महाकुंभ क्षेत्र की वर्तमान जनसंख्या अमेरिका की कुल जनसंख्या से अधिक है, तो वे आश्चर्यचकित रह गई। इसी तरह, मूलरूप से बंगाल के लेकिन अब युगांडा में बसे एक व्यक्ति ने कहा कि महाकुंभ की सुविधाएं शानदार हैं। बेंगलुरु, चेन्नई, अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता और अन्य कई स्थानों से आए श्रद्धालुओ से यह कहते हुए सुने गए कि महाकुंभ की सुविधाएं कई विकसित और व्यवस्थित शहरों से बेहतर हैं। मंत्री शर्मा ने कहा कि संपूर्ण विश्व से आए श्रद्धालुओ ने विशेष रूप से महाकुंभ में मिले आध्यात्मिक एवं भौतिक अनुभवों की प्रशंसा कर रहे हैं। महाकुम्भ की स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था ने उन्हें सबसे अधिक प्रभावित किया।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को आईबीए बैंकिंग टेक्नॉलॉजी से किया गया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने मुंबई में आयोजित आईबीए बैंकिंग टेक्नोलॉजी पुरस्कार 2024 के अंतर्गत 20वें संस्करण में बड़े बैंकों की श्रेणी में 6 प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किए हैं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को बड़े बैंकों (सार्वजनिक और निजी) के लिए विभिन्न श्रेणियों में विजेता के रूप में सम्मानित किया गया है जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक, सर्वश्रेष्ठ तकनीकी प्रतिभा और संगठन हैं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने निम्नलिखित श्रेणियों में रनर अप पुरस्कार भी जीता है जिसमें डिजिटल बिक्री, भुगतान और सहभागिता, आईटी जोखिम प्रबंधन, फिनटेक और डीपीआई स्वीकृति ,वित्तीय समावेशन शामिल हैं। पुरस्कार का उद्देश्य ग्राहक सुविधा को बढ़ाने और निरंतर सुधार की कार्यप्रणाली को बनाए रखने के लिए बैंक की नवोन्मेषी पद्धतियों को मान्यता देना है। उपलब्धियों ने ग्राहक-केंद्रित और कर्मचारी-सशक्त पहलों के माध्यम से समावेशी, उत्तरदायी और जिम्मेदार बैंकिंग पर केंद्रित नेक्स्ट जनरेशन में डिजिटल रूप से उन्नत बैंक बनने की बैंक की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बैंक ने उद्योग अग्रणी प्रतिभा पूल बनाने, ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों और नवीन समाधानों का लाभ लेने पर कार्यनीतिक ध्यान केंद्रित किया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की डिजिटल परिवर्तन यात्रा तेजी से बढ़ते डिजिटल कारोबार परिदृश्य में अपनी स्थिति को मजबूत करने और एक मजबूत डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के लिए तैयार है। बैंक अपने डिजिटल विकास को और गतिशील बनाने के लिए सक्रिय रूप से नवोन्मेषी समाधान, फिनटेक के साथ साझेदारी और एआई /एमएल, 5जी और ब्लॉकचेन जैसी उभरती हुई तकनीकों में भी अपनी पहुँच बढ़ाने के लिए कार्य कर रहा है।

## हजरत इमाम हुसैन और हजरत अब्बास की विलादत पर सजी महफिल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और हजरत अब्बास (अ.स.) की विलादत के सिलसिले में रौजाए मौला अली सरफराजगंज एक महफिल का आयोजन किया गया। तिलावते कुरआन पाक से शुरू हुई महफिल को मौलाना शफीक आब्दी ने खिताब किया। मौलाना ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) का व्यवहार ऐसा था कि उनके घर पर हाजतमंदों की भीड़ रहती था। उन्होंने कहा कि हजरत अब्बास वफाओं का समंदर थे। इसके बाद शायर.ए. अहलेबैत सागर आजमी, रेहान आजमी, आमिर फैजाबादी,रजा सुल्तानपुरी, मीसम हैदर मुबारकपुरी सिराज अकबरपुरी, आकिब बरसरावी, दर्द हल्लौरी, मुदस्सिर जौनपुरीए अमन जाफरी और असरार अकबरपुरी ने इमाम हुसैन (अ.स.) और हजरत अब्बास (अ.स.) की शान में अपने कलाम पेश किये।

महफिल में मुख्यातिथि के रूप में डॉ अब्बास मेहदी जलालपुरी ने शिरकत की वहीं संचालन नय्यर बहिशती जलालपुरी ने किया। महफिल का आयोजन कनक हिन्द फाउडेशन ट्रस्ट ने किया था।

## शोकाकुल परिजनों से अजय राय ने मिलकर की संवेदना व्यक्त



- उपनिरीक्षक अंजनी राय की मृत्यु 29 जनवरी को हुई थी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गाजीपुर के बसूका गांव पहुंच कर महाकुम्भ मेला में मौनी अमावस्या के दिन ड्यूटी पर तैनात स्वर्गीय इंस्पेक्टर अंजनी राय के घर पहुंच शोकाकुल परिजनों से मिल संवेदना व्यक्त की। श्री राय ने स्वर्गीय राय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कुम्भ मेले में अव्यवस्था में ड्यूटी पर तैनात कर्मठ और ईमानदार अधिकारी अंजनी राय की जान चली गयी। विभाग के लोग इसे हार्ट अटैक और खराब तबियत का एंगिल दे रहे हैं जो गलत हैं। श्री राय ने स्वर्गीय राय के बड़े भाई, भतीजे इंद्रभूषण के साथ वार्ता की और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। परिजनों से मुलाकात के बाद श्री राय ने कहा कि परिवार के लोग बता रहे हैं और पहले से भी तय है कि वे पूर्ण रूप से स्वस्थ थे तभी उनकी मेला ड्यूटी लगी थी। श्री राय ने कहा कि उनकी मौत प्रशासनिक चूक का मामला है। उपनिरीक्षक अंजनी राय की मृत्यु 29 जनवरी को हुई थी और मेला प्रशासन कल रात ट्वीट कर कह रहा है कि उनकी मृत्यु 30 जनवरी को ड्यूटी के दौरान हुई। श्री राय ने कहा कि सरकार को इससे भागना नहीं चाहिए और निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुम्भ में एक बार नहीं तीन-तीन बार भगदड़ हुई और मरने वालों का सही आंकड़ा सरकार नहीं दे रही, जबकि स्नान करने वालों का आंकड़ा रोज दे रही है। सरकार खुद आंकड़े छिपाने की साजिश कर रही है। श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री संगम नहा रहे हैं लेकिन भगदड़ में हुई मौत का सही आंकड़ा नहीं दे पा रहे हैं। जनता इन लोगों को कभी माफ नहीं करेगी। श्री राय ने मिल्कीपुर उपचुनाव में प्रशासनिक मिलीभगत का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष चुनाव पर सवाल खड़े किये। उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस की जीत का दावा किया।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**लखनऊ।** भूगर्भ जल विभाग में नेशनल हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हुआ। शहीद पथ स्थित राज्य स्तरीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई में आयोजित कार्यक्रम के समापन समारोह का शुभारम्भ निदेशक भूगर्भ जल विभाग और प्रबंध निदेशक जल निगम ग्रामीण डॉ. राजशेखर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में नवनियुक्त अधिकारियों को भूजल संसाधनों के आंकलन से जुड़ी जानकारी, भूजल के प्रयोग और संरक्षण की विभिन्न तकनीकों को सीखने, डाटा विश्लेषण के जरिए जल सुरक्षा प्लान तैयार करने, वित्तीय प्रबंधन आदि कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों की परीक्षा भी हुई, जिससे पता चला कि प्रशिक्षण से प्रतिभागियों को क्या लाभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक रविकान्त सिंह, अवधेश कुमार, अमोद कुमार, आदित्य कुमार पाण्डेय, अंकुर श्रीवास्तव, पुनीत मौर्य, डॉ. एन.एल.एम. त्रिपाठी और पीयूष पाण्डेय ने प्रतिभागियों को भूजल महत्व के साथ भूजल संरक्षण, भूजल के कुशल प्रबंधन आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

# ग्रामीणों के सहयोग से वॉटरशेड यात्रा का भव्य शुभारम्भ



- सीईओ डॉ. हीरा लाल व ग्राम प्रधानों ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को किया रवाना
- सरोजनीनगर ब्लाक के ग्राम पंचायत भटगांव से शुरू हुई यात्रा
- प्रदेश के 34 जिलों में जल, जंगल व जमीन के संरक्षण पर करेगी जागरूक

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** जल की महत्ता और भूमि संरक्षण के बारे में समुदाय में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता लाने के लिए बुधवार को देश भर में वॉटर शेड यात्रा का शुभारम्भ किया गया। इसी क्रम में भूमि संरक्षण इकाई, कृषि विभाग लखनऊ के तत्वावधान में स्टेट लेवल नोडल एजेंसी वॉटरशेड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. हीरा लाल ने ग्रामीणों व ग्राम प्रधानों के सहयोग से प्रदेश स्तर पर सरोजनी नगर ब्लाक के भटगांव से हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा का शुभारम्भ किया।इस मौके पर डॉ. हीरा लाल ने कहा कि हम सभी के जीवन के लिए जल, जंगल और जमीन की महत्ता सर्वविदित है। इसलिए उनका संरक्षण हमारा परम कर्तव्य है। इसी के प्रति जन जागरुकता लाने के लिए आज यह वॉटरशेड यात्रा यहां से रवाना की जा रही है जो कि परियोजना के 34 जिलों से होकर गुजरेगी। इस यात्रा के माध्यम से जन-जन में यह संदेश पहुंचाया जाएगा कि भूमि और जल संरक्षण से जहां हर खेत में हरियाली आएगी वहीं इससे हर घर में खुशहाली भी आएगी। इसलिए गांव के पानी को गांव में और खेत के पानी को खेत में संग्रहीत कर कृषि उत्पादन को बढ़ाएं और जीवन में खुशहाली लाए। कार्यक्रम स्थल पर बनाई गई सेल्फी प्वाइंट लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही, जहां पर लोगों ने अपनी फोटो ली।इस मौके पर सरदार पटेल पार्क रसूलपुर से स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने अधिकारियों के नेतृत्व में प्रभातफेरी निकालकर संदेश दिया कि-हम सबका एक ही नारा-वर्षा जल बचाओ सारा। इसके अलावा यह भी संदेश दिया कि-जल बचत जहां-जहां, सुख समृद्धि वहां-वहां।इस मौके पर डॉ. हीरा लाल ने ग्राम पंचायत भटगांव में तालाब निर्माण के लिए भूमि का पूजन किया। उन्होंने इसके साथ ही ग्राम पंचायत में एक नवनिर्मित तालाब का लोकार्पण भी किया। तालाब के किनारे आम के पौधे लगाये गये और ग्रामीणों को संदेश दिया गया कि आज पौधे रोपेंगे और उचित देखभाल करेंगे तो वह हमारे भविष्य को सुरक्षित बनाएंगे।

## प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी घोषित

**हरदोई/लखनऊ।** संडीला प्रेस क्लब की बैठक संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार अनुराग अस्थाना की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी भी घोषित की गयी, जिसमें संरक्षक मण्डल में वसीम अहमद सिद्दीकी, अनुराग अस्थाना, मनोज तिवारी, हरिअमोल सिंह, विशेष आमंत्रित सदस्य मोहम्मद अब्बास, हुमायूं चौधरी, अंगूरी शंकर सिन्हा, संयोजक मुईज सागरी सहित अन्य पत्रकारों को जिम्मेदारी दी गयी है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार वसीम अहमद सिद्दीकी मौजूद थे। वसीम अहमद सिद्दीकी ने कहा कि पत्रकारों के बीच मतभेद हो सकते हैं लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए। मतभेद की तुलना मनभेद से नहीं की जा सकती। विशिष्ट अतिथि राजेश गुप्ता ने कहा कि पत्रकार एकता से ही समस्याओं का समाधान हो सकता है। वरिष्ठ पत्रकार हुमायूं चौधरी ने कह कि वर्तमान समय आगे निकलने की होड़ पत्रकारिता के मायने बदलती जा रही है, जो चिंता का विषय है। पत्रकारिता की शुचिता बरकरार रखने के लिए पत्रकार को इसके मूल सिद्धांतों को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। विशिष्ट अतिथि मनोज तिवारी ने कहा कि प्रेस क्लब सभी को साथ लेकर और जोड़ कर चलने का काम करेगा। बैठक में अन्य पत्रकारों ने भी पत्रकारिता क्षेत्र से संबंधित अपने अनुभव साझा किये। बैठक में संरक्षक मण्डल ने मनोनयन पत्र वितरित कर पत्रकारों का स्वागत किया।